# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 161 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, बुधवार 10 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीआई ने इन 8 सहकारी बैंकों पर लगाया जुर्माना, लगाया गया भारी जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कई नियमों के उल्लंघन के मामले में आठ सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया है। गुजरात के मेहसाणा अर्बन



को–ऑपरेटिव बैंक पर 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक के अनुसार, मेहसाणा अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक (सहकारी बैंक – जमा पर ब्याज दर) निर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को बयान में कहा कि ऋण मानदंडों से संबंधित कुछ प्रावधानों के उल्लंघन के लिए महाराष्ट्र के इंदापुर शहरी सहकारी बैंक, इंदापुर पर सात लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं, महाराष्ट्र के वरुद अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक, वरुद, मध्य प्रदेश के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, छिंदवाड़ा और महाराष्ट्र के यवतमाल अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक, यवतमाल पर अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदंडों में उल्लघंन को लेकर जुर्माना लगाया है। इसके अलावा कुछ केवाईसी प्रावधानों का पालन न करने पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा गुना के एक सहकारी बैंक तथा पणजी के गोवा राज्य सहकारी बैंक पर भी जुर्माना लगाया गया है।

### यूपी में पेट्रोल-डीजल के ताजा रेट जारी, राज्य के प्रमुख शहरों में तेल के भाव

नई दिल्ली। देश में तेल कंपनियों ने मंगलवार की सुबह पेट्रोल डीजल की ताजा रेट जारी कर दिए हैं. बीते कई दिनों की तरह मंगलवार को भी कंपनियों द्वारा जारी ताजा रेट में पेट्रोल–डीजल की कीमत में




कोई बदलाव नहीं हुआ है. इसके बाद यूपी के तमाम शहरों में तेल के दाम में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है. राज्य के अलग–अलग शहरों में तेल के दामों में कुछ पैसे घटे और बढ़े हैं. राज्य की राजधानी लखनऊ में शनिवार को जारी ताजा कीमतों के बाद एक लीटर पेट्रोल की कीमत 96.57 रुपए है. वहीं जिले में डीजल की कीमत में आठ पैसे की बढ़ोतरी हुई है. यहां एक लीटर डीजल की कीमत 89.76 रुपये है।

प्रमुख शहरों में क्या हैं ताजा रेट

आगरा– पेट्रोल 96.63 रुपये और डीजल 89.80 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ– पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर, गोरखपुर– पेट्रोल 96.74 रुपये और डीजल 89.92 रुपये प्रति लीटर, गाजियाबाद– पेट्रोल 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर, नोएडा– पेट्रोल 96. 65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मेरठ– पेट्रोल 96.46 रुपये और डीजल 89.64 रुपये प्रति लीटर, मथुरा– पेट्रोल 96.45 रुपये और डीजल 89.61 रुपये प्रति लीटर, कानपुर– पेट्रोल 96.66 रुपये और डीजल 89.84 रुपये प्रति लीटर, वाराणसी– पेट्रोल 96.89 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, प्रयागराज– पेट्रोल 97.46 रुपये और डीजल 90.64 रुपये प्रति लीटर,

बताते चलें कि हर रोज सुबह 6 बजे पेट्रोल–डीजल के नए रेट जारी किए जाते हैं. अगर आप अपने शहर के पेट्रोल–डीजल की कीमत जानना चाहते हैं, तो एसएमएस के जरिए आसानी से जान सकते हैं. इसके लिए आपको इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर जाना होगा. यहां आपको RSP और अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर भेजना होगा. याद रहे कि हर शहर का कोड अलग–अलग है, जो आपको आईओसीएल की वेबसाइट पर मिल जाएगा।

### राष्ट्रमंडल खेलों का रंगारंग समापन, भांगड़ा और 'अपाचे इंडियन' ने बिखेरे रंग

बर्मिंघम।भांगड़ा की थाप से लेकर अपाचे इंडियन के दमदार प्रदर्शन नं यहां के अलेक्जेंडर स्टेडियम में राष्ट्रमंडल खेलों के समापन समारोह में अपने रंग बिखेरे जिसके साथ ही चार साल बाद ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में मिलने के वादे के साथ



खिलाड़ियों ने 11 दिन तक चले इन खेलोंको अलविदा कहा। बर्मिंघम खेलों में 72 देशों के 4500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत ने कुल 61 पदक जीते जो चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों से पांच कम हैं। परंपरा के अनुसार राष्ट्रमंडल खेल महासंघ का ध्वज उतार कर ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य को सौंपा गया जो 2026 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा।

## काकोरी ट्रेन एक्शन की याद में टिकट अनावरण, जाति धर्म और क्षेत्र में बंटकर देश को कमजोर न होने दें: योगी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की एकता और अखंडता के लिए सभी देशवासियों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जोश और उल्लास के साथ हर घर तिरंगा फहराकर मनाने के लिए कहा। मौका था काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर काकोरी के शहीद मंदिर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का। इस मौके पर उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन को समर्पित डाक टिकट का अनावरण किया। संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष का शुभारंभ करने के साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी और शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन होंगे। इस दौरान 14 अगस्त की तारीख भी आएगी। यह दिन बंटवारे की विभीषिका की याद दिलाता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि इसी दिन हमारा देश दो टुकड़ों में बंट गया था। अगर अभी भी हम जाति, धर्म और क्षेत्र में बंटेंगे तो देश कमजोर होगा और स्वाधीनता पर संकट खड़ा होगा। हमें संकल्प लेना है कि हम खुद को बंटने नहीं देंगे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज ही के दिन क्रांतिकारियों ने





काकोरी की प्रसिद्ध घटना को अंजाम दिया था। तमाम अत्याचारों के बावजूद देश के वीरों को विदेशी ताकतें रोक नहीं सकीं थीं। हम भाग्यशाली हैं कि उत्तर प्रदेश की पावन धरती पर पैदा हुए हैं। इसी पावन धरती पर 1857 की आजादी की पहली लड़ाई शुरू हुई थी। मंगल पांडेय ने मेरठ तो रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी झांसी नहीं दूंगी, कहकर अंग्रेजों को ललकारा था। काकोरी ट्रेन एक्शन, गोरखपुर में चौरी–चौरा कांड जैसी घटनाओं ने देश को आजाद कराने में अहम योगदान दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह जैसे वीरों की वजह से देश आजाद हुआ। उन्हीं वीरों की वजह से आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ ही विधायक जयदेवी, आशुतोष टंडन, महेंद्र सिंह व मेयर संयुक्ता भाटिया, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा तथा अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों से कहा है कि अगले 25 साल का लक्ष्य तय करें कि वे देश को किस रूप में देखना चाहते हैं। जब हम आजादी की सौवीं वर्षगांठ मना रहे होंगे तब हमारे सपनों का भारत हमारे सामने होगा। इसकी नींव हमें आज से ही रखनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना अंग्रेजों के लिए कितनी बड़ी चुनौती थी, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि महज 4679 रुपये के लिए उन्होंने उस समय 10 लाख रुपये से ज्यादा की राशि खर्च की। इस घटना के बाद पूरे देश में छापे मारे गए। काकोरी ट्रेन एक्शन में शामिल होने पर रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को फांसी की सजा दी गई थी। इसके अलावा काफी क्रांतिकारियों को लंबी–लंबी सजाएं दी गईं थीं।

## उत्तर प्रदेश में जो भी अपराध करेगा उसे गिरफ्तार किया जाएगा: केशव

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में महिला के साथ अभद्रता का आरोपी नेता श्रीकांत त्यागी गिरफ्तार कर लिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार श्रीकांत त्यागी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया है. अब उसकी गिरफ्तारी के बाद पहली बार राज्य के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का बयान आया है। श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी पर डिप्टी सीएम ने मीडिया से बात करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में जो भी अपराध करेगा उसे गिरफ्तार किया जाएगा. क्या उत्तर प्रदेश में कोई भी आरोपी मुक्त चल सकता है? वहीं पूर्व मंत्री और बीजेपी ने सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा, बीजेपी सरकार राज्य में किसी भी गलत काम के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है, चाहे 2017 हो या 2022. कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगा. इस मामले में त्यागी ने कानून तोड़ा था. उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है। वहीं श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी के बाद एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने कहा, श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी के संबंध में नोएडा पुलिस आयुक्त स्वयं प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, जिसमें वे प्रकरण की पूरी जानकारी देंगे. उनको निर्देशित किया गया है कि जल्द कानूनी



कार्रवाई पूरी करके प्रेस से सभी चीजें साझा करें, जिससे चीजें सभी को स्पष्ट हों।

## प्रयागराज में पीएम मोदी और सीएम योगी की तस्वीरों वाली राखियों की जबरदस्त डिमांड

प्रयागराज। रक्षाबंधन के त्यौहार पर इस बार वैसे तो बाजार में तमाम तरह की राखियां बिक रही हैं, लेकिन संगम नगरी प्रयागराज में इस साल पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम और तस्वीरों वाली राखियों की जबरदस्त डिमांड है. इसके साथ ही सीएम योगी के बुलडोजर ब्रांड वाली राखियां भी खूब पसंद की जा रही हैं. मोदी–योगी और बुलडोजर वाली राखियों का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है. ये राखियां बाजार में हाथों–हाथ बिक जा रही हैं।

प्रयागराज में इस बार मोदी–



योगी और बुलडोजर वाली राखियों के साथ ही तमाम दूसरे सेलिब्रिटी के नाम पर भी राखियां तैयार की गई हैं. इन सभी राखियों की डिमांड इतनी ज्यादा है कि दुकानों पर आते ही यह खत्म हो जाती हैं. मोदी और योगी के नाम वाली राखी खरीदने वाली महिलाओं का कहना है कि उन्होंने उनकी सुरक्षा और सम्मान को लेकर जो कदम उठाए हैं, उससे वह काफी खुश हैं।

महिलाओं का कहना है कि वह अपने भाइयों में भी मोदी और योगी जैसी छवि देखना चाहती हैं, इसलिए उनकी कलाई पर इस बार इन नेताओं की तस्वीर और नाम वाली राखी ही बांधेंगी. प्रयागराज के राखी कारोबारी कादिर भाई के मुताबिक मोदी–योगी और बुलडोजर वाली राखियां लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं. लोग इन राखियों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं. इन राखियों को लेकर लोगों के अंदर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है, साथ ही महिलाओं का इसको लेकर यह कहना है कि सीएम और पीएम ने उनकी सुरक्षा और सम्मान को लेकर जो कदम उठाए हैं, उससे वह काफी खुश हैं।

## गठबंधन सहयोगियों को नष्ट कर देती है भाजपा, नीतीश-तेजस्वी ने सरकार बनाने का दावा किया पेश, बुधवार को होगा शपथग्रहण समारोह

बिहार। बिहार की राजनीति के लिए मंगलवार का दिन काफी अहम रहा क्योंकि नीतीश कुमार ने एनडीए के मुख्यमंत्री के तौर पर इस्तीफा दे दिया और फिर राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ मिलकर राज्यपाल फागू चौहान के समक्ष नई सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया। वहीं जदयू की गठबंधन सहयोगी रही भाजपा ने नीतीश कुमार पर धोखा देने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने नीतीश कुमार 2020 का चुनाव नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जीते थे या नहीं ? जब नरेंद्र मोदी के नाम पर जीते थे तो आज बिहार के लोगों के समर्थन का अपमान किया है... ये क्या बात है ? अगर आपको भाजपा परेशान कर रही थी तो 2 साल से रूके हुए क्यों थे।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि मैं यहां राज्यपाल से मिलने आया और अपना इस्तीफा दे दिया। महागठबंधन में 7 पार्टियों के निर्दलीय समेत 164 विधायक हैं। जबकि तेजस्वी यादव ने कहा कि



भाजपा का कोई गठबंधन सहयोगी नहीं है, इतिहास बताता है कि भाजपा उन दलों को नष्ट कर देती है जिनके साथ वह गठबंधन करती है। हमने देखा कि पंजाब और महाराष्ट्र में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार में जो भी हो रहा था वो किसी से छुपा नहीं था। जनता विकल्प चाहती है, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। नीतीश कुमार ने अपना काम किया, इन्होंने नरेंद्र मोदी के सामने ये मांग रखी लेकिन इनकी मांग को नहीं माना गया।

इसी बीच जानकारी सामने आई कि बुधवार को 4 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। जिसमें नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मौजूदा हालातों को देखते हुए भाजपा ने कोर समूह की बैठक बुलाई है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष संजय जायसवाल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्रियों, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के भाग लेने की संभावना है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और अश्विनी चौबे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद बैठक में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय राजधानी से पटना रवाना हो गए हैं।

बिहार के तेजी से बदलते समीकरण के बीच राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना विश्वास जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा के साथ रहेगी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा दूसरा नेता मिलना नामुमकिन है।

## श्रीकांत त्यागी को शरण देने वालों पर भी होगी कार्रवाई : एडीजी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ



लखनऊ। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि नोएडा प्रकरण के आरोपी श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी के बाद अब उसको शरण देने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। फरारी के दौरान त्यागी को छिपाने वाले लोगों की पहचान की जाएगी। उन पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को नोएडा पुलिस द्वारा मेरठ में त्यागी की गिरफ्तारी के बाद लखनऊ पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने जहां एडीजी कानून व्यवस्था को बुलाकर त्यागी की गिरफ्तारी और उसके आगे की कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। वहीं, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। डीजीपी से मिलने के बाद एडीजी कानून व्यवस्था ने मीडिया को बताया कि पुलिस की जबरदस्त नाकेबंदी की वजह से त्यागी कहीं दूर भागने में नाकाम रहा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि नोएडा पुलिस के अथक प्रयासों से उसे गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार सिंह आज शाम को 5 बजे मीडिया के सामने त्यागी की गिरफ्तारी के संबंध में मीडिया को विस्तार से जानकारी देंगे। उन्होंने नोएडा पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब त्यागी के शरणदाताओं को चिह्नित करके उन्हे दंडित कराया जाएगा।

## आगरा से 205 रुपये के कफ सिरप की बांग्लादेश में 1200 रुपये में तस्करी

आगरा। बस्ती मंडल में पकड़े गए नशे की दवा के माफिया से औषधि विभाग और पुलिस को पूछताछ में कालाबाजारी के अंतरराष्ट्रीय गैंग की जानकारी मिली है। ये गैंग आगरा से 205 रुपये की कीमत के कफ सिरप को बांग्लादेश में 1200 रुपये में तस्करी करते हैं। दवा माफिया डंपिंग जोन बनाकर इनकी कालाबाजारी कर रहे हैं।

बस्ती मंडल के सहायक आयुक्त औषधि नरेश मोहन दीपक ने बताया कि ये अंतरराष्ट्रीय गैंग हैं, इसमें 17 माफिया के नाम सामने आए हैं। इनमें से 10 पर मुकदमा हो गया है। गैंग के छह सदस्य पकड़े गए हैं। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि ब्रांडेड कंपनी के कफ सिरप में कोडीन की मात्रा अधिक होने के कारण नशे के आदी इसे खरीदते हैं। बिहार और बांग्लादेश में शराबबंदी के कारण इसकी सबसे ज्यादा मांग है।

गैंग के सदस्यों से पता चला कि आगरा से सिरप को 205 रुपये में खरीदा जाता है। बिहार में इसे 450–500 रुपये और पश्चिम बंगाल में 700–800 रुपये और बांग्लादेश



में 1200 रुपये तक बेचते हैं। नेपाल में भी कफ सिरप के तस्करी की आशंका है, इसकी भी जांच की जा रही है। गैंग ने मिर्जापुर, जौनपुर और आजम गढ़ को डंपिंग जोन बनाया है। आगरा से दवाएं लेकर यहां रखी जाती हैं, फिर चोरी–छिपे इनकी काला बाजारी करते हैं।

बस्ती मंडल में पकड़ी गईं नशे की दो करोड़ की दवाएं आगरा के नुनिहाई से गोविंद एन्क्लेव चाणक्यपुरी निवासी अनुज गोयल उर्फ काके और अमित गोयल उर्फ मोटा भाई उर्फ तिलकधारी ने लोड करवाई थीं। पकड़े गए लोगों ने इनका नाम लिया था, जिस पर मुकदमा भी दर्ज करवाया है। इसकी जानकारी आगरा औषधि विभाग को भी दी गई, लेकिन टीम ने छापेमारी नहीं की है। आगरा के सहायक आयुक्त औषधि अखिलेश जैन ने बताया कि छापा मारा जाएगा अभी जांच की जा रही है।

## नीतीश-तेजस्वी ने राज्यपाल से की मुलाकात, सरकार बनाने का दावा किया पेश, 164 विधायकों के समर्थन वाली चिट्ठी सौंपी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन समाप्त करने के बाद मंगलवार को एक बार फिर से जदयू नेता नीतीश कुमार, राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ राजभवन पहुंचे। जहां पर दोनों नेताओं ने राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। बिहार के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम में बशीर बद्र का शेर बिल्कुल सही साबित होता है। दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो शर्मिंदा न हों। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव एक ही कार में सवार होकर राजभवन पहुंचे, जहां पर दोनों नेताओं ने राज्यपाल के समक्ष साथ मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। आपको बता दें कि तेजस्वी यादव ने दावा किया कि उनके पास 160 विधायकों का समर्थन है। इससे पहले नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी इस्तीफा सौंपा था। उन्होंने कहा था कि दोनों सदनों के सांसद सारे विधायक और विधानपार्षद से सारी मीटिंग आज हुई। सभी की इच्छा यही थी की हमें एनडीए छोड़ देना चाहिए। तो जैसी सबकी इच्छा थी हमने उसी को स्वीकार कर लिया और जो में एनडीए की सरकार में मुख्यमंत्री था उस पद से इस्तीफा सौंप दिया।



नीतीश कुमार ने 2015 का विधानसभा चुनाव राजद के साथ मिलकर लड़ा था और राजद–जदयू गठबंधन को जीत मिलने के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे और तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री लेकिन साल 2017 में नीतीश कुमार ने गठबंधन को समाप्त कर भाजपा से हाथ मिला लिया था। लेकिन इस बार नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़कर पुराने साथियों के पास वापस आए हैं। ऐसे में उन्होंने 2017 की घटना के लिए अफसोस जताते हुए तेजस्वी यादव से कहा कि आइए नई शुरुआत करते हैं। जो कुछ हुआ, उसे भूलकर हमें आगे बढ़ते हैं।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## रूरा में तिरंगा यात्रा निकाली जिसमे हजारों लोगों ने भाग लिया

कानपुर। रूरा में तिरंगा यात्रा निकाली जिसमे हजारों लोगों ने भाग लिया। यात्रा में मुख्यरूप में सर्व श्री दिनेश पालीवाल मंडल अध्यक्ष,राम जी गुप्ता,आशीष मिश्रा, ब्लॉकप्रमुख, अकबरपुर,संजय दुबे, शिवा पांडे,पुच्चू अवस्थी,रजोल शुक्ला, बबली तिवारी,राजू सिंह परिहार,माया कश्यप, दीपू त्रिवेदी, श्रीकांत मिश्रा,रिंकू सिंह चंदेल, बउवन दुबे,गोविंद त्रिवेदी, अंकित परमार, वीनू मिश्रा,पंकज शुक्ला,संजय पाल,जगदीश कमल,आशीष अग्निहोत्री,शुभम शुक्ला,राजेश पांडेय,शैलेंद्र पाठक,शिवबीर सिंह भदौरिया,गोपाल शुक्ला,घनश्याम शुक्ला




,संजीव मिश्रा,प्रमोद शुक्ला, शरद शुक्ला,गीता नायक,शैलेश दीक्षित,मनोज यादव, सुशील कमल,हरनाम सिंह यादव,राज अग्निहोत्री, शिवम शुक्ला,अनुराग मिश्रा, विनय पाल, आशीष शुक्ला,प्रशांत मोहन,संजय यादव, बउवा दीक्षित,अरुण शर्मा, हरी प्रजापति, बउवा पाण्डेय, राम सिंह यादव,नरेंद्र तिवारी,रामजी पांडेय,महेश गुप्ता,सौरभ यादव, अंशुल बाजपेई,निशांत सिंह, दीपक गुप्ता,महेश पांडेय,विनोद दीक्षित,संजय प्रधान, बबलू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## हिरासत से युवक के भागने में दो सिपाही निलंबित, पुलिस ने आरोपी को फिर दबोचा

कानपुर देहात। तमंचे के साथ पकड़े गए युवक के पुलिस हिरासत से भागने के मामले में दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। आरोपी व दोनों सिपाहियों के खिलाफ अकबरपुर कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। सोमवार देर शाम पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। अकबरपुर पुलिस ने कस्बे के शिवा उर्फ दिशांत को तमंचे व कारतूस के साथ पकड़ा था। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की थी। रविवार को शिवा थाने के शौचालय से पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। काफी तलाश के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं लगा था। मामले में लापरवाही का दोषी पाते हुए सिपाही उम्मेद कुमार व महिला सिपाही सुमन को एसपी सुनीति ने निलंबित कर दिया। उम्मेद दीवान थाने के कार्यालय व सुमन की पहरा ड्यूटी थी। शिवा के खिलाफ हिरासत से भागने व दोनों सिपाहियों के खिलाफ ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने में रिपोर्ट दर्ज की गई। इधर, पुलिस और एसओजी आरोपी की तलाश में दिनभर दबिश देती रहीं। देर शाम अकबरपुर थाना पुलिस ने उसे कस्बे से पकड़ लिया। पूछताछ में शिव ने बताया कि वह जिले से बाहर भागने की फिराक में था पर मौका नहीं मिल सका। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में 5500 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख आज

लखनऊ। अगर आप उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं तो आपके लिए सुनहरा मौका सामने आया है। राज्य में कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर के हजारों पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख आज मंगलवार 09 अगस्त, 2022 को है। जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए अब तक आवेदन नहीं कर सके हैं, वे जल्द से जल्द अपना आवेदन जमा कर लें। इस भर्ती के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन आधिकारिक वेबसाइट upnrhm.gov.in पर जाकर जम कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर के पदों पर निकली भर्ती में रिक्त पदों की कुल संख्या 5505 निर्धारित की गई है। इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन सीबीटी परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। भर्ती के लिए आवेदन आज रात 11.59 बजे तक जारी रहेंगे। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (GNM)-RNRM या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से B.Sc नर्सिंग या पोस्ट बेसिक B.Sc नर्सिंग की योग्यता होनी चाहिए। आवेदकों की आयु–सीमा 20 जुलाई, 2022 तक अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। इस भर्ती में चयनित उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के दौरान 10 हजार रुपये का स्टाइपेन मिलेगा। वहीं, ट्रेनिंग के बाद चयनित उम्मीदवारों को 20, 500 रुपये सैलरी और 15 हजार रुपये प्रदर्शन के आधार पर इंसेंटिव दिया जाएगा। इसके अलावा भत्ते भी मिलेंगे।

–कैसे करें आवेदन–

सबसे पहले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट upnrhm.gov.in पर जाएं।
अब होम पेज पर दिखाई दे रहे Opportunities के लिंक पर क्लिक करें।
अब यहां दिखाई दे रहे संबंधित भर्ती के लिंक पर क्लिक करें।
अब अपना रेजिस्ट्रेशन करें।
अब आईडी पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन करें।
अब आवेदन पत्र को भरें और दस्तावेजों को अपलोड करें।
आवेदन शुल्क का भुगतान करें और सबमिट कर दें।
आगे की जरूरत के लिए आवेदन पत्र को डाउनलोड कर के इसका प्रिंट भी निकलवा लें।



**कानपुर देहात जनपद जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति सिकन्दरा तहसील क्षेत्र के राजपुर में मोहर्रम पर्व पर शान्ति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते एवं निर्देशित करते हुए**

## हर्सोल्लास के साथ मनाया गया मोहर्रम का त्यौहार,पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत। शिवराजपुर में हर्षोल्लास के साथ मोहर्रम का त्योहार मनाया गया है।पुलिस के साथ अन्य खुफिया अधिकारी कस्बे के जामा मस्जिद व क्षेत्र की मस्जिदों से पल पल की खबरे एकत्रित कर रहे थे।शिवराजपुर में कही भी ताजिया नही उठाया जाता है किंतु रोड पर बाजे के साथ सुन्नी मुसलमान मातम के गाने बजाते हुए निकलकर मातम मानते है शिवराजपुर पुलिस ने क्षेत्र के जामा मस्जिदों के बाहर सुबह से डेरा जमा लिया था।त्यौहार को शांति व्यवस्था से मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने सुबह से ही मस्जिदों के बाहर पहरा देने लगी थी।शिवराजपुर गंगा रोड की जामा मस्जिद बिरामऊ गांव जामा मस्जिद दरिया निवादा गांव जामा मस्जिद शाहपुरमाल्हा गांव के आदि मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह परिहार ने बताया की सुबह से ही जामा मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया था।शांति व्यस्था से त्यौहार मनाया गया मोहर्रम त्यौहार में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हुई थी।

षाहपुर माल्हा गांव की जामा मस्जिद के मौलाना शाकिर आलम ने थाना प्रभारी का धन्यवाद किया उन्होंने कहा पुलिस प्रशासन बहुत मुस्तैद रहा जिसकी वजह से ताजिया उठने में कोई दिक्कत नहीं हुई थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिस कर्मियों के साथ पीएससी के जवान तैनात रहे।

## लक्ष्मण परशुराम संवाद सुनकर भाव विभोर हुए दर्शक



कानपुर। तहसील बिल्हौर के ग्राम पंचायत रानेपुर डोडवा का मजरा भवन निवादा में श्रवण मास के अंतिम सोमवार को विशाल धनुष यज्ञ की लीला संपन्न हुई। जहाँ उत्तर भारत के ख्याति प्राप्त कलाकारो ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया।। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में सम्मान समारोह श्री रामजानकी साहित्यिक सेवा परिवार द्वारा रात्रि में विशाल धनुष यज्ञ की लीला का आयोजन किया गया। इसमें महाराजा जनक ने सीता जी के विवाह के लिए स्वयंवर रचाया। शर्त थी कि जो शिव धनुष तोड़ेगा उसी से सीता का विवाह होगा। लेकिन कोई राजा धनुष को हिला भी नहीं सका। यह देख राजा जनक उदास हो जाते हैं। कहा कि हे द्वीप द्वीप के राजागण हम किसे कहे बलशाली है। हमको तो यह प्रतीत हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। तभी गुरु विश्वामित्र का आदेश मिला और मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने स्वयंवर में रखे शिव धनुष को तोड़ दो खंडो में विभाजित कर दिया। शर्त के मुताबिक सीताजी भगवान राम के गले में वरमाला पहनाती है। वहां मौजूद दर्शकों से पुष्प वर्षा की, धनुष टूटने की आवाज सुनकर परशुराम स्वयंवर में पहुंच जाते हैं। जहां पर लक्ष्मण से काफी संवाद हुआ। लेकिन जब परशुराम ने श्री राम को पहचान लिया तो शांत होकर हिमालय पर्वत की चले जाते हैं। रामलीला के इस पाठ को देख श्रोता रोमांचित हो उठे। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि मनोज दिवाकर भाजपा सीयल दादा, प्रेम नारायण पाल (कोटेदार) अमित कुमार ( कमेटी अध्यक्ष), रोली पाल (संगठन मंत्री), अंकित पाल, आशीष बाजपेई राम(मंडल अध्यक्ष), सोनू यादव(मंडल उपाध्यक्ष),कमल त्रिपाठी (कोषाध्यक्ष),लक्ष्मीकांत मिश्र (महामंत्री),हरिश्चंद्र त्रिपाठी,आशुतोष त्रिपाठी,दीप शुक्ला (पत्रकार),सुनील यादव,ईशान बाजपेई आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे।।



कानपुर देहात जनपद जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अकबरपुर कस्बे में मोहर्रम पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोगों से ताजिया जुलूस के संबंध में वार्ता करते हुए एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए व भ्रमण कर जायजा लेते हुए।




कानपुर देहात। डीएम नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति, डेरापुर तहसील क्षेत्र के डेरापुर थाना में मोहर्रम पर्व पर शान्ति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी संबंधित अधिकारियों से लेते एवं निर्देशित करते हुए।



कानपुर देहात जनपद जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति, सिकन्दरा तहसील क्षेत्र के सिकन्दरा कस्बे में मोहर्रम पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोगों से संवाद करते हुए एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते व रूट मार्च कर ताजिया जुलूस का जायजा लेते हुए।

## मातमी धुनों के साथ करीब दर्जन भर ताजिये सुपुर्द-ए-खाक हुए

रसूलाबाद कानपुर देहात। मातमी धुनों के साथ करीब दर्जन भर ताजिये सुपुर्द–ए–खाक हुए। जुलूस कस्बे अलग–अलग वार्डों से शुरू होकर अखाड़ों के मिलाप तहसील के निकट स्थित इमाम चौक में हुआ।जहाँ जाकर बड़े जुलूस में तब्दील हो गया। इसके बाद जुलूस मुख्य चौराहा होते हुए गांधीनगर से आजाद नगर पहुँचा। जहां पर आजाद नगर का ताजिया जुलूस में शामिल हुआ। जुलूस आजाद नगर बीच बस्ती से होते हुए लहरापुर मार्ग से लहरापुर मार्ग आजाद नगर पहुंचा। जहां पर एक और ताजिया जुलूस में शामिल हुआ और जुलूस मुख्य चौराहे से होते हुए हजरत गुलपीर शाह बाबा के ग्राउंड में पहुंचा। जहां पर अखाड़े में युवाओं ने अपने करतब दिखाए। इसके बाद जुलूस सीधे ईदगाह में स्थित करबला पहुंचा। अखाड़ेबाजों ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाए। ताजियों का जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाल कर ढोल व ताशों की मातमी धुन के साथ कर्बला में सुपुर्द खाक किया गया। त्योहार पर भीड़ भाड़ वाले इलाकों में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। वहीं जगह–जगह लंगर की व्यवस्था भी की गई थी। जिनमें मुस्लिम समाज के युवाओं में राष्ट्रभक्ति को लेकर जोश देखा गया। हाथों में तिरंगा और तिरंगा रंग की टी शर्ट पहनकर लोहिया नगर के युवा जुलूस में शामिल हुए। ताजियों को देखने के लिए कस्बे भर में विभिन्न समुदाय के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से तहसीलदार राज कुमार चौधरी, आशा पाल सिंह, कोतवाल शिव,उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश, निशांत महेंद्रु सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।



## 19 साल पहले बना दीप वाटिका अपार्टमेंट जर्जर घोषित, किसी के प्रवेश पर लगाई गई रोक

कानपुर। कानपुर में नगर निगम ने 19 साल पहले बने दीप वाटिका अपार्टमेंट को रविवार को निरीक्षण करने के बाद जर्जर घोषित कर दिया। घंटों जांच–पड़ताल के बाद डीएम और नगर आयुक्त ने बिल्डिंग के बाहर चेतावनी बोर्ड और नोटिस चस्पा करा दी। अब अपार्टमेंट में किसी के प्रवेश पर भी रोक है। बिल्डर और अपार्टमेंट में रहने वालों को भी चेताया गया है। आठ अगस्त को केडीए भी इस अपार्टमेंट की जांच शुरू करेगा। रतन लाल नगर में स्थित चार मंजिला दीप वाटिका अपार्टमेंट के बेसमेंट का एक पिलर शनिवार को धंसने लगा था और दूसरे में भी दरार आ गई थी। अपार्टमेंट ढहने की आशंका में पुलिस ने अपार्टमेंट के सभी लोगों को बाहर कर दिया था।

रविवार को नगर निगम के मुख्य अभियंता एसके सिंह जोन– 5 के अधिशासी अभियंता आरके सिंह, सहायक अभियंता कमलेश पटेल, अवर अभियंता राकेश कुमार सहित मौके पर पहुंचे। मुख्य अभियंता ने बताया कि नगर निगम अभियंत्रण विभाग की टीम ने निरीक्षण कर अपार्टमेंट को जर्जर घोषित कर दिया है। दीप वाटिका अपार्टमेंट (प्लाट नंबर – 84) के जर्जर एवं गिराऊ होने के संबंध में नोटिस जारी की है। इंजीनियरों की जांच में पता चला कि दीप वाटिका अपार्टमेंट के फाउंडेशन के नीचे की मिट्टी की बियरिंग कैपिसिटी तथा स्ट्रक्चरल डिजाइन ठीक न होने के कारण बिल्डिंग का पिलर क्रैक होने के बाद नीचे धंस रहा है। बिल्डिंग झुक गई है। बरसात में बिल्डिंग किसी भी वक्त गिर सकती है। अधिकारियों ने जान–माल की सुरक्षा के लिए उचित घेराबंदी और तत्काल मकान को खाली करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने घोषणा की 'किसी तरह का नुकसान या दुर्घटना होने पर नगर निगम की ओर से कोई क्षतिपूर्ति नहीं दी जाएगी'। सहायक अभियंता की तरफ से वार्ड 34 के अंतर्गत रतन लाल नगर के प्लॉट नंबर–83 के मुकेश आहूजा और प्लॉट नंबर–85 के अभिषेक सिंह चौहान को नोटिस जारी किया गया है। घर की दीवारों पर भी नोटिस चस्पा की गई। भवन का नक्शा पास होने या न होने से भवन गिरने का कोई संबंध नहीं है। निजी भवन की गुणवत्ता जांच का अधिकार केडीए को नहीं है।

आमजन के लिए गुणवत्ता जांचने का तरीका है कि भवन केडीए का हो या फिर रेरा में पंजीकृत हो। भवन खराब गुणवत्ता के कारण गिरता है तो क्रेता, विक्रेता के खिलाफ डैमेज का सिविल सूट दायर कर सकता है। पिलर धंसने की सूचना पर पहुंचे बिल्डर प्रेमचंद पाखरानी ने फ्लैट मालिकों को भवन को नए पिलर से सपोर्ट देकर उनका सामान निकलवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने काम शुरू भी करवा दिया। यह देख लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। तभी नगर निगम की पहुंची टीम ने भवन को जर्जर घोषित करते हुए किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी, जिसके बाद बिल्डर को काम बीच में ही रुकवाना पड़ा। यह देख फ्लैट के मालिक फिर से मायूस हो गए। बिल्डिंग दाईं तरफ झुकने से अन्य पिलरों में भी दरारें पड़ गई हैं। अगल–बगल बनी दीवारों में भी दरार आने लगी है। जो पिलर सही हैं, उनमें भी प्लास्टर झड़ने लगा है और अंदर की सरिया दिख रही है। इलाकाई भी दहशत में हैं।

## अनुचर सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती सिम्पल चौहान के नेतृत्व में एक सैकड़ा लोगों ने स्वच्छता अभियान के तहत मलिन बस्तियों में झाड़ू लगाकर कूड़ा उठाकर उसका निस्तारण किया

कानपुर। आजादी के अम्रत महोत्सव की७५वी बर्ष गांठ पर अनुचर सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती सिम्पल चौहान के नेतृत्व में एक सैकड़ा लोगों ने स्वच्छता अभियान के तहत मलिन बस्तियों में झाड़ू लगाकर कूड़ा उठाकर उसका निस्तारण किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह का काम कानपुर नगर की लोक प्रिय महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय के विशेष सहयोग से मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा और समय समय पर उनके स्वास्थ्य की जांच और उसका निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर लगाकर उनका इलाज फी मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर लगाकर उनका आपरेशन बिना टांका बिना चीरा के लेन्स प्रत्यारोपण किया जाएगा इस अवसर पर गोविन्द नगर नगर निगम के जोनल स्वास्थ अधिकारी अरविंद यादव व मुख्य स्वच्छता खाद्य निरीक्षक दयानंद मुरझानी सहित सफाई परवेक्षक शनि का शाल व स्मरति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आज से हर घर में तिरंगा झंडा लगाकर देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वालों के सम्मान में कैंडल मार्च कल शाम ६बजे मलिन बस्तियों संजय नगर में निकाल कर सेनानियों को श्ररदाजलि अर्पित करेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री सिम्पल चौहान रमेश सिहवानी गोपाल सक्सेना, विमला चौहान प्रतिभा गुप्ता गीता दीक्षित रुबी गुप्ता किरन सचान सावित्री पासवान रंजना सेगर शशि श्रीवास्तव सिमरनजीत कौर निशा यादव गगनदीप कौर मुकेश चौपड़ा ओम प्रकाश सिंह बादल मुखर्जी, नेकहा की शीघ्र ही मलिन बस्तियों में जन चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा इस में उत्तर प्रदेश शासन के मंत्रियों को आमंत्रित कर शिकायतों का निराकरण भी कराया जाएगा इस की शुरुआत पिछले ६अगस्त से हो चुकी है जिन पार्कों की दुर्दशा है उनको बुजुर्गों के लिए विकसित किया जाएगा जिससे कि वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जोनल स्वास्थ अधिकारी अरविंद यादव ने कहा कि आजादी के अम्रत महोत्सव पर स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्मानित किया उसके लिए नगरनिगम के सभी लोग आपके आभारी हैं।

## रुंडमुंलेस्वर महाराज मंदिर में आयोजित भंडारे का प्रसाद पाकर भक्तछप्पन भोग का स्वाद भूले

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज । नर सेवा नारायण
सनातन धर्म का मूल मंत्र है इसी मंत्र की सार्थकता प्रस्तुत करते जनपद कन्नौज के मोहल्ला सिपाही ठाकुर स्थिति रुंडमंडलेश्वर भगवान शिव मंदिर के शिव भक्त श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को कोई ना कोई भव्य आयोजन करके पुण्य कमाने का का कार्य करते रहे हैं उसी क्रम में सनातन धर्म की परंपरा को बढ़ाते हुए भव्य भंडारे का आयोजन किया जहां सैकड़ों की तादाद में सनातन धर्म को मानने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद पाकर आनंद की अनुभूति करते हुए छप्पन भोग के स्वाद को भंडारे के प्रसाद के आगे फीका बताया भंडारा आयोजित कराने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले गोल्डन मिश्रा ने बताया कि यह बाबा की कृपा और सद्बुद्धि के चलते उनके मार्गदर्शन द्वारा यह आयोजन हुआ है इसमें किसी प्राणी मात्र की कोई भूमिका नहीं यह जो भी आयोजन होते हैं वह ईश्वर की प्रेरणा से ही संभव होते हैं वही राजन अवस्थी रामायणी ने सनातन धर्म में नर सेवा नारायण सेवा के भाव को सबसे बड़ा बताया है और उसी के चलते समाज में इस प्रकार के आयोजन होते हैं ।

कार्यक्रम के आयोजन में प्रसाद बनाने वालों मे गजब का उत्साह देखने को मिला बे उत्साहित होकर शिव भक्ति के गीत गुनगुनाते अपने काम को अंजाम तक पहुँचाते दिखाई दिए तो भाई छोटे–छोटे बच्चे हैं ।

कोई प्रसादी में सब्जी की बाल्टी तो कोई पूड़ी कोई जल वितरण कर भंडारे रूपी पुनीत कार्य में अपना अंशदान करता दिखाई दिया वही प्रसाद पाने वालों का 12.00 बजे से लेकर देर रात तक तांता लगा रहा भंडारे में प्रमुख रूप से मुन्ना मिश्रा दीनानाथ त्रिवेदी प्रशांत शुक्ला श्री कृष्ण यादव सुनील मिश्रा पंकज अवस्थी विक्की मिश्रा शशांक शुक्ला हर्ष मिश्रा अनुराग मिश्रा वीटु मिश्रा आदि योगदान देते दिखाई दिए।

## 'आप' ने कानपुर देहात में लगाई तिरंगा शाखा

कानपुर देहात। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रभारी संजय सिंह के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में तिरंगा शाखा का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को तिरंगा शाखा का आयोजन कानपुर देहात जिले के राजपुर कस्बे के अंतर्गत जैनपुर गांव के श्री राम जानकी हनुमान मन्दिर परिसर पर भी किया। तिरँगा के नीचे राष्ट्रगान के साथ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उनके विचारों पर चर्चा की गयी।नेता जी सुभाष चंद्र बोस को स्वतंत्रता आंदोलन का नायक कहा जाता है अवध प्रांत के प्रांत अध्यक्ष सूरज प्रधान के निर्देश पर कानपुर देहात के इस तिरंगा शाखा कार्यक्रम में अवध प्रांत मीडिया प्रभारी संजीव निगम ने शिरकत की। संजीव निगम ने यहाँ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने तिरंगा शाखा के तहत महापुरुषों, राष्ट्रभक्ति और स्वच्छता के बारे में अभियान चलाया है जिसमें नदियों, प्राचीन कुंडों,शहीद स्मारकों,पार्कों में तिरँगा सेवक स्वच्छता अभियान सहित अन्य रचनात्मक कार्य कर समाज में अच्छा संदेश देने का काम कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि इस तिरंगा शाखा में समाज के हर वर्ग के लोग तथा स्त्री एवं पुरूष समान रूप से भागीदार बन सहयोग कर सकते है। कानपुर देहात के जिलाध्यक्ष एडवोकेट विवेश यादव ने उपस्थित लोगों को संविधान में लिखी मूल बातों के बारे में बताया और कहा कि हमारे संविधान में प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार व मौलिक कर्तव्य दिए गए है। जिसके माध्यम समाज का हर व्यक्ति अपनी मेहनत व ईमानदारी से अपने लिए,समाज के लिए और पूरे देश के लिये बहुत कुछ कर सकता है कार्यक्रम का आयोजन राजपुर पंचायत प्रभारी विनय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने राम–जानकी दरबार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।तिरंगा शाखा में भाग लेने वाले प्रमुख लोगो मे विजय प्रताप सिंग, पवन प्रजापति, सालिद सिद्दीकी, रजनी यादव,अशोक सिंह, राजेश सिंह, शिवपाल सिंह, अल्बदन बिहारी, भारत पटेल,रमेश सिंह, गोलू सिंह, मोहम्मद नसीम,अजयपाल आदि साथियों ने भाग लिया।

# गमगीन माहौल में सुपुर्द ए-खाक हुए ताजिये

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। मोहर्रम की दसवीं का जुलूस भारी सुरक्षा के बीच निकाला गया। जिसमें ताजिएदारों ने बड़ी अकीदत के साथ ताजिए मंडी गेट से निर्धारित रास्ते पर ले जाकर गरबापुर में सपुर्द ए खाक कर दिया गया। मंगलवार को दोपहर बाद गाजे–बाजे के साथ मोहर्रम की दसवीं का जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में ताजिएदार अपने ताजिए लेकर जिसमें निर्धारित रास्ते से जाते हुए गांव गरबापुर पहुंचे। रास्ते में शहादत पर गर्व करते हुए कर्बला के उस मंजर को याद किया गया। लोगों ने ताजियों को बड़े आकर्षक ढंग से सजाया था। इस दौरान हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद कर तकरीरें पेश की गई। जिन्होंने इस्लाम की खातिर कुर्बान हुए इमाम आली मकाम को याद किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम व्यवस्था के सहयोगी मोहम्मद इलियास, डॉ. मजीद, शरीफ मियां, अनीस अली, सदाकत और शकील खान समेत भारी संख्या में लोग कर्बला में मौजूद रहे।



# उफान पर घाघरा नदी कई ग्रामीण हुए बेघर

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। धौरहरा इलाके में घाघरा नदी अपने उफान पर है। घाघरा नदी का पानी कैरातीपुरवा के मजरा महादेवपुरवा, कल्लू बेरिहनपुरवा और बिलासपुरवा होते हुए बंशीबेली तक पहुंच गई है। अब तक घाघरा नदी ने आधा दर्जन से अधिक घरों को अपने जद में ले लिया है। कटान से प्रभावित ग्रामीणों ने अपने घर उजाड़ने शुरू कर दिए हैं।

वहीं मिर्जापुर में कटान की रफ्तार धीमी पड़ी है, जिसके बाद बाढ़ खंड ने बचाव कार्य तेज कर दिया है। कैरातीपुरवा के मजरा बंशीबेली की तरफ बढ़ती घाघरा नदी ने गांव के पेशकार, अमृतलाल, आशाराम, संतराम और रामकुमार समेत कई अन्य लोगों के घरों को अपने निशाने पर ले लिया है। पिछले चार दिनों से घाघरा नदी बंशीबेली के मजरा महादेवपुरवा, बिलासपुरवा और कल्लू बेरिहन पुरवा में कटान कर रही थी। घाघरा नदी के दूसरी तरफ बहराइच जिले की सीमा पर खीरी के तीन ग्राम पंचायतें स्थित हैं। जिनके करीब ढाई दर्जन छोटे–छोटे मजरे टुकड़ों में बसे हैं। इस साल घाघरा नदी ने दक्षिणी छोर पर कटान शुरू किया था। लेकिन बाद में कटान की रफ्तार धीमी हो गई। इसके बाद घाघरा नदी ने अपना रूख बदलकर उत्तरी छोर पर कटान शुरू कर दिया। घाघरा नदी के तट पर बसे कैरातीपुरवा गांव के चार मजरे इस समय कटान से प्रभावित हैं।

# मातमी माहौल में निकाला गया मोहर्रम का जुलूस

नवीन भसीन
सम्पूर्णानगर,खीरी। मंगलवार को मोहर्रम का जुलूस कस्बे में मातमी माहौल के साथ निकाला गया। जुलूस दोपहर तकरीबन दो बजे के आसपास से निर्धारित रास्तों से गुजरते हुए मातम किया गया। हुसैन के चाहने वालों की बड़ी तादाद जुलूस में शरीक रही। जुलूस में मातम करने वालों में बच्चे भी शामिल थे। कई जगहों पर आयोजित मजलिसों में धार्मिक विद्वानों ने कर्बला की दर्दनाक दास्तान को पेश किया। कर्बला का मंजर सुनकर लोगों की आंखों से आंसू जारी हो गए। जुलूस के दौरान किसी भी तरह का अस्त्र का प्रयोग नहीं किया गया। अकीकतमंद या हुसैन या अली के नारे लगा रहे थे। लोगों ने ताजियों को आकर्षक ढंग से सजाया। ताजियों को मझरा के निकट कर्बला में सुपुर्द ए खाक किया गया। जुलूस के दौरान प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही मय दल–बल के साथ मौजूद रहे।



# एसएसबी ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवीन भसीन
सम्पूर्णानगर,खीरी। भारत नेपाल सीमा पर तैनात 49वीं वाहिनी एसएसबी ने अमृत महोत्सव को लेकर 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा लगाने को लेकर एसएसबी के जवानों ने ग्रामीणों के साथ निकाली। तिरंगा यात्रा कमलापुरी के राधा स्वामी सत्संग आश्रम से लेकर भानपुरी खजुरिया तक निकाली गई।

इस दौरान एसएसबी के जवानों द्वारा ग्रामीणों से अपने–अपने घरों पर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा लगाने की अपील की।

इस दौरान कंपनी के कमांडर विकसित यादव, ग्राम प्रधान गुरबाज सिंह सहित एसएसबी के तमाम जवान व ग्रामीण।



# नारकीय जीवन जीने को विवश है मथुरा नगर वासी

- मोहल्ले में जलभराव होने से लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

श्रद्धा सिंह भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। ग्राम पंचायत गोला देहात के मोहल्ला मथुरा नगर में जलभराव होने के कारण लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। लोग नारकीय जीवन जीने को विवश है। जनप्रतिनिधि इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं।

गोला देहात के मथुरानगर निवासी मोहम्मद यूनुस खान, सिराजुद्दीन खान, सुल्ताना कमाल अहमद, मुन्ने अली, आरिफ, अनिल, बबलू तथा प्रकाश ने बताया कि उनके मोहल्ले में जल निकासी की सुविधा ना होने से बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति हो जाती है, जिसके बाद संक्रामक बीमारियां भी जन्म लेने लगती हैं। इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन किसी ने समस्या का निराकरण करना उचित नहीं समझा। जलभराव के कारण घर से बच्चों और महिलाओं का निकलना दूभर हो गया है। बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे है, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है। कई ग्रामीण अपना घर छोड़कर दूसरे के घरों में आशियाना बनाने को मजबूर है। जहां एक ओर देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, इसी देश में लोग इस प्रकार का नरकीय जीवन जीने को विवश है। ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस भीषण समस्या से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि आजादी के 75 वर्ष बाद उनके नौनिहाल स्कूल समय से पहुंच सके। शिक्षा प्रभावित ना हो और महिलाएं घर से स्वछंद निकल सके।



# एमडीएम में भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच करने पहुंचे एबीएसए



अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। ब्लॉक मोहम्मदी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय में सहायक अध्यापिकाओं द्वारा प्रधान अध्यापिका पर एमडीएम में छात्र संख्या बढ़ाकर दर्ज करने की शिकायत पर बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी ने अनियमितता की जांच कर रिपोर्ट भेज देने से हड़कंप मच गया। एमडीएम की शिकायत प्रधान द्वारा लिखित की गई थी। जिस पर कोई भी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं कराई गई। क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर दीना के संविलियन विद्यालय में प्रधान अध्यापिका जुनेजा और सहायक अध्यापकों के बीच आपसी खींचतान में विद्यालय में बन रहे एमडीएम में हेराफेरी का मामला उजागर होने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे।

जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने 13 जुलाई को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें 281 पंजीकृत छात्र–छात्राओं के सापेक्ष में 35 बच्चे उपस्थित मिले, जबकि एमडीएम रजिस्टर में इनकी संख्या पिछले दिनों में 70 से अधिक बढ़ाकर दर्ज होने का मामला सामने आया। इस पर सहायक अध्यापिका प्रिया पांडे और किरण मिश्रा ने लिखित शिकायत देकर इंचार्ज द्वारा अधिक संख्या दर्ज कराने को बाध्य किया जाना बताया था। प्रधान अध्यापिका ने खेल सामग्री घर पर होना बताया। विद्यालय में कम्पोजिट ग्रांट से कराया जाने वाला कार्य अपूर्ण मिला, जबकि धनराशि पूरी निकाली जा चुकी है। कुछ दिन पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा लिखित शिकायत शिक्षा विभाग सहित एसडीएम को प्रधानाध्यापिका की गई थी, जिसमें खानापूर्ति कर मामले को समाप्त करा दिया गया था।

ग्राम प्रधान ने दूरभाष के माध्यम से बताया भ्रष्टाचार पूर्ण रूप से लिप्त प्रधानाध्यापिका यहां पर तैनात है। हमें सूत्रों से जानकारी मिली है। फर्जी बिल बनवा कर पेमेंट निकाले गए हैं। अगर रिपोर्ट खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भेजी गई, हम स्वयं उच्च अधिकारियों से मिलकर ऐसे भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई कराएंगे। इस मामले के विषय में खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव से जानकारी चाही तो बताया कि जांच के आदेश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण अभी तक प्रधानाध्यापिका का मुझे नहीं मिला है। जैसे ही मिलेगा उच्च अधिकारियों से वार्ता कर इस तरीके के शिक्षा विभाग में लापरवाही किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच कर आवश्यक कार्रवाई अवश्य होगी।

# छात्र संसद व कन्या भारती के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में सत्र 2022–23 हेतु शिशु भारती, छात्र संसद एवं कन्या भारती के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना व पूजन अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में विद्यालय के उपाध्यक्ष प्रवीण प्रकाश बरनवाल, मुख्य अतिथि/विद्यालय के संरक्षक ज्ञान स्वरूप शुक्ल, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखीमपुर के जिला प्रचारक अविनाश, विद्यालय के सक्रिय सदस्य अजय पांडे मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भूमिका शिशु भारती व छात्र संसद प्रमुख विवेक श्रीवास्तव ने रखी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अविनाश ने सभी नव चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए भैया बहिनों से भविष्य में सामाजिक नेतृत्व की अभिलाषा भी व्यक्त की। कार्यक्रम में छात्र संसद हेतु प्रधानमंत्री भाव्या त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश इंदिरा गोस्वामी, प्रधान सेनापति शिवम यादव तथा शिशु भारती हेतु अध्यक्ष अमृता सिंह मंत्री, आराध्या वर्मा सेनापति, आराध्य माथुर सभी विभाग प्रमुखों व सहायकों को पद की निष्ठापूर्वक निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बहिन इंदिरा गोस्वामी ने शपथ गीत तथा शिशु भारतीय छात्र संसद के पदाधिकारी बहिन भाव्या त्रिपाठी, इंदिरा गोस्वामी, अमृता सिंह, आराध्या वर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन शिशु भारती छात्र संसद प्रमुख आचार्य विवेक श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्याम वल्लभ शुक्ल ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राममणि मिश्र, अभिभावक, आचार्य बंधु व भैया बहिन उपस्थित रहे।



# मंदबुद्धि युवक को उल्टा लटका कर पीटने वाले तीनों आरोपी गये जेल

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गोमती तिराहे के समीप एक संचालित ढाबे पर मंदबुद्धि युवक की उल्टा लटका कर बेरहमी से पिटाई करने का वीडियो वायरल होने पर एसपी खीरी के संज्ञान लेने से हड़कंप मच गया। आनन–फानन में निरीक्षक अंबर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपियों को हिरासत में लेकर यातायात सुरक्षा में तैनात सिपाही की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार की शाम गोमती तिराहे पर संचालित ढाबे पर मौजूद हजरतपुर निवासी अमर सिंह, दलजीत सिंह और सुखदेव सिंह ने संदिग्ध हालत में घूम रहे मंदबुद्धि युवक को चोर समझकर दबोच लिया। पुलिस को सूचना दिये बगैर युवक को उल्टा लटका कर बेरहमी से पिटाई करने लगे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना पर एसपी खीरी के संज्ञान लेने पर हड़कंप मच गया। आनन–फानन में निरीक्षक अंबर सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पीड़ित की हालत नाजुक होने पर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इधर सड़क सुरक्षा में तैनात आरक्षी अरविंद की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा देर रात दर्ज कर लिया। जिन्हें मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित मंदबुद्धि है। जो मध्य प्रदेश का रहने वाला बताया जाता है। भटकते हुए यहां तक आ पहुंचा है। उसका सही पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित की हर संभव सहायता की जाएगी।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। विकास खंड मितौली के विधानसभा मुख्यालय कस्ता आजादी के अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कस्ता भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा, संयोजक दीपेंद्र सिंह, सहसंयोजक धनंजय सिंह, मुख्य अतिथि बृजेश सिंह, जिला मंत्री भाजपा के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली तिरंगा यात्रा का आयोजन कस्ता कस्बे से प्रारंभ होकर पिपरझला होते हुए कस्ता में तिरंगा रैली का समापन किया गया। भाजपा युवा कार्यकर्ताओं द्वारा वंदे मातरम ,भारत माता की जय ,आजादी का अमृत महोत्सव अमर रहे के नारों से वातावरण गूंज उठा तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ने देश की आजादी में अपने प्राणों की परवाह न करते हुए देश के वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद ताजा करते हुए कहा कि आज हम महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा किए गए देश की आजादी में योगदान के क्रम में हमारे देश को पूर्ण स्वतंत्रता मिली आजादी के अमृत महोत्सव में शामिल युवाओं को अपने देश की एकता एवं अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहना होगा इस अवसर पर उपस्थित समस्त युवा मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने देश के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुदेश वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा, सत्यम सिंह सुरेश गुप्त, आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश और समाज की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## अमृत महोत्सव पर निकली बाइक तिरंगा यात्रा

आकाश तिवारी फूलबेहड़,खीरी। भाजपा विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो फूलबेहड़ से शारदा नगर तक गई। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़ विश्वनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव भगवान मौर्य, जिला महामंत्री युवा मोर्चा शैलेश तिवारी, अखिल भारतीय प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी, प्रशांत तिवारी, उमाशंकर तिवारी, मनोज कुमार, प्रज्ञानंद वर्मा, सिसेंद्र वर्मा, शशांक शेखर अवस्थी, अशोक राजभर समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को किया सम्मानित

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जलालाबाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आव्हान पर 9 अगस्त से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा फहराने के अभियान के क्रम में मंगलवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाव सिंह यादव एवं पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में कस्वा जलालाबाद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.घासीराम बाथम के परिवारीजनों से भेंट कर उनके आवास पर तिरंगा फहराया एवं सम्मानित कर समाजबादी सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा कि 8 अगस्त 1942 की रात में ही गांधी जी ने 'अग्रेजों भारत छोड़ों' की ललकार के साथ 'करो या मरो' का मंत्र दिया था,9 अगस्त 1942 को अंग्रेजों के दमनचक्र के मुकाबले तब समाजवादियों ने आंदोलन की कमान संभाली और जयप्रकाश नारायण, डॉ0 राममनोहर लोहिया,अरूणा आसफ अली एवं ऊषा मेहता आदि ने जनता को जागरूक करने तथा आंदोलन को गति देने का काम किया और अगस्त क्रांति के चलते देश को आजादी मिली।पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे ने कहा समाजबादी पार्टी अगस्त क्रांति की याद को अविस्मरणीय बनाने के लिए 9 से 15 अगस्त 2022 तक घर–घर तिरंगा फहराने के अभियान की शुरुआत कर रही हैं।सदस्यता कार्यक्रम आयोजक पूर्व प्रधान कमलकांत कटियार,मानू गुप्ता ने समाजबादी पार्टी पर आस्था जताने बाले पुरुषों एवं महिलाओं को सदस्य बनाया।इस दौरान दिवारीलाल बाथम,अनिल दुवे,नरेश चन्द्र सैनी,सुनील श्रीवास्तव,रितेश पाल,जगदीश कुशवाह,नीरज यादव,बबलू सक्सेना,भोला कटियार,शुभम् दुवे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## डॉक्टरो की मनमानी की दुहाई दे रहा नवीन पीएचसी अनौगी

- झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर ग्रामीण

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जलालाबाद सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज देने का भले लाख दावे किए जाते हों, लेकिन हकीकत यह है कि यहां डाक्टरों की मनमानी से ही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चल रहा है। डाक्टर ड्यूटी छोड़कर बेपरवाह बने हुए हैं, जिस कारण मरीजों को भटकना ही नहीं पड़ रहा, बल्कि उन्हें समय से इलाज भी नहीं मिल पा रहा है। अनौगी पीएचसी में बना केंद्र पुराने ढर्रे पर चल रहा है। अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सेवाओं का दम निकल रहा है। डाक्टर अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं, कभी डाक्टर नदारद हो जाते हैं, तो कभी समय से ड्यूटी पर नहीं पहुंचते हैं। कुछ ऐसा ही सोमबार को हुआ जब संबाददाता प्रातः नौ बजे अस्पताल पहुँचे तो नवीन प्राथमिक स्वास्थ केंद्र अनौगी में ताला पड़ा दिखाई दिया द्य इस सम्बन्ध में जब ग्रामीणों से बात की तो उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के डॉक्टर सुबह दस और साढ़े दस बजे से कभी पहले नहीं आते है । कभी कभी तो अस्पताल में दिखाई भी देते और मरीज अस्पताल परिसर में आकर बापस हो जाते है द्य नाम न लिखने की शर्त पर वहाँ के लोगो ने बताया कि सप्ताह में तो कभी कभी अस्पताल का ताला भी नहीं खुलता हैद्य जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं होंगे तो मरीज अस्पताल में कैसे पहुंचेंगे। वहाँ के डॉक्टर से जब भी फोन पर संपर्क किया जाता है तो वह अपना डे आफ बता कर बात को टाल देते है। इस संबंध में जब प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जलालाबाद से संबाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि एक डॉक्टर का डे ऑफ है और अन्य कर्मचारियों को अस्पताल आना चाहिए। अगर समय से नही आये है तो उनसे स्पष्टिकरण लिया जाएगा ।और उनका मानदेय को काटा जाएगा ।उसके बाद अस्पताल के खुलने के समय पर जब बात हुई तो उन्होंने कहा कि अस्पताल खुलने का समय 8 बजे से 2 बजे तक का है और इसी समय मे अस्पताल को खोलना चाहिए ।



## बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। सखी सैंया तो बहुत ही कमात हैं महंगाई डायन खाए जात कभी यह गाना कांग्रेस राज्य में विपक्ष द्वारा फेमस हुआ था आज उसके उलट बढ़ती महंगाई के चलते सत्ता पक्ष को घेरने का काम कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने आज तिर्वा में पदयात्रा का शुभारंभ किया। कांग्रेस पार्टी के कन्नौज जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तिर्वा में बढ़ती महंगाई को लेकर पदयात्रा का शुभारंभ किया बता दे पदयात्रा तमोली मंदिर से चलकर गांधी चौराहे पर मोहर्रम के वजह से स्थगित की गई जिला अध्यक्ष ने बताया की पदयात्रा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक भारत जोड़ों के तहत महंगाई ब बेरोजगारी के खिलाफ जनपद भर मे निकाली जाएगी जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी गरीबों मजदूरों की जेब पर डाका डाल रही है इसी के खिलाफ कांग्रेश पार्टी जनता के लिए सड़कों पर उतरी हुई है और तब तक उत्तरी रहेगी जब तक यह तानाशाही सरकार को जनता उखाड़ नहीं देगी पदयात्रा में प्रमुख रूप से शमशाद सिद्दीकी अशोक कनौजिया अरविंद दुबे दुलारे लाल सलीम नीलेश कनौजिया सरताज अली शिवम मिश्रा मयंक मिश्रा रीना वर्मासत्येंद्र पटेल किरण वर्मा आदि मौजूद रहे।



## सम्पादकीय....

### स्वाधीनता की अंतर्निहित शक्तिको आत्मसात कर वैश्विक नेतृत्व की जिजीविषा पैदा करें

हमें स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष हो चुके हैं । हम स्वाधीनता का अमृत महोत्सव वर्ष मना रहे हैं पर इस अमृत महोत्सव के पीछे हमें यह नहीं भूलना है कि भारत देश अब एक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। अब समय आ गया है कि भारत के तमाम बुद्धिजीवियों,नौजवानों के वैज्ञानिकों और शिक्षित देशवासियों को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होने की क्षमता को द्विगुणित करना होगा और विश्व के एक प्रबल नेता की तरह हमें अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी होगी।

कई वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेको जीवन का बलिदान देने और विभिन्न कठोर संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस स्वतंत्रता और स्वाधीनता के मूल्य और इसकी अंतर्निहित शक्ति को देश के नौजवानों,शिक्षित नागरिकों को आत्मसात कर इसे पहचानना होगास समाज के हर वर्ग की खून पसीने और पीढीयों के संघर्ष के बाद प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है। स्वतंत्रता के महत्व को समझ कर भारत को वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठतम मुकाम पर पहुंचाना होगा तब जाकर स्वाधीनता के सही मायने फलीभूत होंगे।

हमें स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और बलिदान को किसी भी क्षणों में नहीं भुलाना चाहिए, हमें हाथ में रखकर किसी ने परोस के स्वतंत्रता नहीं दी है, इसके लिए बहाये हुए खून पसीने को विश्मृत न कर के इस की आन बान शान को हमेशा ऊंचा रखना होगा। कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए इसके लिए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग–अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ष्भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम हैष्।

वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग–अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे–धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई

और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है।

जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।

संजीव ठाकुर
स्तंभकार,चिंतक, लेखक

## 75 वें अमृत महोत्सव अभियान का जोरदार आगाज - हर भारतीय देश भक्तिके रंग में रंगा

- वंदे मातरम – देश अपने अगले 25 वर्ष की नई यात्रा शुरू कर रहा है
- विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा

भारत में पिछले एक वर्ष से 75 वें अमृत जयंती महोत्सव जब देश अपने अगले 25 वर्षों की नई यात्रा शुरू कर रहा है तब जिला स्तर से शासन प्रशासन और ग्राम पंचायत स्तर से केंद्र राज्य स्तर के मंत्रालयों तक बड़े जज्बे और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। अब इसपर सोने पे सुहागा हर घर तिरंगा दिनांक 13 से15 अगस्त 2022 का महोत्सव हर भारतीय नागरिक के हृदय की गहराइयों तक राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति के रंगों में रंगा देश के बच्चे बच्चे को तिरंगे का सम्मान समझ में आएगा। भारत ही नहीं वैश्विक स्तरपर इस भारतीय अनोखे महोत्सव पर टकटकी लगा लगाए बैठे हैं जो भारतीय इतिहास में कभी नहीं हुआ!! पंचायत स्तर से इस महोत्सव अभियान में जनभागीदारी की संख्या बढ़ती जा रही है थीम, तैयारियां, मौसम का अंदाज, झंडा वितरण इत्यादि अनेक तैयारियां विभागों संभागों संस्थाओं की भागीदारी पूरे जोश उत्साह उमंग के साथ की जा रही है।

साथियों बात अगर हम सभमें उमंग के विषय घर–घर तिरंगा के नियमों की करें तो इसके लिए सरकार ने नियमों में बदलाव किया कर सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सचिवों को लिखे एक पत्र में केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन, फहराना और उपयोग भारतीय झंडा संहिता, 2002 और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत आता है। पत्र के मुताबिक, भारतीय झंडा संहिता, 2002 में 20 जुलाई, 2022 के एक आदेश के जरिये संशोधन किया गया है और अब भारतीय झंडा संहिता, 2002 के भाग–दो के पैरा 2.2 के खंड (11) को अब इस तरह पढ़ा जाएगा, श्जहां झंडा खुले में प्रदर्शित किया जाता है या किसी नागरिक के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, इसे दिन–रात फहराया जा सकता है।

साथियों जबकि इससे पहले तिरंगे को केवल सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराने की इजाजत थी। पहले मशीन से बने और पॉलिएस्टर से बने झंडे को फहराने की अनुमति नहीं थी। बदलाव के बाद हाथ से काटा या हाथ से बुना हुआ या फिर मशीन से बना राष्ट्रीय ध्वज, यह कपास/पॉलिएस्टर/ऊन/ रेशमी खादी से बना भी हो सकता है। यहां रेखांकित करने वाली बात यह है कि घरों पर तिरंगा फहराने की अनुमति 2004 से मिली, क्योंकि इसके पहले घरों पर भी तिरंगा फहराने की अनुमति नहीं थी, इसके पहले तक केवल सरकारी ऑफिस और शिक्षण संस्थान आदि ही तिरंगा लगा सकते थें। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक याचिका के बाद से लोग अपने घरों पर भी तिरंगा लगा सकते हैं।

साथियों बात अगर हम हर घर तिरंगा फहराने की करें तो माननीय पीएम के आग्रह पर पूरा देश 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में हिस्सा ले रहा है। पीएम ने इसके लिए पूरे देश से आग्रह किया है कि इस दौरान लोग अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नेशनल फ्लैग की प्रोफाइल फोटो लगा लें, इसी के साथ उन्होंने लोगोंसे 13 से 15 अगस्त तक ऑफिस और घरों में तिरंगा फहराने को भी कहा है।

साथियों बात अगर हम हर भारतीय के देशभक्ति के रंग में रंगने की करें तो उमंग उत्साह के माहौल में भारतीय झंडा संहिता 2002 और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के नियमों का पालन भी करना है खास करके गाड़ियों में तिरंगा झंडा लगाने के नियम इस प्रकार हैं, कई सारे लोग अपनी गाड़ियों पर भी तिरंगा झंडा लगाकर घूमते दिख जाते हैं, यह बात रेखांकित करने वाली है कि ऐसा करने पर आपको सजा भी हो सकती है।इंडियन फ्लैग कोड के मुताबिक कुछ विशेष लोगों को ही अपनी गाड़ी पर झंडा लगाने की अनुमति होती है,इसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, एमपी एमलए जैसे जन प्रतिनिधि, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज और विदेश में पोस्टेड हाई कमीशन या उसके समकक्ष के अधिकारियों को ही अपनी गाड़ी पर झंडा लगाने की अनुमति होती है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के दिनांक 8 अगस्त 2022 को राष्ट्रपति के विदाई समारोह में राज्यसभा में रखे विचारों की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा आजादी के अमृत महोत्सव में आज जब देश अपने अगले 25 वर्षों की नई यात्रा शुरू कर रहा है, तब देश का नेतृत्व भी एक तरह से एक नए युग के हाथों में है। हम सब जानते हैं कि इस बार हम एक ऐसा 15 अगस्त मना रहे हैं जब देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, स्पीकर, प्रधानमंत्री सबके सब वो लोग हैं जो आजाद भारत में पैदा हुए हैं और सबके सब बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। मैं समझता हूं इसका अपना एक सांकेतिक महत्व है। साथ में, देश के नए युग का एक प्रतीक भी है।

साथियों बात अगर हम हर घर तरंगे और 75 वें स्वतंत्रता दिवस के लिए अनमोल लम्हों की कुछ तैयारियों और अनुमानों की करें तो, पीएम ने जुलाई के अपने मासिक रेडियो शो श्मन की बातश में कहा था कि हर देशवासी को इस हर घर तिरंगा योजना से जुड़कर अपने घरों पर तिरंगा लगाना चाहिए, इसके लिए सरकार ने 20 करोड़ घरों का टार्गेट रखा है, इसमें सरकारी ऑफिस व प्राइवेट ऑफिस को भी शामिल किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए हमको इसके ऑफिशियल पोर्टलध् पर विजिट करना होगा, यहां हमको अभियान से जुड़ने के लिए स्टेप्स बताए गए हैं।एक बार हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के तुरंत बाद आपको मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर की तरफ से सर्टिफिकेट इश्यू कर दिया जाएगा, जिसे हम आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।

साथियों उत्तराखंड सरकार इस अभियान को बेहद बड़े उत्सव के रूप में मनाने जा रही है, हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस बार उत्तराखंड –चीन बॉर्डर पर स्थित भारत के अंतिम गांव माणा में भी घरों की छत पर तिरंगे लहराते हुए दिखाई देंगे। इतना ही नहीं, 12 हजार फीट की ऊंचाई पर बाबा केदार के धाम में भी भारत का झंडा लहराता हुआ दिखाई देगा।राष्ट्रीय ध्वज के डिस्ट्रिब्यूशन के लिए खास इंतजाम किया गया है,इस संदर्भ में संचार मंत्रालय के अनुसार 7, 9 और 14 अगस्त को छुट्टी के दिन पोस्ट ऑफिस कम से कम एक काउंटर के माध्यम से तिरंगे की बिक्री के लिए विशेष व्यवस्था करेंगे। सभी डिलीवरी पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय ध्वज के डिस्ट्रिब्यूशन की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। भागीदारी के लिए जिला पंचायती राज, नगर निगम समेत अन्य विभागों की भूमिका तय की गई है। लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा संग शिक्षकों को भी इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वंदे मातरम, देश अपने अगले 25 वर्षों की नई यात्रा शुरू कर रहा है।विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा।75 वें अमृत जयंती महोत्सव अभियान का जोरदार आगाज, हर भारतीय देश भक्ति के रंग में रंगा हैं।

संकलनकर्ता–कर विशेषज्ञ स्तंभकारएड. किशनसनमुखदास भावनानी गोंदिया

## एक व्यक्तिपर आरोप के चलते पूरे त्यागी समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाना उचित नहीं

देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ व उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी माने जाने वाला नोएडा आयेदिन मीडिया की सुर्खियों में बना रहता है। नोएडा में देश का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सबसे बड़ा हब होने के चलते ही कभी सकारात्मक व कभी कोई बेहद नकारात्मक छोटा या बड़ा कोई भी घटनाक्रम चंद मिनटों में ही देश की मीडिया कि हैडलाइन बन कर सुर्खियों में छा जाता है। ऐसा ही एक गालीगलौच और अभद्रता के आपसी विवाद का प्रकरण नोएडा सेक्टर 93 की बेहद पॉश सोसाइटी ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में 5 अगस्त को घटित हो गया था। इस विवाद के एक वायरल वीडियो में यह देखा जा सकता है कि सोसाइटी की एक महिला ने अपनी आवासीय सोसाइटी में नियमों के उल्लंघनों का हवाला देते हुए स्वयं को भाजपा नेता कहने वाले श्रीकांत त्यागी के द्वारा वहां पर लगाये जा रहे पेड़ों पर आपत्ति जताई थी, जिसको लेकर दोनों पक्षों में हुई गर्मागर्म बहस में श्रीकांत त्यागी ने उक्त महिला को अपशब्द बोलते हुए पीछे धकेल दिया था। लेकिन बाद में जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हुआ, तो नोएडा पुलिस तेजी से हरकत में आई और उसने तत्काल इस मामले में केस दर्ज करने का कार्य किया, जिसके बाद से श्रीकांत त्यागी घटनास्थल से फरार हो गया था। फिलहाल मुख्य आरोपी श्रीकांत त्यागी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है और उसके खिलाफ पुलिस–प्रशासन की कार्यवाही चल रही है। हालांकि यह तो आने वाले समय में न्यायालय ही तय करेगा कि आखिरकार दोषी कौन है।

लेकिन इस मसले पर देश में ओछी राजनीति जारी है, जब देश के विभिन्न राजनीतिक दलों को यह पता चला कि श्रीकांत त्यागी का कुछ ना कुछ जुड़ाव चाहे वो एकतरफा हो सत्ता पक्ष भाजपा से है तो इस मसले को बहुत तेजी के साथ जबरदस्त ढंग से तूल दिया गया, देखते ही देखते आपसी विवाद का यह मसला अब देश के चंद राजनेताओं व मीडिया की कृपा से एक बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। आरोप प्रत्यारोप से बचने के लिए ही आननफानन में भाजपा ने भी तत्काल समझदारी दिखाते हुए श्रीकांत त्यागी का पार्टी से कभी कोई नाता नहीं रहा है यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। सूत्रों के अनुसार साथ ही वह सभी चंद राजनेता, खास व आम लोग भी अब सार्वजनिक रूप से श्रीकांत त्यागी का बचाव करने से बचने लगे जो कभी उसके धन दौलत व भौकाल का लंबे समय से आनंद भोग रहे थे। आपसी विवाद के एक बेहद छोटे से मसले का तुरंत समाधान करने की जगह आज चंद राजनेताओं की कृपा से धरातल पर ऐसे तनावपूर्ण हालात बना दिये गये, जिसके बाद से श्रीकांत त्यागी पुलिस–प्रशासन, मीडिया, सोशल एक्टिविस्ट, आम व खास लोगों व देश के विभिन्न राजनेताओं के निशाने पर एक बड़े अपराधी के रूप में आ गया, मीडिया की टीआरपी की भूख को पूरा करने खातिर यह मामला चंद घंटों में ही बेहद गंभीर होता चला गया। सूत्रों की मानें तो इस मसले पर कहीं ना कहीं भारी दबाव में कार्य कर रही पुलिस ने हद तो उस वक्त कर दी जब वह खुद एक महिला के सम्मान के नाम पर छोटे–छोटे बच्चों की मां व श्रीकांत त्यागी की पत्नी को लंबे समय तक थाने में बिठाकर रखने का अघोषित अपराध जाने अंजाने कर बैठती है। उसके बाद धरातल पर जिस तरह के हालात बनाये गये और हमारे शासन प्रशासन, राजनेताओं व मीडिया का रवैया देखकर यह लगता है कि श्रीकांत त्यागी देश–दुनिया का सबसे बड़ा कुख्यात आतंकवादी है। हालात पर नजर दौड़ाएं तो यह स्पष्ट है कि कभी श्रीकांत त्यागी के इशारे पर नाचकर उसकी सेवा करके माल कमाने में व्यस्त रहने वाला तथाकथित सिस्टम और उसको खुली छूट देना वाला सिस्टम ही आज श्रीकांत त्यागी की दुनिया को बहुत लंबी चौड़ी अपराध की सल्तनत बताकर उसको तबाह करके स्वयं ही अपनी पीठ थपथपाने में लगा हुआ है।

लेकिन देश में हद तो उस वक्त हो जाती है कि जब बेहद अहंकार में वशीभूत होकर के हमारे प्यारे देश के चंद सम्मानित दिग्गज राजनेता व मीडिया का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसे बेहद सभ्य, देशभक्त व बेहद बुद्धिजीवी, समाजसेवी, त्यागी समाज को टीआरपी के अपने क्षणिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए निशाने पर लेकर के उसकी छवि खराब करने पर आमादा हो जाते हैं। देश में अभद्रता का आलम यह हो गया है कि शीर्ष मीडिया घराने, देश के चंद दिग्गज राजनेता व चंद बेहद जिम्मेदार लोगों ने भी सार्वजनिक रूप से व देश दुनिया के सोशल मीडिया के विभिन्न ताकतवर प्लेटफॉर्मों पर त्यागी समाज की छवि को ठेस पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इन चंद लोगों की बेहद गलत करतूतों ने उस देशभक्त, नियम–कायदे–कानून पसंद, बेहद सभ्य, समाजसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले व बेहद सम्मानित त्यागी समाज को गालीबाज त्यागी, लंगड़ा त्यागी, गुंडा त्यागी, भगोड़ा त्यागी, गोलीबाज त्यागी, दबंग त्यागी आदि ना जाने कितने गलत जातिसूचक संबोधनों से संबोधित करने का जघन्य अपराध किया है, जो स्थिति देश व समाज की एकता अखंडता के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। जिस तरह से श्रीकांत त्यागी के मसले पर हमारे देश के चंद दिग्गज राजनेताओं ने एक व्यक्ति के कृत्य के लिए पूरी जाति विशेष को निशाना बनाया है वह सरासर गलत है। वहीं हर वक्त टीआरपी की अंधी दौड़ में उतावली रहने वाली भारतीय मीडिया ने अपनी एकतरफा रिपोर्टिंग में जिस तरह से त्यागी समाज को बेहद आपत्तिजनक जातिसूचक विश्लेषणों से नवाजा है वह देश के सभ्य समाज के लिए बिल्कुल उचित नहीं है। आज हम लोगों के साथ–साथ, देश के सभी बेहद जिम्मेदार राजनेताओं, मीडिया संस्थानों व शासन प्रशासन मैं बैठे लोगों को भी यह समझना होगा कि एक व्यक्ति के द्वारा किये गये कृत्य के लिए चंद लोग कैसे किसी भी पूरे समाज को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके मान सम्मान व भावनाओं से खिलवाड़ कर सकते हैं।

देश के जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों व संस्थानों को समय रहते यह समझना चाहिए कि भारत में तो जाति धर्म के नाम पर वैसे ही दिन–प्रतिदिन लोगों के बीच चौड़ी खाई बनती जा रही है, फिर वह क्षणिक लाभ के लिए ऐसी गलती बार–बार क्यों कर रहे हैं। आज मेरा देश के नीतिनिर्माताओं से विनम्र अनुरोध है कि देश में फिर कभी किसी जाति या धर्म के साथ भविष्य में ऐसी स्थिति ना बने सके इसके लिए तत्काल कानून बनाकर रोक लगानी चाहिए। वहीं एक व्यक्ति के कृत्य के चलते पूरे समाज को कटघरे में खड़ा करके इस तरह बदनाम करने वाले लोगों व संस्थानों को तत्काल सख्त चेतावनी देने की कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे कि भविष्य में वह फिर कभी किसी के साथ इस तरह के शर्मनाक कृत्य की पुनरावृति ना कर सकें। वहीं श्रीकांत त्यागी के इस पूरे मसले के बाद धरातल पर लगातार जिस तरह से देश के बेहद सम्मानित, देशभक्त त्यागी समाज को निशाने पर लिया जा रहा है, उन हालातों पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी शांतचित्त से विचार अवश्य करना चाहिए कि कहीं यह किसी व्यक्ति या दल के द्वारा भाजपा के परंपरागत त्यागी वोटबैंक को उससे दूर करने का कोई बड़ा षड्यंत्र तो नहीं है। कहीं यह सब कुछ लोगों के द्वारा हिन्दू धर्म के बेहद मजबूत स्तंभ त्यागी समाज को बदनाम करने की कोई सुनियोजित बहुत बड़ी साजिश तो नहीं है। क्योंकि जिस तरह से इस पूरे घटनाक्रम के बाद देश में चंद दिग्गज राजनेताओं व मीडिया घरानों ने त्यागी समाज के मान सम्मान व छवि को धूमिल करने का दुस्साहस किया है, वह स्थिति केवल त्यागी समाज के खिलाफ ही नही है, बल्कि देश की एकता अखंडता व पूरे हिन्दू धर्म के खिलाफ है।

।। जय हिन्द जय भारत ।।
।। मेरा भारत मेरी शान मेरी पहचान ।।

दीपक कुमार त्यागी /हस्तक्षेप

## प्लास्टिक कचरे से कलात्मक चीजें बना रहे हैं छात्र

दिल्ली, 02 अगस्त (इंडिया साइंस वायर)। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय सहित अन्य केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और गैर – सरकारी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में शामिल 'प्लास्टिक टू प्रीशियस' प्रतियोगिता के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्रों की भागीदारी समुद्री स्वच्छता अभियान में देखने को मिल रही है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों को प्लास्टिक कचरे से कलात्मक चीजें बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

स्कूली छात्रों के लिए शुरू की गई यह प्रतियोगिता देश की करीब 7500 किलोमीटर लंबी तटरेखा को साफ करने के लिए चलाए जा रहे 75 दिवसीय 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी में महासागरों के महत्व और उसकी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है।

इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले छात्रों से अपेक्षा की जा रही है कि वे कचरे के गैर–जिम्मेदार रखरखाव का अध्ययन करें, और साथ ही अपनी दैनिक जीवनशैली से प्लास्टिक कचरे के प्रमुख स्रोतों का मूल्यांकन करें, जिसमें प्लास्टिक बैग, बोतलें, कटलरी, स्ट्रॉ, चॉकलेट रैपर, चिप्स बैग, और कंटेनर सहित अन्य पैकेजिंग शामिल हैं। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करने वाले सभी छात्रों को कई सरकारी मंत्रालयों और विभागों और राष्ट्रीय नागरिक समाज संगठनों द्वारा समर्थित पंजीकरण का एक आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। ईकोमित्रम् (Ecomitram) ऐप और MyGov के माध्यम से प्राप्त शीर्ष प्रविष्टियों को भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से की ओर से प्रोत्साहन दिया जाएगा। जिन स्कूलों द्वारा यह प्रतियोगिता आधिकारिक रूप से संचालित नहीं की जा रही है, उनके छात्र भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छठी से बारहवीं कक्षा के छात्र शामिल हो रहे हैं। छात्र टीमें अपने घर, स्कूलों और समुदायों से प्लास्टिक की व्यर्थ वस्तुओं को इकट्ठा कर रही हैं, ताकि प्लास्टिक अपशिष्ट से ऐसी वस्तु बनायी जा सकें, जो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उपयोगी या सजावटी हों। कचरे से कलात्मक उत्पाद बनाने के बाद छात्रों को इस प्रतियोगिता से मिले अनुभवों के साथ–साथ अपनी टीम द्वारा बनायी गई कलाकृति की व्याख्या करने वाला एक वीडियो (60 सेकंड से कम) जमा करना होगा। इस प्रकार, छात्र उन गतिविधियों के बारे में भी बात कर सकते हैं, जिन पर वे भविष्य में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, पुनरू उपयोग करने, और रीसाइकिल करने के लिए नियमित तौर पर करेंगे।

स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में भारत की समुद्री तटरेखा की सफाई के लिए 75 तटों पर चल रहे अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों में शून्य अपशिष्ट संकल्प (Zero Waste Pleadge), प्लास्टिक टू प्रीशियस (Plastic to Precious), वेस्ट ऑडिट (Waste Audit), मॉनसून बीच फेस्टिवल (Monsoon Beach Festival), इको–सेल्फी (Eco&Selfie), बाइक टू बीच (Bike to Beach), प्लास्टिक से आजादी, माई कोस्ट (My Coast), ऑर चॉइसेस (R Choices), 'रजिस्टर किया क्या' (Register Kiya Kya), टीचर्स–डे (Teachers Day), मार्क योर बीच (Mark Your Beach), और टीम–अप–टू–क्लीन–अप (Team up to Clean up) शामिल हैं।

75 दिवसीय यह अभियान मुख्य रूप से जन–भागीदारी पर आधारित है, जिसका प्रमुख उद्देश्य समुद्री स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना, और उन्हें दैनिक जीवन में प्लास्टिक, जो समुद्री कचरे का एक प्रमुख घटक है, के सुविचारित उपयोग एवं प्रबंधन के लिए प्रेरित करना है। अभियान के बारे में जागरूकता प्रसार, और 17 सितंबर 2022 को समुद्र तट की सफाई गतिविधि से स्वैच्छिक रूप से जुड़ने और इसके लिए पंजीकरण करने के लिए आम लोगों के लिए एक मोबाइल ऐप – इको मित्र लॉन्च किया गया है। इन गतिविधियों से ईकोमित्रम् (Ecomitram) ऐप के जरिये जुड़ा जा सकता है।

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

### : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## स्वतलंता दिवस के दिन बन्द रहेगी मादक पदार्थ की बिक्री : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी
श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि उत्तर प्रदेश आबकारी मैनुअल खण्ड–1, भाग–2, अनुभाग–5 के नियम–13 (ख) (3) में प्राविधानानुसार जनपद की फुटकर एवं थोक ब्रिकी की समस्त आबकारी दुकाने (देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, भांग) दिनांक 15 अगस्त, 2022 दिन सोमवार स्वतत्रंता दिवस के अवसर पर पूर्णतया बन्द रहेगी। बंदी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। जिलाधिकारी ने उक्त आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित कराने हेतु जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है। इस सम्बन्ध में उन्होने पुलिस अधीक्षक से भी अपेक्षा की है कि उक्त अवधि में आबकारी दुकनो की बंदी का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए अपने स्तर से भी समस्त थानाध्यक्षों को भी निर्देशित करें।

## ओमघाट में हरिशंकरी वाटिका को भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया रोपित

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। भिटौरा ओमघाट में हरिशंकरी सप्ताह एवं अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज वन विभाग द्वारा गंगा घाट में हरिशंकरी वाटिका का रोपण किया गया स जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा एवं स्वामी विज्ञानानंद जी महाराज , गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने ओमघाट में पौधे रोपित किया ।भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने हरि शंकरी वाटिका रोपित कर गोद लेने का संकल्प लिया ।और उसको संरक्षित एवं सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाया ।स्वामी जी ने कहा कि पर्यावरण




को शुद्ध रखने में इनका बहुत योगदान है इन वृक्षों के रहने से पर्यावरण दूषित नहीं होता है कार्यक्रम में प्रभारी निदेशक श्री रामानुज त्रिपाठी ने गुरूकुल के शिष्यों को अमृत महोत्सव की जानकारी दी। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल संयोजक नमामि गंगे ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्रो को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया और उसके रख रखाव के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी आर एल सैनी, चौकी इंचार्ज भिटौरा विजय कुमार त्रिवेदी, रामराज यादव , आचार्य रामचंद्र चन्द्र तिवारी, अखिलेश तिवारी, गोविन्द गुप्ता, सुरेंद्र पाठक एवं समस्त छात्र राष्ट्रीय ध्वज के साथ मौके पर उपस्थित रहे।

## जनपद में युवा मोर्चा की भव्य तिरंगा यात्रा ने हर घर तिरंगा अभियान की भरी हुंकार

- 6 विधानसभा के 10 मंडलों में भारत माता की जय के लगे नारे
- दस मंडलों में भव्य तिरंगा यात्रा आज

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। आज भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से फतेहपुर जनपद के प्रत्येक विधानसभा वार 10 मंडलों में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। बिंदकी विधानसभा में विधायक जय कुमार जैकी एवं आशीष मिश्रा जिला अध्यक्ष भाजपा मुख्य अतिथि रहे जिसमें जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मधुराज विश्वकर्मा की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष कोमल सिंह ने किया। इसके अलावा खागा विधानसभा में विधायक कृष्णा पासवान मुख्य अतिथि के रूप में रहे तथा जिला उपाध्यक्ष विमलेश पांडे एवं मंडल अध्यक्ष जुगेश सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा को भव्यता प्रदान की गई। वही हुसैनगंज विधानसभा में पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की तथा कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रहरी ने किया। इसके अलावा फतेहपुर सदर जहानाबाद विक्की छावड़ा पंजाबी एकेडमी के उपाध्यक्ष ने अगुवाई की एवं अयाह शाह विधानसभाओं में भी भव्य तिरंगा यात्रा का तिरंगा फहराकर शुभारंभ किया गया। आपको बताते चलें कि जोनिहा मंडल जय गुरुदेव मंदिर से भवानीपुर कोरवा होते हुए जोनिहा में समापन किया गया। वही खखरेरू मंडल में कोमल मोदनवाल के घर मे ध्वजारोहन करके शिवपुरी मोड से खखरेरू नगर तक यात्रा निकाली गई। जहानाबाद मंडल कैलाश मंदिर से थाना तिराहा से मेन बाजार, तेजा नगर, अयोध्या नगर, अंबिका मंदिर से कैलाश मंदिर में समापन किया गया। भिटौरा मंडल भिटौरा ग्राम में भ्रमण किया गया। अमौली बिरनाई से मऊदेव तक यात्रा निकाली गई। हुसैनगंज मंडल हुसैनगंज ग्राम का भ्रमण किया गया। अल्लीपुर अल्लीपुर तिराहा में समापन किया गया। खागा मंडल में हनुमान मंदिर से जीटी रोड, कोशनपुर रोड से नगर पंचायत खागा में समापन किया गया। विजयीपुर मंडल में हनुमान मंदिर से किशनपुर भ्रमण, लक्ष्मी मंदिर में समापन किया गया। गाजीपुर में चुरियानी से गाजीपुर तक यात्रा निकाली गई। जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य आम जनमानस में राष्ट्रीयता के भाव को ओतप्रोत करना है जिससे आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन समूचे जनपद एवं प्रदेश सहित देश के प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा फहराया जा सके। गगनभेदी नारों के साथ समस्त जनपद में तिरंगा यात्रा की चर्चा रही। युवाओं के दम पर ही राष्ट्र प्रेम के उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए पुरजोर कोशिश की जाएगी। बताया कि 10 एवम् 11 तारीख को फतेहपुर के शेष सभी मंडलों में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कोमल सिंह, जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सावन गुप्ता, जिला



सोशल मीडिया प्रमुख शिवम ओमर, ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी, संदीप द्विवेदी, हिमांशु त्रिपाठी, चंद्रशेखर निषाद, अतीश पटेल, संदीप साहू, संदीप विश्वकर्मा, रणवेंद्र लोधी, धनंजय सिंह, योगेंद्र अवस्थी, खागा अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती गीता सिंह, ब्लाक प्रमुख हस्वा विकास पासवान, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री प्रवीण पांडे, खागा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रभारी सतेंद्र पटेल, राजा ठाकुर, अमन शर्मा, राहुल गुप्ता, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला, राहुल अग्रहरी, सत्यम अग्रवाल, रिंकू सिंह लोहारी जिला पंचायत सदस्य, मण्डल अध्यक्ष कृष्णा कुमार द्विवेदी, अमित तिवारी (चिक्कू), अजय त्रिवेदी,रमेश गुप्ता, आशीष मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, श्रीकान्त अवस्थी, रजत द्विवेदी, रिंकू सिंह राठौर, सनी सिंह, शिवा गुप्ता रोहित उत्तम लाल सिंह, शिवाकांत सविता सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता रहे।

## एकल अभियान की बहनों द्वारा कोतवाल को राखी बांधकर मनाया गया रक्षाबंधन कार्यक्रम



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। कोतवाली मुस्करा में एकल अभियान की बहनों द्वारा कोतवाल को राखी बांधकर मनाया गया रक्षाबंधन कार्यक्रम मुस्करा क्षेत्र में संचालित एकल अभियान के बैनर तले कोतवाली मुस्करा में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सरोज , उपनिरीक्षक नरेंद्र यादव सहित समस्त पुलिस कर्मियों की कलाई में राखी बांधकर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाया गया। रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का त्योहार है।
जिसमे संच अध्यक्ष जनसेवक अभिषेक तिवारी, संच प्रमुख रचना,बहन रेशू,लक्ष्मी, रोहिणी,हेमन्त कुमारी सहित दो दर्जन बहनों की उपस्थिति रही।

## प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना के फ्री गैस कनेक्शन किए गए वितरित



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर (सुमेरपुर)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश में महत्वाकांक्षी उज्जवला योजना लांच की तब से बराबर लोगों को फ्री गैस कनेक्शन वितरित किए जा रहे हैं आज सुमेरपुर विकासखंड के ग्राम टेढ़ा पंचायत सचिवालय में विवेक इंडेन ग्रामीण वितरक सिरौली बुजुर्ग के डीलर रामफूल निषाद प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य हमीरपुर एवं मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा गांव की महिलाओं को गैस चूल्हा गैस सिलेंडर रेगुलेटर शटर एवं कनेक्शन की किताब वितरित की गई जिससे सैकड़ों महिलाओं के घर में आज से ही गैस चूल्हा से खाना बनेगा और हर गरीब महिला खुश नजर आएंगी गैस एजेंसी के मालिक रामफूल निषाद ने नरेंद्र मोदी जी के सपने को साकार करते हुए सभी मातृशक्ति को गैस संबंधी हर समस्या का शीघ्र निदान कराने का भी आश्वासन दिया गया इस गैस वितरण कार्यक्रम में नंद लाल यादव,अशोक अनुरागी, सुनील वर्मा, नरेश इत्यादि काफी ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 200 वर्ष पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर खेरेश्वर धाम में श्री श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ व महा भंडारा



दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर संवाददाता संजय शुक्ला फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाराधनई के गांव कौंह की पावन धरती पर विराजमान भूगर्भित शिव मंदिर श्री खोरेश्वर धाम में श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ के पश्चात महा भंडारा संपन्न हुआ कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्राम के सहयोग से ग्राम प्रधान सोमू पाण्डेय द्वारा किया गया प्रातः काल से महा भंडारा प्रारंभ हुआ जो अनवरत रात्रि कालीन बेला तक चलता रहा महा भंडारे में उपस्थित समस्त नगरवासी क्षेत्रवासी सहित भारी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर महाप्रसाद को ग्रहण किया।

मंदिर प्रांगण अंतर्गत रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें आचार्य शेष नारायण अवस्थी द्वारा वैदिक मंत्रों से भगवान शिव का अभिषेक संपन्न कराया गया वह भगवान शंकर के सुंदर गीतों का भक्तों का आनंद लेते रहेमौके पर मौजूद ग्रामीण क्षेत्रवासियों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यह पाताली मूर्ति लगभग 200 वर्ष पूर्व से गांव के लिए इष्ट देव के रूप में मानी जा रही है जहां प्रतिदिन प्रातः काल भक्तगण वर्षों से भगवान शिव के दर्शन करने आते हैं श्रीरामचरितमानस पाठ के समापन के पश्चात महाभंडारे में मौके पर आयोजक सोमू पाण्डेय अमित द्विवेदी विनोद यादव प्रदीप लक्ष्मण अशोक तिवारी रजनीकांत शुक्ला लाला गौरव पाण्डेय पुतून लाल तिवारी रामबाबू पाण्डेय सहित भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र वासी मौजूद रहे।

## आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन-जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि सरकार के आदेशानुसार आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जायेगा। और 13 से 15 अगस्त, 2022 तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर देश भक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

उन्होने बताया कि कलेक्ट्रेट में 10 अगस्त, 2022 को सायं 06.30 बजे ''एक शाम तिरंगे के नाम'' पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। तथा परिसर में सायं 07.00 बजे एक साथ 7500 दीपों का प्रज्वलन कर ''हर घर तिरंगा'' अभियान के सम्बन्ध में जनसमुदाय को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया जायेगा। जनपद में स्थापित कस्तूबरा गॉधी बालिका विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा ''एक शाम तिरंगे के नाम'' कार्यक्रम के थीम पर राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर संस्कृति विभाग, लखनऊ के कलाकारों द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 अगस्त, 2022 से 15 अगस्त, 2022 तक पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया है कि क्रमशः 11 अगस्त, 2022 को सुश्री संगीता श्रीवास्तव, लखनऊ द्वारा गायन कार्यक्रम, 12 अगस्त, 2022 को सुश्री सुचिता पाण्डेय द्वारा लोकगायन, 13 अगस्त, 2022 को श्री कमलाकान्त लखनऊ द्वारा गायन, 14 अगस्त, 2022 को सुश्री वन्दना शुक्ला, लखनऊ द्वारा गायन एवं 15 अगस्त, 2022 को सुश्री दीपिका मिश्रा, लखनऊ द्वारा लोकगायनध्नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित हुई जागरूकता रैली/तिरंगा रैली, रैली में उमड़ा जनसैलाब



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण व पुलिस अधीक्षक श्री शुभम पटेल की अगुवाई में तिरंगा रैली ध जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैलीध जन जागरूकता रैली में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने स्वयं हाँथ में तिरंगा लेकर प्रतिभाग किया तथा शहर वासियों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया। हर घर तिरंगा अभियान जागरूकता रैलीध तिरंगा रैली रानी लक्ष्मी बाई पार्क से प्रारम्भ होकर , जेल रोड, पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट ,बस स्टॉप ,विद्युत विभाग, अमन शहीद , कोतवाली रोड ,अस्पताल रोड, किंगरोड ,पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए अम्बेडकर पार्क में आकर सम्पन्न हुई। तिरंगा रैली की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जैसे–जैसे रैली आगे बढ़ती गई लोग स्वतःस्फूर्त ढंग से हाथों में तिरंगा लेकर रैली में शामिल होते गए । लगभग लोगो की 01 किलोमीटर लंबी श्रंखला रैली में दिखाई दी। तिरंगा रैली में हजार से भी अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया।
जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा जन जागरूकता रैली के अवसर पर कहा कि आजादी के 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को गॉवध्शहर के प्रत्येक घरों पर मनाये जाने हेतु , लोगों को जागरूक करने तथा इस कार्यक्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से यह रैली निकाली जा रही है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है इस के क्रम में आने वाली 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक अपने घरों/भवनों में अनिवार्य रूप से तिरंगा झंडा फहराकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा आजादी की 75वीं वर्षगॉठ को हर्षोल्लास के साथ मनायें। जागरूकता रैलीध तिरंगा यात्रा में आजादी के गीत एवं अमर शहीदों के बलिदान से सम्बन्धित गीत गाये जा रहे थे। देश भक्ति के गीतों की धुन पर लोग भारत माता की जय घोष के नारे लगा रहे थे। लोगों में तिरंगा रैली को लेकर काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा प्रसाद मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र ,अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव,अपर पुलिस अधीक्षक , एसडीएम मौदहा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, सीएमओ डॉ एके रावत ,डिप्टी कलेक्टर पूजा सोनी, डीडीओ विकास ,एसडीएम सदर रवींद्र सिंह ,डिप्टी कलेक्टर ध ईओ नगरपालिका हमीरपुर राजेश मिश्रा, उपायुक्त वाणिज्यकर जय सेन, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश , अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी , विभिन्न सामाजिक संगठनों व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा आमलोगों ने प्रतिभाग किया।

## जयसिंहपुर क्षेत्र में कोरोना पाजिटिव आने से मचा हड़कम्प



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा।
जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत का है जहां पर लगातार कोरोना वैश्विक महामारी (कोविड प्रोटोकॉल) को लेकर प्रशासनिक स्तर पर आमजनों को लगातार बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं वही स्थानीय तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवो में मंगलवार को पुनः04 लोगों की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर स्वास्थ बिभाग की टीम के नोडल चिकित्साधिकारी डा. दिग्विजय सिंह,देवी प्रसाद तिवारी व अन्य गांव पहुंचकर कोरोना पॉजिटिव पाए गए मरीजों के स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उन्हें कोरोना संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए होम आइसोलेट कर दिया ।नोडल चिकित्सा अधिकारी डा. दिग्विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के मीरपुर, गंगेव,रईचनपुर(पिपरा) गांवो में 04 और लोगों की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है ।इससे पहले क्षेत्र में 05 लोगो की जांच रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आ चुकी है ।अभी तक जयसिंहपुर में कुल 09 लोगो की जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आ चुकी है ।उन सभी को जरूरी दवाए देकर उन्हें होम आईशोलेट कर दिया गया है ।और उनके परिजनों को संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

## जनपद में धारा -144 दण्ड प्रक्रिया संहिता लागू

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। इस वर्ष दिनांक 09–08–2002 को मोहर्रम् दिनांक 12–08–2022 को रक्षाबन्धन दिनांक 15–08–2022 को स्वतंत्रता दिवस दिनांक 18–08–2022 को जन्माष्टमी दिनांक 30–8–2022 को कजरी तीज, दिनांक 09–09–2022 को अनन्त चतुर्दशी दिनांक 17––2022 को चेहल्लुम/विश्वकर्मा जयन्ती, दिनांक 26–9–2022 को महाराजा अग्रसेन जयन्ती का पर्व मनाया जायेगा। साथ ही जनपद साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से अत्यन्त संवेदनशील है। विभिन्न सम्प्रदायों के मध्य साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा बनाये रखने एवं उक्त त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनायेध्सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मैं कमलेश चन्द्र, अपर जिला मजिस्ट्रेट, श्रावस्ती दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नानुसार निषेधाज्ञा पारित करता हूँः–

1. जनपद में कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह अपने साथ लाठी डण्डा या किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र अथवा घातक अस्त्र–शस्त्र विस्फोटक पदार्थ, प्रतिबन्धित चाकू या अन्य कोई प्रहारक वस्तु आदि लेकर संचरण नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध वृद्धों, विकलांगों अथवा असहायध्बीमार व्यक्तियों द्वारा अपने सहारे के लिए प्रयोग की जा रही लाठीध्डंडे पर लागू नहीं होगा तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारीध्कर्मचारी भी इस प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे।
2. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह किसी स्थान पर कोई विस्फोटक सामग्री लेकर नहीं आयेगा और न ही जनपद की सीमा में प्रवेश करेगा।
3. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह जनपद सीमान्तर्गत अफवाह नहीं फैलायेगा और न ही ऐसा कोई पर्चाध्हैण्डबिल वितरित करेगा जिससे उत्तेजना पैदा हो।
4. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह किसी ऐसे स्थान पर किसी ध्वनिविस्तारण यंत्रों से ऐसा प्रचार–प्रसार नहीं करेगा, जिससे जातिगत/साम्प्रदायिक तनाव पैदा होता हो या पैदा होने की सम्भावना हो।
5. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह ऐसे लिखित या मौखिक वक्तव्य या संदेश प्रचारित/प्रसारित नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव/वैमनस्य पैदा होता हो या पैदा होने की सम्भावना हो।
6. किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र यथा लाउडस्पीकर एवं डी० जे० का प्रयोग किये जाने हेतु निषिद्ध किया जाता है।
7. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह ऐसे किसी विद्वेषपूर्ण नारे/शब्द जिसमें किसी व्यक्ति या सम्प्रदाय की भावनाध्भावनाएं आहत हो या उनमें उत्तेजना पैदा हो, दीवाल पर अंकित नहीं करेगा और न ही किसी व्यक्ति को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा।
8. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह बिना सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट के पूर्वानुमति प्राप्त किये किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बैठकध्पंचायतध्रैली व नाटक मंचन आदि का आयोजन नहीं करेगा।
9. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह परम्परागत रीति से मनाये जाने वाले आयोजनों के अतिरिक्त अन्य स्थान पर बिना पूर्वानुमतिके न तो धार्मिक जुलूस निकालेगा और न ही पूर्व से चले आ रहे जुलूस के रूप में परिवर्तित करेगा, उक्त कार्यक्रमों का आयोजन किसी ऐसे स्थान पर नहीं करेगा, जिससे सार्वजनिक आवागमन बाधित होता हो या बाधित होने की सम्भावना हो।
10. कोई भी आयोजन ऐसे बन्द स्थानों पर नहीं किया जायेगा जिससे एकत्रित समुदाय/व्यक्तियों के आने–जाने के लिए समुचित प्रवेशधनिकास के रास्ते न हो।
11. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह तेजाबध्पेय पदार्थों की बोतले जिन्हें हिलाकर तोड़ने से अथवा किसी व्यक्ति पर फेंकने से चोट लग सकती हो, को निर्दिष्ट स्थानध्दुकान के अतिरिक्त न तो इकट्ठा करेगा और न करायेगा।
12. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह जनपद सीमान्तर्गत बिना सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के जुलूसध्धरना प्रदर्शन आदि का आयोजन नही करेगा, इसके लिए सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट से कम से कम 48 घंटे पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
13. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह किसी भी व्यक्ति, राहगीर व वाहनों से जबरनचन्दा वसूल नहीं करेगा।
14. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह उक्त त्यौहार के दौरान कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे, जिससे साम्प्रदायिक एवं सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े एवं शांति व्यवस्था प्रभावित हो।
15. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे साम्प्रदायिक वातावरण खराब हो एवं तनाव का माहौल बने।
16. जनपद श्रावस्ती सीमान्तर्गत किसी भी स्थल पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। परन्तु यह प्रतिबन्ध परम्परागत पूजा स्थल, मेला, शवयात्रा, बारात आदि समारोहों पर लागू नहीं होगा।
17. यदि किसी शस्त्र लाइसेंसी व्यक्ति को जीवन भय है और वह अपने को असुरक्षित महसूत करता है तो अपने लाइसेंसी शस्त्र को अपने साथ लेकर चलने के आशय से अनुमति पत्र प्राप्त करने हेतु सक्षम प्राधिकारी का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करते हुए तदनुसार अनुमति प्राप्त कर लें।
18. किसी भी व्यक्ति, समुदाय या संगठन द्वारा समुदाय को इकट्ठा करने हेतु कोई नई परम्परा प्रारम्भ नहीं की जायेगी।
19. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह किसी को न तो जबरिया दबाव डालकर दुकान, कार्यालय, व्यवसाय स्थल, परिवहन आदि बन्द कराने के लिए बाध्य करेगा और न स्वयं बन्द करने का प्रयास करेगा।
20. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह ऐसे नारे या अभद्र शब्दों का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे जनसाधारण अथवा किसी वर्ग विशेष या समुदाय में उत्तेजना फैलें।
21. कोई भी व्यक्ति बस अड्डों, सरकारी भवनों/कार्यालयों, अथवा अन्य किसी सार्वजनिक सम्पत्ति को न तो क्षति पहुंचायेगा और न बस अथवा यातायात अथवा संचार के अन्य संसाधनों को प्रभावित करेगा।
22. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह उक्त प्रस्तर–12 में उल्लिखित मजिस्ट्रेटों से अनुमति प्राप्त किये बिना किसी भी स्थान पर ध्वनि विस्तारण यंत्र या साउण्ड बाक्स का प्रयोग नहीं करेगा और न ही उसको पहले से धार्मिक अथवा अन्य स्थलों पर इस प्रकार असुरक्षित रखेगा जिसका प्रयोग धार्मिक या सामाजिक विद्वेष, उन्माद एवं घृणा अथवा हिंसा फैलाने वाले असामाजिक तत्व अथवा उनका गिरोह कर सके।
23. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह ध्वनि विस्तारण यंत्र, लाउडस्पीकर, साउण्ड बाक्स, डी०जे० अथवा जनता को सम्बोधित करने वाली अन्य प्रणाली का प्रयोग प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सक्षम मजिस्ट्रेट की बिना पूर्वानुमति प्राप्त किये किसी भी सार्वजनिक स्थान या अन्य किसी भी स्थान पर नहीं करेगा एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक मा० सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ध्वनिविस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित होने के कारण नहीं करेगा और ऐसे यंत्रों की आवास का स्तर ध्वनि प्रदूषण (रेगुलेशन एण्ड कंट्रोल रूल्स, 2000 में उल्लिखित निर्धारित मानक से अधिक नहीं होगा।
24. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे साम्प्रदायिक वातावरण खराब हो अथवा तनाव का माहौल बने। 25. कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह परम्परागत तरीके से मनाये जाने वाले आयोजनों के अतिरिक्त अन्य स्थान पर बिना पूर्वानुमति के न तो धार्मिक जुलूस निकालेगा और न ही पूर्व से चले आ रहे जुलूस के रूप में परिवर्तित करेगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन किसी ऐसे स्थान पर नहीं करेगा, जिससे सार्वजनिक आवागमन बाधित होता हो या बाधित होने की सम्भावना हो।

उपरोक्त आदेश जनपद श्रावस्ती की सीमा में रहने वाले तथा प्रवेश करने वाले व्यक्तियों पर आदेश पारित होने के दिनांक से 27.09.2022 तक प्रभावी रहेगा। उक्त आदेश तुरन्त प्रभावी किया जाना आवश्यक है तथा सभी पक्षों का सुना जाना सम्भव नहीं है। अतएव उक्त आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किये जाते हैं। अपरिहार्य परिस्थितियों में उपरोक्त अथवा उपरोक्त में से किसी एक प्रतिबन्ध से जनपद में तैनात किसी भी कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा शिथिलता प्रदान की जा सकती है। उक्त आदेश या आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भा०द०वि० की धारा–188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर शहर में निकाली गयी विशाल तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। मंगलवार को आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर के स्टेशन रोड़ स्थित टाउन हाल के मैदान से विशाल तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गयी। यह तिरंगा यात्रा शहीद भगत सिंह चौराहा, जिला अस्पताल गेट, दलगंजन सिंह तिराहा, अम्बेडकर चौराहा, कालपी बस स्टैंड होते हुए वापसी टाउन हाल मैदान पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से सदर भाजपा विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह बना, नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, रामू गुप्ता, पुष्पेन्द्र सेंगर जिला पंचायत सदस्य सहित सैकडों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।



## जमीन का फर्जी बैनामा करा लेने की शिकायत पीड़ित बेवा महिला ने न्यायालय में की

जालौन। उपनिबंधक कार्यालय में साठगांठ कर महिला की जमीन का फर्जी बैनामा करा लेने की शिकायत पीड़ित बेवा महिला ने न्यायालय में की है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी सियारानी बेवा रामस्वरूप ने न्यायालय में आरोप लगाया था कि उनकी मौजा खर्रा में गाटा संख्या 494 व गाटा संख्या 679 में कृषि भूमि थी। उक्त भूमि पर उसका कब्जा व दखल था। उनकी जमीन पर गांव के ही शिवनारायण की नीयत खराब थी। वह उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते थे। जब वह कब्जा नहीं कर सके तो उन्होंने षड्यंत्र के तहत सब रजिस्ट्रार कार्यालय में मिलीभगत कर ली। उन्होंने 25 नवंबर 2021 को अपने साथी उमाशंकर व रूपसिंह निवासीगण ग्राम खर्रा, जुगल किशोर निवासी धसमऊ थाना सिकंदरा कानपुर देहात, बक्सानवीस नवल किशोर, टंकणकर्ता जगपाल सिंह व सब रजिस्ट्रार अभिनव कुशवाहा से सांठगांठ कर उनकी जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। जब उसे इसकी जानकारी हुई तो उसने कोतवाली में तहरीर दी। लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता को सुनने के बाद न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## मजदूरी मांगने पर ठेकेदार ने महिला मजदूर के साथ अभद्रता

जालौन। मटर की तुड़वाने व फसल कटवाने की 1 लाख 13 हजार रुपए मजदूरी ठेकेदार नहीं दे रहा है। मजदूरी मांगने पर ठेकेदार ने महिला मजदूर के अभद्रता कर दी। पीड़ित महिला के बार बार शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। परेशान महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र उरई के बघौरा निवासी महिला गुड्डी देवी पत्नी प्रेम नारायण ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कोतवाली जालौन के ग्राम धनौरा कलां निवासी बबलू, लल्लू व दिनेश आदि ने उनसे मटर की फसल से फली को तुड़वाने व कटवाने का काम कराया था। उक्त काम के लिए वह अन्य महिलाओं को भी अपने साथ ले गई थी। जिनकी मजदूरी भी देना है। उनके द्वारा किए गए काम की 1 लाख 13 हजार रुपये मजदूरी बनी। जब उन्होंने अपनी मजदूरी मांगी तो पहले तो वह उसे टहलाते रहे। बाद में बीती 1 मार्च को तीनों लोग अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर आ गए। उन्होंने गाली गलौज कर अभद्रता शुरू कर दी। जब विरोध किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। महिला का आरोप कि इसकी शिकायत करने के बाद भी कोतवाली पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## जालौन में कांग्रेस पार्टी की बैठक

जालौन। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा पदयात्रा निकाली जाए और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। यह बात कांग्रेस पार्टी की बैठक में जिलाध्यक्ष दीपांशु समाधिया ने कही। कांग्रेस पार्टी की बैठक स्थानीय गेस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष दीपांशु समाधिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष 15 अगस्त को देश को आजादी मिले हुए 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। आजादी के इस जश्न को कांग्रेस पार्टी भव्य तरीके से मनाएगी। कहा कि कांग्रेसी कार्यक्रता स्वतंत्रता दिवस तक प्रत्येक दिन पद यात्रा निकालें। तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया जा सकता है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने पार्टी के इस महत्वपूर्ण कार्य में भागीदार बनें और देश की जनता के लिए भी मार्गदर्शक बनें। जिला पंचायत सदस्य उर्मिला सोनकर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है। हमारा देश सबसे ऊपर है। इसलिए देशहित में एकजुट हो जाएं और अपने देशप्रेम को जाहिर करें। बैठक में नगर अध्यक्ष अनिल यादव, सेवादल नगर अध्यक्ष गोल्डी अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु चतुर्वेदी, लक्ष्मीकांत, वसीउर्रहमान, अनिल सेंगर, राजा भइया दोहरे, बंटू गुर्जर, खुर्शी, वसीम, कुलदीप, समीर आदि मौजूद रहे।

## फार्मासिस्ट का ट्रांसफर होने पर उन्हें साथी स्टाफ द्वारा फूल मालाएं पहनाकर विदाई

जालौन। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में फार्मासिस्ट का ट्रांसफर होने पर उन्हें साथी स्टॉफ द्वारा फूल मालाएं पहनाकर उन्हें विदाई दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में जसराज सिंह फार्मासिस्ट के पद पर तैनात थे। हाल ही में उनका स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थानांतरण पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में विदाई कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल परिसर में ही किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि स्थानांतरण तो एक सतत प्रक्रिया है। लोग आपके कार्यों को याद रखते हैं। और अपने कार्य को जसराज सिंह ने बखूबी अंजाम दिया। अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उन्होंने कभी लापरवाही नहीं दिखाई। जिसके लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। वहीं, फार्मासिस्ट ने कार्यकाल के दौरान सभी साथियों को सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर लैब टैक्नीशियन अवनीश कुमार, शिवम, रोहित पांडेय, लियाकत खां, फार्मासिस्ट विजयलक्ष्मी, अन्नापूर्ण गौतम, रामबाबू, सुरेशचंद्र, जितेंद्र, अंजली समेत समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।



## मुहर्रम के पर्व पर नगर के समस्त 23 ताजियाधारकों ने एक से बढ़कर एक ताजिया बनाकर निकाले



जालौन। मुहर्रम के पर्व पर नगर के समस्त 23 ताजियाधारकों ने एक से बढ़कर एक ताजिया बनाकर निकाले। इस दौरान अकीदतमंद या हसन, या हुसैन के गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। नम आंखों और गमगीन धार्मिक प्रवचनों और जगह जगह लंगरों के आयोजन के साथ देर शाम सभी ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। वहीं, प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के चलते कहीं से कोई अप्रिय समाचार नहीं मिला। मुहर्रम के पर्व पर ताजियाधारकों ने अलम तथा छड़ों के बाद इमाम हसन व हुसैन के रोजे के प्रतीक ताजियों को नौ मोहर्रम की रात नगर के विभिन्न मार्गों होकर निकाला गया। जो सब्जी मंडी में सुबह तक रहे। इसके बाद सुबह 4 बजे सभी ताजिए अपने अपने इमाम बाड़े चले गए। दस मोहर्रम को सबसे पहले तकिया मैदान से मंगू शाह, याकूब शाह, मजीद शाह, हफीज मुकेरी के ताजियों को सुबह 11 बजे उठाया गया। तकिया मैदान से नत्थू यादव चौराहे होकर सब्जी मंडी, प्रेस वाली गली होते हुए झंडा चौराहा पर सभी 23 ताजिया एकत्रित हुए। जहां से लगभग 4 बजे उक्त सभी ताजिए औरेया रोड स्थित कर्बला मैदान के लिए रवाना हो गए। जहां ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। इनके साथ हिंदू भाई मिश्री लाल का भी ताजिया चल रहा था। इस दौरान ढोल नगाड़ों पर बज रही मातमी धुनों पर लोगों ने या हसन, या हुसैन के नारे लगाए। ताजिया धारक शमसाद न्यारिया, अफरोज शाह, अनवार अहमद, उस्मान, मुन्ना, आसिफ खान, शाहरूख खान, फैज नागपुरी, शहबाज बाबा, बाबू भाई, आकिब मिस्त्री, पप्पू यार गद्दार, अनवार खान, अब्दुल कय्यूम, वारिस आदि अपने ताजियों के अलावा व्यवस्था को बनाए रखने में भी सहयोग कर रहे थे। ताजिए निकलने के दौरान कहीं कोई अराजकता न हो साथ ही ऐसी किसी घटना से बचने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान एसडीएम राजेश सिंह, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह के साथ ही आसपास थानों की पुलिस फोर्स लगातार गश्त करती नजर आई।

## इफको कंपनी द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ संपन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। मोतिगरपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत हमजा बाद गांव में इफको द्वारा नैनो यूरिया आधारित एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया व किसानों को 500 नीम के पौधे इफको द्वारा मुफ्त वितरित किए गए। गोष्ठी में श्री एस के वर्मा उप महाप्रबंधक विपणन इफको, लखनऊ एवं डॉ जी पी तिवारी मुख्य प्रबंधक इफको लखनऊ, द्वारा नैनो यूरिया पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एक बोतल (500मिली) नैनो यूरिया एक बोरी यूरिया के बराबर है।इसका फसलों पर छिड़काव के रूप में प्रयोग होता है इससे फसलों से अधिकतम उपज प्राप्त करने के साथ–साथ हमारी मिट्टी प्रदूषित होने से बचती है, जल प्रदूषण ,वायु प्रदूषण में भी हमें काफी मदद मिलती है। दानेदार यूरिया पर लगभग 1000 प्रति बैग एवं इंपोर्टेड यूरिया पर लगभग 2800 प्रति बैग का अनुदान भारत सरकार द्वारा दिया जाता है। यदि नैनो यूरिया का प्रयोग होता है तो सरकार द्वारा खर्च की जाने वाली अनुदान राशि की भी बचत होगी जो देश के काम आएगी। इसके अतिरिक्त जैविक खेती को बढ़ावा देने से संबंधित जैविक उर्वरक एवं सागरिका पर विस्तार से चर्चा किया गया इस अवसर पर श्री विनोद कुमार मौर्य उप क्षेत्र प्रबंधक इफको सुल्तानपुर, श्री अमित कुमार मिश्रा इफको बाजार प्रभारी जयसिंहपुर, द्वारा जानकारी दी गई, इस गोष्ठी में किसानों के बीच 500 नीम के पौधे को भी वितरित किया गया। गोष्ठी में श्री दिनेश सिंह ग्राम प्रधान मैधन ग्राम सभा ,श्री राज प्रताप सिंह ,श्री राजेश सिंह, मंगल सिंह ,श्री काली सहाय सिंह दीपक सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## दलित महिला द्वारा सरकारी हैंडपंप से पानी भरने से नाराज गांव की अन्य महिलाओं ने गाली-गलौज कर दलित महिला के साथ मारपीट की

जालौन। दलित महिला द्वारा सरकारी हैंडपंप से पानी भरने से नाराज गांव की अन्य महिलाओं ने गाली–गलौज कर दलित महिला के साथ मारपीट कर दी। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। इससे नाराज आरोपियों के पति ने महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता पुनः घटना की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की गुहार लगाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी दलित महिला कुसुम बेवा सुरेश ने पुलिस को बताया कि पति की मौत के बाद घर में अकेली ही रहती है। उसके घर के पास सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। वह उसी नल से पानी भरती है। नल से पानी भरने को उनकी पड़ोसन उन्हें मना करती है। लेकिन आसपास पेयजल के लिए अन्य कोई साधन न होने से उसे मजबूरन उसी नल से पानी भरना पड़ता है। बीती 21 जुलाई को जब वह नल से पानी भर रही थी। तभी गांव की सुलेखा व रामवती वहां आ गई। उसके पानी भरने से नाराज होकर उसे जाति सूचक गालियां देने लगी। मना करने पर मारपीट कर वहां से भगा दिया। इस घटना की शिकायत उसने पुलिस से की। लेकिन कोई कार्रवाई न होने से विपक्षियों के हौसले बुलंद हो गए और शिकायत से नाराज सुलेखा के पति रमाकांत व रामवती के पति भूरे सोमवार की शाम उनके घर आ धमके और गाली देकर कहने लगे कि अगर उसने पानी भरना बंद नहीं किया तो जान से मार देंगे। जब उसने बताया कि अन्य कोई साधन नहीं तो मजबूरी में उसे पानी भरना पड़ता है। इस बात से नाराज होकर उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट कर दी, जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पीस कमेटी की बैठक में दोनों पक्षों ने एक दूसरे को दी बधाई अमन चौन के साथ त्यौहार मनाने का लिया निर्णय

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन। सुल्तानपुर जिले में लगातार प्रशासन द्वारा सायंकाल शाहगंज पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक प्रशासन के द्वारा आहूत की गई। जिसमें समस्त सामाजिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया। शासन की तरफ से एसडीएम सदर, सीओ सिटी ,नगर कोतवाल, चौकी इंचार्ज उपस्थित रहे। यह पीस कमेटी की बैठक कल मोहर्रम के अवसर पर दसवीं का जुलूस तथा बड़ा मंगलवार पड़ने के कारण व्यवस्था को अंतिम रूप देने के लिए प्रशासन के द्वारा की गई। जिसमें समस्त उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार रखें। दोनों समुदायों के वरिष्ठ लोगों के द्वारा एक सामूहिक निष्कर्ष निकाला गया जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जब जुलूस चौक की तरफ बढ़ेगा बीच में हनुमान मंदिर पड़ता है हनुमान मंदिर के पास जब जुलूस पहुंचेगा तो हनुमान मंदिर के वाद्य यंत्र बंद कर दिए जाएंगे।

शांति के साथ वहां से मुस्लिम भाइयों का दसवीं का जुलूस प्रस्थान करेगा जिसमें समस्त हिंदू भाई सहयोग करेंगे। उसके बाद 8:00 बजे से हनुमान जी की भव्य आरती का कार्यक्रम संपन्न होगा। ऐसा निर्णय लिया गया किसी के त्यौहार में कोई व्यवधान नहीं आएगा ,ऐसा सभी ने एक दूसरे को आश्वस्त किया प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह, सहसचिव आशीष तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अलीमुद्दीन बच्चन्नू, जिला मीडिया प्रभारी विनय सेन, जिला सह मीडिया प्रभारी गंगा शरण पांडेय, लक्ष्मणपुर चौकी सचिव डॉ संतोष पाठक, चौक चौकी सचिव गोपाल जी सोनी, नगर कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रहरी, पवन ,महंत पंचमुखी हनुमान मंदिर पोस्ट ऑफिस चौराहा ,घंटाघर सभासद , जलील अहमद,पप्पू रिजवान, ताजिया के संरक्षक जफर ,गुलामनबी पप्पू ,पांचोपीरन जुबेर, दोनों मस्जिदों के मौलाना उस्मान – मौलाना कसीम आदि उपस्थित रहे।



## लंगर का आयोजन किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। मुस्लिममाह मोहर्रम में इमाम हुसैन की शहादत को याद कर माह भर मुस्लिम समाज के लोग तरह तरह के आयोजन करते हैं। जिसमें अबतक कई जगह मिलाद, कुरानखानी, तकरीर अलावा लंगर, खिचड़ा का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मंगलबार 9 अगस्त को रामकुंड करसान रोड 60 फुटा पर समाजसेवियों द्वारा इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जोहर की नमाज के बाद शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। बताते चलें मोहर्रम इस्लाम धर्म में साल का पहला महीना होता है जो शहादत का महीना माना जाता है जिसको लेकर मुस्लिम समाज में 10 दिन तक इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उवेश सिद्दीकी मैकेनिक नगर, मोमिन मंसूरी, इकबाल, बसीद खान, बसीम बुंदेला, जाबिद मंसूरी, सलमान सिद्दीकी, सद्दाम, अरशद, आदि लोग वा पियानिरंजनपुर के जानिब से लंगर का एहतमाम किया गया। इसको लेकर उवेश सिद्दीकी ने जानकारी दी हर साल यह पर लंगर का इंतजाम किया जाता है। इमाम हुसैन की शहादत को याद करके यह कार्यक्रम किए जाते हैं।

## लोगों ने बड़ी शिद्दत से मनाया अमृत महोत्सव



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट अशोक वर्मा। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ब्लाक प्रमुख के नेतृत्व में पैदल तिरंगा यात्रा निकाला। तिरंगा यात्रा में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य के अलावा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

आजादी का 75वा वर्ष के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज ही के दिन 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा बुलंद किया था। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी के अमर शहीदों को याद किया। विकासखंड प्रतापपुर कमैंचा मुख्यालय से ब्लाक प्रमुख सुषमा अरुण जयसवाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में पैदल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आलोक आर्य उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख श्रीमती जयसवाल ने कहा कि यह अमृत का हाल है हम लोगों का सौभाग्य है। आजादी के 75 में वर्ष में यह उत्सव मनाने का शुभ अवसर हम सबको प्राप्त हुआ है। एक भारत श्रेठ भारत की कल्पना को साकार करने के लिए हम सब कृत संकल्प है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आलोक आर्य ने सभी भारत वासियों से आवाहन करते हुए कहा कि यह आजादी का अमृत महोत्सव सबके लिए गौरव काल है। जात पात पंथ मजहब से ऊपर उठकर तिरंगे की शान के लिए हम सब को आगे आना ही चाहिए। इस मौके पर पंडित रामलवट द्विवेदी, संतोष पांडेय, नीरज शर्मा, अरुण जयसवाल, अखिलेश सिंह, प्रदीप रावत, मनोज गोस्वामी, मुकेश तिवारी, मयंक दुबे, राणा सिंह, प्रताप नारायण ओझा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सपा का विशाल सदस्यता अभियान 10 को पाठकपुरा में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे तिलकचंद अहिरवार एवं विशिष्ट अतिथि रहेंगे वीरपाल दादी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। समाजवादी पार्टी का सदस्यता समारोह एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी वितरण कार्यक्रम 10 अगस्त दिन बुधवार को शहर के बार्ड नम्बर–10 मां कामेश्वरी मंदिर के पास नया पाठकपुरा में आयोजित होगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजककर्ता एवं युवा समाजसेवी प्रिंस कुशवाहा ने बताया कि समाजवादी पार्टी सदस्यता समारोह एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी वितरण का कार्यक्रम 10 अगस्त बुधवार को सुबह 10 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी तिलकचंद अहिरवार मौजूद रहेंगे जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी वीरपाल सिंह यादव दादी मौजूद रहेंगे।उन्होंने समस्त बार्ड के रहने वाले एवं समाजवादी पार्टी के लोगों का आवाहन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर सदस्यता समारोह एवं राखी वितरण कार्यक्रम को सफल बनायें।

## बड़का मंगल पर बिजेथुआ महावीरन धाम पर हनुमान मंदिरों पर उमड़े श्रद्धालु



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट अरविंद पांडे सुल्तानपुर। जिले के कादीपुर तहसील में स्थित बिजेथुआ महावीरन भगवान हनुमान को समर्पित एक प्रसिद्ध पौराणिक मंदिर है।माना जाता है कि यह वही स्थान है जहां पर पवनसुत भगवान हनुमान लंकाधिपति रावण के मामाष्कालनेमिष नामक दानव का वध किया था। कहां जाता है की बड़े मंगलवार पर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिर पर मंगलवार को दिनभर दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। मंत्रियों के सामने सुबह से लंबी कतारें देखी गई दिन भर भक्तों ने रोड, लड्डू आदि प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगी। महिलाओं ने धाम पर कड़ाही देकर हनुमान जी को हनुमान जी को हनुमान जी को हलवा व रोट चढ़ाया। जिले के ऐतिहासिक बिजेथुआ महावीरन धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने पवनसुत के पूजा अर्चना कर मनोकामना पूरी हो होने की प्रार्थना की।

अवध के क्षेत्र में नाग पंचमी के बाद पढ़ने वाला पढ़ने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल के रूप में मनाया जाने की मान्यता है। इस दिन संकट मोचन हनुमान जी अपने भक्तों के संकट हरते हैं। पवनसुत बजरंगबली को लड्डू और रोट आदि प्रसाद चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना की जाती है। शहर की कादीपुर सूरापुर क्षेत्र इलाके के पौराणिक स्थल बिजेथुआ धाम पर बजरंगबली के दर्शन करने विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।दर्शन पूजा कर मकरी कुंड का जल छिड़का। इस मौके पर सूरापुर की ओर जाने वाली बड़े वाहनों को रोक दिया गया था। भीड़ के मद्देनजर बड़े पैमाने पर पुलिस व्यवस्था की गई थी हजारों की संख्या में छोटे छोटे दुकानदारों ने भी अपनी दुकान सजा रखी। और मौसम ने भी साथ दिया। कभी बादली और धूप आती–जाती रही। और मौके पर मंदिर पुजारी सुनील मिश्रा (वीरू), रिंकू मिश्रा उमेश मिश्रा, और साथ में चौकी इंचार्ज सूरापुर गौरव अवस्थी भी मौजूद रहे।

## बिहार में फिर महागठबंधन की सरकार महागठबंधन के नेता चुने गए नीतीश कुमार

दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह। बिहार में भाजपा और जदयू गठबंधन टूट गया है सीएम नीतीश कुमार राजपाल फागू चौहान को अपना इस्तीफा सौंप दिए इस्तीफा इस्तीफा देने के बाद सीएम नीतीश राबड़ी देवी के आवास पहुंचे और वही आप सभी को इस जानकारी से रूबरू करा दूं कि सीएम नीतीश को महा गठबंधन का नेता चुना गया है पहले ज जीव की हुई आज बैठक पार्टी के सभी विधायकों और सांसदों ने सीएम नीतीश कुमार के फैसले का समर्थन किया और कहा कि वे उनके साथ है। जदयू सूत्रों के मुताबिक सरकार का दावा करने से पहले सीएम नीतीश कुमार को महागठबंधन के नेता चुन लिया गया इस महागठबंधन में राजद और जदयू के अलावा कांग्रेस भी



महा गठबंधन के नेताओं के साथ हुई बैठक इसका फैसला हुआ है इस महागठबंधन में जदयू के अलावा राजद और कांग्रेस भी शामिल वहीं इससे शामिल वही आप सभी को इस जानकारी से भी अवगत करा दूं कि जीतन राम मांझी ने भी बिना शर्तों के अपना समर्थन दे दिया है।

## बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में सुपौल जिला माह जुलाई 2022 राज्य में प्रथम स्थान

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन में रैंकिंग निर्धारित। माह जुलाई 2022 में राज्य स्तर पर अव्वल रहा सुपौल जिला।

श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल के कुशल नेतृत्व में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में सुपौल जिला माह जुलाई 2022 राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला जन–संपर्क पदाधिकारी, सुपौल ने बताया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में उपलब्धियों के आधार पर जिलों की रैंकिंग निर्धारित मापदंडों एवं कार्य निष्पादन के आंकड़ों के आधार पर किया गया है, जिसमें सुपौल जिला के 81.45 अंक प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि जमुई एवं शिवहर जिला क्रमशरू द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

उन्होंने बताया कि सुपौल जिला में नियमित समय–सीमा के अंदर 68.29 प्रतिशत निष्पादित परिवादों को लेकर 6.83 अंक प्राप्त हुए। वही समिक्षित माह में निर्धारित समय में 98.53 प्रतिशत मामलों का निवारण करने को लेकर 29.56 अंक प्राप्त हुए, जबकि लोक प्राधिकार की उपस्थिति मामले में सुपौल ने 9.56 अंक प्राप्त किया। बताया कि जिले में नियत समय में निष्पादित प्रथम अपील में 7.01 अंक प्राप्त हुए, वहीं द्वितीय अपील के नियत समय में निष्पादित को लेकर सुपौल ने 8.33 अंक प्राप्त किया। वहीं उक्त माह में शस्ति अधीरोपन व अनुशासनिक कार्यवाही में 10 तथा जिला स्तर पर बैठक की कार्यवाही




अपलोड करने में 05 अंक प्राप्त हुए जिसे लेकर सुपौल जिला को राज्य स्तर पर अव्वल स्थान प्राप्त हुआ है।

## बरसात के मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसे रोगों के बढ़ने की आशंका इनसे बचने के लिए सावधानी जरूरी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। बरसात के मौसम में वेक्टर जनित रोगों जैसे– डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया, कालाजार आदि का प्रकोप बढ़ने लगता है। इससे बचाव के लिए सावधानी आवश्यक है। उपरोक्त बातें पूर्वी चम्पारण के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने बताई।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि वेक्टर जनित रोगों से बचाव को अपने घरों के आसपास कीटनाशक के छिड़काव के साथ ही सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बारिश का मौसम मच्छड़ के प्रजनन में वृद्धि का मौसम होता है। इसलिए इस मौसम मे मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। ऐसे में मच्छरों के काटने से खुद को बचाना जरूरी होता है अन्यथा मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसे रोग के होने की संभावना हो जाती है।

भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। ये मच्छर साफ पानी में पनपते हैं तथा दिन में ही काटते हैं। इससे बचाव के लिए घर के आस–पास टूटे–फूटे बर्तन, टायर या ड्रम इत्यादि नहीं रखना चाहिए, जिसमें बारिश का पानी जमा हो जाए। कूलर या रेफ्रिजरेटर का पानी प्रतिदिन बदलना चाहिए। फूलों के गमलों में भी पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। घर के आस–पास सफाई रखनी चाहिए। डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि सदर अस्पताल सहित कई स्वास्थ्य केंद्रों पर वेक्टर जनित रोगों के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। बुखार होने या किसी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेनी चाहिए।



## श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल के द्वारा स्वास्थ्य विभागीय समीक्षा बैठक की गई

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल)। बैठक के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं की समीक्षा की गई– जिले के छः प्रखंडों को स–1 सुविधा प्रारंभ करने हेतु जिलाधिकारी के द्वारा आवश्यक दिशा निदेश दीये गये– सदर प्रखंड का हरदी किशनपुर प्रखंड का खखई , राघोपुर का करजाइन , छातापुर प्रखंड का बलवा बाजार ग्वालपाड़ा एवं रतनसार , सरायगढ़ प्रखंड का राजकीय औषधालय,लालगंज एवं त्रिवेणीगंज प्रखंड के बाजितपुर में प्रसव की सुविधा प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया ।

इन सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक को निर्देश दिया गया की हर हाल में इस माह के 15 तारीख तक प्रसव की सुविधा प्रारंभ करना सुनिश्चित करेंगे। उस क्षेत्र के आशा एवं आशा फैसिलिटेटर को अपने पोषक क्षेत्र के सभी गर्भवती महिलाओं को प्रेरित करने हेतु प्रखंड समुदाय उत्प्रेरक को समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियानो प्रत्येक माह के नौवी तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के दिन अवकाश रहने के कारण इस माह 10 तारीख को होने की जानकारी दी गई जिला अधिकारी के द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिए गए–

सभी प्रखंड अपने अपने क्षेत्र में होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के पूर्व ही सभी तैयारी कर लेंगे सभी गर्भवती महिलाओं के बैठने उर्जा एवं सभी जांच एक ही जगह करने का निर्देश दिया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ आने वाले उनके परिजनों के बचने की व्यवस्था अलग करने का निर्देश दिया गया। सभी HRP वाले गर्भवती महिलाओं का समय–समय पर उनका सभी जांच उनके घर पर ही जाकर



करने का निर्देश दिया गया पोर्टल के माध्यम से एचआरपी वाले गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पूर्व आशा एवं आशा फैसिलिटेटर के माध्यम से समन्वय स्थापित कर सुरक्षित प्रसव हेतु स्वास्थ्य संस्थान में लाने के लिए उन्हें प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए डॉ मिहिर कुमार वर्मा , सिविल सर्जन, सुपौल ,डॉक्टर सीके प्रसाद , डीआईओ, सुपौल, डॉक्टर मेजर शशि भूषण प्रसाद , जिला संचारी रोग पदाधिकारी, सुपौल डॉक्टर मोहम्मद मिन्नतुल्लाह , जिला कार्यक्रम प्रबंधक , जिला स्वास्थ समिति, स सुपौल , श्री शिव कुमार , जिला लेखा प्रबंधक , जिला स्वास्थ्य समिति , सुपौल , श्री शशि भूषण प्रसाद , जिला अनुमंडल एंड मुल्या पदाधिकारी , जिला स्वास्थ समिति, सुपौल , श्री बालकृष्ण चौधरी , जिला योजना समन्वयक , जिला स्वास्थ समिति, सुपौल , डॉक्टर मन्नू डीटीएल केयर इंडिया ,सुपौल , श्री मुनेश्वर झा डी ई ओ , जिला स्वास्थ समिति ,सुपौल । सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बीएचएम, बीसीएम , बीएमएंडई, एवम सभी डेवलपमेंट पार्टनर।

## शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में जिले में मनाया जा रहा मुहर्रम पर्व



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सम्पूर्ण जिले में शांति,सांप्रदायिक सद्भाव एवम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाया जा रहा है। मुहर्रम पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानो पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद है। किसी भी परिस्थिति से निपटने हेतु तेज–तर्रार अधिकारियों से युक्त क्विक रिस्पांस टीम पूरी तरह से तैयार है। जिलाधिकारी ,श्री श्रीकांत शास्त्री एवम पुलिस अधीक्षक ,डॉ इनामुल हक मेंगनू स्वयं पल–पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से विधि–व्यवस्था का अनुश्रवण कर रहे है। सुबह से ही वरीय अधिकारी समेत एसडीएम, एसडीपीओ किशन गंज शहर सहित जिले के महत्वपूर्ण एवम संवेदनशील स्थानो का ले रहे है जायजा। विधि–व्यवस्था को लेकर विभिन स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवम पुलिस पदाधिकारियो से जिला नियंत्रण कक्ष फीडबैक ले रहा है। एसडीएम,एसडीपीओ लगातार भ्रमण कर रहे हैं।सभी प्रखंड में बीडीओ , सीओ, एसएचओ क्षेत्र भ्रमण कर प्रत्येक जुलूस का अनुश्रवण कर रहे हैं।प्रखंड क्षेत्रांतर्गत महत्वपूर्ण चौक चौराहा, स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। जिला नियंत्रण कक्ष से पल–पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवम पुलिस बल मौजूद है। किसी भी प्रकार की सूचना या जानकारी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06456–225152 पर संपर्क कर सकते है।

## जिले भर मे शान्ति और सौहार्दपूर्ण मनाया जा रहा है मुहर्रम का पर्व

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। शिवहर जिले में आज मुहर्रम पर्व मनाया जा रहा है। मुहर्रम गम और मातम का महीना है जिसे इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग मनाते हैं। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय की दिशा निर्देश पर जिले के विभिन्न जगहों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है । अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी, एसडीपीओ संजय कुमार पांडे को विधि व्यवस्था संधारित करने में लगे हुए हैं। इस बाबत जदयू जिला उपाध्यक्ष नेयाज अहमद उर्फ मोती बाबू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद, राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद खां, राजद नगर अध्यक्ष मोहम्मद अशरफ अली ने बताया है कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक मुहर्रम इस्लाम धर्म का पहला महीना होता है। मुहर्रम इस्लाम के नए साल या हिजरी सन का शुरुआती महीना है। इस्लाम धर्म के लोग के लिए यह महीना बहुत अहम होता है, क्योंकि इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन इस्लाम की शहादत हुई थी। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद साहब के छोटे नवासे थे ,उनकी शहादत की याद में मोहर्रम के महीने के दसवें दिन को लोग मातम के तौर पर मनाते हैं जिसे आशूरा भी कहा जाता है। उन्होंने बताया है कि इस्लाम धर्म की मान्यता के अनुसार हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के दसवें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे, उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर इस दिन को याद किया जाता है। कहा जाता है कि इराक में यजीद नाम का जालिम बादशाह था। जो इंसानियत का दुश्मन था।



यजीद को अल्लाह पर विश्वास नहीं था। यजीद चाहता था कि हजरत इमाम हुसैन भी उनके खेमे में शामिल हो जाए, हालांकि इमाम साहब को यह मंजूर न था। उन्होंने बादशाह यजीद के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया। इस जंग में वह अपने बेटे, घरवाले और अन्य साथियों के साथ शहीद हो गए। इंसानियत को बचाने के लिए यजीद के खिलाफ इमाम हुसैन की कर्बला की जंग लड़ी और शहीद हो गए। इस अवसर पर शिवहर जिले की सभी मुस्लिम समुदाय के लोग विशेषकर शिया समुदाय के लोग ताजिया निकालकर गम और मातम का पर्व मुहर्रम मना रहे हैं। शिवहर हुसैनी अखाड़ा के द्वारा प्रशांत बाबू के दरबार में ताजिया का जुलूस निकालकर करतब दिखाए गए हैं।

## टीबी में पूर्ण उपचार के साथ मरीजों की निगरानी भी आवश्यक : डॉ टीएन प्रसाद



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया। टीबी पूर्णतः ठीक होने वाली बीमारी है। इसके उपचार की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी इसके दवाओं का नियमित सेवन है। जिसे निगरानी या सतत मॉनिटरिंग से ही संभव किया जा सकता है। यह बातें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ टीएन प्रसाद ने मंगलवार को कही। उन्होंने बताया कि जिले में जितने भी टीबी मरीज इलाजरत हैं, उनके पूर्ण उपचार के साथ निगरानी के लिए मरीजों का फॉलोअप आवश्यक है। यह टीबी के मरीजों के परिणाम में सुधार के लिए भी आवश्यक है। फॉलो अप के दौरान हमें टीबी रोगी के घर में रह रहे अन्य लोगों के लक्षणों पर भी ध्यान देना होता है। अगर कोई संदिग्ध दिखता है तो उसके सैंपल लेकर भी हम ट्रू नेट मशीन या माइक्रोस्कोपिक जांच करते हैं।

डॉ प्रसाद ने कहा कि टीबी के उन्मूलन के लिए टीबी नोटिफिकेशन को बढ़ाना जरूरी है। जिले में जिला यक्ष्मा विभाग के अलावा केएचपीटी संस्था भी टीबी नोटिफिकेशन को बढ़ाने में सहयोग कर रही है। वह कम्युनिटी, जनप्रतिनिधियों, जीविका और टीबी चौंपियन के द्वारा भी टीबी नोटिफिकेशन को बढ़ाते हैं।

सीडीओ डॉ प्रसाद ने कहा कि जिले में इस वर्ष जुलाई तक पब्लिक और प्राइवेट नोटिफिकेशन को मिलाकर कुल 3387 टीबी मरीजों को नोटिफाई किया गया है, जिसमें केवल जुलाई माह में कुल 500 टीबी मरीजों को नोटिफाई किया गया है। सीडीओ डॉ टीएन प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार टीबी के मरीजों को उनके पोषण के लिए प्रतिमाह पांच सौ की राशि निक्षय पोषण योजना के तहत देती है। जिसे अब सिंगल विंडो सिस्टम के तहत दिया जा रहा है। –बिना मेहनत किए हुए थकान होना–खांसी के साथ बलगम में खून आना–बुखार,–रात में पसीना आना,–साँस लेने के दौरान छाती में दर्द होना,–सांस फूलना,–भूख न लगना एवं भोजन के प्रति अरूचि लगातार वजन घटना।

## संक्षिप्त समाचार

### विचारणीय बातें

(धीरेन्द्र कुमार , प्रखंड संवाददाता पिपरा, सुपौल बिहार)

चूहा अगर पत्थर का हो तो सब उसे पूजते हैं जिंदा हो तो मारे बिना चौन नहीं लेतें हैं ।

साँप अगर पत्थर का हो तो सब उसे पूजते हैं,
मगर जिंदा हो तो उसी व्यक्त मार देते हैं।
' माँ बाप अगर तस्वीरों मे हो तो सब पूजते हैं
मगर जिंदा हो तो कीमत नहीं समझते ।
बस यही समझ नहीं आता कि
जिन्दगी में इतनी नफरत क्यों और
पत्थरों से इतनी मोहब्बत क्यों।
' जिस तरह लोग मुर्दे इंसान को कंधे देना पुण्य समझते,
काश इस तरह जिंदा इंसान को सहारा देना पुण्य समझे तो जिन्दगी जीना आसान हो जाएगी। आप सब एक बार जरूर सोचिये।

### उर्दू प्राथमिक विद्यालय हाजी टोला में रजिस्टर पर ही उपस्थित रहते हैं बच्चे क्लासरूम रहती है विरान शिक्षिका ने दी जानकारी

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)। सुपौल जिला के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत धरहरा पंचायत के हाजीटोला गांव स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय में एक भी बच्चे नहीं रहते हैं। उपस्थित रजिस्टर पर मिलते हैं सभी उपस्थित वही शिक्षिका सालेहा फातमी ने बताया कि



हमारे विद्यालय में अभी 147 बच्चे उपस्थित हैं। जबकि विद्यालय के सभी क्लास विरान थे। वही शिक्षिका सालेहा फातमी से जब पूछा गया कि आज आपके विद्यालय में कितने उपस्थिति बनाई गई है, तो उन्होंने कहा कुल 147 बच्चे की उपस्थिति बनाई गई है। लेकिन क्लास रूम में एक भी बच्चे मौजूद नहीं थे। जब हमारे संवाददाता मोबाइल के माध्यम से हेड मास्टर से नामांकन के विषय में जानकारी ली तो पता चला मात्र 165 बच्चे का ही विद्यालय में नामांकित है जिसमें करीब 70 से 80 बच्चे रोज विद्यालय आते हैं, इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि सालेहा फातमी यहां के बच्चों को क्या शिक्षा दे रही है।

### दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में मारपीट

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स पंडारक थाना क्षेत्र के मंझला बिगहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के लोग महिला और पुरुष ने एक दूसरे पक्ष के ऊपर




ईट पत्थर जमकर चलाया जिस कारण तीन व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को गांव वालों की सहायता से नजदीकी चिकित्सक परामर्श के लिए भेजा गया और पुलिस को सूचना मिलते ही पंडारक थाना अपने गश्ती दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर गांव वालों से पूछताछ कर छानबीन शुरू कर दी। ताकि मारपीट का सही पर्दाफाश हो सके कि किस वजह से दोनों पक्षों के बीच यह नौबत आए। जिस कारण गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### धरहारा पंचायत के मदरसा जियाउल उलूम में 1 बंजे के बाद नहीं होती है पढाई, नहीं दे रहे हैं पदाधिकारी ध्यान ग्रामीणों ने जताया नाराजगी

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)। सुपौल जिला के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत धरहरा पंचायत के वार्ड नंबर एक मैं स्थित मदरसा जियाउल उलूम में 01 बंजे के बाद सभी शिक्षक मदरसे में ताले लगाकर चले जाते हैं। ऐसी स्थिति देखकर ग्रामीण मुफीदा खातून ने बताया कि यहां हमेशा से ही शिक्षकों के द्वारा 01 से 02 बंजते बजते ही सभी शिक्षक



मदरसे को बंद कर अपने–अपने घर चले जाते हैं। वही बच्चे को भी मदरसे से बाहर कर देते हैं कभी भी 1 बंजे के बाद यहां पढ़ाई नहीं होती है। वहीं उन्होंने कहा इसकी शिकायत कई बार वरीय पदाधिकारी को भी ग्रामीणों ने दी लेकिन अब तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके वजह से यहां के बच्चों के भविष्य शिक्षकों के द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है।

### हसनपुर में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगो ने मोहर्रम मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल। समस्तीपुर जिले हसनपुर थाना क्षेत्र में भी मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगो ने मोहर्रम मनाया। मुहर्रम को लेकर जुलूस व ताजिया निकाली गई, वही हसनपुर बाजार में ताजिया देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिला। आपको बता दें की मोहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है. ये महीना शिया और सुन्नी मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग हर साल कर्बला में शहीद हुए इमाम हसन हुसैन की याद में ताजिया जुलूस गाजे–बाजे के साथ हर साल मोहर्रम मानते है। वहीं मंगलवार को हसनपुर में थाना अध्यक्ष निशा भारती के निर्देशानुसार मोहर्रम पर कड़ी नजर रखते हुए शांतिपूर्ण जुलूस व ताजिया निकाली गई। ताजिया के



दौरान पुलिस बल भी तैनात रही. इस्लाम धर्म की मान्यताओं के अनुसार, करीब 1400 साल पहले अशुरा के दिन इमाम हुसैन का कर्बला की लड़ाई में सिर कलम कर दिया था और उनकी याद में इस दिन जुलूस और ताजिया निकालने की रिवायत कई वर्षों से चली आ रही है. आशूरा के दिन इस्लाम धर्म में शिया समुदाय के लोग ताजिया निकालते हैं और मातम मनाते हैं. इराक में हजरत इमाम हुसैन का मकबरा है, उसी मकबरे की तरह का ताजिया बनाया जाता है और जुलूस निकाला जाता है।

# मोहर्रम पर इमामबाड़ा से निकाला गया ताजिया जुलूस

(विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)! दलसिंहसराय अनुमंडल मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों में आज इस्लाम धर्म को मानने वाले लोगों ने मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकाला, दलसिंहसराय, उजियारपुर एवं विद्यापतिनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अलग–अलग मुहल्लों से यह जुलूस निकाला गया ! सुबह करीब 7:00 बजे से ही सड़कों पर ताजिया जुलूस देखे जाने लगे, यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा ! मुहर्रम पर दलसिंगसराय के सरदारगंज एवं लहेरिया बाजार इमामबाड़ा में फातिहा कराने के लिए विभिन्न मुहल्ले से दर्जनों अखाड़ा जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर ताजिया, निशान, सिपर और थर्मोकॉल की बनी कई तरह की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। वहीं युवा ढोल–तासे बाजे एवं मोहर्रमी धुन पर पारंपरिक हथियार के साथ करतब दिखाते नजर आए। चौक–चौराहे पर अखाड़ा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इधर विद्यापतिनगर प्रखंड में भी ताजिया जुलूस सौहार्द और प्रेम के साथ निकाला गया ! प्रखंड के



विभिन्न पंचायतों में दिनभर मोहर्रम को लेकर चहल–पहल बनी रही, प्रखंड मुख्यालय स्थित कलमी नगर एवं राजा चौक, फरसा चौक से जुलूस निकाला गया, फरसा चौक से निकाला गया जुलूस राजा चौक होते हुए बजरंगी चौक तक गया एवं बाजीतपुर बाजार होते हुए पुनः फरसा चौक अखाड़ा वापस लौट गया, जुलूस का नेतृत्व मोहम्मद इदरीश कर रहे थे ! इस जुलूस में स्थानीय जिला पार्षद पति नंदलाल कुशवाहा शामिल हुए !

वहीं मऊ बाजार में भी अलग–अलग मोहल्लों से ताजिया जुलूस निकाल कर मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया ! मऊ धनेशपुर उत्तर के काजी मोहल्ला एवं दक्षिण मोहल्ला तथा मऊ धनेशपुर दक्षिण के दर्जी मोहल्ला एवं शेरपुर पंचायत से निकाले गए जुलूस का मिलन मऊ बाजार के लहरिया चौक पर हुआ, जहां इस जुलूस में हिंदू मुस्लिम एकता दिखाई दे रही थी ! मुसलमानों के साथ–साथ हिंदुओं ने भी इस जुलूस में अपनी सहभागिता निभाई !
इस दौरान सेंट्रल मुहर्रम कमेटी और शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन का सहयोग करते दिखे। साथ ही अखाड़ा जुलूस में शामिल लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की। सुबह दस बजे से ही शहर के तमाम अखाड़ा जुलूस फातिहाखानी के लिए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर अपने इमामबाड़ा पहुंचते रहे। जबकि अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं की टोली पारंपरिक हथियारों से लैस होकर तलवारबाजी, लाठी, फरसा और सिपल से करतब दिखा रहे थे। वहीं जुलूस में लहराया जा रहा राष्ट्रीय ध्वज देशप्रेम को दर्शा रहा था। वही मोहर्रम को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख ्ता इंतजाम किए थे, जगह जगह पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे, विद्यापति नगर के अंचलाधिकारी भी दिन भर भ्रमण करते नजर आए ! समाचार प्रेषण तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है !

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में राज्यपाल फागू चौहान से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है

- अब वह नए सिरे से सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे

दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह। आप सभी इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि बिहार के सियासत में बड़ा बदलाव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में राज्यपाल फागू चौहान से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है. नीतीश कुमार ने दावा किया कि उनके पास 160 विधायकों का समर्थन है. इस्तीफे के बाद उन्होंने कहा कि सब लोगों की इच्छा थी कि बीजेपी से अलग हो जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि विधायकों और सांसदों की सहमति के बाद गठबंधन तोड़ने का फैसला लिया है। नीतीश कुमार ने मीडिया से कहा है कि उन्होंने एनडीए सरकार में मिले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्हें बीजेपी के साथ एक नहीं कई दिक्कतें थीं. उनके नेता बाद में सबकुछ विस्तार से बता देंगे. अब वह राबड़ी देवी के आवास पर तेजस्वी यादव के साथ नई सरकार बनाने को लेकर बैठक करेंगे। वहीं दिन में हुई महागठबंधन की बैठक में आरजेडी के विधायक, एमएलसी और राज्यसभा सांसदों ने तेजस्वी यादव को फैसला लेने के लिए अधिकृत किया है. इस दौरान सभी नेताओं ने कहा है कि वे तेजस्वी के साथ हैं. उधर, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के विधायकों ने भी तेजस्वी यादव को समर्थन देने का ऐलान किया है. सीएम ने इससे पहले अपने आवास पर जेडीयू विधायकों की बैठक में बीजेपी पर जमकर हमला बोला था. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा था कि बीजेपी ने हमें खत्म करने की साजिश रची. बीजेपी ने हमेशा अपमानित किया है।

RJD–कांग्रेस से डिप्टी सीएम बनाने पर चर्चा

बिहार में राजनीति हलचल के बाद चर्चा है कि राज्य में जेडीयू से नीतीश कुमार ही सीएम बनेंगे जबकि आरजेडी का डिप्टी सीएम होगा और उसी के पास गृह मंत्रालय होगा. इसके अलावा स्पीकर कांग्रेस का होगा. इसके साथ ही कांग्रेस का भी एक डिप्टी सीएम बनाने के फॉर्मूले पर चर्चा चल रही है।



नई सरकार में कांग्रेस खुद के लिए स्पीकर के साथ–साथ तीन से चार मंत्री पद मांग रही है।

# जिले में कोविड टीकाकरण का महाअभियान जारी- कोविड के संभावित खतरों को देखते हुए एक सप्ताह तक टीकाकरण का महाअभियान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जिले में 4 अगस्त से कोविड टीकाकरण का महाअभियान शुरू किया गया है। यह टीकाकरण महाअभियान 13 अगस्त तक चलेगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि जिले में नियमित रूप से कोविड टीकाकरण कार्य चल रहा है। कोविड के संभावित खतरों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार एक सप्ताह तक कोविड टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस टीकाकरण महाअभियान के दौरान विशेष रूप से उन लोगों को देखा जा रहा है जो टीके के डोज से छूटे हुए हैं। इनमें मुख्य रुप से पहला और दूसरा डोज के अलावा प्रीकॉशन डोज पर भी फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के साथ–साथ कोविड जांच भी नियमित रूप से चल रहा है। टीकाकरण महाअभियान के लिए जिले के अंदर 130 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं।
जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि महाअभियान के तहत बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में टीकाकरण सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। ड्यू लिस्ट के आधार पर अधिक से अधिक लाभुकों का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सत्र संचालन की जानकारी पूर्व में ही संबंधित आशा व एएनएम को उपलब्ध कराई गई है। प्रखंड व अंचल कार्यालय के आसपास विशेष रूप से सत्र संचालित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष से 14 वर्ष तक के छात्र–छात्राओं को कोरोना टीका देने के लिए स्कूलों में विशेष रूप से कैम्प लगाया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने



बताया कि महाअभियान की सफलता को लेकर संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं। सभी आशा व एएनएम को अपने पोषक क्षेत्र में टीका के निर्धारित डोज से वंचित लोगों को चिह्नित करते हुए विशेष अभियान के तहत उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत हर पंचायत स्तर पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में शतप्रतिशत टीकाकरण हो जाये, इसके लिए लगातार काम चल रहा है। उन्होंने अपील की कि जिन्होंने टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपना पहला डोज जरूर ले लें।
पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरी डोज लें और दूसरी डोज ले चुके लोग छह माह पर ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य ले लें।

# हर हर महादेव के नारे से गुंजा देकुली धाम

- अंतिम सोमवारी को 1 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अर्पण किया जल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी इस संदर्भ में बता दिया जाए कि इस वर्ष के सावन के महीने में लोगों श्रद्धालुओं ने ईश्वर से जुड़ने और भगवान शिव की भक्ति मगन हो गए और इस वर्ष का पूजा सबसे उत्तम रहा जैसा कि श्रद्धालुओं।ने बताया है। हर तरफ मंदिरों में लोगों की भीड़, भजन–कीर्तन की आवाज, मंत्रोच्चारण और बड़े–बड़े मेलों का आयोजन इस माह की महत्वता को और भी बढ़ा देता है। सावन के माह में महिलाएं उपवास रखती हैं और अपने परिवार के स्वस्थ रहने की कामना करती हैं। भक्तों की सबसे ज्यादा भीड़ सावन के महीने में ही लगती है। भारत में प्रसिद्ध भगवन शिव के भक्तों द्वारा किए जाने वाला कांवड़ यात्रा भी सावन के महीने में ही किया जाता है। वही आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए बाबा भुबनेश्वर नाथ स्थान देकुली धाम अंतिम सोमवारी को बाबा भुवनेश्वर नाथ धाम पर रिकॉर्ड तोड श्रद्धालुओं की जुटी भीड़ मंदिर प्रबंधन समिति के संदीप भारती एवं सुजीत भारती ने बताया कि दोपहर 12रू00 बजे तक लगभग 80,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन वही दोपहर 3रू00 बजे तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है वही वहाँ उपस्थित युवा सेवकावो द्वारा पूरे पूरे सावनी सोमवार बाबा भुनेश्वर नाथ आस्थान देखली धाम के स्वच्छता से लेकर के सभी श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर खड़े रहे वहीं जिले के जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था की जाएजा लेती रही और पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाया जिला प्रशासन की और से देकुली धाम पर एसडीएम व एसडीपीओ ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा
अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी एसडीपीओ संजय कुमार पांडे ने जिले के ऐतिहासिक एवं पौराणिक धार्मिक स्थल भुवनेश्वर नाथ धाम पर विधि व्यवस्था का जायजा लिया है। एसडीएम एवं एसडीपीओ ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों से भी भीड़ पर पैनी नजर रखने का



निर्देश दिया है। वही मंदिर प्रबंधन समिति के संदीप भारती एवं सुजीत भारती भी उपस्थित एव युवा एकता समूह से पूरे सावनी सोमवारी को एक ही तट पे श्रद्धालुओं के सेवा के लिए समर्पित रहे सामाजिक युवा कार्यकर्ता राकेश कुमार गुप्ता भावी सभापति उम्मीदवार नंदन गुप्ता रितेश कुमार सा अन्य युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे!

# एएसआई ने खुद को गोली मारकर दे दी जान, एएसआई की मौत खड़े कर गई कई सवाल, जांच में जुटी पुलिस



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) खगडिया। बिहार पुलिस खगडिया नगर थाना में पदस्थापित एएसआइ सुरेंद्र यादव ने रविवार दोपहर के बाद अपने कनपट्टी में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने सर्विस रिवाल्वर से नगर थाना परिसर के अपने सरकारी आवास में गोली मारकर इह लीला समाप्त कर ली। अब तक घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद से पुलिस अधिकारी भी सकते में हैं। मामले की गहन छानबीन की जा रही है। जानकारी अनुसार नगर थाना परिसर में अचानक गोली की आवाज सुनकर मौजूद पुलिस अधिकारी और कर्मी एएसआइ सुरेंद्र यादव के आवास की ओर दौड़ पड़े। खून से लथपथ एएसआइ को आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नगर थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक एएसआइ सुरेंद्र यादव सहरसा जिले के परमिनियां हाल्ट के बगल में अवस्थित दुधैला गांव के रहने वाले थे। दुधैला सहरसा के सोनवर्षा कचहरी ओपी क्षेत्र में आता है। वे 1989 बैच के सिपाही थे। पदोन्नति पाकर एएसआइ के पद तक पहुंचे थे। सूचना पर एसपी अमितेश कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे।
सूत्रों के अनुसार वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। तनाव में रह रहे थे। अब तनाव पारिवारिक था कि, विभागीय, इसको लेकर अभी कुछ भी कहना मुश्किल है। घटना के तत्कालीन कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। मृतक एएसआइ के स्वजनों को सूचना दी गई है। वे घर से चल चुके हैं। स्वजनों के आने पर बहुत कुछ स्पष्ट हो पाएगा। मृतक एएसआइ सुरेंद्र यादव शारीरिक रूप से कमजोर थे। उन्हें टायफायड भी हुआ था। वे छापेमारी में भी नहीं जाते थे। बावजूद सर्विस रिवाल्वर क्यों रखे थे, समझ से परे है। स्वजन आ रहे हैं। तब जाकर मामला स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस हर बिंदु पर नजर रख रही है।

# अंतिम सोमवारी युवा सदस्यगणों को एक ही रंग का गमछा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया

कृष्णा कॉन्सेप्ट क्लासेज के संचालक विकास पटेल एव शशि कुमार के अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया
दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर,सीतामढ़ी। जैसा कि आप सभी जानते हैं सावन के महीने में अधिक पाठ पूजा की जाती है। इस महीने में बहुत से ग्रंथ भी पढ़े जाते हैं। जैसे कि संस्कृत पाठ, मेघादूता, कालिदास द्वारा मनाया जाता है। इन सब से कई फिल्म भी बन चुकी हैं, जैसे सावन झूम के, सावन भादो, सोलवा सावन, सावन को आने दो, प्यार सावन इत्यादि कई प्रकार की फिल्में भी बनाई गई है, क्योंकि यह लोकप्रिय महीना माना जाता है। एव सावन का महीना बहुत ही महत्वपूर्ण और खुशहाली देने वाला होता है। इस महीने में चारों तरफ हरियाली छा जाती है क्योंकि बारिश रहती है पूरे महीने में इसी वजह से ऐसा प्रतीत होता है। मानो धरती ने कोई हरी चादर ओढ़ रखी हो और वह बहुत ही सुंदर प्रतीत होता है। सावन के महीने को बहुत ही शुभ माना जाता है। यही भगवान शिवः इसी पावन अवसर पे शिवहर के बाबा भुबनेश्वर नाथ स्थान देकुली धाम पर श्रद्धालुओं के सेवा करने वाले युवा समुह के सभी सदस्यगणों जो



की निस्वार्थ भाव से सभी श्रद्धालुओं एव कावरियों की सेवा करने के लिए एक ही तट पर खड़े रहे उन्हें एक ही रंग का अंगवस्त्र लाल गमछा कृष्णा कॉन्सेप्ट क्लासेज के संचालक विकास पटेल और शशि कुमार के द्वारा देकर सम्मानित किया गया ! वही मौके उपस्थित रहे युवा सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार गुप्ता, भावी सभापति उम्मीदवार नंदन गुप्ता ,रितेश कुमार ,देवेंद्र कुमार ठाकुर एवं सभी सेवा दल के सदस्य गण!

# गरीब,मजदूर,किसान,शोषित,बेरोजगार की आवाज,बनने जा रही महागठबंधन की सरकार राजद नेता रामबाबू यादव

(संजय कुशवाहा, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स, रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल। बड़ी खुशी , उल्लास उमंग व हर्ष का दिन है . फिर एक बार बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है, जिसमें राजद, जदयू ,कांग्रेस व हम सहित वाम दल भी सरकार में शामिल हो रहे हैं ,इसको लेकर बिहार के बेरोजगार युवाओं, किसान बंधुओं ,शोषितों, व पीड़ितों सहित व्यवसायी वर्गों में भी बड़ी खुशी का माहौल है. महागठबंधन के नेतृत्व में फिर सरकार बनने की खुशी में आज हमलोग खुशी का इजहार किए साथ ही महागठबंधन के घटक दल एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए बिहार में नई सरकार बनाने के लिए माननीय नेता श्री तेजस्वी यादव एवं माननीय श्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किए .इस अवसर पर रक्सौल महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी सह राजद नेता रामबाबू यादव , हरसिद्धि के पूर्व विधायक राजेंद्र राम, बेतिया लोकसभा महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी बृजेश कुशवाहा, राजद नेता सोमेश्वर कुशवाहा ,अनिल मिश्रा, दानापुर के पूर्व प्रमुख सुनील राय सहित महागठबंधन के अन्य लोग भी मौजूद रहें।

# संक्षिप्त समाचार

## राजद के प्रदेश महासचिव एवं पश्चिम चम्पारण के प्रभारी रुबी सिंह प्रतिरोध मार्च में हुई सामिल

- महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सकुन्तला देवी ने सैकड़ो महीलाओ के साथ प्रतिरोध मार्च में ली भाग रूबी सिंह का किया भव्य स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स बेतिया। पश्चिम चम्पारण के पिपरा चौक पे महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सकुन्तला देवी ने सैकडों महिलाओ के साथ प्रदेश महासचिव रूबी सिंह का फुल माला एवं फुल का बूके देकर किया भव्य स्वागत। वही राजद पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पश्चिम चम्पारण के प्रभारी रूबी सिंह ने कहा कि महंगाई इतनी बढ़ गयी है कि जनता की रोजमर्रा में उफान आया है। किसान यूरिया के लिए दर बदर भटक रहें। आटा,तेल दूध,दही सारी चीजें महँगी हो गयी है। लेकिन लोगों की आय में कोई बढ़ोतरी नहीं है,आज का युवा त्रस्त है एवं सरकार अपने में मस्त है,डिग्री होने के बावजूद भी कोई



चाय बेच रहा तो कोई ठेला लगा रहा है। ये आत्म चिंतन करने की जरूरत है। इसका जिम्मेदार कौन हैं जवाब दो निकम्मी सरकार। वही महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सकुन्तला देवी ने कहा कि ईस निकम्मी सरकार में बेरोजगारी तो है ही उसके साथ साथ शिक्षा भी चौपट कर दिया गया है। हर जगह घूसखोरी लूटपाट,ब्लात्कार,हत्या,मॉडर हो रहा है। आखिर यह सब कब तक चलेगा। कई मुद्दों पर आज पश्चिम चम्पारण महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च में हजारों की संख्या में महीलाये हुई सामिल वही महागठबंधन के सभी नेता मौजूद रहे।योगापट्टी प्रखण्ड अध्यक्ष सोनी यादव,प्रधान महासचिव आसिया खातून,बैरिया प्रखण्ड अध्यक्ष ललिता देवी,जिला प्रवक्ता जैनुल खातुन,रानी देवी,सबीजन देवी मझौलिया प्रखण्ड अध्यक्ष गीता देवी, गुड़िया देवी,राजद नेता गुड्डू आलम आदी लोग मौजूद रहे।

## मोहर्रम पर आदापुर प्रखंड के विभिन्न गांव से निकाला गया ताजिया जुलूस

(आदापुरश्यामल प्रतीक प्रखंड रिपोर्टर)। मुहर्रम पर विभिन्न गाँव से दर्जनों अखाड़ा जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर ताजिया, निशान, सिपर और थर्मोकॉल की बनी कई तरह की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। वहीं युवा ढोल–तासे बाजे एवं मोहर्रमी धुन पर पारंपरिक हथियार के साथ करतब दिखाते नजर आए। चौक–चौराहे पर अखाड़ा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ताजिया जुलूस सौहार्द और प्रेम के साथ निकाला गया ! प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दिनभर मोहर्रम को लेकर चहल–पहल बनी रही, बताया कि करीब एक महीने की मेहनत के बाद ताजिया तैयार किया गय। अलग–अलग गाँव से ताजिया जुलूस निकाल कर मोहर्रम का त्यौहार मनाया जहां इस जुलूस में हिंदू मुस्लिम एकता दिखाई दे रही थी। मुसलमानों के साथ–साथ



हिंदुओं ने भी इस जुलूस में अपनी सहभागिता निभाई !इस दौरान मुहर्रम कमेटी और शांति समिति के सदस्यों का प्रशासन को सहयोग करते दिखे। साथ ही अखाड़ा जुलूस में शामिल लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की। दिन से ही तमाम अखाड़ा जुलूस फातिहाखानी के लिए विभिन्न मार्गों से होकर अपने इमामबाड़ा पहुंचते रहे। जबकि अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं की टोली पारंपरिक हथियारों से लैस होकर तलवारबाजी, लाठी, फरसा और सिपल से करतब दिखा रहे थे। वहीं जुलूस में लहराया जा रहा राष्ट्रीय ध्वज देशप्रेम को दर्शा रहा था। वही मोहर्रम को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख ्ता इंतजाम किए थे, जगह जगह पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे, आदापुर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार के साथ प्रखंड के अंचलाधिकारी संजय कुमार झा भी दिन भर भ्रमण करते नजर आए ! समाचार प्रेषण तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है !

## जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास ने सभी को जदयू का पट्टा पहनाकर पार्टी में किया शामिल

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय में आज मंगलवार को जन अधिकार पार्टी की बिहार प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव श्रीमती सुप्रिया खेमका अपने साथियों के साथ जदयू में शामिल हुई। जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास की अध्यक्षता में संपन्न मिलन समारोह में जन अधिकार पार्टी की प्रदेश महासचिव श्रीमती सुप्रिया खेमका, श्रीमती मेनका पटेल, श्रीमती सारिका कश्यप अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हो गयी। श्रीमती विश्वास ने सभी को जदयू का पट्टा पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास ने कहा की माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी द्वारा विगत 17 वर्षों में महिलाओं के लिए किए गए कार्यों से प्रभावित होकर आज श्रीमती सुप्रिया खेमका जी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जदयू में आई हैं। जदयू में शामिल होने के बाद सुप्रिया खेमका ने कहा की बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज हम सभी जाप पार्टी छोड़कर जदयू की



सदस्यता स्वीकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया, प्रदेश में शराबबंदी लागू किया, नौकरियां में आरक्षण दिया, साइकिल–पोशाक योजना के साथ ही प्राथमिक से स्नातकोत्तर तक उनके पढ़ाई पर ध्यान दिया, इंटर एवं स्नातक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर प्रोत्साहन राशि एवं महिलाओं में उद्यमिता बढ़ाने के लिए बगैर ब्याज के 10 लाख रुपए ऋण और उसमें से 5 लाख रूपये अनुदान देने की घोषणा की। यह सभी कार्य महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर हैं। इस तरह के कार्य आज तक देश की किसी सरकार ने नहीं किया है। बिहार की महिलाएं माननीय मुख्यमंत्री के साथ हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ जनरेटर चोर गिरफ्तार


दैनिक अयोध्या टाइम्स किशनपुर– क्षेत्र के सरौली गांव निवासी रामबाबू सिंह का बीते दिन जनरेटर चोरी हो गया था जिसको कबाड़ की दुकान में बेचते समय पुलिस ने 1 अभियुक्तों गिरफ्तार किया था दूसरे अभियुक्त को सोमवार बीती रात रामपुर नहर पुलिया से अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।



क्षेत्र के सरौली गांव निवासी रामबाबू सिंह के नलकूप में खड़ा जनरेटर बीती 22 जुलाई की रात चोरी हो गया था जिसको कस्बा के लट्टू कबाड़ी के यहां प्रखर सोनकर पुत्र गोविंद सोनकर निवासी कस्बा किशनपुर सुबह बेच रहा था जिसको मुखबिर की सूचना पर किशनपुर पुलिस ने कटे जनरेटर के साथ गिरफ्तार कर लिया था और गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय भेज दिया था जिसमें प्रकाश में आए सरौली गांव निवासी कुंदन सिंह पुत्र चंद्रदेव सिंह जिस पर आरोप है कि रामबाबू के नलकूप से जनरेटर चोरी कर अपने टैक्टर से जोडकर कबाड़ की दुकान तक लाया था जिसको पुलिस ने सोमवार बीती रात रामपुर नहर पुलिया के पास से 315 बोर अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है तलासी में जनरेटर बिक्री में मिले पैसे में शेष 1000 भी बरामद किए हैं जिसके बाद पुलिस ने आरोपी कुंदन सिंह के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

## अपने पैसे वापस मांगने पर गाली गलौज, धमकी

दैनिक अयोध्या टाइम्स के क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर। जनपद सीतापुर के अंतर्गत थाना रेउसा क्षेत्र श्याम किशोर मिश्रा पुत्र हरचरण प्रसाद निवासी हीरापुर मजरा खरुलापुर यह दिनेश के घर पर पैसे की मांगने गए थे परंतु दिनेश पैसे से इनकार करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे और मारने पर उतारा हो गई कहने लगे अगर हमसे बात अगर करोगे कई धाराएं लगवा दूंगा दिनेश पुत्र हरद्वारी निवासी मानपुर सिकरी मजरा टपरी पुरवा बताते चलें दिनांक 9 तारीख कि सुबह पैसे मांगने के लिए ग्राम पंचायत मानपुर सिकरी मांगने के लिए हरद्वारी पुत्र दिनेश भार्गव के घर पर पैसे लेने के लिए गए थे दिनेश ने गालियों का प्रयोग करते हुए श्याम किशोर मिश्रा पर जान से मारने की धमकी दिया अगर दोबारा हमारे घर पर पैसे मांगने अगर आ गए तो तुमको जान से मार दूंगा हमारा रिकॉर्ड देख लीजिए कई थानों की पुलिस हमें जानती है इस सर्कस बदमाश हैं पुलिस प्रशासन से इतना कहना चाहूंगा कि आए दिन पर सभी को धमकियां देते रहते हैं अब देखना यह है पुलिस प्रशासन श्याम किशोर मिश्रा पर क्या न्याय करती है या अथवा नहीं श्याम किशोर मिश्रा अपने पैसे मांगने दिनेश के घर पर गए हुए थे मजदूरी किया था कई महीने से पैसे ना देने का इंकार कर रहे हैं देखना यह है पुलिस प्रशासन क्या श्याम किशोर की मजदूरी दिलाती है या अथवा नहीं हरद्वारी पुत्र दिनेश अपनी दबंगई के द्वारा सबको परेशान आए दिन पर करता रहता है अब देखना यह है प्रशासन इस पर क्या न्याय करता है अथवा नहीं ए मामला थाना श्याम किशोर मिश्रा की 2000 रुपए दिनेश के पास मजदूरी के देने से इनकार कर रहे हैं और गालियों की बात कर रहे हैं देखना है पुलिस प्रशासन क्या न्याय करती है बकाया थे क्षेत्र रेउसा का है जनपद सीतापुर।



## पंचायती राज सफाई कर्मचारियों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । सफाई कर्मचारी संयुक्त परिषद कर्मचारियों का अब शपथ ग्रहण समारोह ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुआ जा नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।



ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में सफाई कर्मचारियों का शानदार तरीके से शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार सविता ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। दीपक बालमिक जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह हसेरन मंडल अध्यक्ष जिला मंत्री विजय कुमार छिबरा मऊ ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश ब्लॉक मंत्री मदन लाल को मौजूद लोगो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

## कूड़ा डालने के विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। गुरसहायगंज क्षेत्र के अंतर्गत समधन के मोहल्ले सौर तरफ मे पीड़ित फर्मिदा बेगम पत्नी मोहम्मद कयूम की पुत्री आतिफा बानो सुबह सफाई कर्मी की ठेली में कूड़ा डालने गई जहाँ कुछ कूड़ा सफाई कर्मी की ठेली से नीचे गिर गया जिसको लेकर कहासुनी हो गई बही पड़ोस की सना बेगम पत्नी बारिश नेअपने घर का कूड़ा भर के पीड़िता के घर में फेंक दिया जिसको लेकर विवाद बढ़ गया और इसी विवाद के चलते बासिद पुत्र मोहम्मद अहमद सना बेगम पत्नी बारिस नसीमा बेगम पत्नी मोहम्मद अहमद मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद अहमद ने घर के बाहर खींच कर फरीदा बेगम को मारना पीटना शुरू कर दिया चीख–पुकार सुनकर नहा रहे पीड़िता के पति जब बीच बचाव करने आए तो दबंगों ने उनकी भी पिटाई कर दी जिसको लेकर पीड़िता द्वारा थाना गुरसहायगंज में प्रार्थना पत्र दिया गया प्रार्थना पत्र देने के बाद पीड़ितों का सीएससी गोसाईगंज में मेडिकल कराया गया जहां से उन्हें कन्नौज जिला अस्पताल डॉक्टरी परीक्षण के लिए रिफर कर दिया गया ।



## मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत मंडलायुक्तएवं आईजी जोन ने जिले का किया दौरा, शांति पूर्ण तरीके से मनाने हेतु किया अपील

संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव।





संत कबीर नगर । मंडलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती गोविंद राजू एन एस एवं पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जिले का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार की उपस्थिति में मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील किया । अधिकारियों ने कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मेंहदावल बाईपास और आसपास के क्षेत्र का भ्रमण कर कानून एवं शांति व्यवस्था का जायजा लिया । इसके साथ ही मोहर्रम के दौरान किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया ।जिले के भ्रमण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने आम जनमानस से संवाद स्थापित करते हुए त्यौहारों में आपसी में प्रेम , सौहार्द बनाए रखने का अपील किया । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी । यदि आपके संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं । जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके । उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट , भ्रामक तथा अफवाह जनक पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाई की जाएगी । इस दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह , क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र , प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर , पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव सहित अनेक प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

## ओईएफ के चार्जमैन रजनीश मिश्रा साथियों संग पहुंचे कामतानाथ की शरण में

कानपुर नगर। आयुध उपस्कर निर्माणी (ओईएफ) फूलबाग कानपुर में कार्यरत चार्जमैन रजनीश कुमार मिश्रा अपने साथी और वरिष्ठ चार्जमैन अवधेश कुमार बाजपेई के साथ सावन के पवित्र मास में चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के पास स्थित कामतानाथ भगवान की शरण में पहुंचे और पूरे भक्ति भाव से कामतानाथ की पूजा अर्चना कर सभी की सुख समृद्धि की कामना करी। इसके बाद सभी ने कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा करी। चार्जमैन रजनीश कुमार मिश्रा ने अपने साथियों के साथ सावन के पवित्र मास में ड्यूटी से इतर आत्मीय शांति के लिए कामतानाथ भगवान के दरबार में मत्था टेकने के साथ हनुमान धारा में भगवान राम के दर्शन किए। इसके बाद रामघाट में मंदाकिनी नदी की आरती देखी और सती अनुसूया के आश्रम भी गए। इस दौरान चार्जमैन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि वे अक्सर कामतानाथ भगवान के दर्शनों को आते हैं। यहां आकर उन्हें बहुत ही सुखद अनुभव के साथ आत्मीय शांति का अनुभव मिलता है । चित्रकूट बहुत ही रमणीय पौराणिक स्थल है । इसलिए वे हर साल भगवान कामतानाथ के दर्शनों को यहां जरूर आते हैं। रजनीश कुमार मिश्रा मूल रूप से प्रतापगढ़ के बरौली गांव के रहने वाले हैं। एसएससी की परीक्षा क्वालीफाई कर रजनीश कुमार मिश्रा का वर्ष 2009 में ओईएफ कानपुर में सेलेक्सन हुआ था। कर्मचारियों के बीच इनका अच्छा तालमेल होने के साथ ओईएफ में काफी लोकप्रिय चार्जमैनो में इनकी गिनती होती हैं।



## 75 साल और 70 साल के वृद्ध दंपत्ति ने बच्चे को दिया जन्म

54 साल पुत्र सुख से थे वंचित, आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाजेशन)से मिला औलाद का सुख।

आयोध्या टाइम्स संवादाता हरिओम दुबे अलवर। राजस्थान में 70 साल की एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। महिला को आईवीएफ प्रक्रिया की मदद से संतान की प्राप्ति हुई है। घर में बच्चे के जन्म के बाद से 75 साल के उनके पति और परिवार के अन्य सदस्य काफी खुश हैं। आईवीएफ टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर संस्था के साइंटिफिक डायरेक्टर और एंब्रॉयोलॉजिस्ट डॉक्टर पंकज गुप्ता ने बताया कि चंद्रावती और रिटायर आए हुए 40 साल हो चुके हैं। गोपी सिंह ने बांग्लादेश के युद्ध में गोली भी खाई है और आज उनके घर में चिराग जला है और घर खुशियों की सौगात आई है। गोपीचंद के घर के 54 साल बाद बेटा होने की खुशी ने घर मे रौनक ला दी है।

पूर्व सैनिक गोपीचंद भी अपने पिता के इकलौते बेटे हैं। गोपीचंद ने बताया की वो अपने पिता नेंनु सिंह के इकलौते बेटे हैं। शादी के बाद उनके कोई संतान नहीं होने से घर सुना–सुना लगता था। वो देश भर



उनके पति गोपी सिंह झुंझुनू के पास स्थित हरियाणा बॉर्डर के सिंघाना ग्राम के रहने वाले हैं।

इससे पहले बड़े–बड़े महानगरों में उन्होंने इलाज कराया था लेकिन सफलता नहीं मिली थी। इसके बाद वो लोग अलवर आए। महिला ने करीब 2 वर्ष पूर्व अपना इलाज चालू करवाया था और फिर आईवीएफ प्रक्रिया के तीसरे प्रयास मैं गर्भवती हो गई थीं।

चिकित्सकों का कहना है कि देशभर में इस उम्र में बच्चे पैदा होने के गिने–चुने ही केस हैं। राजस्थान का शायद यह पहला केस है। जब 75 साल के पुरुष व 70 साल की महिला को संतान प्राप्ति हुई है।

चंद्रावती के पति गोपी सिंह एक रिटायर्ड फौजी हैं, जिनको फौज से के बड़े–बड़े अस्पतालों में अपनी पत्नी का इलाज करवा चुके थे लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। आखिरकार 54 साल बाद अलवर में उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है। बच्चा 2 किलो 750 ग्राम का है चिकित्सकों के मुताबिक स्वस्थ है।

इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) को पहले टेस्ट ट्यूब बेबी के नाम से जाना जाता था। इस ट्रीटमेंट में महिला के अंडों और पुरुष के शुक्राणुओं को मिलाया जाता है। जब भ्रूण बन जाता है, तब उसे महिला के गर्भ में रख दिया जाता है।

यह प्रक्रिया काफी जटिल और महंगी है,लेकिन यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो कई साल से गर्भधारण की कोशिश कर रहे हैं।

## औरैया (अट्सू) सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया के अगुवाई में तिरंगा रैली का आयोजन


औरैया। संत पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में लोगों ने और पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा स औरैया सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया के देवेन्द्र प्रसाद अपने हमराहीयों के साथ मौजूद रहे। और साथ प्रताप सिंह, आसाराम (कक्कू), मनोरमा, लल्लू सिंह नेताजी, राधेश्याम पोरवाल सहदेव राजपूत , अवनीश राजपूत,विपिन कुशवाहा, झब्बू सिंह, संजीव कुमार, आशीष तिवारी, महावीर राजपूत,रजनीश राजपूत इत्यादि भाजपा कार्यकर्ताओं



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता साथ रहे। जिसमें आसाराम राजपूत, उत्तम सिंह राजपूत, शरद राजपूत, शिवेंद्र राजपूत, जगत सिंह, भानु ने सम्मिलित होकर तिरंगा यात्रा को संपन्न कराया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ श्रीमती माननीय विधायिका ने हरी झंडी दिखाकर किया और साथ रहे ।

## भैरव मंदिर के प्रांगण में भगवान शिव का भव्य रुद्राभिषेक

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम द्विवेदी– कानपुर श्रावण मास के प्रदोस पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष सावन के पावन पर्व पर बाबा भैरव मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक भगवान शिव के विशाल माटी हस्त निर्मित प्रतिमा को कृतिम आकृति से भगवान शिव रूप को अनेक पुष्पों से भगवान महाकाल का श्रृंगार किया गया। वही वेद पाठी ब्राह्मणों द्वारा सहस्त्र नामों से देवों के देव महादेव का रुद्राभिषेक हुआ। भजन एवं आरती का भी आयोजन किया गया। वही हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया मंदिर के महंत श्री सुमेर दास, संजय द्विवेदी, मनोज जैन,बबलू एवं समस्त मंदिर साधु संत एवं पुजारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## महाराष्ट्र में नए 18 मंत्रियों में से 17 पहले भी रह चुके हैं मंत्री, एक भी महिला नहीं

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार के मंगलवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल 18 सदस्यों में से 17 पहले भी मंत्री रह चुके हैं. मंगलवार को कुल नए 18 मंत्रियों ने शपथ ली जिनमें एक भी महिला शामिल नहीं है. एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार के मंगलवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल 18 सदस्यों में से 17 पहले भी मंत्री रह चुके हैं. राज भवन में हुए समारोह में 18 मंत्रियों ने शपथ ली है, जिनमें से महज एक सदस्य पहली बार मंत्री बना है. मंत्रिमंडल में किसी भी महिला को शामिल नहीं किया गया है।



नए मंत्रियों में शिवसेना के संजय राठौड़ शामिल हैं, जो उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली सरकार में वन मंत्री थे तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महिला की आत्महत्या के लिए उन पर आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था. भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल (63) शामिल हैं, जो दो बार पार्षद रह चुके हैं तथा पश्चिमी महाराष्ट्र से विधायक हैं. वह 2014–19 के दौरान राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री थे।

गिरीश महाजन (62) उत्तरी महाराष्ट्र से भाजपा नेता हैं और उन्होंने छह बार विधानसभा चुनाव जीता है. उन्हें उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है. राधाकृष्ण विखे पाटिल (63) अहमदनगर जिले से सात बार के विधायक हैं. वह 2014–19 के दौरान कांग्रेस में रहते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता थे लेकिन 2019 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते. सुधीर मुन्नंतीवार (60) विदर्भ के चंद्रपुर जिले से छह बार विधायक चुने गए हैं. 2014–19 के दौरान वह वित्त एवं वन मंत्री थे।

भाजपा के ही रवींद्र चह्वाण (51) ठाणे जिले से तीन बार के विधायक हैं. वह 2014–19 के दौरान राज्य मंत्री रह चुके हैं. विजयकुमार गावित (67) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) छोड़कर 2014 में भाजपा में शामिल हुए थे. वह पांच बार विधायक बन चुके हैं. वह उत्तरी महाराष्ट्र के नंदरबार जिले से आते हैं. अतुल सावे (60) मराठावाड़ा (औरंगाबाद जिला) से भाजपा के दो बार के विधायक हैं. वह राज्य में पहले मंत्री रह चुके हैं।

मंगल प्रभात लोढ़ा (66) मुंबई से भाजपा के पांच बार विधायक रह चुके हैं. वह पार्टी की मुंबई इकाई के अध्यक्ष भी हैं. प्रतिष्ठित बिल्डर लोढ़ा ने 2014 के विधानसभा चुनाव में अपनी संपत्ति 441 करोड़ रुपये बतायी थी और राज्य के सबसे अमीर विधायक हैं. शिवसेना के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बागी गुट के विधायकों में नौ सदस्यों ने मंत्री पद की शपथ ली है. इनमें उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले से शिवसेना के चार बार के विधायक गुलाबराव पाटिल (56) शामिल हैं. वह उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार में मंत्री थे।

उदय सामंत (46) रत्नागिरी जिले से शिवसेना के चार बार के विधायक हैं. वह एमवीए सरकार में मंत्री थे. शिवसेना के संदीपन भुमरे (59) पांच बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं और वह मराठावाड़ा के औरंगाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं. वह पूर्ववर्ती सरकार में कैबिनेट मंत्री थे. उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक जिले से शिवसेना के चार बार के विधायक दादा भुसे (58) एमवीए सरकार में मंत्री थे. सातारा जिले से शिवसेना के तीन बार के विधायक शंभुराज देसाई (55) एमवीए सरकार में कनिष्ठ मंत्री थे। संजय राठौड़ (51) यवतमाल जिले से चार बार शिवसेना के विधायक रहे हैं. उस्मानाबाद जिले से शिवसेना के विधायक तानाजी सामंत (58) विधान परिषद के पूर्व सदस्य और पूर्व मंत्री हैं. अब्दुल सत्तार (54) मराठावाड़ा से तीन बार के विधायक हैं. वह पहले दो कार्यकाल में कांग्रेस के साथ थे और 2019 में शिवसेना में शामिल हो गए थे. दीपक केसरकार (67) शिवसेना के तीन बार के विधायक हैं. वह सिंधुदुर्ग जिले से आते हैं तथा पहले भी राज्य के मंत्री रह चुके हैं।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज ।कस्बा हसेरन के सदर बाजार शिव मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। शिव भक्तों ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर सावन मास के मंगलवार को शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कराया गया। पंडित सुशील तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान के साथ भगवान शिव का पूजन अर्चन करवाया । भक्तों ने शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया। सुनील मिश्रा पत्नी मंजू मिश्रा ने शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक कर भगवान से आशीर्वाद लिया। शिव भक्तों ने भगवान शिव की आराधना की हम सब पर आप अपनी कृपा बरसाए रखना। वैदिक मंत्रोच्चारण कर रुद्राभिषेक किया गया। भगवान भूतनाथ शिव शंकर का रुद्राभिषेक पूर्ण होने पर भक्तों ने भगवान शिव से प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया। भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसादी वितरण की गई । प्रकाशवती, सानू , अगम , कृष्णा , सुशील मिश्रा ,अनिल मिश्रा , हलचल , पुष्कर शुक्ला , सहित घर परिवार के कई भक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।



## जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया में गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनाया गया मोहर्रम का त्यौहार शांति पूर्वक मनाया गया

भदोही। जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया मैं गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनाया गया मोहर्रम जिसमें भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे चेयरमैन अध्यक्ष रजिया नुमान सभासद सैयद अली हल्का प्रभारी श्याम शंकर ओझा वह दीवान इस्तेखार अहमद की देखरेख में मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया हर साल की तरह इस साल भी चांद की 10 तारीख दसवीं के दिन पूरे हिंदुस्तान में ताजिया उठाया जाता है कर्बला की मैदान में हजरत इमाम हुसैन शहीद हुए उनके साथ उनके 72 साथियों को भी शहीद किया गया 'या हुसैन की सदाओं के बीच करबला के मैदान में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की याद में मगंलवार को जिले में शांति एवं गमगीन वातावरण में 10 वी मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। सदाओं के साथ मगंलवार को पूरे शहर में निकाला गया। या हुसैन की सदाओं के बीच मातम कर रहे सभी लोगों की आंखों नम रहीं। जुलूस–ए–मोहर्रम बड़ी ही अकीदत के साथ अपने कदीमी रास्तों से गुजरता हुआ ताजियेदार विभिन्न मार्गो से होते कर्बला ले जाया गया जिले के अन्य हिस्सों में जगह जगह ताजियेदारों ने गमगीन माहौल में मातम के साथ अपने अपने चौक से ताजिया ले जाकर नजदीकी कर्बला पर दफन किए।



चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

जुलूस के दौरान जुटने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। संबंधित पुलिस अधिकारी सुरक्षा के मद्देनजर मिट्टी दफन होने तक कर्बला पर ताजियेदारों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान शांतिपूर्ण वातावरण में मिट्टी दफन दिया गया चेयरमैन रजिया नुमान ने सभी ताजियादारी को सम्मानित किया सभासद सैयद अली ने वार्ड नंबर 10 के हिजड़ावा मोहल्ला के चौकदार रीना किन्नर को सम्मानित और पुरस्कार दिया जोनिस मास्टर चौकदार रीना किन्नर सभासद मेराज अली आदि लोग मौजूद रहे। भदोही से मोहम्मद मासूम

## कामनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों पर धनवर्षा करेगी योगी सरकार, करेगी सम्मानित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए समर्पण भाव से काम कर रही है। सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का नतीजा भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में संपन्न हुए बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में उत्तर प्रदेश के 8 खिलाड़ियों ने देश के लिए मेडल्स जीतकर न सिर्फ देश का बल्कि प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया है। इन सभी पदकवीरों को उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व निर्धारित नकद इनाम व अन्य सुविधाओं से सम्मानित करेगी। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने नई खेल नीति के तहत हाल ही में घोषणा की थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल्स जीतने वाले खिलाड़ियों को उचित सम्मान और पद से नवाजा जाएगा। इसके तहत, स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को एक करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 75 लाख रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले को 50 लाख रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। साथ ही, सभी पदकवीरों को राजपत्रित अधिकारी का पद भी दिया जाएगा।

8 खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक

उत्तर प्रदेश के 8 खिलाड़ी इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने में कामयाब रहे हैं या फिर पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। 10 किमी. पैदल चाल में जहां मेरठ की प्रियंका गोस्वामी ने रजत पदक जीता है तो वहीं रजत पदक जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम में मेरठ की दीप्ति शर्मा और बिजनौर की मेघना सिंह भी शामिल रही हैं। इसके अलावा, रजत पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम में वाराणसी के ललित उपाध्याय ने भी अहम भूमिका निभाई। वाराणसी के जूडोका विजय कुमार यादव, मुजफ्फरनगर की पहलवान दिव्या काकरान, मेरठ की भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी एवं महिला हॉकी टीम की सदस्य वंदना कटारिया ने देश के लिए कांस्य पदक जीतने में सफलता पाई है।

5 खिलाड़ियों को मिलेगी भागीदारी राशिः

पदकवीरों के साथ–साथ कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सेदारी के लिए भी 5 खिलाड़ियों को भागीदारी राशि के तौर पर 5–5 लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। इनमें मेरठ की चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो) खिलाड़ी सीमा पूनिया, वाराणसी की भारोत्तोलक (वेटलिफ्टर) पूनम यादव एवं पूर्णिमा यादव, जौनपुर के भाला फेंक (जेवलिन थ्रो) खिलाड़ी रोहित यादव और संभल की हैमर थ्रो खिलाड़ी सरिता यादव शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने की धनवर्षा

नागपंचमी पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि खेलों के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश सरकार का खजाना खुला हुआ है। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ आदि प्रतियोगिताओं में पदक विजेता प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी के रूप में नियुक्ति की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके साथ ही पदक विजेताओं पर लाखों, करोड़ों रुपए की धनवर्षा भी की जा रही है। यह सिलसिला थमेगा नहीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया अभियान से गांव–गांव खेल और खिलाड़ियों को मिले प्रोत्साहन के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। आज हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ–साथ अन्य प्रदेशों के खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दी थीं। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार टोक्यो ओलंपिक के दौरान भी भारत के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भव्य समारोह में सम्मानित कर चुकी है।

सुविधाओं और हौंसलों से मिली सफलता

– उत्तर प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी 250 रुपए से बढ़ा कर 375 रुपए प्रतिदिन की।

– अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हों, इसके लिए 1.50 लाख रुपए के मानदेय पर 50 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को बतौर प्रशिक्षक रखा जा जा रहा है।

– खिलाड़ियों के लिए अनुदान राशि में बढ़ोतरी करने के साथ ही एकलव्य क्रीड़ा कोष की स्थापना की गई है।

– खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल विकास एवं प्रोत्साहन नियमावली 2020 को प्राख्यापित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में 8.55 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

– जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए 5 लाख, मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए 15 लाख रुपए दिए जा रहे हैं।

इन खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव

खिलाड़ी शहर

प्रियंका गोस्वामी (पैदल चाल) —— मेरठ

दीप्ति शर्मा (क्रिकेट) —— मेरठ

मेघना सिंह (क्रिकेट) —— बिजनौर

ललित उपाध्याय (हॉकी) —— वाराणसी

विजय यादव (जूडो) —— वाराणसी

दिव्या काकरान (पहलवान) —— मुजफ्फरनगर

अन्नू रानी (जेवलिन थ्रोअर) —— मेरठ

वंदना कटारिया (हॉकी) —— मेरठ

## नगर निगम पुनःओ0डी0एफ0 प्लस प्लस से हुआ सम्मानित

ओडीएफ प्लस प्लस लब्धि से नगर आयुक्त ने नगर निगम कर्मचारी व सहयोगियों को दीया श्रेय।

संवाददाता हरिओम द्विवेदी कानपुर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कानपुर नगर निगम को जो ओ0डी0एफ0 प्लस प्लस का प्रमाण पत्र क्यू सी आई द्वारा दिया गया था वह मार्च में खत्म हो रहा था जिसके फलस्वरूप नगर निगम द्वारा पुनः सत्यापन हेतु आवेदन किया जिसका निरीक्षण भारत सरकार द्वारा अधिकृत संस्था द्वारा दिनांक 11 जुलाई से 14 जुलाई के मध्य किया गया । जिसमे नगर आयुक्त महोदय जी मार्गदर्शन तथा स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा किये बेहतर प्रयास से कानपुर नगर निगम को पुनः ओ0डी0एफ0 प्लस प्लस घोषित किया गया ।

इस संबंध में नगर आयुक्त श्री शिवशरनप्पा जी0एन0 द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ओडीएफ प्लस प्लस में कानपुर के आने की बधाई देते हुए कहा कि यह सभी की मेहनत और प्रयास का नतीजा है, आगे भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कानपुर को सफाई के मामले में पूरे भारतवर्ष में कानपुर को नंबर एक की पायदान पर लाना है इसके लिए अभी से प्रयास शुरू कर दिया जाए ।

माननीय महापौर जी द्वारा भी ओडीएफ प्लस प्लस में कानपुर नामित होने पर सभी को बधाई दी है।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने आगामी त्यौहारों पर मुख्य मार्गो से फ्लैग मार्च निकालकर आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।



शामली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जलालाबाद पुलिस चौकी प्रभारी विजय त्यागी, एसआई करतार सिंह एवं ने पुलिस कर्मियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस चौकी प्रभारी विजय त्यागी नेतृत्व में फ्लैग मार्च आरंभ किया ।यहां से मेन बाजार होते, बंबा चौक पहुंचे। यहां पर पुलिस चौकी प्रभारी ने आसपास के लोगों को आगामी त्यौहारों को प्रेम एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाने का संदेश दिया। बंबा चौक से खैरादियान, भाईजान चौक, रामरतन मंडी, करीम बख्श, कटहरा बाजार, नीलगरान चौक, रामनगर, मोती बाजार, कुरेशियान चौक, इंदिरा गेट, हाईवे से होते पुलिस चौकी पर पहुंचे।

## दस सेंटीमीटर बढ़ा यमुना नदी का जलस्तर,चिंताएं बढ़ीं

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव बढ़ने पर यमुना नदी में लगातार पानी



छोड़े जाने का सिलसिला जारी है। इस दौरान यमुना नदी के बहाव में दस सेंटीमीटर बढोत्तरी दर्ज की गई मंगलवार को ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार के अनुसार प्रातः आठ बजे हथिनी कुंड बैराज से चौदह हजार 89 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सोमवार को यमुना नदी का बहाव 229.60 सेंटीमीटर दर्ज किया गया था,जबकि मंगलवार को यमुना नदी का बहाव 229.70 दर्ज किया गया है। इस दौरान नदी के बहाव में दस सेंटीमीटर की बढ़त दर्ज की गईं। हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी कैराना यमुना ब्रिज तक चौबीस घंटे बाद पहुंचेगा। यमुना का चेतावनी बिंदु 231 मीटर और खतरे का निशान 231.500 मीटर पर निर्धारित है। ड्रैनेज विभाग के अनुसार अभी पानी खतरे के निशान से दूर है।

## निशुल्क स्वास्थ्य चौकअप कैंप का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स।रामपुर। डूंगरपुर स्थित आसरा कालोनी में हम एकता समाज सेवी संस्था की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य चौकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कालोनी के गरीब लोगों अपने चौकअप कराये व उन्हे निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई।

इस मौके पर संस्था के संस्थापक जाहिद खां उर्फ खान भाई ने कहा कि कुछ दिन पहले उन्होने अल हिंद अस्पताल के चिकित्सकों से मुलाकात कर आसरा कालोनी में स्वास्थ्य चौकअप कैंप



लगाने की गुजारिश की थी। जिसपर अस्पताल के चिकित्सकों ने उनकी बात को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आसरा कालोनी में कैंप लगाने का आश्वासन दिया था। आज अस्पताल के चिकित्सकों ने आसरा कालोनी में कैंप लगाकर गरीब व निर्धन लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य चौकअप किया और उन्हे दवाईयां भी वितरित की।

इस मौके पर महूब जहां, नूर अहमद अंसारी, शबेराती, नदीम, नबी अहमद, मुराद मियां, शानू मियां, चीना, याकूब अली आदि मौजूद थे।

## जिंदल स्टेन्लेस कम्पनी ने लोगों को किया जागरुक, कम्पनी के नाम से बेचा जा रहा नकली सामान

### जिंदल स्टेन्लेस लिमिटेड की तकनीकी कार्यशाला आयोजित

### जिंदल स्टीलके पाइपअधिक्रत विकेता से ही खरीदे, सम्भवः जैन

कासगंज। देश की अग्रणी कम्पनी जिंदल स्टेन्लेस लिमिटेड ने अपने उत्पादन यूनिट महेश्वरी स्टेन्लेस और कासगंज जिले के अधिकरत डिस्ट्रीब्यूटर अहिंशा स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड का सेमिनार का आयोजन



किया गया। जिसके।अंतर्गत उन्होने सभी छोटे बड़े दुकानदारों और फेब्रिकटोर को असली नकली स्टील पाइप और असली नकली मोहर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सम्भव जैन ने सभी लोगों से अपील की की जिंदल स्टील का पाइप अधिक्रत विक्रेता से ही खरीदे। इसमें मिस्त्रियों को टिप्स दिए गए।

## अमांपुर में हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाला गया ताजिये का जुलूस

अमांपुर/कासगंज । कस्बा में मंगलवार को मोहर्रम के मौके पर ताजिये का जुलूस निकालकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। कस्बे में बैड बाजों की मातमी धुनों पर रंजोगम का पर्व मोहर्रम परंपरागत तरीके से मनाया गया। चौयरमेन चांद अली खान के द्वारा ताजिए के जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। शाही इमाम मौलाना जाफरूदीन ने बताया कि



हजरत इमाम हुसैन ने मैदान–ए–कर्बला की जंग में हक और बातिल की लड़ाई में हक का साथ देकर इस दुनिया के सामने एक बेमिसाल नजीर पेश की थी। उन्होंने दस दिन तक भूखे और प्यासे रहकर अपनी शहादत को सार्थक सिद्ध किया। इसी को लेकर मुस्लिम समाज के लोग मोहर्रम के एक दिन पूर्व शहादत की रात मनाते हैं। मंगलवार दोपहर को शास्त्री नगर एवं ददवारा स्थित मस्जिद से आकषर्क ताजियों का जुलूस निकाला गया। जो कालेज रोड, बारहद्वारी, ददवारा, राजीव नगर, लोहिया नगर, इन्द्रानगर नगर, सराफा बाजार, एटा रोड स्थित जामा मस्जिद पर देर रात समाप्त हुआ। इसके बाद तालियों को करबला में सुपर्द–ए–खाक किया गया। इस दौरान युवाओं ने मातम के साथ जुलूस निकाला और बन्हा–बनैठी व तलवारबाजी खेल का लोगों ने मन मोहक प्रदर्शन किया। वहां जुलूस को विश्राम दिया गया। ताजिए के जलसे के दौरान मुस्लिम समाज के अखाड़ेबाजों व करतबबाजों ने तमाम करतब दिखाए। लोगों ने जमकर हाइदौस खेला। शहादत की रात मनाई गई। याद में या अली, या हुसैन, के नारों से गूंज उठा कस्बा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी रामसिया मौर्य वीरेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम अवनीश कुमार, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, एसआई औसान सिंह, एसआई सुरेंद्र सिंह, एसआई शांतिस्वरूप सिंह, एसआई अनिल कुमार, मय पुलिस बल और पीएसी के साथ मुस्तैद रहे। पुलिस प्रशासन ताजिए के साथ व्यवस्था बनाते हुए चल रहा था। इस दौरान चौयरमेन चांद अली खान, जाहिद हुसैन, जलील मास्टर, नसीर खान, आरिफ खान, शकील खान, चमन चौधरी, हसमत खां, इरफान खान, अरबाज खान, शाहरुख खान, रियाज खान, अब्दुल खान, ताहिर हुसैन, अकील अहमद, शाकिर अली, नूरसलाम फारूखी, रफन खां, मुन्ने खान, रहिशुदीन, शाकिर अली, नसीर मास्टर, बहारे मिया, कमरूदीन मास्टर, सोनू, अजरूदीन, शबाब सहित आदि मौजूद रहे।

## योगी सरकार में दबंगई, कैराना में लगा पलायन का बोर्ड-सहमे व्यापारी ने कहा जान से मारने की मिल रही धमकियों से डरा हुआ है मेरा परिवार, दबंग कभी भी कर सकता है जानलेवा हमला

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकियों से आहत प्रतिष्ठित व्यापारी पलायन को मजबूर है। पीड़ित ने अपने मकान पर दबंगों की करतूतों से पलायन का बोर्ड भी लगा दिया है। नगर में एक बार फिर गुण्डागर्दी के चलते पलायन का जिन्न बोतल से बाहर आ गया है। मंगलवार को नगर के मोहल्ला बिसातियान निवासी पीड़ित व्यापारी नईम शम्शी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में पड़ोसी सभासदपति पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि अवैध तरीके से मेरे चबूतरे पर जबरदस्ती दो दरवाजे खोल लिए गए और मना करने पर जान से मारने की धमकी मिल रही हैं,जबकि दरवाजे खोलने का इसे कोई अधिकार नहीं है ।इस संबन्ध में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से लेकर उच्चाधिकारियों को शिकायत की गई,लेकिन सभासदपति के रसूख आगे सब बेबस नजर आ रहे हैं।कार्रवाई न होने पर इसके हौसले बुलंद हो गए हैं और वह जान से मारने की धमकियां दे रहा है,जिससे मेरा परिवार डरा सहमा हुआ है। कभी भी मेरे व मेरे परिवार पर जानलेवा हमला किया जा सकता है। दबंगों की डर की वजह से मेरा परिवार पलायन करने को मजबूर है,जिसके लिए सभासदपति गय्यूर जिम्मेदार है।

आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे हैं दर्ज

व्यापारी को जान से मारने की धमकी देने वाले दबंग पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमें संगीन धाराओं में दर्ज हैं। बावजूद इसके दबंगई कम होने का नाम नहीँ ले रही है। पीड़ित पड़ोसी नईम शम्शी बताते हैं कि मामूली बात पर दबंग जान से मारने की धमकी दे देता है। प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है,लेकिन यहाँ कोई फर्क नहीँ पड़ रहा है। खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं, जिससे एक प्रतिष्ठित व्यापारी घर बार छोड़कर पलायन करने को विवश है।

- सरकारी संपत्तियों पर कब्जे का है शौक

सभासदपति गय्यूर पर यूं तो आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे संगीन धाराओं में दर्ज हैं,लेकिन सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर भी वो चर्चाओं में रहे हैं। तत्कालीन एसडीएम अमितपाल शर्मा ने सख्त कार्रवाई करते हुए नगर के खुरगान रोड़ पर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया था,जहाँ दबंग बैठकर अपनी चौपाल सजाता था। साथ ही शत्रु संपत्ति पर अवैध निर्माण व खरीद फरोख्त के भी आरोप लगते रहे हैं।

## वाँछितों की तलाश में सीआईए व करनाल पुलिस ने दी दबिश

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। वाँछितों की तलाश में पानीपत सीआईए व करनाल पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से नगर में अलग–अलग स्थानों पर दबिश डाली। सफलता न मिलने पर टीम बेरंग लौट गई। मंगलवार को करनाल शहर सदर से दो पुलिसकर्मी पवन व प्रदीप कुमार कैराना कोतवाली पहुँचे, जहां उन्होंने ने आमद दर्ज कराते हुए स्थानीय पुलिस के साथ नगर के कई मोहल्लों में बाइक चोरी के मामले में वांछित आरोपी की तलाश में दबिश डाली।

उधर पानीपत सीआईए 2 की टीम एएसआई सुमित कुमार ने नेतृत्व में कोतवाली पहुँची और आमद दर्ज कराते हुए स्थानीय पुलिस को साथ लेकर क्षेत्र के गाँव भूरा में चोरी के मामले में वांछित आरोपी की तलाश में दबिश डाली,लेकिन दोनों ही टीमों के हाथ कोई सफलता नहीं लगी,जिसके बाद टीम बेरंग लौट गई।

## तोपखाना स्थित कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं को तिरंगे वितरित

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर तोपखाना स्थित कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं को तिरंगे वितरित किये।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा हैं। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान को कार्यकर्ता सफल बनाये।

उन्होने कहा कि राष्ट्र ध्वज का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि रामपुर की अवाम उपचुनाव में जिस जज्बे के साथ उन्हे अपना कीमती वोट देकर कामयाब बनाया हैं उसके वह हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होने कहा कि जिले के साथ–साथ रामपुर शहर में खासतौर पर उनकी सांसद निधि से विकास कार्य किया जायेगा। इस मौके पर भाजपा मुस्लिम नेता डा. तनवीर अहमद खां ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी हैं जो राष्ट्र के लिए काम करती हैं। इससे पहले कभी भी आजादी को इतने जोश व खरोश के साथ नहीं मनाया जाता था लेकिन भाजपा इस साल आजादी का 75वीं वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाने जा रहीं हैं। इस बार आजादी के मौके पर हर घर पर तिरंगा लहरायेगा जिससे हमें अपने देश के प्रति देशभक्ति दिखाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

इस मौके पर बाबू खां, आशीष सिंह, मेहताब मियां, शरद सक्सैना, शाकिर अंसारी, मनीष कथूरिया, फैजान, रिषभ रस्तोगी, राहत, उसमान, जुबैद खां, सुहेब शमसी, निहाल, तनजील, इंतेखाब, समीर खां, फैसल खां आदि मौजूद थे।

## नगर पालिका के सभासद गुड्डू ताशका ने भी अमृत महोत्सव को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देश की आजादी का महत्व बताया

अयोध्या टाइम्स

रामपुर। देश की आजादी के 75वीं वर्षगांठ जहां केन्द्र व प्रदेश सरकार अपने–अपने स्तर पर अमृत महोत्सव के रूप में मना रहीं हैं वहीं नगर पालिका के सभासद गुड्डू ताशका ने भी अमृत महोत्सव को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देश की आजादी का महत्व बताया।

घर–घर तिरंगा, हर घर तिरंगा भवानी थियेटर द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिये देश की आजादी के वीर सपूतों के बारे में कलाकार शाहिद हुसैन, धीरज मोरिया, अजय विक्टर, नूरेन खान, इरफान खान व शबाब द्वारा बहुत खूबसूरत अंदाज में पेश किया गया।

इस मौके पर सभासद गुड्डू ताशका ने कहा कि पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाने जा रहा हैं।

ऐसे में हर भारतीय का फर्ज हैं कि देश की आजादी के वीर सपूतों के बारे में नई पीढ़ी को जानकारी दे ताकि उन्हे पता चल सकें कि आजादी के लिए हमारे देश के वीर सपूतों ने किस तरह कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलाई। केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा घर–घर तिरंगा व हर घर तिरंगा की थीम रखी हैं जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर आजादी का जश्न मनाया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि जिस तरह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने देश के वीर सपूतों के बारे में जानकारी दी वह काफी प्रशंसनीय हैं। उन्होने वार्ड के लोगों से अपील की कि वह आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अपने–अपने घरों पर तिरंगा जरूर लहराये।

!!! बारहमासा !!!

चैत्र माह में गुड़ मत खाना, दिन उगते ही चने चबाना । आए जब वैशाख महीना, तेल छोड़ बेल रस पीना ।। जेठ मास राई मत खाओ, बीस मिनट दिन में सो जाओ। मत आषाढ़ बेल फल खाना खेल-कूद में लगन बढ़ाना ।। सावन नींबू खाना छोड़ो, बाल-हरड़ से नाता जोड़ो। भादों माह मही मत खाना, तिक्त वस्तु का लाभ उठाना।।
क्वार करेला कभी न खाना, लेकिन गुड़ से हाथ मिलाना। कार्तिक माह दही मत खाना, किन्तु आँवले को अपनाना ।। अगहन में जीरा मत खाना, तेल युक्त भोजन अपनाना । पौष माह में धनिया छोड़ो, दुग्धपान से नाता जोड़ो । माघ माह में मिश्री छोड़ो, घी खिचड़ी भोजन में जोड़ो। फाल्गुन माह चने मत खाना,
प्रात:काल अवश्य नहाना ।।
!!! जय श्री राधे श्याम जी !!!

## यौमे आशूरा का जुलूस या हुसै के नारों के साथ शान्तिपूर्वक हुआ संपन्न

- –अजाखाने से ताजिया अलम व जुलजना का जुलूस बरामद होकर कर्बला के मैदान में हुआ संपन्न



(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मोहर्रम की दस तारीख को यौमे आशूरा के मौके पर शिया सोगवारों ने सीना जनी की और अंगारों पर चलकर या हुसैन या अब्बास की सदाएँ बुलन्द की और अजादार के अजाखाने से ताजिया अलम व जुलजना का जुलूस बरामद होकर कर्बला के मैदान में संपन्न हुआ।

मंगलवार को यौमे आशूरा के मौके पर इमाम बारगाह खुर्द से ताजियों का जुलूस बरामद होकर बड़े इमामबाड़े चौक पर संपन्न हुआ,जहाँ शिया सोगवारों ने हजरत इमाम हुसैन की याद में सीनाजनी कर जिस्म को लहूलुहान कर लिया।इस दौरान अल्हाज कौसर जैदी, उत्तराखंड की कांग्रेस सरकार में राज्यमंत्री रहे अल्हाज अली हैदर जैदी, कुर्तुलएन,गुलजार अली,फैसल व आगाज ने नोहाख्वानी की। मौलाना इकरार हुसैन,मौलाना जावेद व मौलाना रजी बिस्वानी ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत इमाम हुसैन पर यजीद द्वारा कर्बला में किए गए जुल्मों अत्याचारों, इमाम हुसैन की कुर्बानी व शहादत पर रोशनी डाली। कर्बला की शहादत सुनकर शिया सोगवारों की आँखें नम हो गईं। इस दौरान अजादार हुसैन के अजाखाने से हजरत अब्बास का अलम बरामद हुआ। सांय के समय मोहल्ला सिदरयान स्थित रजा अली के अजाखाने से ताजिया आलम व जुलजना का जुलूस बरामद हुआ और या हुसैन या हुसैन की सदाएँ बुलन्द करते हुए शिया सोगवार पानीपत मुख्य खटीमा मार्ग पर स्थित पब्लिक इंटर कॉलिज के सामने मैदान–ए–कर्बला में जाकर संपन्न हुआ।

- या हुसैन या अब्बास के नारों के साथ नंगे पाँव अंगारों से गुजरे सोगवार

इमाम बारगाह खुर्द में देर रात्रि मजलिस के बाद शिया सोगवार आलम हाथों में लेकर या हुसैन या अब्बास की सदाएँ बुलन्द करते हुए नंगे पाँव अंगारों से गुजरे। इस दौरान इमाम बारगाह खुर्द या हुसैन और या अब्बास के नारों से गूंज उठा। शिया सोगवार पूरी तरह से गम में डूबे हुए थे और इमाम हुसैन की याद में आंखें नम हो रही थी, जैसे ही कर्बला का मंजर पेश किया गया तो शिया सोगवार सिसकियां लेते हुए जार–जार रोने लगे।

## रातभर तेंदुए की तलाश वन विभाग ने चलाया सर्च आपरेशन-वन विभाग जी छह सदस्य टीम ने जंगलों में कई तेंदुए की तलाश,नहीं लगा सुराग



(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना गाँव जगनपुर में तेंदुआ देखे जाने के बाद से खौफ का माहौल है। ग्रामीण दहशत के चलते सतर्कता बरत रहे हैं। वन विभाग की टीम भी रातभर तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रयास करती रही। पिंजरे में आवारा कुत्ता डालकर शातिर तेंदुए को लालच दिया गया, लेकिन अभी तक सफलता नहीँ मिली। क्षेत्र के गांव जगनपुर में लगभग पांच छह दिनों से ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ दिखाई देने पर गांव एवं क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। गत सोमवार की रात्रि वन विभाग की छह सदस्य टीम ने जंगल मे पिंजरा रखने के साथ–साथ सर्च अभियान चलाया। लेकिन अभी वन विभाग की टीम के हाथ कामयाबी नहीं लगी। जगनपुर प्रधान राकेश कुमार के अनुसार समीप के गांव कंडेला निवासी चूहड़ व मदन किसान भैसा बुग्गी लेकर गांव जगनपुर निवासी प्रेवश किसान के खेत के पास पहुँचे तो उन्हें रास्ते के नजदीक स्थित ईख के खेत मे कुछ आवाज होती सुनाई दी, जिसके बाद किसान चौकन्ना हो गए और ईख में हो रही प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी नजर रखने लगे।तभी उन्हें ईख में तेंदुआ दिखाई दिया। इस दौरान उन्होंने वहां से तेजी से बुग्गी निकालते हुए जगनपुर के प्रधान सहित अन्य किसानों को सतर्क रहने की सूचना दी। ग्रामीणों। द्वारा तुरन्त वन विभाग को जानकारी दी गई,लेकिन तबतके शातिर तेंदुआ भाग निकला।

- आवारा कुत्ते के लालच में नही आया तेंदुआ

सोमवार की रात्रि वन विभाग के दरोगा आदित्य के नेतृत्व में छह सदस्य टीम ने जगनपुर में तालाब मार्ग को बंद करते हुए मार्ग के किनारे खेत मे पिंजरा लगाया गया था,इसी पिंजरे में आवारा कुत्ता भी रखा गया था, जिससे तेंदुआ पिंजरे में कुत्ते के शिकार को पहुँचे, लेकिन शातिर तेंदुआ पिंजरे के पास नहीं पहुँचा। रातभर सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद भी वन विभाग की टीम को मायूसी ही हाथ लगी।

## दस मुहर्रम यानी यौमे आशूरा पर मंगलवार को इमामबाड़ा खासबाग में या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच जरीह-ए-अकदस उठाई





दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। दस मुहर्रम यानी यौमे आशूरा पर मंगलवार को इमामबाड़ा खासबाग में या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच जरीह–ए–अकदस उठाई गई। गमगीन धुनों पर अजादारों ने मातम किया और नोहाख्वानी की गई। जरीह–ए–अकदस के साथ अलम भी थे। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने लेबनान से आया परचम थामा हुआ था।

इससे पूर्व इमामबाड़ा खासबाग में मजलिस हुई जिसमें बयान–ए–कर्बला सुनकर अजादार रो पड़े। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि रसूल के नवासे इमाम हुसैन ने इंसानियत और भाईचारे कायम रहने के लिए जालिम यजीद की अपनी इमामत के समय में उसकी कोई गलत बात नहीं मानी और न ही उसके सामने सर झुकाया। उन्होंने ने दुनिया को सच्चे और नेक रास्ते पर चलने का पैगाम दिया। इसके लिए उन्होंने अपने परिवार सहित 72 साथियों को बलिदान कर दिया। मौलाना ने कहा कि इससे सबक लेना चाहिए कि जुल्म और अत्याचार के सामने झुकना नहीं चाहिए। इसलिए 14 सौ साल पहले से ही आज तक उनकी शहादत पर गम मनाते हैं। जरीह–ए–अकदस को सलामी पेश की गई। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने जरीह–ए–अकदस को कांधा दिया। जुलूस इमामबाड़ा खासबाग से सीआरपीएफ होते हुए कर्बला पहुंचा। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने इमामबाड़ा गुलजार ए रफत से भी जरीह–ए–अकदस का जुलूस भी निकलवाया।

## आगरा में सेंट बी एस पब्लिक स्कूल में आयोजित आठवीं उत्तर प्रदेश ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में कासगंज के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण पदक जीते

- कासगंज के खिलाड़ियों ने जीते छह स्वर्ण पदक



कासगंज। जिला ग्रेपलिंग संघ के सचिव सुनील गौतम ने बताया कि सेंट वीएस पब्लिक स्कूल आगरा ने 6 व 7 अगस्त को 8 वीं राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश ग्रेपलिंग संघ के तत्वाधान में किया। प्रतियोगिता में कासगंज के खिलाड़ियों ने जूनियर व सीनियर वर्ग के गी प्रतियोगिता में छह स्वर्ण पदक जीते।

के ए कॉलेज कासगंज के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि प्रतियोगिता में जेपी पब्लिक स्कूल की नजर मणि ने 48 किलोग्राम जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज की गौरी पांडे ने 44 किलोग्राम जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वही द्रोपती देवी जाजू विद्यालय कासगंज की छात्रा भूमिका ने 40 किलोग्राम जूनियर वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। के ए कॉलेज कासगंज की छात्रा एवं जूडो की प्रशिक्षक सुरभि पांडे ने सीनियर वर्ग मैं 52 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। साथ ही के ए कॉलेज कासगंज के पूर्व छात्र सुनील गौतम ने भी 60 किलोग्राम वजन वर्ग सीनियर में स्वर्ण पदक जीता। इन सभी छह खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश की टीम में चयन हुआ है जोकि सोनीपत में होने जा रही आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था के ए कॉलेज कासगंज द्वारा कर दी गई है। के ए कॉलेज कासगंज के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग ने इन सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अशोक रूस्तगी, चीफ प्रॉक्टर डॉ मिथिलेश वर्मा, डॉ राधाकृष्ण दीक्षित, डॉ बृजेंद्र यादव, डॉ उमेश यादव, शैलेंद्र दीक्षित, सरिता सिंह , वरिष्ठ खिलाड़ी प्रक्ष सिंह, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद शोएब, मोहितांश, मुनेंद्र, सौरभ, रोहित, अमित पुंढीर आदि ने खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नौगांवा में निकले डेढ़ सौ फीट ऊँचे ताजिये



अमरोहा दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी अकबर सैफी

नौगांवा सादात। शियों के सरदार हुसैन अलविदा शबे आशूर से शामें गरींबा तक फिजा में हर सिम्त गूँजती रहीं सदाये या हुसैन रू एक तरफ जहां शबे आशूर में बस्ती के सभी इमाम बारगाहों में मजलिसों मातम का सिल सिला चलता रहा वहीं कर्बला में पूरी रात इमाम हुसैन को पुर्सा देने वालो की लम्बी कतारें लगी रहीं, सुबह नमाज ए फजर के बाद इमाम बारगाह मजहर ए कर्बला से बाद मजालीस अलविदायी अलम बरामद किया गया जो बस्ती के तय शुदा रास्तो से होता हुआ मजहर ए कर्बला मे इकतेदाम पजीर हुआ, इस जुलूस के फौरन बाद अजाखान ए सैयद हुसैन से अंजुमन ए आब्दिया ने अपना जुलूस बरामद किया , जुलूस मे मौजूद जायरीनो ने शिया जामा मस्जिद शाहफरीद के वसी मैदान पर पहुंच कर जजीर का मातम कर के अपने आप को लहु लुहान कर लिया, उस के बाद शिया जामा मस्जिद मे नमाज ए जोहर पढ़ाई गयी जहां नमाज के बाद मुल्क में अमनों अमन के लिए सभी अजादारो ने दुआ की, ठीक एक बजे ताजिया कमेटी के तत्वावधान में ताजिये निकलने का सिस सिला शुरू हुआ, सब से पहले बुद्ध बाजार से ताजियेदार ताजिया लेकर गूला तालाब पहुंचे जहां पर पहले से मौजूद ताजियो को लेकर ये अजादार हफ्ता बाजार पहुंचे, यहां से छोटे बड़े तकरीबन 15 ताजियों का जुलूस बरामद हुआ जिस में अली अंसर व उन के हमनंवा मर्सियेखानी करते हुए जुलजना के साथ आगे आगे चल रहे थे, ये ताजिये अपने तय शुदा रास्तों से होते हुए जब शिया जामा मस्जिद शाहफरीद पर पहुंचे , दूसरी ओर एक दूसरा ताजियों का जुलूस पास के ग्राम बीलना से अपनी पूरी अकीदत के साथ या हुसैन की सदायें बुलन्द करता हुआ शिया जामा मस्जिद शाहफरीद पर पहुंचा जहां पर अजादारो ने सीना जनी की , उस के बाद सभी ताजिये अपने तय शुदा रास्तों से होते हुए अपने अपने मुकाम पर पहुँचे, जिस के बाद इमाम बारगाह पुख्ता बंगला से अंजुमन हैदरी ने अपना जुलूस बरामद किया , जिस में इरशाद अली व उन के हम नवां नौहेखानी करते हुए चल रहे थे जुलूस तय शुदा रास्तों से होता हुआ जब कर्बला पहुंचा तब यहां पर जजीर का मातम कर के खिराज ए अकीदत पेश की, इस के ठीक पीछे पीछे अंजुमन ए सोगवार ए हुसैनी अजाखान ए दौलत शहीद से व अंजुमन ए यादगार ए हुसैनी मजहर ए कर्नबला से जुलूस की शक्ल में नंगे पैर सीना जनी करती हुई चल रही थी जिस में शोएब रजा, तकी अब्बास, मौहम्मद अयाज व मौहम्मद मुर्सल अब से सत्तर साल पुराना तारीखी नौहा शियों के सरदार हुसैन अलविदा, दीन के मुख्तार हुसैन अलविदा,ताजियेखानों से आज होते हैं रुकसत इमाम, शह के अजादार हुसैन अलविदा पढ़ते हुए चल रहे थे, जुलूस कर्बला पहुंचने के बाद अजादारों ने एक बार फिर से अपने पुराने अंदाज में जजीर का मातम कर के बीबी फात्मा जहरा को उन के भरे घर का पुरसा पेश किया जिस के बाद मजलिस ए शाम ए गरीबां बरपा की गयी जिसे अन्तरराष्ट्रीय धर्म गुरू कौकब मुजतुबा ने खिताब किया। जुलूस में शीराज आब्दी, शजर अब्बास,नूर अब्बास, शिबाल हैदर, वक्कार हैदर, मौहम्मद अख्तर, जफर मुजतुबा, विधायक समरपाल सिंह, समाज सेवी हाजी असलम अंसारी, अली मंजर , फजल इमाम आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### नगरपालिका परिषद उतरौला के द्वारा मंडी स्थल को कबाड़ का गोदाम बना देने से नगर का फल व सब्जी मंडी में दूकानों के खुलने का सपना चकनाचूर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) नगर पालिका परिषद उतरौला के द्वारा बनवाए गए फल व सब्जी मंडी नगर पालिका परिषद उतरौला का गोदाम बन गया है। इस मंडी स्थल पर नपाप उतरौला के कन्डम हो चुके वाहन खड़े रहते हैं।

नगर पालिका परिषद उतरौला ने क्षेत्र के लोगों को फल व सब्जी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एसडीएम उतरौला के आवास के बगल लगभग तीस वर्ष पहले फल व सब्जी मंडी दुकान का निर्माण कराया था। इस मंडी में लगभग एक दर्जन दूकाने निर्मित हुए थे, नगर नियोजक विभाग फैजाबाद ने पचासों लाख रुपए के लागत से निर्मित मंडी की दूकानों को किराए पर देने का निर्देश नगर पालिका परिषद उतरौला को दिया था। इस दूकान को किराए पर देने के लिए नगर पालिका परिषद उतरौला ने कई बार नगर में डुग्गी मुनादी कराई और अखबार में दूकान को किराए पर देने के लिए विज्ञापन निकाला लेकिन किसी भी व्यक्ति ने मंडी की दूकानों को किराए पर नहीं लिया। नगरवासियों का आरोप है कि नगर नियोजक विभाग फैजाबाद के निर्देश पर नगर पालिका परिषद उतरौला मंडी की दूकानों को काफी महगे किराए पर देने से कोई व्यक्ति इसको किराए पर लेने को तैयार नहीं हुआ। इधर मंडी की दूकानों पर किसी के किराए पर न लेने पर नगर पालिका परिषद उतरौला ने इस मंडी स्थल को नगरपालिका परिषद उतरौला का कबाड़ का स्कोर बना दिया। आज नपाप उतरौला के कन्डम पड़े गाड़ी व काफी सामान पड़े हैं। नगरपालिका परिषद उतरौला के द्वारा मंडी स्थल को कबाड़ का गोदाम बना देने से नगर का फल व सब्जी मंडी में दूकानों के खुलने का सपना चकनाचूर हो गया है।

### ताजिया दारों ने सबसे आगे आटो पर तिरंगा झंडा लगाकर उसके पीछे पीछे ताजिया दारों ने शांतिपूर्वक जुलूस निकाला

भदफर सीतापुर। कोतवाली लहरपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत



शाहपुर के ईदगाह पर मेले का आयोजन हुआ जिसमें शेखनापुर गहबड़ा के ताजिया दारों ने सबसे आगे ऑटो पर तिरंगा झंडा लगाकर उसके पीछे पीछे ताजिया दारों ने शांतिपूर्वक जुलूस निकाल कर ताजिया शाहपुर स्थित ईदगाह पर पहुंचाई वहीं पर आंबा और सढ़वापुर और शाहपुर के ताजिया दारों ने भी शांतिपूर्वक जुलूस निकालकर ईदगाह पहुंचे वहां पर एक मेले का आयोजन भी हुआ इस मौके पर भदफर चौकी प्रभारी मणिकांत श्रीवास्तव अपने स्टाफ सहित मौके पर मौजूद रहे।

### अवयस्क बालिका संग दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, गया जेल

जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी /संत कबीर नगर । अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी विशाल कुमार पर एक नाबालिग बालिका के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है । गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय रवाना किया गया । न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया ।पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने बताया की मामला कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव का है । प्रकरण में पीड़िता की मां ने अभियोग पंजीकृत कराया है । वादिनी का आरोप है कि दिनांक 5 अगस्त को उसकी नाबालिग बालिका के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना कारित की गई । वादिनी के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने धारा 376 भादवि एवं धारा 3/4 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया । प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नरायन प्रसाद ने बताया कि आरोपी विशाल पुत्र ज्ञानदास ग्राम डड़वा कोतवाली खलीलाबाद का रहने वाला है । प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को पुलिस चौकी प्रभारी कांटे श्याम मोहन ने गिरफ्तार किया ।

### एटीएम कार्ड बदल कर रुपया उड़ाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को जिले की पुलिस ने दबोचा , भेजा जेल

संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

प्रभारी निरीक्षक दुधारा , बेलहरकला का सराहनीय कार्य , एसपी ने दिया 10 हजार का पुरस्कार

गिरफ्तार पांच बदमाशों से एक कार , बाइक समेत 84 हजार सात सौ रुपए बरामद

संत कबीर नगर । जिले की पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एटीएम कार्ड बदल कर रुपया उड़ाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को रविवार को दबोच लिया । इन बदमाशों के पास से पुलिस ने एक हुण्डई कार , अपाची बाइक , लैपटाप , एटीएम क्लोनिंग डिवाइस समेत 84 हजार सात सौ रुपए नकद बरामद किया । पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने गिरफ्तार करने वाले प्रभारी निरीक्षक दुधारा सर्वेश राय , प्रभारी निरीक्षक बेलहर कला संतोष कुमार मिश्र एवं प्रधान निरीक्षक सर्विलांस सेल अनूप राय की टीम को 10 हजार रुपए का पुरस्कार दिया । गिरफ्तार अंतर्राज्यीय गिरोह के पांचों बदमाशों को पुलिस ने न्यायालय रवाना



किया । न्यायालय ने बदमाशों को जेल भेज दिया ।जिले की पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय की जानकारी पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने प्रेस वार्ता में दिया । एसपी ने बताया कि अंतर्राज्यीय गिरोह के इन पांच बदमाशों को दुधारा थानाक्षेत्र के लोहरौली में स्थित बैंक के एटीएम से रुपया निकालने का प्रयास करते समय गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार बदमाश सुशील सोनी पुत्र दिनेश चन्द्र सोनी ग्राम सुपेलवा थाना कोतवाली एवं जनपद बस्ती , सतीश कुमार उर्फ संदीप उर्फ सुक्खल पुत्र विभूति ग्राम रर्वडसर थाना घुघली जनपद महाराजगंज , अमित कुमार महतो पुत्र राजा महतो एवं राजेश कुमार उर्फ राजा पुत्र सुदामा प्रसाद पुरानी चौक नोनिया टोला थाना एवं जिला गोपालगंज , सिकन्दर कुमार यादव पुत्र नन्दजी यादव ग्राम सुगवनिया , थाना मीरगंज जिला गोपालगंज बिहार प्रान्त के रहने वाले हैं । इनमें से सुशील सोनी गिरोह का सरगना है । इसके विरुद्ध बस्ती एवं संतकबीरनगर जिले में चार मुकदमे , सतीश कुमार के विरुद्ध पांच मुकदमे , सिकन्दर के विरुद्ध दो आपराधिक मुकदमे कायम हैं । पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बताया कि यह गिरोह यूपी के विभिन्न शहरों के अतिरिक्त बिहार प्रान्त में भी सक्रिय है । यह बदमाश एटीएम से पैसा निकालने वालों को सहयोग करने नाम पर अपनी बातों में उलझाकर एटीएम बदल लेते हैं और रुपया निकाल लेते हैं । इस गिरोह ने 16 जून 2022 को बिहार के बेतिया रेलवे स्टेशन के चौक एवं पकड़ी एटीएम से 76 हजार पांच सौ तथा साढ़े सात हजार रुपए और दिनांक 24 ध 25 जून को कुशीनगर जनपद के हाटा में एटीएम बदल कर 34 हजार पांच सौ रुपए निकाले थे । इसी प्रकार दिनांक 6 जुलाई को गोरखपुर में 28 हजार रुपए और 5 जुलाई को जनपद के सेमरियावां बाजार के एटीएम में रुपया निकालने घुसे व्यक्ति से पिन नम्बर की जानकारी प्राप्त करके नन्दौर के एटीएम से 40 हजार रुपए निकाल लिए थे ।

## आजादी का अमृत महोत्सव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें मदरसे - डा. जावेद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

- हर घर तिरंगा कार्यक्रम को करें कामयाब



बलरामपुर ! इस वर्ष भारत के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं ऊर्जावान मुख्यमन्त्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मा० प्रधानमन्त्री जी के आह्वान पर 13–15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा कि भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में अन्य देशवासियों के साथ–साथ मदरसों की भी अग्रणी एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही है, स्वतन्त्रता सेनानियों को याद रखना तथा उनके बलिदान से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराना न केवल उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है बल्कि समय की मांग भी है। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा विस्तृत कार्ययोजना मदरसों को प्रेषित की गयी है जिसके अन्तर्गत मदरसों में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। डॉ. जावेद ने उत्तर प्रदेश के समस्त राज्यानुदानित एवं मान्यता प्राप्त मदरसों के समस्त प्रबन्धकों, प्रधानाचार्यों, शिक्षक–शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप अपने स्तर से इन कार्यक्रमों को अधिक अच्छे एवं आकर्षक ढंग से मनायें, इन कार्यक्रमों में क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित करायें जिससे मदरसों का सन्देश व्यापक रूप से जनता और समाज में जाये। डॉ. जावेद ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि सदैव की भांति राष्ट्रप्रेम की भावना जगाते हुए आजादी के इस अमृत महोत्सव में भी मदरसों, उनके शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं की भूमिका बढ़ चढ़ कर होगी साथ ही आप सभी अपने–अपने मदरसों में इस कार्यक्रम को बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित करके मदरसों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण को सकारात्मक दृष्टिकोण एवं दिशा प्रदान करेगें।

## समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक गजाला लारी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा निकाला गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी विकास खण्ड क्षेत्र





के नगर पंचायत में नकहनी चौराहे पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक गजाला लारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला गया।

समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक गजाला लारी ने पद यात्रा निकालकर लोगो के बीच हर घर तिरंगा फहराने की अपील की। यह पदयात्रा नकहनी चौराहे से आरंभ होकर गंडक नदी पुल होते हुए प्रताप रोड नूरीगंज बाजार पर समाप्त हुई। पदयात्रा को लेकर दोपहर 1 बजे से समाजवादी कार्यकर्ताओं सहित देशभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी ।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाशंकर यादव ने तिरंगा यात्रा में इकट्ठा हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। भावी चेयरमैन प्रत्याशी सतेंद्र कुमार गुप्ता ने नगर के समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं का तिरंगा यात्रा में शामिल होने पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान इस्माइल अंसारी धर्मदेव यादव,सुभम वर्मा, सुरेन्दर यादव, मेराज अंसारी,जयचंद्र सहानी, अवधेश यादव, राधेश्याम भारती, रामनिवास परसौनी, प्रभु नाथ यादव विधानसभा अध्यक्ष राहुल यादव जितेंद्र यादव रवि यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को धनघटा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

संत कबीर नगर । जिले की धनघटा पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी अर्जुन के पास से पुलिस ने 890 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया । पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय रवाना किया । पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा राम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धर पकड़ जारी है । इसी क्रम में धनघटा पुलिस ने एक आरोपी को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी अर्जुन पुत्र राजवंश बस्ती जनपद के कलवारी थानाक्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर बलाल का रहने वाला है । पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से 890 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक थाना धन घटा कृष्ण देव सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 8 ध 20 एन डीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया । उन्होंने बताया कि आरोपी को उप निरीक्षक अशोक कुमार दूबे ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेजा गया ।

## प्रथम पुरस्कार जामा मस्जिद अखाड़ा नं0 1 के तजियादार समसुद्दीन को मिला

- हुसैन के नारे से गुज उठा क्षेत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

भटनी,देवरिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत में मोहर्रम के पावन पर्व पर क्षेत्र के ताजिया का त्योहार के धूमधाम से मनाया गया जिसमें ठाकुर जी की कुटी में अखाड़ा नंबर एक के खिलाड़ियों द्वारा एक से बढ़ कर एक करिश्मा दिखे बताते चले कि भटनी बाजार नगर पंचायत में सदियो से परम्परा ताजिया का त्योहार को लेकर सभी मे एक से बढ़ कर मान्यता है कि ताजिया में सभी नगरवासी सम्मिलित हुए जो एक अखाड़ा नंबर एक का ताजिया आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ताजिया के जुलूस गांधी चौक से होते हुए मेंने रोड होते हुए विकास चौक, पर जुलूस में लकड़ा खेलते हुए 116 नंबर ढाले तक पहुचे वही नूरीगंज बाजार के भारी भीड़ देखने को मिला मोहर्रम एक महीना है, रेलवे ग्राउंड में होते हुए खिलाड़ी एक से बढ़ कर एक खेल प्रस्तुत किये जिसको देख सभी क्षेत्रवासियों का मन मोह लिया इसी क्रम में अफरोज खान ने नगर पंचायत स्थित ठाकुर जी की कुटी में अखाड़ा नंबर एक के खिलाड़ियो को प्रथम स्थान दिया तो वही अखड़ा दो को द्वितीय स्थान चाँदपार को दिया इसी दौरान



थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व शांति व्यवस्था के बीच ताजिया निकाला गया इसी क्रम में एसएसआई विनय सिंह, एसआई अभिमित कुमार, एसआई सुभाष यादव,हेड कांस्टेबल राजेश सोनकर, कांस्टेबल चन्द्रकान्त गौड़, संदीप यादव, महिला कांस्टेबल संगीता सिंह, बबिता पाण्डेय, आदि लोग उपस्थित रहे।

# 11 से 15 अगस्त तक घरों पर फहराए तिरंगा :अजय पाण्डेय

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

- नगर पालिका कर्मी घर घर बांट रहे तिरंगा

बलरामपुर। आदर्श नगर पालिका परिषद की तरफ से 25 वार्डों में हर घर तिरंगा लहराने को लेकर प्रत्येक अभिभावक को झंडा का वितरण किया जा रहा है नगर पालिका कर्मचारी अजय कुमार पांडे ने खंलवा वार्ड के उत्तरी एवं दक्षिणी मोहल्ले में घर घर तिरंगा वितरण करके लोगों को 11 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर फहराने की अपील की है।

नगर पालिका कर्मचारी ने वार्ड सभासद अनीता तिवारी के प्रतिनिधि अजीत तिवारी के साथ घर घर जाकर तिरंगा का वितरण किया है तिरंगा को किस तरीके से लहराना है उसकी भी जानकारी कर्मचारी ने दी है अजय कुमार ने कहा कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन होना है जिसके लिए नगर पालिका ने 2 वार्ड में तिरंगा वितरण की जिम्मेदारी दी है जिसे वह निर्धारित समय के भीतर पूरा कर दिया है नगर पालिका कर्मचारी अजय पांडे ने भाजपा नेता शिव कुमार द्विवेदी के आवास पर जाकर उन्हें तिरंगा दिया है इसी के साथ वार्ड नो रक्षा राम मिश्रा राम जन्म पांडे एडवोकेट धनीराम खजांची रिंकू द्विवेदी अभिषेक द्विवेदी भरत पांडे राहुल



मिश्रा मालिक राम तिवारी धर्मेंद्र शुक्ला हेमंत शुक्ला अशोक कुमार तिवारी के आवास पर जाकर तिरंगा देते हुए 11 अगस्त से 15 अगस्त तक घरों पर फहराने की अपील की है इसी क्रम में खलवा वार्ड दक्षिणी के सभासद नजीर रायनी आदि ने वार्ड में जाकर घर–घर कैमरा वितरण कार्य में सहयोग किया है घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका कर्मचारी दिन रात झंडा वितरण कार्य में जुटे हुए हैं।

## रेल बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत भटनी शाखा द्वारा विरोध प्रदर्शन

देवरिया भटनी मनोज कुमार यादव दैनिक अयोध्या टाइम्स

80 वर्ष पूर्व आज ही के दिन अग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया गया था, और अंग्रेजो को भारत छोड़ना पड़ा था, और वर्तमान सरकार की निजीकरण और श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आज दिनांक 09ध08ध2022 को आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कामरेड श्री शिव गोपाल मिश्रा जी के आव्हान पर एन. ई.रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री कामरेड श्री के. एल.गुप्ता जी के निर्देश पर वाराणसी मण्डल के साथ भटनी शाखा द्वारा शाखा मंत्री कामरेड श्री मनोज कुमार सिंह जी के नेतृत्व में रेल बचाओ, देश बचाओ अभियान



के तहत भटनी स्टेशन पर कैरेज एंड वैगन कार्यलय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया, सभा को संबोधित करते हुए शाखा मंत्री कामरेड मनोज सिंह जी ने बताया की रेल प्रशासन निजीकरण करने में जुटा हुआ है परन्तु नरमू ऐसा नहीं होने देगी और उन्होंने बताया कि ।प्त्थ् के आदेश पर एन. ई.रेलवे मजदूर यूनियन किसी भी कर्मचारी विरोधी नीति का जबरदस्त विरोध करेगी तथा उनके मनसुबो को पूरा नहीं होने देगी।।सभा में उपस्थित कामरेड अनिल कुमार, कामरेड आलोक सिंह, कामरेड बालिस्टर यादव, कामरेड हरेराम यादव, कामरेड आदर्श सिंह, कामरेड चंद्रशेखर चौरसिया, कामरेड कृष्ण कुमार पाण्डेय, कामरेड राकेश कुमार, कामरेड राकेश सिन्हा, कामरेड मुकेश मुर्मू, कामरेड मनोज तिवारी यादव, कामरेड जय किशन राजभर, कामरेड मोती, कामरेड आकाश कुमार, कामरेड उपेन्द्र कुशवाहा एवं अन्य कामरेड साथी की भूमिका रही।।

## मोहर्रम का त्यौहार प्रत्येक वर्ष हसन हुसैन की याद में ताजिया निकालकर जुलूस के रूप में मनाया जाता है

लहरपुर सीतापुर । मोहर्रम का त्यौहार प्रत्येक वर्ष हसन हुसैन की याद में ताजिया निकालकर जुलूस के रूप में मनाया जाता है इसमें गाजे बाजे के साथ हिंदू मुस्लिम सभी समुदायों के लोग आपस में मिलजुल कर इसे मनाते हैं ताजिया गांव तथा शहर में अधिकतर लोगों के घर में अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार छोटे बड़े साइज का ताजिया मंगा कर मुस्लिम तारीख के अनुसार 1 तारीख से प्रारंभ होता है तथा नंवी तारीख की रात में पहले से ही तय स्थानों पर रख दिए जाते हैं तथा सारी रात पुरुष व महिलाएं जागकर हसन हुसैन की याद में मासिया गाकर दुख जताया जाता है ।

बहुत से लोग अपने बिगड़े काम हो को सही रूप होजाने पर भी ताजिया मानते हैं तथा दसवीं तारीख में सुबह से गांव गांव जाकर सभी ताजियादार एक जगह इकट्ठे होते हैं और ताजिया जहां मिट्टी में रखे जाते हैं उसे कल बलाह कहते हैं कल बलाह में ताजिया दफन कर लोग अपने अपने घर आते हैं। उसी क्रम में लहरपुर क्षेत्र के अंतर्गत लहरपुर नगर केसरी गंज नवीनगर आदि गांव में बड़े ही धूमधाम से शांतिपूर्वक संपन्न हुआ इन कार्यक्रमों में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह इत्यादि चप्पे–चप्पे पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। इस बाबत जब कोतवाल राजीव सिंह से बात की तो उन्होंने बताया ताजिया का कार्यक्रम शांतिपर्वक संपन्न हुआ।



# राष्ट्रमंडल खेल 2022 बर्मिंघम में भारत की भूमिका

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

बर्मिंघम। शिक्षक एवं प्रशिक्षक आलोक द्विवेदी ने बताया कि इंग्लैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2022 की प्रतियोगिता 28 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित हुई। जिसमें भारत की ओर से 215 खिलाड़ियों के दल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 72 देशों के करीब 8000 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया।

इस बार 19 खेलों में 283 मेडल दांव पर थे।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का प्रतिनिधि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत ने किया। उद्घाटन अवसर पर भारतीय दल के 164 सदस्यों ने मार्च पास्ट में भाग लिया।

प्रतियोगिता में भारत का पदक वेटलिफ्टिंग से शुरू हुआ। जिसमें पहला स्वर्ण पदक वेटलिफ्टिंग में 49 किलो भार वर्ग में महिला वर्ग में मीराबाई चानू ने प्राप्त किया। पुरुषों की 55 किलो वर्ग में संकेत ने रजत पदक प्राप्त किया वही गुरुराजा पुजारी ने 61 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया। 67 किलोग्राम वर्ग में 19 साल के जेरेमी ने 67 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही जूडो में महिला वर्ग में 48 किलो भार वर्ग में सुशीला ने रजत पदक प्राप्त किया।

इस बार कॉमनवेल्थ प्रतियोगिता में लॉन बाउल्स में भारतीय खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया। भारत में पहली बार महिला वर्ग में स्वर्ण पदक तथा पुरुष वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। वही वेटलिफ्टिंग में विकास ठाकुर ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया।

पुरुष टेबल टेनिस में भारत में सिंगापुर हो 3–1 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही लवप्रीत ने 109 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

वही कुश्ती में भारतीय पहलवानों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया जिसमें भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया । अंशु मलिक ने रजत पदक प्राप्त किया। विनेश फोगाट 53 किलो भार वर्ग में और रवी दहिया 57 किलो भार वर्ग में दो स्वर्ण पदक दिलाए। साक्षी मलिक ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया।

वही एथलेटिक्स में ऊंची कूद में तेजस्विनी ऊंची कूद में 2 दशमलव 22 मीटर पूछ कर कांस्य पदक प्राप्त किया है।







वही पैरा पावर लिफ्टर सुधीर ने दमदार प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने।



एथलेटिक्स में ट्रैक एंड फील्ड्स में 3000 स्टेपल चेज में अविनाश व प्रियंका ने 10000 मीटर की पैदल चाल में रजत पदक जीता।

मुक्केबाजी में नीतू ने 48 किलोग्राम वर्ग में, अमित 51 किलोग्राम में और नवीन वह 50 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता।

एथलेटिक्स में ट्रिपल जंप में इतिहास रचते हुए पहली बार स्वर्ण पदक तथा रजत पदक दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने प्राप्त किए। अल्टोस पाल ने स्वर्ण पदक तथा अंबु ने रजत पदक प्राप्त किया। अनु रानी ने जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक प्राप्त कर कर इतिहास रचा।

वही हॉकी महिला वर्ग में भारत में न्यूजीलैंड को शूटआउट में दो के मुकाबले एक गोल से हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया तथा पुरुष हॉकी वर्ग में भारत ने रजत पदक प्राप्त किया। महिला क्रिकेट में भारतीय टीम को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। पैरा टेबल टेनिस में भावना हसमुख भाई पटेल ने स्वर्ण पदक और सोनल बेन मनुभाई पटेल ने कांस्य पदक जीता।

बैडमिंटन में लक्ष्य सेन तथा पीवी सिंधु के अलावा सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने तीन स्वर्ण पदक दिलाया। वही टेबल टेनिस में भारतीय दल के सबसे उम्र दराज 40 साल की शरद कमाल ने एकल में स्वर्ण पदक दिल आया।

भारत ने इस तरह से राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण पदक, 16 का रजत पदक, 23 कांस्य पदक सहित 61 पदक प्राप्त कर कर पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। पदक तालिका में प्रथम स्थान पर ऑस्ट्रेलिया 67 स्वर्ण पदक, 57 रजत पदक, 54 कांस्य पदक समेत 178 पदक प्राप्त किए, दूसरे स्थान पर इंग्लैंड ने 57 स्वर्ण पदक, 66 रजत पदक, 53 कांस्य पदक समेत 176 पदक प्राप्त किए, तीसरे स्थान पर कनाडा ने 26 स्वर्ण पदक, 32 रजत पदक, 34 कांस्य पदक समेत 92 पदक प्राप्त किए, चौथे स्थान पर भारत ने 22 स्वर्ण पदक, 16 रजत पदक, 23 कांस्य पदक समेत 61 पदक प्राप्त करके चौथे स्थान पर रहा।

इस तरीके से अगर हम विचार करें जब हमारा पूरा भारत देश आजादी की 75 वी वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है उसमें यह उपलब्धि एक जबरदस्त तोहफा है।





बर्मिंघम में तिरंगे की धूम में पहली बार भारत ने लॉन बाउल्स स्पर्धा में महिला वर्ग में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता और पुरुष वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। पैरा पावर लिफ्टिंग में सुधीर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बैडमिंटन में भारत ने 3 स्वर्ण पदक, एकल में वर्चस्व कायम रखा। लंबी कूद में मुरली शंकर पहली बार कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय स्लीट बने। महिला क्रिकेट में भारतीय टीम को रजत पदक प्राप्त हुआ।

इस तरीके से अगर हम देखते हैं तो यह प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा और जब हम सब मिलकर भारत की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं तो हम सब देश खेल प्रेमियों के लिए एक सुखद अनुभूति है।

# संक्षिप्त समाचार

## तिरंगा अभियान को लेकर प्रधान ने निकाली जागरूकता रैली

अयोध्या टाईम्स रिपोर्टर सद्दाम हुसेन फुरसतगंज अमेठी।
प्रधान संग दर्जनों पुरुष तथा महिलाओं ने तिरंगा यात्रा निकाल ग्रामीणों के बीच हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता की अलख जगाई। आजादी के अमृत महोत्सव पर जहां देश में जगह जगह हर घर तिरंगा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में ग्राम पंचायत तरौना के प्रधान राम



विशुन के नेतृत्व में दर्जनों पुरुष तथा महिलाओं ने तिरंगे संग ग्राम पंचायत का भ्रमण करते हुए जागरूकता की अलख जगाई। ग्राम पंचायत भवन पहुंच कर यात्रा का समापन हुआ। जहां मौजूद लोगों ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान रामविशुन पंचायत सेक्रेटरी अंजना यादव रोजगार सेवक राम बहादुर, पंचायत सहायक अर्जुन कुमार , सुशील गिरी, समाजसेवी समहर बहादुर सिंह, सतगुरु मौर्या, रमेश मौर्या आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी ने चालू किया घर घर झण्डा लगाओ अभियान, हर घर तिरंगा फहराने का लिया संकल्प

ब्यूरो चीफ श्याम बहादुर यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी,
जिले में हर घर तिरंगा लगाने के अभियान में सपाई पूरी मुस्तैदी के साथ जुट गए हैं।समाजवादी पार्टी के मुखिया के निर्देश पर पूरे प्रदेश में घर घर झंडा लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। विदित हो कि समाजवादी



पार्टी के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा झंडा लगाने का निर्देश पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने विधानसभा गौरीगंज के शाहगढ़ विकास खण्ड के कपूरपुर ग्राम सभा से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद विभिन्न ग्राम सभाओं में घर घर जाकर झण्डा लगाओ अभियान को चलाया। जो अनवरत 15 अगस्त तक चलता रहेगा। इसके अलावा उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पार्टी के सदस्यता अभियान में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, मीडिया प्रभारी रामकेवल यादव, विरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, सूबेदार यादव, कालिका पाण्डेय, रामराज चौरसिया, शेष नारायण, ओम प्रकाश, अर्जुन, मनीष, अमित, कमरान आदि सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मकान की छत गिरने से बच्चे हुए घायल

एस०बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठीध्शाहगढ
घर के लिंटर तोड़ते समय छत गिरने से दो बालक घायल हो गए।



परिजनों ने इलाज के नजदीक के अस्पताल ले गए जहां इलाज बाद उन्हें घर भेज दिया। कोतवाली मुसाफिरखाना के दक्खिन गांव वासी ननकऊ पुत्र बुध्दु के लिंटर को दया शंकर पुत्र करम बली उम्र 12 वर्ष व रमन पुत्र रमेश उम्र 9 वर्ष तोड़ रहे थे। अचानक घर की छत भरभरा नीचे गिर गई। जिससे दोनों बालक और घर स्वामी जख्मी हो गए। ग्रामीण और परिजन आनन फानन में इलाज के लिए ले गए। जहां इलाज के बाद डाक्टर ने घर भेज दिया। जिनकी हालत सामान्य है।

### अनुशासन और नियमित दिनचर्या सकारात्मक सोच मन को शांत करता है - मनोज कुमार इलाहाबादी

ओंकार नाथ चौधरी
जनपद बलरामपुर सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आनलाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वाराआयोजित किया गया बलरामपुर,लखनऊ,उन्नाव, प्रतापगढ़ सीतापुर, श्रावस्ती रायबरेली, प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर, कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।
डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयागराज ने कहा कि शांति मन उतना ही रखना चाहिए जितना आवश्यक हो आवश्यकता से अधिक शांत होना नुकसानदायक है जिस तरीके से खाली बगीचे में घास फूस उठ जाती है उस तरीके से अनावश्यक शांत होने पर हमारे मन में नकारात्मक उर्जा उत्पन्न हो सकती है



रामकेश जी रायबरेली में कहा कि शांति के लिए मेडिटेशन शुद्ध शाकाहारी खानपान और अपना एक संतुष्ट मन से बनाया गया लक्ष्य, तभी अपना और अपने समाज का विकास हो सकता है।
रामकुमार पासी जी जबलपुर द्वारा कहा गया कि सुबह का टहलना प्राकृतिक आनंद लेना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।
राज कुमार सरोज जौनपुर ने कहा कि शाकाहारी भोजन से मन को शांति मिलता है सुबह का टहलना और दूसरों की मदद करना भी मन को शांत मिलता है। इस कार्यक्रम का संचालन श्री ज्ञानप्रकाश जी लखनऊ व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया ।
इस कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ , डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयाग राज , श्री राम कुमार पासी जबलपुर,नवीन भारती नालंदा बिहार, रामहित भारती प्रयागराज शिवराम रावत उन्नाव,गोविंद कुमार उन्नाव,रामकेश जी रायबरेली , बालकराम हरदोई, राज कुमार सरोज जौनपुर, देशराज पासी ,मनोज कुमार इलाहाबाद, प्रेमनाथ ,राज हिंदुस्तान ,राम मूरत सरोज ,संतोष सरोज ,योगराज जी दिल्ली, जितेंद्र कुमार, मुकेश राजेश रावत ,अरविंद साहनी, अरुण कुमार सरोज, नीरज सरोज ,त्रिवेंद्र रावत आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का समापन श्री वीरेंद्र कुमार बर्मा हरदोई द्वारा किया गया।

## सीटेड के बैनर तले हर घर तिरंगा व जल जीवन मिशन के बारे में दी गई जानकारी

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स जगदीशपुर। अमेठी विकाश खण्ड छेत्र के अंत्रगत् ग्राम सभाओ में शुद्ध पेयजल योजना के तहत भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के प्रयोजन से हर घर जल जल जीवन मिशन योजना के तहत विकास खण्ड जगदीशपुर के ग्राम पंचायत मलावा और मंगरौली में सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इण्टर यादव बीसी सखी ने प्रदूषित जल से होने वाले विभिन्न तरह के रोगों के बारे में जानकारी प्रदान की। तथा महिलाओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न तरह के टिप्स बताएं। ग्राम पंचायत मंगरौली के पूर्व प्रधान ललिता प्रसाद ने कहे कि हमे रोग मुक्त रहने के लिए सरकार के योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी शैलेंद्र



प्रिन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड के द्वारा जानकारी दी जा रही है। जिसमें टीम लीडर उदय नाथ मिश्र ने हर घर तिरंगा और हर घर जल के बारे में जानकारी देते हुए कहे की सभी समुदाय के लोग जागरूक हो जाएं ।और सरकार द्वारा दिया जा रहा शुद्ध पेयजल को प्रयोग में लाएं जिससे हम रोग मुक्त हो सके। और समय–समय पर फिल्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से अपने पानी को चेक कराएं।
इस कार्यक्रम में जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह की श्रीमती अंजू कुमार श्रीवास्तव ने सरकारी योजनाओं के बारे में समुदाय के लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक किया। साथ ही आश्वासन दिए कि हम लोग हमेशा समुदाय के लोगों को शुद्ध पेयजल पीने हेतु प्रेरित करेंगे इस कार्यक्रम में अजय कुमार, जय प्रकाश, साधना उस्मा केश नारायण, राकेश, विजय, लता ,प्रेमा देवी, रुक्मणी, मानसी, नीलू ,रामचंद्र, राजू ,आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अंत में आए हुए अभिषेक तिवारी ने सबको धन्यवाद ज्ञापन प्रदान किए।

## लाल बंगला के विभिन्न मार्ग से निकाली गई तिरंगा यात्रा

हर घर तिरंगा लहराए संकल्प कर हजारों लोगों ने दो पहिया व चार पहिया वाहन के साथ भारत माता का उद्घोष लगाकर यात्रा निकाले।
अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम कानपुर मंगलवार उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व मे केन्द्रीय कार्यालय से मोटरसाइकिल व स्कूटर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करते हुए हर घर तिरंगा लहराए और हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई।जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि हर घर मे 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर मे तिरंगा लहराने के लिए आम जनमानस को जागरूक किया जाए गया व 75 वे अमृत महोत्सव में घर घर राष्ट्रीय ध्वज को लहराया जाएगा,और तिरंगे का सम्मान होगा। तिरंगा यात्रा सुभाष रोड, त्रिमूर्ति मंदिर, रामादेवी, हरजिंदर नगर, लाल बंगला, एन टू रोड, केडीए कालोनी, डिफेंस कालोनी, जे के कालोनी से निकली।
जिसमे 13 अगस्त से 15 अगस्त





2022 तक घर घर तिरंगा फहराए जाने का संकल्प लिया।
राष्ट्र भक्ति के गीत की घुनो पर कार्यकर्ता झूमते नजर आये।
जिसमे मुख्य रूप से उपसभापति कैलाश पाण्डेय, पार्षद नन्दू शुक्ला, पार्षद सौरभ मिश्रा, अभिताब पाण्डेय, मनोज शर्मा, दिलीप कुमार मिश्रा, सुमित बघावन, काशी मिश्रा,दिनेश मिश्रा (शास्त्री), लालू पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## नहाने गया 14 वर्षीय बालक डूबा, एसआई कल्पनाथ सिंह की उपस्थिति में तलाश जारी

संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव
जिले के बखिरा थानाक्षेत्र के गोनहा घाट का मामला
संत कबीर नगर । जिले के बखिरा थानाक्षेत्र के आमी नदी पर बने गोनहा घाट पर नहाते समय एक बालक डूब गया । सूचना पर बखिरा थाने के उप निरीक्षक कल्पनाथ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर बालक की तलाश में जुटे हैं । आस पास के लोग नदी में उतर कर बालक की खोज में लगे हुए हैं । तीन घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद भी बालक का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है । बखिरा पुलिस ने बताया कि अनुराग यादव पुत्र अमरनाथ यादव ग्राम देवकली थाना बखिरा का रहने वाला है । वह अपने दो अन्य साथियों के साथ रविवार को गोनहा घाट पर स्नान कर रहा था । इसी



बीच अनुराग नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और नदी में डूब गया । उसके दोनों साथी निकल कर चिल्लाने लगे । कुछ ही देर में आसपास के गांव के भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए और बालक की तलाश करने लगे । डायल 112 की पुलिस और बखिरा थाने के उप निरीक्षक कल्पनाथ सिंह भी घटनास्थल पर पहुँच कर तलाश में जुटे हैं । अभी तक किसी गोताखोर के पंहुचने की सूचना नहीं है और न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी ही मौके पर पहुंचा है । बालक के परिजनों का रो कर बुरा हाल है । बताया जाता है कि अनुराग दो भाई है ।

### मुहर्रम के शुभ अवसर पर लाठी भाला खेल खेला गया

धीरेन्द्र कुमार प्रखंड संवाददाता पिपरा सुपौल )
पिपरा मैं मुहर्रम के शुभ अवसर पर लाठी भाला खेल खेला गया जिसमें पिपरा



बाजार , तेतराही दीनापट्टी और सीमरिया सभी मुस्लिम समुदाय के ताजिया के साथ खुशी का आभार प्रकट किया गया जिसमें पिपरा पुलिस का एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिसके कारण मैला शान्ति माहौल मैं सम्पन्न हुआ।

## या हुसैन की सदाओं के साथ फुरसतगंज में निकला मोहर्रम का जुलुस, नम आंखों से अजादारों ने दफ्न किए ताजिये

अयोध्या टाईम्स रिपोर्टर मोहम्मद सद्दाम फुरसतगंज /अमेठी , क्षेत्र के फुरसतगंज बाजार में मंगलवार को बहुत ही गमगीन माहौल में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। 10 मोहर्रम यानि आशूरा के दिन इमाम हुसैन और सिलसिला शुरू हो गया। उसके बाद कई घरों के साथ साथ , दरगाहे आलिया व पूरे बस्ती में मजलिस हुई। मजलिस के बाद आमाल ए आशूरा किया गया, जिसमें भारी तादाद में लोगों ने शिरकत की।





उनके 71 साथियों की याद में ताबूत निकाला गया। या हुसैनदृया हुसैन की सदाओं के साथ अजादारों ने इमाम हुसैन का ताबूत उठाया और मातम करते हुए जुलूस निकाला।
सुबह से ही मजलिसों का ताबूत, अलम और ताजिया के साथ जुलूस तयशुदा मार्ग से मस्जिद पहुंचा। जहां लोगों ने नमाज पढ़ी। नमाज के बाद अंजुमन सिपाहे हुसैनी के नौजवानों ने जंजीरजनी कर बीबी फातेमा को उनके लाल का पुरसा दिया। । इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और भारी पुलिस बल तैनात रहा।
क्यों मनाया जाता है मोहर्रम ?
आज से करीब 1400 साल पहले कर्बला में इंसाफ की जंग हुई थी। इस जंग में पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ शहीद हो गए थे। इस्लाम की रक्षा के लिए उन्होंने खुद को कुर्बान कर दिया था। यह घटना मुहर्रम के 10वें दिन यानी रोज–ए–आशूरा के दिन हुई थी। इसी कारण मुहर्रम की 10 तारीख को ताजिए निकाले जाते हैं।
इस दिन शिया समुदाय के लोग मातम मनाते हैं, मजलिस पढ़ते हैं और काले रंग के कपड़े पहनकर शोक व्यक्त करते हैं। इस दिन शिया समुदाय के लोग भूखे–प्यासे रहकर शोक व्यक्त करते हैं। ऐसा मानना है कि इमाम हुसैन और उनके काफिले के लोगों को भी भूखा रखा गया था और उन्हें इसी हालत में शहीद किया गया था। रिपोर्टर मोहम्मद सददाम फुरसतगंज

## मवेशियों को पिकअप में भरकर बुचड़खाना ले जानें वाला 02 आरोपी को थाना हसौद पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक डिमाण्ड पर भेजा गया

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के थाना हसौद में प्रार्थी यादराम पटेल निवासी परसदा थाना हसौद द्वारा थाना हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मिलन चौक हसौद के पास समारू यादव उम्र 36 वर्ष निवासी छोटे गंतुली थाना कोसीर जिला रायगढ़ हाल मुकाम हसौद एवं प्रकाश सतनामी उम्र 30 वर्ष निवासी घटमडवा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार द्वारा अपने पिकअप क्रमांक सी जी 12 ए क्यु 6302 में कुल 13 नग मवेशी को ठूसाठूस क्रूरता पूर्वक बिना सुरक्षा व्यवस्था के बुचड़खाना ले जानें कि रिपोर्ट किया गया जिस पर तत्काल थाना हसौद पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर समारू यादव उम्र 36 वर्ष निवासी छोटे गंतुली थाना कोसीर जिला रायगढ़ हाल मुकाम हसौद एवं प्रकाश सतनामी पिता मोतीराम उम्र 30 वर्ष निवासी घटमडवा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 नग मवेशी एवं वाहन पिकअप क्रमांक सी जी 12 ए क्यु 6302 को बरामद किया गया जिस पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 122/2022 धारा 6 ,10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु संरक्षण अधिनियम पंजीबध्द कर दोनों आरोपियों को दिनांक 09/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक डिमाण्ड पर भेजा गया उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक योगेश



पटेल, सह उपनिरीक्षक लखपति प्रधान, प्रधान आरक्षक पुरन लाल कैवर्त, आरक्षक मिरिश साहू, घनश्याम पांडेय, मनोज कोशले , जयप्रकाश गबेल एवं शिवगोपाल रात्रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## वार्ड 18 के विश्वकर्मा नगर में मनी मुहर्रम

नियामतपुर । इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार मोहर्रम का महीना साल का पहला महीना होता है इसी महीने में इमाम हसन और हुसैन का यजीदी यो द्वारा शहीद कर दिया गया था। मोहर्रम के दस तारीख को मातम रूपी पर्व शहादत पर्व के रूप में मनाया जाता है। पूरे दुनिया के साथ–साथ आसनसोल के कुल्टी विधानसभा अंतर्गत 18 नंबर वार्ड के विश्वकर्मा नगर में मुहर्रम मनाया गया । यहां का विशेषता है यहां कोई भी पर्व होता है। दो अगल बगल में मंदिर और दरगाह है दोनों जगह को रोशनी से सजाया जाता



है और यहां सभी लोग आपस में मिलजुल कर हर पर्व को मनाया करते हैं, जो राष्ट्रीय एकता का सबूत है। यह उदाहरण पूरे देश में होना चाहिए तभी भाईचारा और आपसी सौहार्द कायम हो सकेगा। आजादी के 75 वें वर्षगांठ में शानदार उदाहरण है एकता का प्रतीक। इस अवसर पर आसनसोल नगर निगम के एम एम आई सी इंद्राणी मिश्रा, 18 नंबर वार्ड के तृणमूल कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी तपन मंडल, 19 के पार्षद उषा रज्जक, 59 नंबर वार्ड के तृणमूल कांग्रेश के पूर्व प्रत्याशी कंचन राय, 61 नंबर वार्ड के पार्षद आदिनाथ पुतन्डी के साथ–साथ तृणमूल कांग्रेस के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला अल्पसंख्यक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सय्यद अफरोज, जिला कमेटी के सदस्य सिराज राजदान विशेष रुप से शामिल हुए ।

## सालनपुर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया

सलानपुर । राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रेरणा पर सलानपुर पंचायत समिति के नेतृत्व में सलानपुर प्रखंड के रूपनारायणपुर नंदनिक सभागृह में पश्चिम बर्दवान जिले का विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी एस. अरुण प्रसाद, आसनसोल के मेयर एवं बाराबनी विधायक विधान उपाध्याय, जिलाध्यक्ष सुभद्रा बाउरी, अपर जिलाधिकारी संजय पाल, जिला परिषद पदाधिकारी मोहम्मद अरमान एवं सदस्य कैलाशपति मंडल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति ने संयुक्त रूप से की। इस दिन के समारोह में, अतिथिगणों को उत्तरीय और फूलों के गुलदस्ते से सम्मानित किया गया। और आदिवासी समुदाय के सदस्यों को उत्तरीय और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इसके अलावा आदिवासी समाज में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्कूल बैग और लैपटॉप प्रदान किए गए। इसके अलावा, दूसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को विशेष रूप से एक स्कूल बैग और एक टैब से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में आदिवासी समुदाय को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम परिसर में कई स्टाल लगाए गए। इस संदर्भ में जिलाधिकारी एस अरुण प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर दुआरे सरकार में आदिवासी समुदाय के लिए विशेष सुविधाएं की गयी हैं। ताकि आदिवासियों को सरकार की हर योजना का लाभ मिल सके। इसके अलावा, उन्हें जय जौहर पेंशन सहित विभिन्न लाभ दिए जाते हैं। इस संदर्भ में विधायक व मेयर



विधान उपाध्याय ने कहा कि देश को स्वतंत्र बनाने में आदिवासी समाज का बहुत योगदान है. राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके लिए कई प्रोजेक्ट किए हैं और हमेशा उनके साथ खड़ी रहीं। इतना सुंदर आयोजन देखकर मैं बहुत खुश हूं। यूएनओ द्वारा 1994 में यह तय किया गया था कि हर साल 9 अगस्त को आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। आदिवासी समुदाय के लिए आज का दिन बहुत बड़ा है, इसलिए वे हर साल इस दिन को मनाते हैं। इस अवसर अन्य अतिथियों में सलानपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष फाल्गुनी कर्मकार घासी, उपाध्यक्ष विद्युत मिश्रा, सालनपुर बीडीओ राजेश कुमार, समाजवादी भोला सिंह और अन्य ग्राम पंचायत मुख्य उप प्रमुख सहित लोग उपस्थित थे।

## नितुरिया के गोबाग में विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष कार्यक्रम अयोजित किये गए

नितुरिया । नितुरिया ब्लॉक तृणमूल एस टी सेल की ओर से मंगलवार को गोबाग स्थित मैदान में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संथाली लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू, बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू, तिलक मुर्मू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर नितुरिया पंचायत समिति की अध्यक्षा सरस्वती टुडू सोरेन, उपाध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव, सालतोड़ अंचल तृणमूल के अध्यक्ष संजय यादव, महेंद्र साव, शेख बनी आमीन, गुणाराम गोप, साधन माजी, राधेश्याम साव, सोनाली हेम्ब्रम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार मंगलवार को नितुरिया ब्लॉक के गोबाग स्थित मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नीतूरिया ब्लॉक एचडी सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में आदिवासी महिलाएं व पुरुष गोबाग मोड़ से जुलूस के रूप में पारंपरिक हथियारों के साथ नगाड़ा बजाते हुए पैदल सभा स्थल पर पहुंची। यहां प्रथम क्रांतिकारी तिलक मुर्मू, बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू, संथाली लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य आदिवासी सहित लोगों को अंग वस्त्र तथा फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए क्षेत्रीय आदिवासी प्रथम श्रेणी



से पास छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।
इस दौरान अपने संबोधन में नितुरिया पंचायत समिति के उपाध्यक्ष शांति भूषण प्रसाद यादव ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन सिर्फ माल्यार्पण तक ही नहीं, बल्कि बताना चाहते हैं कि हम सभी आदिवासी महिलाओं पुरुषों को लेकर सोंच विचार कर रहे हैं, सुख दुख में उनके साथ खड़े हैं। ताकि कोई वंचित न रह जाए। हर सुख–सुविधा का उन्हें लाभ मिले।

# संक्षिप्त समाचार

## स्टेट हाईवे के गड्ढे में बाइक से उछलकर महिला गिरी हुई घायल, जिला अस्पताल रेफर

शाहजहांपुर। जिले की तहसील जलालाबाद के ग्राम पंचायत दिऊरा के रणवीर अपनी पत्नी को अल्लाहगंज दवाई लेने जा रहे थे। रास्ते में ठिगरी पुलिया के पास स्टेट हाइवे के गढ्ढ़े के कारण मोटरसाइकिल से उछलकर गिर गई ।जिससे महिला पिंकी कुशवाह गम्भीर रूप से घायल हो गयी ।वही राहगीर सलमान भाई ने अपनी गाड़ी दे सीएससी जलालाबाद में भर्ती कराया मानवता दिखाने के लिए सलमान भाई की भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है जहां हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हर घर तिरंगा मुहिम का हिस्सा बनते हुए सपा के तनवीर खाँ ने अपने घर में लगाया तिरंगा



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने हर घर तिरंगा मुहिम का हिस्सा बनते हुए शहर के मोहल्ला महमंद जलाल नगर स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीयध्वज तिरंगा झन्डा लगाया ।जिसके बाद तनवीर खाँ ने मोहल्ला तारीन जलाल नगर में अपने सपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर सपा कार्यकर्ताओं के घर भी तिरंगा लगवाया ।इस मौके पर नि.सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज, फैसल,जिला सचिव, रवि प्रकाश वर्मा, हाजी सैफ रजा,शैलेंद्र पांडे, तालिब खां, अय्यूब कुरैशी, विकास यादव,शादान,इमरान खां,जितेंद्र वाजपेई आदि सपाई मौजूद रहे।

## काकोरी रेल एक्शन की वर्षगांठ के अवसर एनसीसी बैण्ड के साथ निकाली गयी रैली

- काकोरी रेल एक्शन की वर्षगांठ के अवसर एनसीसी बैण्ड के साथ निकाली गयी रैली,शहीदों की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया नमन,भारत के गौरव राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को एनसीसी बैंड के साथ दी गयी सलामी

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत काकोरी रेल एक्शन की वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वाधीनता संग्राम में अपना अमूल्य योगदान देने वाले अमर शहीदो को नमन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन से एन.सी.सी. के छात्र छात्राओं एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा एन.सी.सी. बैंड के साथ एक भव्य रैली निकाली गयी। रैली का आयोजन जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री एस आनंद द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। यह रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ हुई। टाउन हॉल पहुंच कर शहीदों की प्रतिमाओं पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ ही रैली में उपस्थित सभी अधिकारियों ने माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया तथा आजादी में दिए गए उनके योगदान को याद किया। इसके पश्चात शहीद उद्यान पार्क में भारत के गौरव राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को एनसीसी बैंड के साथ जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एस आनंद सहित सभी अधिकारियों ने सलामी दी। इसी क्रम में



रैली के साथ सभी अधिकारियों द्वारा खिरनीबाग पहुंच कर शहीदों को याद करते हुए शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर रैली संपन्न की गई ।
कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रामसेवक द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक शौकीन सिंह यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बेहट में गमे हुसैन बड़ी शिद्दत के साथ मनाया गया

रिपोर्ट–अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर। जानकारी देते हुए शाह पीरु मियां ने बताया आज बेहट मे नही देशभर में मुहर्रम मनाया जा रहा है और महीने की शुरुआत 31 जुलाई 2022 से हो गई थी और इसके 10वें दिन आशूरा होता है जिसे मातम का दिन कहते हैं. मुहर्रम 2022: इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार भारत में मुहर्रम का महीना 31 जुलाई 2022 को शुरु हुआ था और इसके



10वें दिन यानि 9 अगस्त को आशूरा है।
मुहर्रम का इतिहास: कर्बला की जंग हजरत इमाम हुसैन और बादशाह यजीद की सेना के बीच हुई थी. मान्यताओं के मुताबिक, मुहर्रम के महीने में 10वें दिन ही इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान कर दी थी. इसलिए मुहर्रम महीने के 10वें दिन मुहर्रम को मनाया जाता है. बता दें कि 1400 साल पहले कर्बला में जंग हुई थी। शाह पीरु मियां,अदील अहमद ,नवीद अहमद ,बिलाल अहमद, सैफी मिया ,जैनुल आबेदीन,तमहीद हुसैन,रियाज हुसैन, शेरे अली, शाहजेब शाह, साबिर खान, शाह मोहसिन, समीर खान, तमजीद अली, हुसैनी, राजी शाह, मुराद राव, असद खान, मोहम्मद अहमद काजमी, पीरजी जमील रहमान सैयद , राजी शाह सुहैल ,शाह सैयद मुर्तजा, बॉबी महताब सैय्यद शिबली सैय्यद, शाह अजीम आदि उपस्थित रहे।

## नहीं थम रहा तेज रफ्तार का कहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य
बछरावा,रायबरेली। कस्बा अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वाद ढाबा के पास डीसीएम व ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत। ट्राली पर बैठा पल्लेदार रोड पर नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक व पल्लेदार को सीएचसी बछरावां पहुंचाया। जहां पर पल्लेदार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी अनुसार प्रेम नारायण 45 वर्ष पुत्र ननकऊ निवाशी दुर्गन टोला बछरावा मंगलवार सुबह 8 बजे ट्रैक्टर ट्राली से चावल लादकर बन्नावा जा रहे थे। तभी रायबरेली रोड पर स्वाद ढाबा के निकट तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी । चावल



से लदी ट्राली के ऊपर बोरियों पर बैठा पल्लेदार रोड पर गिरकर पड़ा और मौत हो गई ।वही डीसीएम चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जिला गन्ना अधिकारी किसान सहकारी चीनी मिल तिलहर में मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य का किया निरीक्षण



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। किसान सहकारी चीनी मिल तिलहर मे किये जा रहे मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य का निरिक्षण जिला गन्ना अधिकारी शाहजहांपुर द्वारा किया गया स अब तक चीनी मिल द्वारा मिल हाउस, पॉवर हाउस, बॉयलर,बॉयलिंग हाउस का कार्य 36: तक पूर्ण कर लिया गया है स शेष कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिये जायेगे स जंग बहादुर यादव, प्रधान प्रबंधक चीनी मिल तिलहर द्वारा बताया गया कि आगामी पेराई सत्र 2022–23 के लिये चीनी मिल समय से तैयार हो जाएगी स मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है स पिछले पेराई सत्र मे चीनी मिल ने 24–11–2021 को पेराई सत्र का शुभारम्भ किया था स आवंटित क्षेत्र का समस्त पेराई योग्य गन्ना पेरने के बाद चीनी मिल 16–04–2022 को बंद हुई थी स तिलहर चीनी मिल द्वारा विगत पेराई सत्र मे 32.44 लाख कु. गन्ने की खरीद किया था स तिलहर चीनी मिल 2500 टी. सी. डी. क्षमता की चीनी मिल है स वर्तमान मे पूरे जनपद मे गन्ना सट्टा प्रदर्शन का कार्य चल रहा है जिसे 31 अगस्त तक पूरा करा लिया जायेगा स इस दौरान किसानो से प्राप्त आपत्तियों को दूर किया जायेगा तथा नये सदस्यो की भर्ती की जायेगी स 1 सितम्बर से 10 सितम्बर के बीच किसानो को प्राथमिक कैलेंडर ऑनलाइन उपलब्ध करा दिये जायेगे स इस दौरान दामिनेष राय मुख्य गन्ना अधिकारी तिलहर चीनी मिल, उमाकांत द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक तिलहर व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भोले की बारात में बाराती बना पूरा शहर महानगर पूरा हुआ शिवमय

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। प्रशिद्ध शिव बारात में बाराती के रूप में लाखो की संख्या में लोग उमड़े सड़के ठसाठस भरी थी महिलाएं बच्चे भी बाराती बने झांकी के रूप में मानो एक दिन का पूरा स्वर्गलोक धरातल पर आ गया हो, पूरा शहर भोले मय हो गया शहर में सावन के अंतिम सोमवार को महानगर से भजन सम्राट गुलशन कुमार समिति के अध्यक्ष एनाउंसरध्वैधराज किशन व आशीष गुप्ता के नेतृत्व में 23वी शिव बारात निकाली गई। बारात का विहंगम दृश्य देखकर हर कोई बोल उठा वाह...शानदार...गजब...बेमिसाल। शिव बारात में करीब करीब 2 लाख शहर वासी बराती बनकर झूमते भोले बम भोले के नारे लगाते हुए डीजे के पीछे झूमकर डांस करते हुए चल रहे थे। शिव बारात में अनेक डीजे थे हर डीजे के पीछे हजारों की संख्या में शिव बराती मस्ती में झुमके गाते हुए चल रहे थे। शिव बारात को देखने के लिए घरों की छतें भरी हुई थी। सड़को पर पैर रखने की जगह नही थी। शिव बारात को निकलवाने में प्रशासन व पुलिस ने भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की हुई थी। बारात में चप्पे पर नजर रखने को खुफिया पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए देखे गए। शिव बारात को लेकर महानगर के बाशिंदों में जबरदस्त उत्साह था यही कारण है कि जगह जगह पानी के पाउच प्रसाद वितरण कराया जा रहा था।
शिव बारात पर सड़को से गुजरने पर महानगर की जनता ने शिव स्वरूप समस्त प्रतिमाओं पर जमकर पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। शिव बारात में सबसे अहम रोल महानगर के लाखों युवाओं ने निभाया। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि ऐसी भव्यता न तो पहले थी आगे और इसमें चार चांद लगे नजर आएंगे ऐसी सभी को आशा है। भजन सम्राट गुलशन कुमार सेवा समिति के संस्थापक वैधराज किशन व आशीष के नेतृत्व में शिव बारात चौक से शुरू हुई मंडी कच्चा कटरा घण्टाघर सदर बाजार रात ठीक 12 बजे पहुची थी इसके बाद बारात का अगला पड़ाव महानगर की छोटी काशी कहे जाने वाले बाबा विश्वनाथ मंदिर पहुची। मंदिर में देव स्वरूपों के पूजन के बाद बारात का विसर्जन किया गया। शिव बारात में देव स्वरूपों की शानदार झांकियों ने हर किसी को आकर्षित किया। शिव भोले की बारात में समाजसेवी ओलंपिक संघ सचिव नरेंद्र त्यागी, समाज सेवी विनय अग्रवाल,गिरीश सिंह,मनीष गुप्ता,अग्निवेश गुप्ता,राहुल मिश्रा,आलोक मिश्रा,सचिन मिश्रा(दीप),किशोर गुप्ता,सचिन बॉथम,प्रभाकर वर्मा,कपिल सिंह,शिवम वर्मा कुलदीप योगेंद्र किशन त्यागी आकाश गुप्ता,विनय गुप्ता, शेखर त्यागी हनी रजत साधु गौरव मोहिंम हितेष राहुल गौरव राजीव सहित दर्जनों समिति सदस्यों का सहयोग रहा। शिव बारात में लाखों लोगों ने सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम में सुरक्षा में पुलिस बल का खास सहयोग रहा।

## हर घर तिरंगा अभियान का ब्लाक प्रमुख ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
बंडा–शाहजहांपुर। बंडा सीएचसी पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत ब्लाक प्रमुख डॉक्टर ओम प्रकाश द्वारा 18 . प्रकाशन डोज का उद्घाटन किया गयासमुदाय स्वास्थ्य केंद्र बंडा पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत , बूस्टर की तीसरी डोज के उद्घाटन में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बृजेश सिंह ढुकुरी, मुनेंद्र सिंह ने बूस्टर की तीसरी डोज लगवाईतो वहीसीएचसी प्रभारी डॉ वीके वर्मा ने बताया 18 प्लस प्रकाशन डोज 75 दिन तक सभी शिक्षण संस्थानों आदि सभी जगहों पर निशुल्क लगाई जाएगी कोविड– बूस्टर की तीसरी डोज 30 सितंबर तक लगाई जाएगी उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत, कोविड– बूस्टर की तीसरी डोज लगवाने की सभी लोगों से अपील की है।
आजादी महोत्सव अवसर पर प्रमुख रूप से भाग लेने वाले, ब्लाक प्रमुख डॉक्टर ओम प्रकाश , सीएचसी प्रभारी डॉ वीके वर्मा अपर शोध अधिकारी हरिवंश पांडे पर्यवेक्षक जनमेजर सिंह बीपीएम दिनेश शर्मा बीसीपीएम फराबी नवीन दीक्षित सौरभ अवस्थी राहुल वर्मा सहित तमाम स्टाफ ,आदि लोग मौजूद रहे।

## शांति पूर्ण तरीके से मनाया मोहर्रम नगर में 52 ताजिये बनाये गए

जलालाबाद,शाहजहापुर। हजरत मोहम्मद साहब के नाबाशो को इस्लामिक माह मोहर्रम की नौ व दस तारीख को हजरत हसन व हुसैन को परिबार सहित शहीद कर दिया गया था उन की शहादत की याद में मुस्लिम समाज के लोग ताजिये बनाते है नौ तारीख को ताजिये घर से बाहर निकाले जाते है और दस तारीख को कार्बवाला में दफन कर दिए जाते है बताते है ।
मोहम्मद साहब के नाबाशो को यजीद से ईमान व सच्चाई के लिए काफी जंग लड़ना पड़ी परंतु आप सच के साथ भलाई पर कयाम रहे और दुनिया को यह संदेश देते रहे कि जालिमो से कभी न डरो मौत एक दिन सब को आना है मौत से डर कर अगर सच्चाई का साथ छोड़ दिया तो दुनिया मे बिफल और ईश्वर के समाने किआ मुँह दिखाओ गे नगर के अलाबा ग्रामीण आंचलों में भी ताजिये बनाए गए मंगल बार सुबह से अपने अपने ताजिये कार्बवाला ले जा कर दफन करदिये गए ।मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष बादल खान के निवास मोहल्ला गौस नगर से जुलूस की सकल में ताजिये एक दूसरे के स्थान पर पहुचते रहे और एक एक कर साथ होते गई कमेटी ने समाज को एक संदेश भी दिया मुख्य मार्ग पर काबर को देखते हुए एक एक कर ही बिना बाजे गाजे के ही कार्बवाला तक ताजिये भेजे जिस से प्रशासन सहित किसी को कोई भी तकलीफ नही हुई 52 लोगो ने ताजिये बनाये और दूर दराज से अकीकत मनन्द लोग ने नियाज फातिहा कराई और खुर्दा हलीम सरवत तकसीम किया बहुत ही शांति से मोहर्रम का पर्व मनाया गया इस अवसर पर मो0 शरीफ शकील अहमद जाहिद अली सराफत अली सादाब खान असफाक अली सगीर आबिद अली रिजवान खान नूर अहमद मससु मेम्बर नाजिम अली इस्माइल मल्लू आदि ताजिये दार सामिल रहे।

## प्रतिवर्ष मोहर्रम के दौरान होती है फसल को नुकसान उप जिला अधिकारी से शिकायत,

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
बंडा,शाहजहांपुर। खकरा बुजुर्ग, व सिकंदरपुर में मुस्लिम समुदाय के लोग मोहर्रम के त्योहार पर ताजिया निकालते हैं जिससे कई बीघा फसल हर वर्ष बर्बाद कर देते हैं तथा आगामी फसल बर्बाद होने से रोकी जा सके इसकी लिखित शिकायतशिकायत उप जिला अधिकारी पुवायां से की गई है बताते चलें हर्षित कुमार पुत्र रामौतार निवासी ग्राम कुंडरा ने लिखित शिकायती पत्र उप जिला अधिकारी पुवायां व थाना अध्यक्ष बंडा से की है उन्होंने लिखित शिकायत में बताया वर्ष में मोहर्रम के त्यौहार पर ग्राम खकरा बुजुर्ग व , सिकंदरपुर के मुस्लिम समुदाय के लोगों पर फसल बर्बाद होने का आरोप लगायाउन्होंने बताया कि हमारी गाटा संख्या ग्राम कुंडरा में 284, 285 व,283 कल्याणपुर भारती में रोड के किनारे जमीन पड़ती है जिसमें धान एवं चारा की फसल खड़ी हैजोकि सिकंदरपुर एवं ग्राम खकरा बुजुर्ग , मुस्लिम बहुल्य गांव हैं दोनों गांव के मुस्लिम हर वर्ष मोहर्रम के समय अपने गांव से ताजिया ले जाकर ग्राम भौर खेड़ा खुर्द में दफनाते हैंएवं रास्ते में हमारी जमीन रोड के किनारे है दोनों गांव के मुस्लिम जब ताजिया लेकर बैंड बाजा के साथ जबरन हमारे खेतों से नाचते कूदते हुए जाते हैं अधिकांश खेत में खड़ी फसल बर्बाद कर देते हैं जिससे काफी नुकसान हो जाता है इस बार मोहर्रम के त्यौहार पर यदि दोनों गांव के मुसलमानों को रोका नहीं गया तो हमारी खड़ी धान की फसल बर्बाद कर देंगे जिससे हिंदू–मुस्लिम होने का डर हैहर्षित कुमार ने बताया सिकंदरपुर ग्राम खकरा बुजुर्ग के लोगों के आने वाले मोहर्रम के त्यौहार से पूर्व उन्होंने अनुरोध किया वे अपने गांव से ताजिया ले कर जाते समय रास्ते में परने वाले खेतों में खड़ी फसल को नुकसान ना पहुंचाएं और अपने गंतव्य स्थान कर्बला पर मुख्य मार्ग से ही होकर जावे उन्होंने फसल को नष्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैथाना अध्यक्ष बंडा ने बताया कि मोहर्रम के पर्व पर ताजिया शांतिपूर्ण से निकाले जाएंगे किसी की फसल को कोई नुकसान नहीं होगा।

## एकीकृत ब्राम्हण महासंघ के प्रदेश प्रभारी अरविंद त्रिपाठी मनोनीत

- राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक पाण्डेय एवं संगठन के संरक्षक श्री कृष्ण जन्मभूमि न्याय के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जगदगुरु स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य ने सौंपा नियुक्ति पत्र

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहाँपुर। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले के जिला संवाददाता अरविन्द त्रिपाठी को एकीकृत ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक पाण्डेय,राष्ट्रीय सचिव पंडित प्रदीप दुबे व संगठन के संरक्षक श्री शांति पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज जी के द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान एकीकृत ब्राह्मण महासंघ उत्तर प्रदेश का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। अरविन्द त्रिपाठी की नियुक्ति पर संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए हर्ष व्यक्त व्यक्त किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दरअसल एकीकृत ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक पाण्डेय एवं जगद्गुरू स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज शाहजहांपुर जनपद के भ्रमण पर आए हुए हैं।जो श्री कृष्ण जन्मभूमि न्याय समिति के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ अखिल भारत हिंदू महासभा संत महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एकीकृत ब्राह्मण महासभा के संरक्षक हैं, जो जनपद भ्रमण पर शाहजहांपुर पहुंचे



जहां उन्होंने संगठन पदाधिकारियों के साथ सर्वसम्मति से अरविन्द त्रिपाठी को एकीकृत ब्राह्मण महासंघ में अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश प्रभारी के पद पर नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति पर संगठन के समस्त पदाधिकारियों के साथ साथ जनपद के ब्राह्मण समाज के लोगों ने आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जगद्गुरू स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज शाहजहांपुर पहुंचे

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहांपुर। दिल्ली से चलकर शाहजहांपुर पहुंचे स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज जी शहर के मोहल्ला हद्दफ चौकी से निकलने वाली पांचवी विशाल कावड़ यात्रा में शामिल हुए। कांवड़ियों ने बताया कि उनकी यह कावड़ यात्रा जिले की सबसे बड़ी कावड़ यात्रा है। इस कांवड यात्रा में लगभग 5 हजार कांवरिया एक साथ चल कर बाबा भोलेनाथ के दर्शन करते हैं। कांवड़ियों ने बताया कि वह शहर के मोहल्ला हाद्दफ चौकी से चलकर पहले फर्रुखाबाद पहुंचेंगे। वहां से मां गंगा का गंगाजल भरकर गोला गोकर्ण नाथ में भोले बाबा पर जल चढ़ाएंगे। इस कांवड यात्रा में शामिल होने के लिए दिल्ली आश्रम से चलकर श्री शांति पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज जी शाहजहांपुर पहुंचे हैं । स्वामी जी भगवान परशुराम की जन्मस्थली के दर्शन करने जलालाबाद भी गए। उन्होंने योगी सरकार से मांग की है कि भगवान परशुराम की जन्म स्थली जलालाबाद को परशुराम पुरी घोषित किया जाए। और वहां पर भगवान परशुराम के भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाए। आपको बता दें कि एकीकृत ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक पाण्डेय एवं जगद्गुरू स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज शाहजहांपुर जनपद के भ्रमण पर आए हुए हैं।
जो श्री कृष्ण जन्मभूमि न्याय समिति के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ अखिल भारत हिंदू संत महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एकीकृत ब्राह्मण महासभा के संरक्षक भी हैं ।
जिले की सबसे बड़ी कांवड यात्रा मैं शामिल होने के लिए शहर के मोहल्ला हद्दफ चौकी से गोला जाने के लिए कांवड यात्रा की शुरुआत हुई । इस कांवड यात्रा को ले जाने वाले कावड़ियों ने बताया कि यह उनकी पांचवी कावड़ यात्रा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह कांवड जिले की सबसे बड़ी कांवड यात्रा है । इस कांवड यात्रा में लगभग 5 हजार कावड़िए हिस्सा लेते हैं । इस कांवड यात्रा में शामिल होने के लिए दिल्ली से चलकर संत श्री अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज जी शाहजहांपुर पहुंचे और जिले की सबसे बड़ी कांवड यात्रा में शामिल हुए।

## फर्जी लाइसेंस बनाकर बिक्री करने वाला शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार ,भारी मात्रा में अबैध असलाह बरामद

- थाना रोजा पुलिस द्वारा एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अरविन्द मिश्रा को किया गया गिरफ्तार,पिस्टल, रिवाल्वर, रायफल,बन्दूक तथा 60 अदद कारतूस जिंदा विभिन्न बोर व फर्जी लाइसेन्स बरामद





अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम
शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के कुशल निर्देशन ,पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अरविन्द कुमार द्वारा गठित टीम के सदस्य प्रभारी निरीक्षक कुवर बहादुर सिंह निरीक्षक ने फर्जी लाइसेंस बना कर अवैध असलाह बिक्री करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार किया गया पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असलाह एवं फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए जानकारी के अनुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रोजा पुलिस ने अभियुक्त अरविन्द मिश्रा पुत्र रामासरे नि0 मो0 लोधीपुर थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर अधिवक्ता को अभियुक्त के घर के बगल में पडे खाली प्लाट से गिरफ्तार किया गया। , जिनके कब्जे से एक बन्दूक DBBL 12 बोर , 20 कारतुस ,बेल्ट, एक रायफल 315 बोर, 9 कारतूस 315 बोर , बेल्ट , एक मिस कारतूस 315 बोर, एक रिवाल्वर 32 बोर 20 कारतुस 32 बोर ,एक पिस्टल 32 बोर 10 कारतुस 32 बोर (पिस्टल ), 2 मैगजीन पिस्टल एक मैगजीन रायफल 315 बोर एक शस्त्र लाईसेन्स व फर्जी लाइसेन्स बरामद हुआ ।
गिरफ्तार अभियुक्त अरविन्द मिश्रा उपरोक्त जनपद शाहजहाँपुर कचहरी में पेशे से अधिवक्ता है, जिससे बरामद लाइसेन्सों की जाँच में पाया गया कि 01 लाइसेन्स जो कि फर्जी है, किसी अन्य के नाम पर दर्ज है।
अभियुक्त थाना रोजा के (H-S-NO-82A) पर हिस्ट्रीशीटर है, जनमानस में भय व्याप्त करने के उद्देश्य से असलहों को अपने पास रखता है और जनता को भयभीत करता है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई का मुकदमा दर्ज किया गया।

## मोहर्रम की सरकारी छुट्टी के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए विद्यालय खोलें







- उप जिलाधिकारी के आदेश पर एक विद्यालय ने की छुट्टी तो दो ने नहीं माना आदेश

खुटार–शाहजहापुर। मोहर्रम पर सरकारी अवकाश घोषित किया गया था। शासनादेश विकासखंड के नवदिया ओरीलाल गांव के तीनों विद्यालयों ने नहीं माना। प्रतिदिन किधर है सुबह से ही कक्षाएं संचालित कर दी। तर्क भी ऐसे दिए जैसे मानो यह विद्यालय पूरी तरह हिंदू मुस्लिम व्यवस्था में बट चुके हो।मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उप जिलाधिकारी सुशांत श्रीवास्तव को सूचना मिलने के बाद सख्ती दिखाई गई। जिसके तुरंत बाद नदिया ओरीलाल में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में प्रधानाचार्य द्वारा छात्र–छात्राओं की छुट्टी कर दी गई। लेकिन गांव में ही स्थित रामकृष्ण शर्मा मेमोरीयल उत्तर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय व बाबा मस्तराम इंटर कॉलेज में उप जिलाधिकारी के आदेशों को भी धता बताते हुए अपने प्रतिदिन के समयानुसार की एक बजे की छुट्टी की गई। बाबा मस्तराम इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कक्षा पांच के बच्चे दक्ष व कक्षा आठ के छात्र आयुष ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे मुस्लिम बच्चों की छुट्टी की गई है। शिक्षा व्यवस्था में भी अब हिंदू मुस्लिम की राजनीति शुरुआत इन विद्यालयों ने कर दी है। खास बात यह है कि पढ़ने वाले नन्हे–मुन्ने बच्चों पर इसका क्या असर पड़ेगा। भविष्य को सुधारने वाले विद्यालय ही हिंदू मुस्लिम के ऊपर अपनी नींव रखने की तैयारी में हैं।
विद्यालय के जिम्मेदारों के तर्क भी बेतुके : बाबा मस्तराम इंटर कॉलेज के प्रबंधक पुत्तू लाल वर्मा ने बताया कि छुट्टी की कोई आवश्यकता नहीं थी। मुस्लिम बच्चों की छुट्टी की गई है। शासनादेश तो आया था लेकिन क्या करें ।वहीं डिप्टी राम कुशवाहा मेमोरियल उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डिप्टी राम शर्मा का कहना था किहाई स्कूल के बच्चों के फार्म भरने थे। जिस कारण सभी बच्चों को बुला लिया। शासनादेश तो कई आते और जाते रहते हैं। फिलहाल मुस्लिम बच्चे नहीं आए हैं। हालांकि सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश तिवारी ने इस गलती को स्वीकारा और कहा कि उपजिलाधिकारी के आदेशों का पालन करते हुए तत्काल छुट्टी कर दी गई है। विद्यालय में कोई मुस्लिम बच्चा नहीं पढ़ता है। इसलिए अवकाश नहीं था।

## मॉडर्न इडेन गैस एजेंसी द्वारा 10 किलो कम अपोजिट सिलेंडर किया लांच

जलालाबाद,शाहजहांपुर । जलालाबाद जिला की ग्राम पंचायत रुस्तमपुर चक में आयोजित एक कार्यक्रम में मॉडर्न इंडेन गैस एजेंसी द्वारा 10 किलो कम्पोजिट सिलिंडर लांच किया गया । इनके फायदे के बारे में एजेंसी के संचालक इंजीनियर अनुज गुप्ता ने बताया कि ये वजन में बेहद हल्का है , इसका कुल वजन गैस के साथ लगभग 15 किलो है जबकि लोहे के पुराने सिलिंड का वजन गैस के साथ लगभग 30 kg होता है । इसे लाना लेजाना बहुत आसान है ।इस सिलिंडर में आप गैस बहार से ही देख सकते हैं कि सिलिंडर में कितनी गैस है ।इसमें बहार से ही गैस दिखने की वजह से आप गैस खतम होने से पहले ही अपना दूसरा सिलिंडर मागवा सकते हैं. एकदम से गैस खतम होने वाली समस्या का भी समाधान हो जायेगा ।ग्राहक पुराना लोहे का सिलिंडर जमा करके आप



कम्पोजिट सिलिंडर अपनी सम्बंधित एजेंसी से प्राप्त कर सकते हैं । बस आपको पुराने और कम्पोजिट सिलिंडर की सिक्यूरिटी अमाउंट का डिफरेंस अमाउंट एजेंसी में जमा करना होगा ।उक्त जानकारी इं अनुज गुप्ता ने वहां मौजूद सभी लोगों और ग्राहकों और पत्रकारों को दी और सभी से आग्रह किया की इस सुरक्षित और सुविधाजनक सिलिंडर को जल्द से जल्द प्राप्त करें ।
ये सिलिंडर ब्लास्ट प्रूफ होने की वजह से बेहद जरूरी हो जाता है । सुनील,हरीश,नीलाक्ष, पाठकजी,प्रदीप,अमित,रामवीर,रईस,नूर मिया , कुलदीप आदि लोग मौजूद रहे ।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्रामोदय की छात्रा निर्वाचित हुई नगर पालिका अध्यक्ष

• कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने व्यक्त की प्रसन्नता

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की छात्रा साधना पटेल के नगर परिषद चित्रकूट की अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा सहित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है। कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि साधना पटेल ने कला संकाय के लोक शिक्षा एवं जनसंचार विभाग के अंतर्गत बीएलएड पाठ्यक्रम किया है तथा इसी वर्ष बीएलएड की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी शिवम गुप्ता द्वारा आरोपी छोटू पुत्र गयाप्रसाद निवासी मनोहरगंज कोतवाली कर्वी जनपद को 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

## मुहर्रम को लेकर शांतिपूर्वक मुआर आधारगंज में निकला दसवीं का ताजिया जुलूस

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता सतीश कुमार मिश्रा

प्रतापगढ़, दुर्गागंज। दो साल बाद जिले मे मोहर्रम का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है तथा ताजिया जुलूस भी निकाला गया। इसी बीच मंगलवार को रानीगंज क्षेत्र मुआर आधारगंज में दसवीं का जुलूस धूमधाम से निकला।जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय लोग शामिल थे।यह जुलूस विभिन्न मार्गों व घरों से होकर मुआर आधारगंज में स्थित कर्बला में ताजिया का दफन कर दिया जाता है। इस दौरान जुलूस में शामिल



युवाओं ने लाठी–डंडे से करतब दिखाए। दरअसल कोरोना को लेकर पिछले दो साल से मोहर्रम जुलूस नहीं निकाला जा रहा था न ही कर्बला में कोई सार्वजनिक गतिविधियां हो रही थी। लेकिन इस बार सभी तकियादारो में जुलूस को लेकर अच्छी तैयारी की गई है। इसको लेकर प्रशासन ने भी पूरी प्रशासनिक तैयारी की है। मौके पर मौजूद तकियादार मो०रशीद उर्फ पप्पू बाबा,इरफान सिद्दीकी,इमरान सिद्दीकी,सोनू सिद्दीकी,मो०फरीद, दिलवर हुसैन,इफ्तेखार अहमद, मौहम्मद फिरोज,आशिक अली,अब्दुल कय्यूम,आवेद सिद्दीकी, सबलू सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## श्रावण मास के अंतिम सोमवार को बाबा के अर्धनारीश्वर रूप को निहारते दिखे भक्तगण

• बाबा का अद्भुत अर्धनारीश्वर रूप देख भक्तों में खूब हो रही थी चर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स घुइसरनाथ धाम, लालगंज, प्रतापगढ़। श्रावण के अंतिम और चतुर्थ सोमवार को बाबा घुश्मेश्वर नाथ धाम का भव्य श्रृंगार अर्द्धनारीश्वर के रुप में किया गया । जिसमें वस्त्र, भांग, धतूरा, बिल्व पत्र, फूल–माला, प्रसाद, रोली, चंदन, अबीर, गुलाल, सिंदूर, धतूरा के साथ भव्य श्रृंगार किया गया। इस मनोहारी झांकी और श्रृंगार आरती दर्शन के लिए लोग दूर–दूर से पहुँचे और आरती समाप्त होने के काफी इंतजार के बाद बाबा के गर्भ गृह में बाबा के अर्धनारीश्वर रूप के साथ फोटो खींचने की होड़ में भी भक्त दिखे । इस दौरान बाबा की आरती उतारी गयी



जिसमें शामिल भक्तगणों ने भी इस भव्य श्रृंगार अर्द्धनारीश्वर रूप के साक्षी बने।मंदिर के महंत बाबा मयंक भाल गिरि ने आरती उतारी। इस भव्य श्रृंगार आरती में राम गिरि, अनिल गिरि, शीतला प्रसाद गिरि, संगम मिश्र, प्रबन्धक लाल बृजेश प्रताप सिंह, लाल संजीव सिंह, राजेश गिरि, विमलेश गिरि, पंडित वीरेन्द्र मणि तिवारी, पंडित विपिन तिवारी, पंडित आदित्य नारायण दुबे, सुजीत तिवारी, कुश गिरि, नीरज गिरि, अंजनी, संदीप पाण्डेय, सूरज मिश्रा, सत्यम, प्रेमचंद यादव, हरिश्चंद्र, रामआसरे आदि उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह को एक–एक करके शयन आरती के दर्शन करवाए गए । तत्पश्चात भक्तों ने फिर से एक वर्ष की याद लिए हुए सावन के चतुर्थ सोमवार के समापन पर बाबा घुइसरनाथ की जय–जय कार करते हुए अपने– अपने घर को रवाना हुए ।

## समूह के द्वारा महगे दामों पर बेंचा देश का तिरंगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जहां एक तरफ सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर में तिरंगा फहरा कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने की बात कही गई वहीं दूसरी तरफ तहसील सिरौलीगौसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत महमूदाबाद में समूह के द्वारा महंगे दामों पर झंडा बेचकर धन अर्जित करने की कोशिश की गई। न्याय पंचायत हमीद नगर ब्स्थ समूहों के द्वारा प्रति झंडा 25 में बेचा गया।जहां झंडा महंगे दामों पर बेचा तो जा ही रहा था लेकिन मीडिया ने एक शर्मनाक तस्वीर कैमरे में कैद





कर ली जहां एक समूह की महिला तिरंगे को कुर्सी के पीछे रख रखी थी और कुछ तिरंगों के ऊपर बैठी नजर आई समूह के द्वारा जिन महिलाओं को यह जिम्मेदारी दी गई की लोगों को यह बताना है कि हर घर में तिरंगा लगाना है और आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है वही महिला खुद तिरंगे का अपमान जैसी हरकत करती नजर आई। तिरंगे पर बैठी महिला को ब्स्थ समूह की और महिलाओं को टोकना चाहिए था लेकिन तिरंगे को बेचकर धन अर्जित के चक्कर में वह कुछ समझ नहीं पायीं। इस तस्वीर को देखकर यह कहा जा सकता है की यह तिरंगे का अपमान है दूसरी तरफ तिरंगे को महंगे दामों पर बेंचने को लेकर आम जनमानस का भी कहना है कि सरकार को हर घर में तिरंगा लहराने की मनसा तभी पूरी होगी जब तिरंगे को खरीदना ना पड़े। सरकार को कोई ऐसी राह अपनानी चाहिए थी की तिरंगे को लोगों को फ्री में मिलना चाहिए सरकार राशन बांटते समय हर घर में जब फ्री में झोला दे सकती थी तो तिरंगा क्यों नहीं।

## 15 अगस्त को प्रतापगढ़ में अमर शहीद रितेश पाल के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा : कृष्ण कुमार

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता सतीश कुमार मिश्रा

प्रतापगढ़। कृष्ण कुमार ने बताया कि बेल्हा के लाल अमर शहीद नायक रितेश पाल 29 जुलाई 2021 को हिमाचल प्रदेश के मनाली में ड्यूटी के दौरान राष्ट्र की सेवा करते हुए शहीद हो गए थे । शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेफर्ड धामू पाल व वरिष्ठ समाजसेवी श्रवण पाल फौजी व शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के जिलाध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण कुमार पाल (प्रदीप) के अगुवाई मे 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रतापगढ़ के लाल रितेश पाल के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा प्रतापगढ़ जनपद वासियों के द्वारा निकाला जाएगा। और आप सभी जनपद वासियों से निवेदन और सूचित किया जाता है की भारी संख्या में पहुंचकर विशाल तिरंगा



यात्रा को सफल बनाएं।तिरंगा यात्रा पाल भवन भंगवा चुंगी से अमर शहीद रितेश पाल शहीद स्थल तक निकाला जाएगा।यह जानकारी शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया इकाई प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण कुमार पाल (प्रदीप)द्वारा दी गई है ।

## आसपुर देवसरा प्रधान संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता आसपुर देवसरा पट्टी प्रतापगढ़। सोमवार को विकासखण्ड आसपुर देवसरा में प्रधान संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न, जिसमें प्रधान कबीरपुर जय प्रकाश सिंह को अध्यक्ष, एवं प्रधान रूपेश गिरी मोलनापुर को उपाध्यक्ष, संतोष जायसवाल प्रधान भनईपुर को सचिव निर्विरोध चुना गया, इसमे प्रशांत ग्राम सभा की उटली दीपक सिंह, प्रधान गधियावां प्रदीप पाण्डेय, प्रधान पूरेवंशीधर रमाशंकर तिवारी, सुरेश चौरासिया आदि प्रधानों ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को माल्यर्पण



कर बधाई दी।

## बड़ी अकीदत से मनाया गया दसवीं मोहर्रम का त्यौहार



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महाराजगंज क्षेत्र के ग्राम सभा बावन बुजुर्ग बल्ला में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया लोगों ने अकीदत और एहतराम के साथ ताजिया दा रो ने अपने अपने चौक पर ताजिया रखी और तबर्रुक( प्रसाद) बाटा गया ।

आपको बता दें कि नमाज ईशा के बाद ग्राम सभा बल्ला में आग का मातम भी हुआ जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया या हुसैन के नारों के साथ लोगों बड़े जोश के साथ आग का मातम और नोहा भी पढ़ा क्षेत्र के ग्राम सभा थुलवांसा लोधुवामऊ ज्यों ना पिंडारी कला जेतुवा में ताजिया दारो ने अपने–अपने चौक पर ताजिया रखी माना जाता है कि दसवीं मोहर्रम के दिन कर्बला मैं लड़ते–लड़ते हजरत हुसैन की वा परिवार के कई सदस्य शहादत हुई थी उसी की याद में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है मोहर्रम के त्यौहार के दसवीं के दिन लोग बढ़–चढ़कर लंगर बांटते हैं और दुआ व प्रार्थना करते हैं दसवीं के दिन ताजिया अपने अपने क्षेत्र में घूम कर क्षेत्र में अलग–अलग जगह कर्बला में दफन कर दी जाती है जुलूस के साथ आसिफ खान अकरम खान मुस्तफिज खान कलीम खान अयाज खान अदनान खान इसाक खान फिरोज खान महमूद अहमद(पत्रकार) अरमान खान व अन्य मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने को किया जागरूक




• नगर पालिका परिषद द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

चित्रकूट ब्यूरो। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए मंगलवार को नगर पालिका परिषद द्वारा विशाल जन जागरण रैली निकाली गई। रैली में सभी लोगों ने हाथों में लिए हुए लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। रैली का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने किया। रैली का शुभारंभ नगरपालिका कार्यालय से जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पंकज अग्रवाल व ईओ नगर पालिका रामअचल कुरील के द्वारा किया गया।

तिरंगा यात्रा शहर की गलियों में तिरंगा फहराते हुए निकली तो लोगों का देश प्रेम देखते ही बना। हर दुकानदार अपनी दुकानों पर झंडा लगाने के लिए लालायित दिखे। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि तिरंगा का दिल में सम्मान हमारी शान है। उन्होंने अपील की कि 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर में तिरंगा लहराया जाए। कहा कि यह तिरंगा हमारी आन, बान, शान और राष्ट्रीय एकता को जीवंत रखने के लिए बहुत आवश्यक है। नगर पालिका द्वारा सभी को झंडा भी उपलब्ध कराए गए। नगर पालिका परिषद द्वारा कार्यालय से पटेल तिराहे तक निकाली गई रैली में अधिशासी अधिकारी रामअचल कुरील, अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, आर आई राहुल पांडेय सहित विभागीय कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रवीण श्रीवास्तव, राजेंद्र राम, कर्म उत्तम सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, अशरफ, अंकित जायसवाल, अनुज निगम, विनीत पयासी, शंकर प्रसाद यादव, अभिषेक मिश्रा, संजय गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, शुभम केशरवानी, जावेद सिद्दीकी, सुनील कुमार, महफूज खान सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी व भारी तादाद में नगरवासी मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा में मातृ शक्ति हो अधिक से अधिक शामिल

• आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक में की चर्चा

चित्रकूट ब्यूरो। आम आदमी पार्टी की महिला विंग की बैठक मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुमन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में उनके निवास पुरानी बाजार में आयोजित की गई। बैठक का संचालन आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने किया।

बैठक में आम आदमी पार्टी द्वारा लखनऊ में आगामी 14 अगस्त को होने वाली भव्य तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने कहा कि आगामी 14 अगस्त को लखनऊ में सांसद संजय सिंह की अगुवाई में होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा में चित्रकूट से भी मातृ शक्ति को शामिल होने के लिए कहा। इस मौके पर बुंदेलखंड प्रान्त के महासचिव अंकित सिंह पटेल, नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सेजल ज्ञानचंदानी, उपाध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा, रेखा शर्मा, उर्मिला शर्मा, रानी देवी, रेखा देवी, शारदा कुमारी आदि मौजूद रहे।

## या हुसैन या हुसैन की सदाओं से इलाका गूंज उठा, गमगीन माहौल में निकाला गया ताजियों का जुलुस

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। कर्बला में अपनी अजीम कुर्बानी पेश करके दुनियां के सम्पूर्ण मानव जाति के स्वाभिमान, इन्सानियत एवं मानवता के वजूद को हमेशा हमेशा के लिए महफूज करने वाले हजरत इमाम हुसैन( रजि0) की याद में दसवीं मुहर्रम को चौक पर रखे गये ताजियों का जुलुस गमगीन माहौल में अकीदत एव सादगी से पूरे जनपद बाराबंकी में निकाला गया तथा देर शाम नम आँखों के साथ कर्बला में ताजियों को दफन किया गया। इस दौरान या हुसैन या हुसैन की सदाओं से इलाका गूंज उठा।हजरत इमाम हुसैन (रजि0) व उनके 72 साथियों की शहादत की याद में निकाला जाने वाला जुलूस कस्बा सआदतगंज, सादामऊ, अनुपगंज, रामपुर कटरा, बांसा, बड़ागाँव, मसौली, त्रिलोकपूर, भयारा, नैनामऊ, सफदरगंज, सैदनपुर, दादरा, रसौली, जकरिया, चंदवारा, ग्राम पंचायत गदिया, ग्राम पंचायत गनौरा, बाराबंकी पीर बटावन, आलापुर, फरेस्तीपुर, बदन पुरवा, जसमंडा,जहांगीराबाद,सहित पूरे इलाके में मोहर्रम की 9 वी तारीख को बड़ी अकीदत के साथ समस्त चौको पर ताजिया रख कर इमाम हुसैन की याद को ताजा कर अमन चौन की दुआ मांगी गयी नोहे पढ़ी गई नजर देकर हजरत इमाम हुसैन को याद 9 किया गया तथा मंगलवार की सुबह पूरी अकीदत व एहतराम के साथ निकाले गये जुलूस में लोग या हुसैन...या हुसैन के नारे लगा रहे थे। जिससे पूरा इलाका गमगीन हो गया । हजरत इमाम हुसैन के अकीदतमंद जगह – जगह शबील खीचड़ा व पुलाव का वितरण कर रहे थे। देर शाम नम आँखों के साथ गमगीन माहौल में ताजियों को दफन किया गया। जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक पूर्णेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी रामनगर डॉ0 बीनू सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, निरीक्षक राम कृपाल सिंह, अब्दुल रहमान खान, रविन्द्र सिंह, कस्बा इंचार्ज सुधीर कुमार यादव, सहादतगंज चौकी प्रभारी शशिकांत सिंह, त्रिलोकपुर प्रभारी रणजीत सिंह वही थाना सफदरगंज में थानाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, उपनिरीक्षक राजकुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इसी क्रम में राम सनेही घाट, सिरौलीगौसपुर, जैदपुर, सदर, रामनगर, फतेहपुर, दरियाबाद व पूरे जनपद में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल मौजूद रहा।







## या हुसैन की सदाओं के साथ भनौली में निकला मोहर्रम का जुलुस, नम आंखों से अजादारों ने दफ्न किए ताजिये

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह।

मुसाफिरखाना क्षेत्र के भनौली सहित अन्य जगहों पर मंगलवार को बहुत ही गमगीन माहौल में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। दसवीं मोहर्रम यानि आशूरा के दिन इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की याद में ताबूत निकाला गया। या हुसैनदृया हुसैन की सदाओं के साथ अजादारों ने इमाम हुसैन का ताबूत उठाया और मातम करते हुए जुलूस निकाला। सुबह से ही मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह सबसे पहले मौलाना आसिफ हुसैन के घर पर मजलिस हुई। उसके बाद कई घरों के साथ साथ बड़े इमामबाड़े, छोटे इमामबाड़े, दरगाहे आलिया व पूरे बस्ती में मजलिस हुई। मजलिस के बाद आमालदृएदृआशूरा किया गया, जिसमें भारी तादाद में लोगों ने शिरकत की।

ताबूत, अलम और ताजिया के साथ जुलूस बड़े इमामबाड़े से निकलकर अपने तयशुदा मार्ग से जामा मस्जिद इमामबाग पहुंचा। जहां लोगों ने नमाज पढ़ी। नमाज के बाद जुलूस वापस बड़े इमामबाड़े पहुंचा और यहां अंजुमन सिपाहे हुसैनी के नौजवानों ने जंजीरजनी कर बीबी फातेमा को उनके लाल का पुरसा दिया। यहां मौलाना सैयद यामीन अब्बास ने तकरीर की और लोगों को कर्बला के शहीदों के बारे में बताया। इसके बाद जुलूस छोटे इमामबाड़े पहुंचा, जहां मौलाना खादिम अब्बास ने तकरीर की। इसके बाद नौहा मातम के साथ जुलूस आगे बढ़ा और दरगाहे आलिया होते हुए कर्बला पहुंचा, जहां अजादारों ने ताजिया दफ्न किया। इस दौरान एडीएम राज





कुमार द्विवेदी एएसपी विनोद कुमार पांडेय उपजिलाधिकारी सविता यादव प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी के साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

क्यों मनाया जाता है मोहर्रम ?

आज से करीब 1400 साल पहले कर्बला में इंसाफ की जंग हुई थी। इस जंग में पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ शहीद हो गए थे। इस्लाम की रक्षा के लिए उन्होंने खुद को कुर्बान कर दिया था। यह घटना मुहर्रम के 10वें दिन यानी रोज–ए–आशूरा के दिन हुई थी। इसी कारण मुहर्रम की 10 तारीख को ताजिए निकाले जाते हैं।

इस दिन शिया समुदाय के लोग मातम मनाते हैं, मजलिस पढ़ते हैं और काले रंग के कपड़े पहनकर शोक व्यक्त करते हैं। इस दिन शिया समुदाय के लोग भूखे–प्यासे रहकर शोक व्यक्त करते हैं। ऐसा मानना है कि इमाम हुसैन और उनके काफिले के लोगों को भी भूखा रखा गया था और उन्हें इसी हालत में शहीद किया गया था।

## हर घर तिरंगा अभियान के साथ लोगों को दिलाई सपा की सदस्यता



• सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया गया अभियान

चित्रकूट ब्यूरो। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे देशव्यापी हर घर तिरंगा एवं समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान के तहत मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ नगर पालिका क्षेत्र कर्वी एवं ग्राम सभा कसहाई में कैंप लगाकर लगभग 150 से ज्यादा लोगों को सपा की सदस्यता दिलाई एवं कार्यकर्ताओं के घरों में राष्ट्रीय झंडा लगाया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने योगी सरकार पर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार एवं महंगाई को लेकर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के कार्यकर्ता, विधायक, सांसद और मंत्री सभी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। महिलाओं, मजदूर एवं गरीबों के साथ अन्याय एवं अत्याचार नहीं रुक रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। भाजपा शासनकाल में महिलाएं एवं बच्चियां असुरक्षित है तथा देश के किसान, नौजवान व मजदूर बढ़ी हुई महंगाई से परेशान हैं। भाजपा नेताओं के रिश्तेदार एवं गुर्गे आम जनता के साथ गुंडागर्दी कर रहे हैं और मुख्यमंत्री उन्हीं के साथ फोटो खिंचवाते हैं। वरिष्ठ समाजवादी नेता मान सिंह पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव किसान, मजदूर, नौजवान, दलित, पिछड़े एवं महिलाओं के सर्वमान्य नेता हैं और आने–वाले नगर पालिका के चुनाव में आवाम समाजवादी पार्टी को अपना आशीर्वाद प्रदान कर पूर्व की भांति भाजपा का सफाया करेगी। पार्टी प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि भाजपा गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं के हक और अधिकार खाती है। भाजपा बाबा साहब निर्मित संविधान को बदलने की साजिश कर रही है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष साहब लाल द्विवेदी, नरेंद्र सिंह यादव, राम प्रसाद वर्मा, तीरथ प्रसाद वर्मा, रोहित यादव, गौतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग उपकरण मापन शिविर में चुने गए 245 छात्र-छात्राएं

• कम्पोजिट विद्यालय नया बाजार में हुआ आयोजन

चित्रकूट ब्यूरो। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव के निर्देशन में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा जनपद–चित्रकूट द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यूईआरसी कम्पोजिट विद्यालय नया बाजार, ट्रैफिक चौराहा, परिसर में एक दिवसीय दिव्यांग उपकरण मापन शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर के चौरिहा की उपस्थिति में किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि इस शिविर में जनपद के परिषदीय विद्यालयों के 259 दिव्यांग बच्चों ने पंजीकरण कराया। जिसमें 245 छात्र–छात्राएं मापन टीम द्वारा उपकरण प्राप्त करने को अर्ह पाये गए।

जिसमें 63 श्रवण दिव्यांग को 126 उपकरण (श्रवण यंत्र) सहित 182 दृष्टि बाधित, अस्थि दिव्यांग, मानसिक मंद एवं बहु दिव्यांगता धारक को उपकरण प्राप्त करने के लिए चयनित किया गया। बताया कि चुने गए छात्र–छात्राओं को आगामी 19 अक्टूबर को शिविर के माध्यम से उपकरण वितरित की किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि जिन बालक–बालिकाओं को उपकरण के लिए पात्र पाया गया है, उन्हे आग्रिम शिविर की सूचना उपलब्ध करायी जायेगी। जिसमें वह निश्चित तौर पर प्रतिभाग कर उपकरण प्राप्त करेगें।

इससे यह बालक–बालिकाएं समाज की मुख्य धारा से जुड कर बाधा रहित माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकेगें। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरके चौरिहा, एलिम्को कानपुर टीम से प्रोस्थेटिक आस्थोटिक इंजीनियर अनिल नायक, आडियोलॉजिस्ट विक्रम सिंह, टेक्नीशियन संदीप एवं अनूप के साथ–साथ जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संदीप सिंह, अनिमेष



कुमार मिश्रा, स्पेशल एजुकेटर ध्यान सिंह, सुशील पाण्डेय, उमेश यादव, राकेश गुप्ता, कल्पना, गुडिया, रेनू, संजय पाण्डेय, संजय सिंह, चन्द्रकेश, कमलेश के साथ–साथ प्रजायत्न संस्था राहुल तथा सूर्यकांत का भी विशेष सहयोग रहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चित्रकूट कैम्प के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

## ध्यान पद्धति एवं सकारात्मक सोच व्याधियों को दूर करने का सशक्तमाध्यम- कुलपति

• ग्रामोदय में अयोजित किया गया आत्म प्रबंधन व्याख्यान माला

चित्रकूट ब्यूरो। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मंगलवार को आत्म प्रबंधन, चरित्र निर्माण एवं आनंद विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

व्याखान माला में भारतीय रेल सेवा से अवकाश प्राप्त अभियंता एवं प्रख्यात थियोसॉफिस्ट इं यू एस पांडेय ने कहा कि व्यक्ति की शारीरिक अव्यवस्थाएं जैसे तनाव, भारीपन, पीड़ा व मनोवैज्ञानिक अव्यवस्थाएं जैसे डर, चिंता, गुस्सा, बदले की भावना ,अकेलापन, आत्मग्लानि एवं मानसिक अव्यवस्थाएं जैसे एकाग्रता में कमी, शक्तिहीन महसूस करना ये सभी कारण मानव की सफलता, आनंद, संतोष एवं शांति को प्रभावित करते हैं। इस विकृति को सांस लेने की उचित तकनीक एवं ध्यान की सरल विधि द्वारा दूर किया जा सकता है। बताया कि सभी प्रकार के नकारात्मक विचार एवं व्याधियां मानव के ऊपर विपरीत प्रभाव न डाल सकें, इसके लिए बहुत सारी तकनीक उपलब्ध हैं, जिनके प्रयोग से व्यक्ति अपनी निचली अवस्थाओं से निकलकर उच्च अवस्था में पहुंच सकता है। इसके लिए व्यक्ति को अपनी सोच को बदलने एवं सकारात्मकता को अपनाने की जरूरत है। कहा कि नकारात्मक विचार, चिंता, भय, शारीरिक दर्द आदि को दूर रखने के लिए दिन में एक बार दस मिनट का अभ्यास या संभव नहीं हो तो सप्ताह में कम से कम एक एक बार अभ्यास करने से काफी लाभ होगा। बताया कि कुछ चीजों को ध्यान में रखने की जरूरत है, जिनमे गहरी और धीमी सांसे लेना, नाक से सांस लेना एवं मुंह से छोड़ना, मस्तक से शुरू कर शरीर के सभी अंगों पर आंख बंद कर तीन–चार सांसों के बीच के समय में ध्यान करना तथा बारी–बारी से



सभी अंगों क्रमशः नाक, मुंह, छाती, बांहें, हाथ, पेट, नाभि, जंघा, घुटने, पिंडली होते हुए तलवों तक जाना है। पारिवारिक एवं अन्य संबंधों में सौहार्द पूर्ण वातावरण रखने के लिए 95 और 5 का सिद्धांत अर्थात 95 प्रतिशत बड़ाई एवं हौसला अफजाई एवं मात्र 5 प्रतिशत आलोचना, इस सिद्धांत को ध्यान में रखने से बहुत सारी समस्याएं खुद ब खुद दूर हो जाती है तथा संबंधों में स्नेह एवं प्रगाढ़ता आती है व एक दूसरे के प्रति विश्वास बढ़ता है। कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने विषय को सामयिक एवं सभी के लिए उपयोगी बताया। कहा कि इस तकनीक का प्रयोग सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक, कर्मचारी करेंगे व लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन इं राजेश कुमार सिन्हा तथा सहसंयोजन इं अश्वनी दुग्गल द्वारा किया गया। विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, अभियांत्रिकी संकाय के प्रभारी अधिष्ठाता इं वीरेंद्र गुप्ता, प्राध्यापक गण डॉ घनश्याम गुप्ता, डॉ जय शंकर मिश्रा, डॉ श्याम सिंह गौर, इ के पी मिश्रा, डॉ राकेश श्रीवास्तव तथा कर्मचारीगण गुरु प्रकाश शुक्ला, संजय शुक्ला, शिवकुमार, नरेंद्र शुक्ला, बाबूलाल, राजबहादुर, जब्बर सिंह आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएम एसपी ने ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम की भव्य सफलता के लिए जरवल कस्बा के लोगों में भरा जोश



दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा तथा प्रदेश के उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' अन्तर्गत आगामी 13 से 15 अगस्त, 2022 तक ''स्वतन्त्रता सप्ताह'' तथा ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम को भव्य बनानें के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र एवं बहराइच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने जरवल कस्बा के लखनऊ बहराइच हाईवे पर फ्लैग मार्च कर अमृत महोत्सव को भव्य बनानें के लिए आम जनता को जागरूक किया। इस मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहीं।

## आजमगढ़ मार्टिनगंज में पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। 9 अगस्त को क्रान्ति दिवस पर आजमगढ के दीदारगंज विधानसभा के तहसील मार्टिनगंज मे सपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्वमन्त्री श्री राम आसरे विश्वकर्मा तथा विधायक श्री कमलाकांत राजभर ने किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के निर्देश



पर प्रदेश के सभी विधानसभाओ मे समाजवादी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक जगह जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।श्री विश्वकर्मा ने कहा कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हमारे सभी सपा कार्यकर्ता अपने अपने घरो पर राष्ट्रीय तिंरगा झण्डा लगायेगे।स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर समाजवादी पूरे देश मे आजादी का जश्न मनायेगे। सभी कार्यकर्ता देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को जन जन को बतायेगे।स्वतंत्रता संग्राम की लडाई मे समाजवादियो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।सपाई घर घर जाकर समाजवादियों के योगदान को बतायेगे। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से सदस्यता अभियान के प्रभारी पूर्वमंत्री राम आसरे विश्वकर्मा पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज विधायक कमलाकांत राजभर विधानसभा अध्यक्ष रामाश्रय चौहान तथा विधानसभा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भगवान का दूसरा रूप होता है - चिकित्सक डॉक्टर महेश विश्वकर्मा हुए सम्मानित समिति ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

- सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सम्मानित हुए चिकित्सक डॉ महेश विश्वकर्मा

रिपोर्ट देवेश पांडेय दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच

रुपईडीहा बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चर्दा के अंतर्गत सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आदर्श समाज सेवा समिति द्वारा जनता के लोकप्रिय एवं सरल स्वभाव मृदुभाषी चिकित्सक डॉ महेश विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, बताते चलें की आदर्श समाज सेवा समिति द्वारा सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है



इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है इसी क्रम में रविवार को आदर्श समाज सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सीएचसी में कार्यरत लोकप्रिय सरल स्वभाव मृदुभाषी चिकित्साधिकारी डॉ महेश विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा ने कहा कि चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होता है मरीजों के साथ आत्मीय व सरलता द्वारा सम्मान प्राप्त करने पर चिकित्साधिकारी डॉ महेश विश्वकर्मा ने आदर्श समाज सेवा समिति का आभार व्यक्त किया इस मौके पर समिति सलाहकार रामसूरत यादव, संगठन मंत्री बद्री सिंह, स्टाफ नर्स रुचि सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरिराम आर्य, पंकज कुमार, राकेश वर्मा मौजूद रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर जल उत्सव

मैनपुरी। ग्राम पंचायत कीरतपुर में हर घर जल उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथ खंड विकास अधिकारी मैनपुरी श्वेतांक पांडेजी ने उद्घाटन कर उत्सव का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि श्री श्वेता पांडे जी एवं जल जीवन मिशन, सहायक अभियंता जल निगम श्री चंद्र बोध त्यागी जी का करुणानिधि पांडे ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

डीपीएमयू आईएसए कोऑर्डिनेटर , श्री विनीत जी, जूनियर इंजीनियर श्री नागेंद्र जी का स्वागत श्री उमेश चंद्र शर्मा जी ने किया किया। खंड





विकास अधिकारी श्री श्वेतांक पांडेजी ने बताया कि जल का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है इसके बिना हम लोग जीवित नहीं रह सकते हैं इसलिए जल की बचत करना बहुत जरूरी है शुद्ध जल पीने से पेट के रोग नहीं होंगें, शुद्ध पेयजल हेतु पानी की व्यवस्था पाइप द्वारा आपके घर तक कर दी गई है। भारत सरकार के मानकों के आधार पर प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी खर्च किया जाना उचित है जिसका आप लोग पालन करिए। ग्रे वाटर मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए आप लोग सोख्ता गड्ढा में या गांव के तालाबों में पानी को उचित माध्यम से ले जाएं जिससे कि आप के ग्राम पंचायत का पानी आपके ग्राम पंचायत में ही रहे।

आईएसए सचिव श्री करुणानिधि पांडे ने जल संचयन पर जोर देते हुए मासिक सहयोग राशि जमा करने पर जोर दिया उन्होंने बताया कि आपके ग्राम पंचायत की टंकी आपकी ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति को सौंप दी गई है इसके संचालन का दायित्व अब आप ग्राम वासियों का ही है।

कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता जल निगम ने शुद्ध पेयजल न पीने से होने वाली बीमारियों पर प्रकाश डाला एवं पानी बचाने पर जोर दिया।

जल जीवन मिशन आई एस ए कोऑर्डिनेटर प्रभास कुमार उमेश चंद्र शर्मा, प्रियंका राठौर शिव शंकर ,धनंजय मिश्रा दिनेश, शुभम कनौजिया अंश पांडे आदर्श गुप्ता आदि की गरिमामय उपस्थिति रही ।

अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष ने कार्यक्रम समापन की घोषणा करते हुए सभी से जलपान करके ही जाने का अनुरोध किया।

## तहसील महसी के समस्त जगहों पर शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया मोहर्रम का जुलूस



दैनिक आयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी (बहराइच)। तहसील महसी के समस्त जगहों पर पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में मुहर्रम का जुलूस मंगलवार को निकाला गया। जिसमें महाराजगंज, सिकंदरपुर, नथुवापुर, बडनापुर, भगवानपुर, किसानगंज आदि जगहों पर शांतिपूर्ण ढंग से लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ गली, मुहल्लों, चौक, चौराहों पर सौहार्द रूप से मोहर्रम का पर्व मनाया । कोरोना के बाद पहली बार ताजिया को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों में उत्साह दिखा। लोगों ने शरबत व सन्नी प्रसाद के रूप में वितरित किया और ताजिया के साथ साथ युवा व बड़े बुजुर्गों ने हसन हुसैन नारे लगाते हुए अपनी अपनी ताजिया को कर्बला में दफन किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी महसी जे पी त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी महसी रामदास, थाना प्रभारी हरदी अनूप मणि त्रिपाठी व समस्त अधिकारी कर्मचारी अपने अपने क्षेत्र में मौजूद रहे।

## अतरौलिया में निकाली अगस्त क्रांति पदयात्रा



बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट अतरौलिया। स्थानीय समाजवादी पार्टी कार्यालय पर क्रांति तिरंगा यात्रा का आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव एवं क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर संग्राम यादव के नेतृत्व में हुआ । कार्यक्रम में सर्वप्रथम ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ इसके बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा सपा कार्यालय से शुरू होकर केसरी सिंह चौक रोडवेज सहित पूरे नगर पंचायत अतरौलिया का भ्रमण करते हुए फिर समाप्त पर कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई इस तिरंगा यात्रा में सैकड़ों लोग मौजूद रहे सभी के हाथों में तिरंगा था इस तिरंगा यात्रा में लोगों में गजब का उत्साह भी रहा। तिरंगा यात्रा के विषय में बताते हुए सपा के पूर्व मंत्री बलराम यादव ने कहा कि आज ही के दिन 1942 ईस्वी में देश को आजादी दिलाने के लिए महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन नामक एक क्रांति यात्रा निकाली थी जिस से प्रेरित होकर सपा कार्यकर्ता महात्मा गांधी के इस भारत छोड़ो आंदोलन नामक क्रांति यात्रा के नाम पर क्रांति तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं । विधायक संग्राम यादव ने कहा कि यह तिरंगा देश का आन बान शान है आज इस क्रांति तिरंगा यात्र निकालने से मुझे बहुत गर्व हो रहा है इस मौके पर ब्लाक प्रमुख चल शेखर यादव चेयरमैन सुभाष चंद जायसवाल जगदीश पांडे और अमरनाथ पांडे सचिन जयसवाल बरमान यादव नरेंद्र नाथ यादव संजीत यादव कमला यादव लच्छीराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोटर साइकिल की चपेट में आने से मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश

कर्नलगंज, गोण्डा । तहसील क्षेत्र के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मनकापुर भुजई पुरवा गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवार ने एक बच्चे की जिंदगी तबाह कर दिया, जिससे परिजनों में काफी चीख पुकार मची है और उनका रो रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील कर्नलगंज के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मनकापुर (भुजई पुरवा) गांव निवासी राजू सोनी का करीब सात वर्षीय बच्चा मारुति मंगलवार को गांव के पास खेल रहा था। इसी बीच वह



तेज रफ्तार से जा रहे किसी बाइक सवार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में परिजन कर्नलगंज लेकर आये, जहां से उसे इलाज हेतु गोण्डा भेज दिया गया। लेकिन गोण्डा पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मासूम बच्चे की मौत की सूचना से परिजनों में काफी चीख पुकार मची है और लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

## परसपुर क्षेत्र की रहने वाली लड़की ने लखनऊ के गोमती नदी में लगाई छलांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश

कर्नलगंज,परसपुर गोण्डा। स्थानीय तहसील क्षेत्र के परसपुर की रहने वाली लड़की के मंगलवार को लखनऊ के गोमती नदी में कूद जाने की घटना जानकारी में आई है। वहीं लड़की के नदी में छलांग लगाने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया,जहाँ ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने बगैर बिलंब किए आनन–फानन में मौके पर पहुंचकर लड़की की जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोमती नगर अंबेडकर उद्यान चौकी प्रभारी सदरुद्दीन खान को सूचना मिली कि एक लड़की नदी में कूद गई है। जिसके बाद चौकी प्रभारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर लड़की को बाहर निकलवाया और बेहोशी की हालत में तुरंत उसे इलाज हेतु डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचवाया जहाँ होश में आने के पश्चात लड़की ने बताया कि वह गोण्डा के परसपुर की रहने वाली है। जो वर्तमान समय में सुभाष नगर, तेलीबाग लखनऊ में रह रही है।

## हत्या कर शव को छिपाने का एक आरोपी अभियुक्तगिरफ्तार

गोंडा। बीते 5 अगस्त को भगवान प्रसाद पुत्र चिन्नन निवासी छोटका पुरवा ग्राम नरैचा थाना छपिया जनपद गोण्डा द्वारा थाना छपिया मे लिखित तहरीर दी गयी कि उनके लड़के सनोज का नौडिहवा गड़रही की रहने वाली एक लड़की से प्रेम सम्बन्ध था। दिनांक 04.08.2022 को लड़की ने फोन करके उनके लड़को को मिलने के लिए बुलाया था। जहां पर लड़की व उसके परिजनों द्वारा मेरे लड़के की हत्या कर शव को गन्ने के खेत मे छिपा दिया गया है। वादी की तहरीर पर थाना छपिया मे सम्बन्धित धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ था। घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक छपिया को घटना मे संलिप्त आरोपी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के कड़े निर्देश दिए थे। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य संकलन के



आधार पर थाना छपिया पुलिस ने दिनांक 08.08.2022 को 2 आरोपी अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा आज दिनांक 09.08.2022 को छपिया पुलिस द्वारा एक और आरोपी अभियुक्त रामतेज वर्मा पुत्र जगतराम वर्मा निवासी नौडिहवा मौजा गड़रही थाना छपिया जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।कर्ता टीम में प्रभारी निरीक्षक छपिया संदीप सिंह मय टीम शामिल रहे।

## कतले हुसैन असल में मरगे यजीद है, इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद

बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट अतरौलिया। हजरत इमाम हसन और हुसैन की शहादत में त्याग व बलिदान का त्यौहार मंगलवार को मनाया गया। जिसमें ताजियादारों ने ताजिया के साथ निर्धारित रूट पर मातमी जुलूस निकाला। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपने कला व ताजियादारों ने जमकर मातम कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस दौरान सड़कों पर काफी भीड़ रही। लोग मातमी जुलूस देखने को सड़कों पर उमड़ पड़े। महिलाएं भी अपने छतों से जुलूस की एक झलक पाने को आतुर दिखीं। मुसलमानों का पावन पर्व मुहर्रम परंपरागत एवं शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पूरी अकीदत के साथ बनाई गई ताजियों की सजावट, खेल कूद का प्रदर्शन व ढोल ताशे की आवाज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। अन्याय पर न्याय, अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई, हक और नाक का प्रतीक त्योहार मोहर्रम पूरे अकीदत व सादगी के साथ मनाया गया। रंगीन पन्नियों, थर्माकोल व शीशे की कमर तोड़ महंगाई का असर हजरत हुसैन की याद को फीका न कर सका। ताजियादारों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। ताजियों को देखने वालों की भीड़ देखने लायक थी। दूर दराज से नर नारी आकर्षण ढंग से सजाई गई ताजिए को देखने के लिए उमड़ पढ़े। लाठी, डंडा,सैफ व तलवार के खेल का प्रदर्शन से कर्बला की याद ताजा होती नजर आई। अंजुमनों द्वारा पढ़ी गयी नौहा व नात भी लोगों को कर्बला की याद दिलाया तथा यजीद के जुल्म को सुनकर लोगों के आंखों में आंसू निकल पड़े।

कतले हुसैन असल में मरगे यजीद है। इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद।

जुलूसे ईमाम हुसैन में तिरंगा झण्डा भी आन बान, शान से लहराया गया। जिससे यह मालूम हुआ कि यह इण्डिया का जुलूस है। नगर के कसाई मोहल्ला अब्दुल कलाम नगर स्थित नन्हे–मुन्ने बच्चों सहित सभासद जावेद अहमद, खालिक कुरैसी आदि ने थर्माकोल से ताजमहल रूपी ताजिए को सजाया। जिसको लोगों ने खूब सराहा। तथा इन कलाकारों को इनाम से नवाजा। वहीं मोमिनटोला के मुस्ताक अहमद, सभासद सद्दाम हुसैन, अजीजुर्रहमान, मोहम्मू शैफ अन्सारी, अब्दुल्ला अन्सारी, जावेद अन्सारी, नबीहसन शेख आदि व



बच्चों ने अपने अपने ताजिए को खूब आकर्षक ढंग से सजाया। जो आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस के दौरान जगह–जगह ताजिया दारों ने विविध करतब दिखाए। मातमी जुलूस में युवाओं के साथ उम्र दराज लोग भी शामिल हुए। युवाओं के करतब देख लोग आश्चर्यचकित थे।

इस दौरान सड़कों पर काफी भीड़ नजर आई। यातायात भी प्रभावित रहा। घरों की छतों पर भी भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। महिलाएं भी जुलूस को देखने के लिए आतुर दिखीं। देर शाम कर्बला में ताजियों को दफन किया गया। नगर पंचायत अतरौलिया के अधिकारी डा0 लवकुमार व नगर पंचायत अतरौलिया के चेयरमैन सुभाष चंद्र जायसवाल की तरफ से पूरे नगर की साफ सफाई व चूने का छिड़काव कराया गया। तथा पेयजल की भी ब्यवस्था किया गया। मातमी जुलूस के मद्देनजर सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था रही। थानाध्यक्ष रुद्रभान पाण्डे पुलिस बल के साथ चक्रमण करते नजर आये। तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र प्रताप सिंह जुलूस के साथ सिर में रहे और पैनी नजर से निगरानी करते नजर आते।चप्पे–चप्पे पर पुलिस और पीएसी बल तैनात रहे। कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम का त्यौहार संपन्न हो गया।

## आजमगढ़ में ISIS का आतंकी गिरफ्तार, AIMIM का है सदस्य

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए आजमगढ़ से एक आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। वह आईएसआईएस के रिक्रूटर से सीधे संपर्क में था। एटीएस यूपी ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि उक्त आतंकी का नाम सबाउद्दीन आजमी है जो कि आजमगढ़ के अमिलो मुबारकपुर का रहने वाला है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन व अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था के पर्यवेक्षण में अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस द्वारा स्वतंत्रता दिवस की संवेदनशीलता को देखते हुए लगातार यूपी एटीएस के समस्त टीमों को अलर्ट करते हुए रेडिकल तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसी क्रम में यूपी एटीएस को सहयोगी एजेंसी से सूचना प्राप्त हुई कि अमिलो मुबारकपुर जिला आजमगढ़ में एक व्यक्ति अपने साथियों के माध्यम से आईएसआईएस विचारधारा से प्रभावित होकर व्हाट्सएप एवं विभिन्न सोशल मीडिया एप्लीकेशन के माध्यम से जिहादी विचारधारा का प्रचार प्रसार कर रहा है, एवं अन्य लोगों को भी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआई एस से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। आरोपी को पूछताछ के लिए मुख्यालय लाया गया था। जहां पूछताछ एवं मोबाइल डाटा खंगालने पर इसके द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस द्वारा आतंक एवं जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों का ब्रेनवाश करने के लिए बनाए गए टेलीग्राम चौनल AL-SAQAR मीडिया से जुड़े होने के प्रमाण मिले। वर्तमान समय में आरोपी सबाउद्दीन एआईएमआईएम का सदस्य है। बिलाल नाम के व्यक्ति से फेसबुक पर जुड़ने के बाद बिलाल सलाउद्दीन से जिहाद और कश्मीर में मुजाहिदो पर हो रही कार्रवाई के बारे में बात किया करता था।

बातों बातों में ही बिलाल ने मूसा उर्फ खताब कश्मीरी का नंबर दिया जो आईएसआईएस का सदस्य है। जिससे आरोपी की बात होने लगी। कश्मीर में मुस्लिमों पर हो रहे तथाकथित जुल्मों का बदला लेने की योजना बनाने के संबंध में मूसा ने आईएसआईएस के अबू बकर अल शामी का नंबर दिया जो वर्तमान में सीरिया में है। अबू बकर अल शामी के संपर्क में आने के उपरांत सबाउद्दीन ने मुजाहिदो पर हो रही कार्रवाई का बदला लेने आईएसआईएस की तरह भारत में भी एक इस्लामिक संगठन बनाने तथा आईडी बनाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शामी ने सबाउद्दीन को आईईडी बनाने की विधि व आवश्यक सामग्री बताई तथा सबाउद्दीन का संपर्क आईएसआईएस रिक्रूटर अबू उमर जो मुर्तानिया का रहने वाला से कराया।

अबू उमर द्वारा सोशल मीडिया एप्स के माध्यम से हैंड ग्रेनेड, बम, आईईडी बनाने की ट्रेनिंग दी जाने लगी तथा मुजाहिदीन संगठन तैयार कर भारत में इस्लामिक स्टेट स्थापित करने तथा भारत में इस्लामी हुकूमत एवं शरिया कानून लागू करने की योजना पर काम करने लगे। सबाउद्दीन ने आर एस एस के सदस्यों को टारगेट करने के लिए चिन्हित करने के उद्देश्य से आर एस एस के नाम से मेल आईडी बनाई व उससे फेसबुक अकाउंट बनाकर उन्हें टारगेट करने की योजना पर काम कर रहा था। सबाउद्दीन आजमी उर्फ उर्फ सबाहुद्दीन उर्फ सबाहू उर्फ दिलावर खान उर्फ बैरम खान उर्फ आजर पुत्र जफर आजम महमूदा पुरा वार्ड नंबर 9 अमिलो मुबारकपुर थाना मुबारकपुर का निवासी है। सबाउद्दीन आजमी के संबंध में थाना लखनऊ में मुकदमा अपराध संख्या 02/2022 धारा 121ए, 122, 123 आईपीसी व विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 एवं 25 आर्म्स अधिनियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। सबाउद्दीन के बताए गए स्थान से अवैध शस्त्र, कारतूस, 1 सोल्डरिंग आयरन, एक पीवीसी वायरिंग वायर आधा आधा मीटर के दो टुकड़े लाल व काले रंग में, सफेद कलर की लीड, एक एमसीवी, वायर कटर, दो टेस्टर, पेचकस, प्लायर, एक ड्रिल मशीन, मोबाइल, प्लास्टिक के डिब्बे में कागज में लिपटे हुए चाइनीज कील व कोका कील बरामद की गई है।

गिरफ्तार सबाउद्दीनै एआईएमआईएम का सदस्य है : बिलाल नाम के व्यक्ति फेसबुक पर जुड़ने के बाद सबाउद्दीन से जिहाद और कश्मीर में मुजाहिदों के ऊपर हो रही कार्रवाई के बारे में बात करता था, बातों बातों में ही बिलाल ने मूसा उर्फ खत्ताब कश्मीरी का नंबर दिया जो आईएसआईएस का सदस्य है जिससे आरोपी की बात होने लगी, कश्मीर में मुजाहिदों के ऊपर हो रहे जुल्म का बदला लेने की योजना के बारे में मूसा ने आईएसआईएस के अबू बकर अल सामी का नंबर दिया जो वर्तमान में सीरिया में है।

## बयान के बहाने सीओ आफिस ने बनाया दबाव

- न्यायालय में विचाराधीन मामले पर पुलिस नहीं करेगी कार्यवाही : लक्ष्मीकांत

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। क्षेत्राधिकारी गोण्डा सदर के यहां कार्यरत आरक्षी अखिलेश कुमार द्वारा न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे में गवाही दे चुके गवाहों को दबाव बनाकर गैरकानूनी तरीके से उनकी गवाही बदलने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। जिस पर पीड़ित नंद किशोर वर्मा ने एडवोकेट सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा क्षेत्राधिकारी गोण्डा सदर लक्ष्मीकांत गौतम, अखिलेश कुमार (क्षेत्राधिकारी कार्यालय में कार्यरत) एवं पुलिस महानिदेशक लखनऊ को कानूनी नोटिस भेजकर उन्हें उच्च न्यायालय के सिद्धांतों का हवाला देकर विधि विरुद्ध कार्य ना करने हेतु आगाह किया है। अन्यथा उच्च न्यायालय के सिद्धांतों को ना मानकर मनमानी करने पर क्षेत्राधिकारी गोण्डा सदर लक्ष्मीकांत गौतम एवं खुद को जांच अधिकारी बताने वाले क्षेत्राधिकारी कार्यालय में कार्यरत अखिलेश कुमार के विरुद्ध न्यायालय के अवमानना की कार्यवाही की जायेगी। प्राप्त समाचार के अनुसार नन्द किशोर वर्मा ग्राम रानीजोत परगना, तहसील एवं जिला गोण्डा एवं दुर्गा प्रसाद, दशरथ एवं प्रहलाद के मध्य रानीजोत स्थिति क्रषि योग्य भूमि एवं आबादी की भूमि का मुकदमा राजस्व न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त मामले में एक भाजपा विधायक के दबाव के चलते प्रशासन द्वारा बार–बार नंद किशोर वर्मा को गैर कानूनी तरीके से परेशान किया जाता रहा है। पूर्व में भी 22 सितंबर 2021 को भाजपा विधायक ने तत्कालीन जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही को अपने लेटरपैड पर पत्र प्रेषित कर नंद किशोर वर्मा को परेशान किया था, परन्तु जब जिलाधिकारी शाही को ज्ञात हुआ कि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, तब उन्होंने नन्द किशोर वर्मा को राहत प्रदान करते हुए एक दिशा निर्देश जारी किया जिसमें स्पष्ट किया कि न्यायालय में लंबित मामलों के विषय में किसी प्रकार का प्रशासनिक हस्तक्षेप अथवा कार्यवाही नहीं की जा सकती। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि यदि जानकारी के अभाव में न्यायालय में लंबित वाद पर प्रशासनिक हस्तक्षेप कर दिया जाता है तो जानकारी होने पर उसे तुरंत सुधार किया जाये। बावजूद इसके क्षेत्राधिकारी कार्यालय में कार्यरत अखिलेश सबकुछ जानकर न्यायालय में गवाही दे चुके गवाहों की गवाही को झूठा बताते हुए दबाव बनाकर गवाहों को गैर कानूनी तरीके से प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रकरण पर क्षेत्राधिकारी गोण्डा सदर लक्ष्मीकांत गौतम से बात करने पर उन्होंने कहा कि यदि मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो बयान कर्ता ये लिखकर दे दे कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है बस बात खत्म हो जायेगी। जबकि खुद को जांच अधिकारी बताने वाले अखिलेश कुमार ने कहा कि क्षेत्राधिकारी के आदेशानुसार ही हम बयान दर्ज करते हैं। इसलिए सीओ साहब ही इस पर बयान देंगे।

## कर्नलगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्तिकी हुई मौत

- पत्नी ने लगाया हत्या करने का आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश कर्नलगंज गोंडा। स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में खेत मे पड़े एक व्यक्ति को परिवार के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक की पत्नी ने अपने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली कर्नलगंज के अंतर्गत कस्बा कर्नलगंज के मोहल्ला सकरौरा पूर्वी से जुड़ी है। यहां के निवासी रामजागे कश्यप उम्र करीब 50 वर्ष सोमवार को अपना खेत देखने गया था। कुछ देर बाद परिवार के लोगों को उसे बेहोशी की हालत में खेत मे पड़े होने की सूचना मिली। जिन्हें आनन फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सुषमा कश्यप के अनुसार कुछ लोगों से उसका जमीनी विवाद चल रहा था।



विपक्षियों ने उसके ऊपर हमला करने के साथ ही उसके पति की हत्या करने की धमकी दी थी। सुषमा ने अपने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज से जानकारी करने हेतु उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।






# संक्षिप्त समाचार

## शुभम मार्शल आर्ट कराटे एकेडमी के मेधावी छात्रों ने बेल्ट टेस्ट में मारी बाजी

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। तहसील फूलपुर थाना थरवई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मथुरा उर्फ पारंडीह में संचालित शुभम मार्शल आर्ट एकेडमी का नाम फिर से एकेडमी के छात्रों ने रोशन किया बात चाहे देश की रक्षा की हो या आत्मरक्षा की बगैर किसी प्रशिक्षण के कोई भी व्यक्ति किसी कार्य में सफल नहीं हो सकता यहां तक कि छात्रों ने कहा कि मार्शल आर्ट छात्र व छात्राओं को उनके अन्य विषयों के साथ सरकार को स्कूलों में इसकी भी शिक्षा दिलवानी चाहिए ऐसा करने से हमारे देश में अपराधिक व बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में कमी आएगी बेल टेस्ट में पास हुए बच्चों में शिवम मौर्य दीपक मौर्य नक्श मौर्य जैद अंसारी पुनीत दुबे जयसिंह रचित मौर्य छात्रों के साथ–साथ छात्राओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया प्रियंका सिंह अर्पिता सिंह अर्चिता सिंह ने बेल टेस्ट में मारी बाजी।

## दबंगों ने गांव के ही युवक को लहू लुहान कर किया अधमरा

फफूंद,औरैया। फफूंद थाना क्षेत्र ग्राम नुनहा में दबंगों ने अवनीश कुमार s/o वेदप्रकाश को लाठी डंडों से पीट पीट कर लहू लुहान कर अधमरा छोड़ दबंगों ने सही मौका देख वहां से भाग निकले। जहां पर परिजनों ने पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। पर पुलिस तो पहुंची मौके पर लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है एवं पीड़ित पक्ष ने बताया। कि मेरे द्वारा एक लिखित तहरीर भी दी गई है। लेकिन फफूंद थाना पुलिस की दबंगो से मिलीभगत होने के कारण अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। तथा दबंग अभी भी खुल्लम खुल्ला घूम रहे है। एवं पीड़ित की मां ने बताया की दबंग लोग बहुत ही सांतिर व झगड़डू किस्म के हैं और ये लोग हमेशा गांव मे लोगों को डरा व धमकाते रहते हैं। जिस से गांव के लोग डरे एवं सहमे रहते हैं। अतः पीड़िता का फफूंद थाना पुलिस से विश्वास उठ जानें के कारण पीड़िता ने जिले के आलाधिकारियों एवं शासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि हमारी और मेरे पुत्र की रक्षा की जाए नहीं तो ये लोग उसे कभी भी मार सकते हैं। और पीड़ित मां ने अपने पुत्र का इलाज अस्पताल मे करा रही हैं। जहां अवनीश की स्थिति बहुत ही नाजुक बताई गई है। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं भी अपने पुत्र के साथ साथ प्राण त्याग दूंगी। अतः जिला प्रशासन मेरी मदत करे जिस से मुझे न्याय मिल सकें।

## अभोली विकास खंड के ग्राम सभा कुढ़वा में ग्राम देवी चौरा का वार्षिक पूजन संपन्न

संवाददाता अयोध्या टाइम्स। कुढ़वा गांव में 70 सालों से चली आ रही




विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समस्त गांव की खुशहाली,सुख समृद्धि के लिए ग्राम देवी चौरा का पूजन बड़े धूम धाम से डीजे के साथ पूरे गांव में प्रभात फेरी भी किया गया। इस मौके पर गांव के हीरालाल, बृजलाल,लालजी,बबलू, राजबहादुर पाल,रामलाल,मगन पाल आदि लोगों के साथ पूरे गांव की औरते और बच्चे भी उपस्थित रहे।

## रात्रि में सड़ा विद्युत हाईटेंशन पोल गिरा

- बड़ा हादशा होने से बचा पूरा नगर की आपूर्ति बंद है

संवाददाता अयोध्या टाइम्स सुरियावां। भदोही दुर्गागंज वाराणसी मार्ग बाईपास सुरियावां मलेपुर के पास हाईटेंशन तार का विद्युत पोल सड़ गया था जो रात में 10:00 बजे रात्रि वह सड़क पर गिर गया बड़ा हादसा होने से बचा नगर पंचायत सुरियावा के अंतर्गत वाराणसी भदोही दुर्गागंज मार्ग पर मलेपुर गांव के पास बाईपास रोड पर 11,000 हाईटेंशन का विद्युत पोल 10:00 बजे रात्र गिर गया संजोग यह था कि उस समय कोई बड़े वाहन या कोई वाहन नहीं जा रहे थे या कोई व्यक्ति नहीं था अन्यथा जलकर राख हो जाता यह जिस समय पोल गिरा उस समय धड़ाधड़ धड़ाधड़ तार जलने लगा और लोग घबरा गए सूचना देने पर



विद्युत सप्लाई बंद हुई और इसके बाद जो है तभी से पूरे नगर नया गंज मलेपुर बाईपास चोमुहानी शास्त्री नगर पुरानी बाजार अशोक नगर, गल्लामंडी चौक नेहरू नगर शेखर आजाद नगर आदि जगहों की सैकड़ों कनेक्शन की आपूर्ति रात्रि 10:00 बजे से बंद है विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को 1 वर्ष पूर्व और नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों को स्थानीय लोगों ने पत्र देकर के यह शिकायत की थी कि जो पुल लगे हैं वह काफी सड़ चुके हैं जिसमें एक मलेपुर के पास बाईपास रोड के पास है वह सड़ गया है उसके पास में हैंडपंप है वह किसी समय गिर सकता है बड़ा हादसा हो सकता है जो आज रात्रि में पोल गिर गया लोग बता रहे थे कि नगर में दर्जन भर से अधिक पोल नीचे से सड़ गए हैं और 2 वर्ष अभी नहीं हुआ है लगे और उसको जब शिकायत होती है बहुत सोर्स होता है तो एक पोल नीचे से पाइप लगाकर के इंगल लगाकर के जोड़ करके खड़ा करके काम चलाया जा रहा है बताते हैं लोग कि नगर पंचायत में जो विद्युत लाइन बिछाई गई है उसमें ठेकेदार द्वारा जो है नंबर दो का पोल लगाया गया है उच्च क्वालिटी का न नही लगाया गया है जो 2 वर्ष में ही नीचे से सर जा रहा है ऐसे में शिकायत करने के बावजूद भी नगर पंचायत के कान में जूं नहीं रेंगता है और साल भर के बाद भी यह विद्युत पोल की समस्या दूर नहीं हुई आज रात में यह पोल गिर गया बड़ा हादसा होने से बचा।

## ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेला संपन्न

संवाददाता अयोध्या टाइम्स सुरियावां थानाक्षेत्र के मतेथू गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर मंगलवार को ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेला



संपन्न हो गया है , दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने बजरंग बली का दर्शन पूजन करने सुख समृद्धि की कामना की है . दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने मेले का भी लुत्फ उठाया है , मेले में बच्चों ने चाट ,फुल्की का आनंद लिया तो महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की खरीदारी की है . मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे , जगह जगह पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था . इस संबंध में मंदिर के पुजारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्राचीन हनुमान मंदिर मतेथू पर कई दशकों से बुढ़वा मंगल मेले का आयोजन किया जा रहा है , दूरदराज इलाकों से आए श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के बाद मेले का भी आनंद लेते है और मेले को सकुशल संपन्न कराने में प्रशासन का भरपूर समर्थन मिलता है , मेले को संपन्न कराने वालों में राम आसरे मोदनवाल,संदिप सिंह , राजू सिंह , बऊ सिंह , गोपीचंद मौर्या , रंजीत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## आकाशवाणी इलाहाबाद में 13 अगस्त को आयोजित होने वाली लोक अदालत व आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के बारे में परिचर्चा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज। माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद नलिन कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार आकाशवाणी इलाहाबाद में मंगलवार को दिनांक 13.8.2022 को आयोजित होने वाली लोक अदालत व आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में रेलवे मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज व प्रभारी सचिव डॉक्टर लकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष चतुर्वेदी द्वारा किया गया। उत्सव गौरव राज द्वारा लोक अदालत की सफलता हेतु विभिन्न प्रकार के आयामों के बारे में बताया गया व सुलह समझौते के आधार पर होने वाले मुकदमों के बारे में बताया गया। डॉक्टर लकी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई और बताया गया कि दिनांक 13 से 15 अगस्त के मध्य आयोजित हर घर झंडा कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में नितिन श्रीवास्तव व पराविधिक स्वयंसेवक अमलेश्वर पांडे उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉक्टर लकी द्वारा प्रदान की गई।

## महादेव के मूल निवास स्थान कैलाश मानसरोवर को चीन से मुक्त कराने का लिया संकल्प



प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। RSS के आनुषंगिक संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक मान इंद्रेश कुमार जी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय महामंत्री मान पंकज गोयल जी के निर्देशन में सम्पूर्ण भारत में चल रहे श्रावण मास संकल्प अभियान के तहत भारत तिब्बत सहयोग मंच प्रयागराज जिला युवा विभाग के जिला अध्यक्ष हिमांशु दुबे, महामंत्री विजेंद्र पाठक, शुभम दुबे, विशाल पांडे, शिव तिवारी, अंकित गुप्ता, पंकज मिश्रा आदि ने भगवान शिव का गंगा जल से जलाभिषेक कर महादेव के मूल निवास स्थान कैलाश मानसरोवर को चीन के कब्जे से मुक्त कराने का संकल्प लिया और संकल्प सिद्धि के लिए भगवान शिव से शुभ आशीर्वाद की प्रार्थना की।
इस अवसर पर सभी सदस्यों ने भारत के सबसे बड़े शत्रु चीन के वस्तुओं का परित्याग करके चीनी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और चीन के विस्तारवादी सोच से भारत को बचाने के लिए जनजागरण कर सभी जन मानस को चीन जैसे शत्रु से निपटने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया।

## बिधूना आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा यात्रा निकाल कर दिया जन सन्देश

अनुराग ठाकुर दैनिक अयोध्या टाइम्स बिधूना (औरैया)। भारत सरकार के तत्वाधान में हर घर तिरंगा की पहल आज भगतसिंह चौराहे बिधूना से आजादी का 75वे अमृत महोत्सव को मनाया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे ने इसकी शुरुआत की उनके प्रतिनिधि अलोक सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जी की अपील से यह कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसको लेकर लोंगो में उत्साह व उमंग देखने को मिला यात्रा के दौरान हर व्यक्ति अपने हाथ में तिरंगा लेकर सड़कों पर जोश के साथ नारे बाजी करते हुए आजादी के पर्व का आंनद लिया एवं सबको एक सन्देश दिया कि इस महोत्सव में सभी लोग एक एक तिरंगा खरीदकर अपने मकान व् दुकान की छतों पर एवं गाड़ियों में हर जगह पर देश की आन बान



शान को सुशोभित जरूर करें. तिरंगा यात्रा के दौरान मौके पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी सर्किल ऑफिसर एवं कोतवाल जीवाराम,सूर्यांश,एलआयू दीप सिंह,टीटू भदौरिया, शिवा ठाकुर, भानु ठाकुर, अंभुज सिंह, शनि चौहान,मन्ना सेंगर, प्रशांत सिंह,कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, गौरव चौरसिया लगभग सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## छात्र-छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

औरैया, अजीतमल। भारत सरकार के तत्वाधान में घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बल्लापुर में स्थित एकलव्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं तिरंगा पदयात्रा निकालकर लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए जागरूक किया। छात्र छात्राओं के साथ स्थानीय जनों ने भी इस पदयात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा भारत सरकार युवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम विभागों द्वारा संचालित कर रही है युवा इसका फायदा उठाकर लाभ लें। उन्होंने कहा भारतवर्ष आजादी की 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के द्वारा मना रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह के साथ अपील की कि आप भी इस आजादी के अमृत महोत्सव में हिस्सा बनकर देश के गौरव को बढ़ावा देने में सहयोग करें। स्वतंत्र भारत में सांस लेने वाले हर व्यक्ति को ज्ञात होना चाहिए कि देश कैसे स्वतंत्र हुआ अनेकों वीरों ने अपनी शहादत दी है हमें उनके बलिदान को कभी नहीं बुलाना है एवं इस पद यात्रा के माध्यम से जन जन तक वीर शहीदों के जीवन काल की गाथा पहुंचानी है।

## प्लेटफार्म पर शुरू हुई प्रसव पीड़ा, रेलवे पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

पवन कुमार अयोध्या। रामनगरी में एक मजदूर को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ही प्रसव पीड़ा शुरू होइ गई। मामले की जानकारी पर रेलवे पुलिस ने महिला को श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डाक्टरों ने प्रसव के लिए महिला को जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि मूल रूप से बिहार प्रान्त के गया जनपद के थाना वजीरगंज क्षेत्र स्थित गाँव महु गाए निवासी 42 वर्षीय एक महिला मजदूर सुग्गा देवी पत्नी पलेसर अपने पीटीआई के साथ मजदूरी के लिए गोंडा जनपद जा रही थी। सोमवार को शाम लगभग 6.30 बजे वह 13309 दून एक्सप्रेस ट्रेन अयोध्या रेलवे स्टेशन पहुंची और रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 के पश्चिम छोर पर बैठी थी कि इसी दौरान महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। पीड़ा के चलते चीख–चीला रही महिला को ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारियों ने देखा तो मामले की जानकारी जीआरपी



अयोध्या चौकी पुलिस को दी। मामले की सूचना पर रेलवे पुलिस ने प्रसव पीड़िता को उपचार के लिये महिला पुलिस और एंबुलेंस की मदद से श्रीराम अस्पताल भिजवाया। हलांकि श्रीराम अस्पताल में प्रसव की पर्याप्त सुविधा न होने के चलते डाक्टरों ने उसे जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया। जीआरपी अयोध्या चौकी प्रभारी अशोक कुमार पाठक ने बताया कि प्रसव पीड़ा होने पर बिहार से आई एक महिला मजदूर को तत्काल एंबुलेंस से राजकीय श्रीराम चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## कर्बला में ताजिया के फूल दफन कर मनाया यौमे आशूरा

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज,फूलपुर। थाना अंतर्गत हल्का एक से चार तथा नगर पंचायत में बीती नवीं की रात ताजियों की गश्त निर्धारित रूट पर की गई। जिसमें अकीदत मंदो ने पूरी रात जुलूस में कर्बला वालों की शान में नौहे मर्सिया मनकबत आदि पढ़ते हुए घूम कर पुनः इमाम चौक पर रखकर फातेहा पढ़ी। मंगलवार दसवीं मोहर्रम को शहादत इमाम हुसैन के दिन अपने निर्धारित रास्तों पर घूमते हुए ताजिया सहित कर्बला पहुंचे। जहां ताजिया पर चढ़े श्रद्धा सुमन को दफन कर दोनों हाथ उठाकर शहीदाने कर्बला को खेराजे अकीदत पेश किया गया। फूलपुर नगर पंचायत के कोहना, हवेली, कैथाना, शेषपुर, बाबूपुर, फिरोज पुर, बानगी बाजार आदि के ताजिये सिकंदरा रोड की कर्बला में दफन किए गए। ताजिया कमेटी के अध्यक्ष बलागत हुसैन ने बताया कि एसडीएम फूलपुर जुलूस के साथ नहीं रहे।
जिसके कारण रेलवे फाटक 27 सी पर दो घंटा रूट पर मालगाड़ी खड़ी रहने के कारण ताजिया गस्त में विलंब हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में मैलहन में तीन ताजिया कल्बे हुसैन जैदी, मोहम्मद युनुस, नियाज अहमद का संपूर्ण कार्यक्रम चौक पर संपन्न हुआ मात्र अकीदत के फूल कर्बला में तीन तीन लोग पुलिस व्यवस्था में ले गए। अलीशेर, अ० सत्तार मोहम्मद असीर बदरुल हसन जैदी, मोहम्मद जुलकरनैन, असद मेहदी बबलू आदि मौजूद रहे। देर शाम तक कोड़ापुर, सलमापुर,भंभई, सौरहा, मिश्रापुर, बाबूगंज, कनौजा, पहंसी, अगहुआ, नईकोट, अमिलिया, अरवासी, सरायहरी राम आदि गांवों में कर्बला में जुलूस सहित जाकर अकीदत के फूल दफनाते हुए इमाम हुसैन को अश्रुपूरित नजराना पेश किया गया।

## हर घर फहरे राष्ट्रध्वज तिरंगा अभियान की शुरुआत

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या
अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 9 अगस्त क्रांति दिवस पर जनपद अयोध्या में रोहिणी कॉलोनी साहबगंज फैजाबाद के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज प्रदान करने के साथ समाजवादी पार्टी के 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर फहरे राष्ट्रध्वज तिरंगा अभियान की शुरुआत पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने किया उन्होंने हर नागरिक से अपने–अपने आवास पर 15 अगस्त को झंडारोहण की अपील भी की। श्री पांडे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 9 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2022 तक घर–घर तिरंगा ध्वज फहराने की सभी से अपील की है। श्री पांडे ने कहा कि 8 अगस्त 1942 को बंबई में विशाल जनसमुदाय के समक्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' का प्रस्ताव रखने के साथ देश को 'करो या मरो' का मंत्र दिया था। सरकारी दमनचक्र के बावजूद 9 अगस्त 1942 को अरूणा आसिफ अली ने बंबई के ग्वालियर टैंक मैदान में तिरंगा फहराकर ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी थी। समाजवादी नेता जय प्रकाश नारायण ने भूमिगत आंदोलन की गति को तेजी प्रदान की तो डॉ0 राममनोहर लोहिया और ऊषा मेहता ने आजाद रेडियो के माध्यम से क्रांति की लौ को तेज की थी। निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहां की 9 अगस्त 1942 से प्रारम्भ अंग्रेजो भारत छोड़ो जनआंदोलन में हजारों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया। ब्रिटिश सरकार ने क्रूरता से जनता के विद्रोह को कुचलने का प्रयास किया। लेकिन इस सबके बावजूद जनता की जीत हुई। 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजो को भारत छोड़कर जाना पड़ा। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि 9 अगस्त 1942 का दिन राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक दिवस है।



9 अगस्त के दिन 'अंग्रेजो भारत छोड़ों' आव्हान के फलस्वरूप ही देश को आजादी मिली। आजादी के संघर्ष के शहीदों को नमन करने और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने का भी यह दिन है। निवर्तमान सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक घर–घर तिरंगा फहराने में सहयोग करेगी और लोकतंत्र तथा समाजवाद को बचाने का भी संकल्प लेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल पार्षद राम भवन यादव उमेश यादव पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अमृत राजपाल पूर्व प्रमुख राम अचल यादव चौधरी बलराम यादव सरोज यादव अपर्णा जायसवाल शिवांशु तिवारी घनश्याम यादव तेजवंत सिंह रामनाथ राशिद सलीम घोसी अवधेश यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

## सीआरपीएफ के जवानों ने निकाली तिरंगा रैली



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या
अयोध्या। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को नवीन मण्डी स्थित 63 बटालियन सी०आर०पी०एफ० ने जवानों ने "हर घर तिरंगा " अभियान के तहत आज अपने हाथों में तिरंगा लेकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अयोध्या में रैली निकाली। रैली में 63 बटालियन सी०आर० पी०एफ० के कुल 500 से अधिक जवान तथा उनके परिवार व बच्चे सम्मिलित हुए। देश–भक्ति तथा देश प्रेम से ओप–प्रोत जवानों तथा उनके परिवारों ने "हर घर तिरंगा " अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित किया। ज्ञात हो कि 63 बटालियन सी०आर०पी०एफ० को हर घर तिरंगा अभियान के तहत कम से कम पच्चीस हजार घरों पर तिरंगा लगाने की जिम्मेदारी दी गयी है। उसी अभियान के तहत आज सी०आर०पी०एफ० द्वारा निकाली गयी तिरंगा रैली बहुत ही आकर्षित तथा देश – प्रेम से ओत–प्रोत थी। भारत की आजादी के लिए शहादत पाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को भी इस अवसर पर याद किया गया तथा आवाहन किया गया कि सब लोग मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनायें। इस अवसर पर छोटे लाल, कमांडेण्ट–63 बटालियन सी०आर०पी०एफ०, सरकार राजा रमन, द्वितीय कमान अधिकारी, अशोक कुमार शील, उप कमां०, श्री अजय कुमार, उप कमां०, पंकज राय, सहायक कमांडेण्ट, आर0एन0 चौहान, सहायक कमांडेण्ट, अखिलेश्वर सिंह, सहायक कमांडेण्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## या हुसैन की सदाओं के बींच सुपुर्द-ए-खाक हुए ताजिये

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या
अयोध्या। दसवीं मोहर्रम पर या हुसैन की सदाओं के साथ ताजियों को सुपुर्द –ए–खाक किया गया। अजादारों ने अपने–अपने घरों से ताजिया परम्परागत ढंग से उठाया और कर्बला में पहुंच कर ताजियों को दफन किया गया। कहीं–कहीं ताजियों को निकटवर्ती चिह्नित तालाब और पोखरों में विसर्जित किया गया। मोहर्रम की दसवीं को लेकर जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। सुबह से दोपहर बाद तक ताजियों को सुपुर्द–ए–खाक करने का सिलसिला चलता रहा।
नगर में राठहवेली, इमामबाड़ा, हैदरगंज, तेलीटोला, हसन कटरा, नाका और अन्य क्षेत्रों से शिया अजादार जुलूस की शक्ल में अपने–अपने घरों का ताजिया लेकर खुर्दमहल स्थित दरगाह में बनी कर्बला में पहुंचे। नौहाख्वानी और मातम करते हुए अजादारों ने कर्बला के शहीदों को रुखसत किया। जुलूस में आगे अलम और ताजियों के साथ छोटे दृ छोटे बच्चे भी शामिल रहे। यहां खुर्दमहल कर्बला में दोपहर दो बजे तक दो सौ से अधिक ताजियों को सुपुर्द–ए–खाक किया गया। दरगाह कमेटी की ओर से इसके लिए इंतजाम भी किए गए थे। ताजिया दफन के बाद यौमे आशूरा के लिए बताए गए आमाल भी विभिन्न मस्जिदों में किए गए ।वहीं सुन्नी समुदाय के लोगों ने बड़ी बुआ में ताजिया सुपुर्द–ए–खाक किया। यहां काफी भीड़ रही जिसे देखते हुए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आज के ही दिन हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 जांनिसार साथियों को



कर्बला में भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया था। जिसके शोक में मोहर्रम मनाया जाता है। दो महीने आठ दिन तक चलने वाले मोहर्रम में यह दस दिन प्रमुख माने जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी परम्परागत ढंग से जुलूस निकाल ताजियों को सुपुर्द–ए–खाक किया गया। इससे पहले नौ मोहर्रम यानि सोमवार की रात को राठहवेली से मुश्तरी के ताजिये का कदीमी जुलूस निकाला गया जो राठहवेली से चौक, रीडगंज होता हुआ मंगलवार भोर में इमामबाड़ा जवाहर अली खां पहुंचा। जहां अजादारों ने कर्बला के शहीदों को पुरसा देने के लिए आग का मातम किया। जुलूस में भारी संख्या में अजादार शामिल रहे।

## हरिशंकरी सप्ताह के अंतर्गत पौधों की बारात निकालकर किया गया पौधरोपण

पवन कुमार रुदौली (अयोध्या)। पतंजलि परिवार अयोध्या एवं वन विभाग के संयुक्त नेतृत्व में हरिशंकरी पौधे का रोपण प्राथमिक विद्यालय नरौली प्राथमिक विद्यालय पोराय पंचायत भवन खैरनपुर प्राथमिक विद्यालय सुजागंज प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर आज जगह हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया इसमें पीपल, बरगद एवं पाकड़ तीनों पौधों को एक साथ संयुक्त रूप कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुदौली विधायक माननीय रामचंद्र यादव वन क्षेत्राधिकारी रुदौली के साथ पतंजलि भारत स्वाभिमान के तहसील प्रभारी पवन कुमार शर्मा उपस्थित रहे इसी कार्यक्रम के तहत आज पौधों की



बारात समर्पण उत्थान सोसाइटी कैंप कार्यालय से कस्तूरबा बालिका विद्यालय तक निकाली गई जिसमें बाजे गाजे के साथ विद्यालय की बालिकाओं ने हाथों में पौधे तिरंगा तख्तियां लेकर बारात में सहयोग प्रदान किया विद्यालय पहुंचकर परिसर में लगभग 50 पौधे जैसे आम अमरूद सहजन नींबू कटहल नीम आंवला आदि का रोपण भी किया गया ।
इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रुदौली वीरेंद्र तिवारी वन दरोगा नरेंद्र राव अरविंद कुमार मिश्रा हरिशंकर भगवती यादव शीतला प्रसाद रामकेवल अशोक कुमार वहीं पतंजलि परिवार से भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी पवन कुमार शर्मा पतंजलि समिति के महामंत्री राममिलन शर्मा संगठन मंत्री सुनील विश्वकर्मा किसान सेवा समिति के संगठन मंत्री अशोक विश्वकर्मा जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद विश्वकर्मा व समर्पण उत्थान सोसाइटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता संगठन मंत्री हंसराज लेखाकार रमाशंकर भारती शीतला प्रसाद कस्तूरबा कस्तूरबा परिवार से वार्डन सुनीता पांडे सह वार्डन राम जानकी सिंह अंबालिका मिश्रा बिंदु पांडे अंजना गौड़ तहजीब बानो वंदना शर्मा आसमती वर्मा निशा सोनकर सत्यदेव यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## या हुसैन की सदाओं के बीच सुपुर्द-ए-खाक किए गए ताजिए

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या
बीकापुर अयोध्या। दसवीं मुहर्रम का ताजिया जुलूस निकालकर नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत को याद किया गया। मंगलवार दोहपार बाद कर्बला में ताजिए श्या हुसैनश के नारों के साथ अश्रुपूरित नेत्रों से सुपुर्द–ए–खाक किए गए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।
पहला जुलूस खजुरहट से निकलकर कर्बला देवापुर तक गया। जहाँ कांस्टेबल ज्ञान प्रकाश सिंह व होमगार्ड जवान अमरनाथ सिंह ने कड़ी सुरक्षा के बीच ताजिया सुपुर्द–ए–खाक कराया। दूसरा जुलूस बीकापुर कस्बा से होते हुए मलेथू कनक गांव के बाहर स्थित कर्बला में पहुंचकर ताजिए सुपुर्द–ए–खाक किए गए। जुलूस में गुलरेज हैदर, नेहा लेदर, गुड्डू ,बदलू, असगर अली, मेराज हैदर, कायम मेंहदी, गुललेज हैदराबाद, सोनू हैदरा, निहाल, हारुन रसीद, मोहम्मद फरीद खां, नशीर अहमद, फकरुदीन अली अहमद नीन, आजाद, महमूद अहमद, के अलावा महिलाएं व बच्चे सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे। इसी तरह सोनखरी, बनकट, काजी सराय,नंदरौली, चौरे,कोछा आदि कर्बला में जुलूस ताजिया लेकर पहुंचे और नम आंखों से दफन किए जाने का सिलसिला जारी रहा। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की तरफ से मलेथूकनक कर्बला पर उप निरीक्षक शशि कांत पटेल, कांस्टेबल अजय नायक, मनोज कुमार पांडेय, सौरभ सिंह, महिला कांस्टेबल गरिमा पांडेय, तनुजा सहित अन्य पुलिसकर्मी ताजिया दफन के दौरान चौकस रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## न्यायालय के आदेश पर 82 कार्रवाई के अंतर्गत नोटिस चस्पा



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मंगलवार सुबह थाना दन्नाहार मैं पंजीकृत मुकदमा संख्या 237/21 व 240/21 धारा 379 भादवि के अंतर्गत अभियुक्त गण सलमान पुत्र हजारी, सद्दाम, चूहा पुत्र पप्पू निवासी रीछपुरा डेरा बंजारा थाना कुरावली के विरुद्ध लगातार फरार चलने के कारण तथा न्यायालय में हाजिर ना होने के कारण धारा 82 की कार्रवाई के अंतर्गत उपनिरीक्षक पंकज वेदवान के द्वारा आरोपियों के आवास पर, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा व माननीय न्यायालय के गेट पर डुगडुगी बजवा कर चस्पा की गई।

## मरघट की बंजर जमीन को अपना बताकर उसकी बिक्री करने के मामले में 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज

- महिला सहित चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पुलिस ने धारा 420 467 468 471 सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत 4 लोगों को भेजा जेल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी, बिछवा।थाना क्षेत्र के गांव हैमपुरा में मरघट वह बंजर जमीन पर को अपना बताकर उसको एक महिला ने गांव के लोगों को बैनामा कर दिया साथ ही और जमीन की बिक्री कर दी जिस पर गांव के लोगों ने कब्जा भी कर लिया मामले में शिकायत हुई तो क्षेत्रीय लेखपाल ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्हें लिखा पढ़ी कर धारा 420 467 468 471 आईपीसी सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत जेल भेज दिया। प्रभारी थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया के उनके साथी उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह व अन्य महिला पुलिस की मदद से महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। तहसील भोगांव में तैनात लेखपाल शिवकुमार ने उप जिलाधिकारी के आदेश पर टीम ने वरूण कुमार हरेंद्र अरविंद आदि लेखपालों के साथ मिलकर गांव की मरघट में बंजर जमीन की नाप तोल की जिसमें पता लगा कि एक महिला ने मरघट की जमीन को अपना बताकर उसकी बिक्री कर दी साथ ही उसे बैनामा के कागज मांगे तो वह नहीं दिए जिनकी तहसील से प्रति निकालने के बाद जानकारी हुई तो मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए महिला पुलिस की मदद से बिक्री करने वाली महिला राम कली पत्नी स्वर्गीय राम नरेश के साथ खरीद खरीद करने वाले चंद्रपाल संतोष पुत्र जागन सिंह अजय पाल पुत्र बेदराम निवासी हम पूरा को उनके घर घर के बाहर बने चबूतरे से ही गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया है।



## पोनिया (तमंचा) सहित पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार भेजा जेल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी बिछवा। थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव इमादपुर पुलिया के समीप से एक युवक को दिनदहाड़े खुले में पोनिया (तमंचा) ले जाते हुए ग्रामीणों ने देखा मामले की सूचना पुलिस को दी मामले में आनन–फानन में पहुंची पुलिस ने युवक को खेत में ही दबोच लिया उसके पास से पोनिया (तमंचे) सहित दो कारतूस बरामद हुए हैं पुलिस ने उसे लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष अमित सिंह



ने जानकारी देते हुए बताया कि वह व उपनिरीक्षक दुष्यंत कौशिक क्षेत्र में जा रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक पिता पुत्र में मामूली झगड़ा हो गया है उसका पुत्र एक पोनिया (तमंचा) खुलेआम लेकर घूम रहा है मामले की खबर लगते ही आनन–फानन में पुलिस ने बिना देरी किए मौके पर पहुंच गए साथ ही उसे एक खेत के समीप से दबोच लिया जिसके पास एक काले रंग की पोनिया व दो कारतूस बरामद हुए हैं पकड़े गए युवक ने अपना नाम नीलेश पुत्र राम चंद्र निवासी इमायदपुर बताया है पुलिस ने उसे लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया है।

## स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आतंकी साजिश का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स आनंद गुप्ता आजमगढ़। पुलिस महानिदेशक उ.प्र. के निर्देशन व अपर पुलिस महादेशक, कानून–व्यवस्था के पर्यवेक्षण में अपर पुलिस महानिदेशक, एटीएस द्वारा स्वतंत्रता दिवस की संवेदनशीलता को देखते हुए लगातार यूपी एटीएस की समस्त टीमों को अलर्ट रखते हुए रेडिकल तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसी क्रम में यूपी एटीएस को सहयोगी एजेंसी से सूचना प्राप्त हुई कि अमिलो मुबारकपुर जिला आजमगढ़ में एक व्यक्ति, अपने साथियों के माध्यम से आईएसआईएस विचारधारा से प्रभावित होकर वाट्सएप एवं विभिन्न सोशल–मीडिया एप्लीकेशन के माध्यम से जिहादी विचारधारा का प्रचार–प्रसार कर रहा है एवं अन्य लोगों को भी प्रतिबन्धित आतंकवादी संगठन, आईएसआईएस से जुड़ने हेतु प्रेरित कर जा रहा है। आरोपी को पूछ–ताछ हेतु एटीएस मुख्यालय लाया गया था जहाँ पूछ–ताछ एवं मोबाईल डेटा खंगाले जाने पर इसके द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस द्वारा आतंक एवं जेहाद के लिए मुस्लिम युवकों का ब्रेनवाश करने के लिए बनाए गए टेलीग्राम चौनल अल–कदर–मीडिया से जुड़े होने के प्रमाण प्राप्त हुए। बिलाल नाम के व्यक्ति से फेसबुक पर जुड़ने के बाद, बिलाल सबाउद्दीन से जिहाद और कश्मीर में मुजाहिदों पर हो रही कार्यवाही के बारे में बात किया करता था।



बातो बातो में ही बिलाल ने मूसा उर्फ खत्ताब कश्मीरी का नम्बर दिया जो आईएसआईएस का सदस्य है, जिससे आरोपी की बात होने लगी। कश्मीर में मुजाहिदों पर हो रहे जुल्मों का बदला लेने की योजना के सम्बन्ध में मूसा ने आईएसआईएस के अबू बकर अल–शामी का नम्बर दिया जो वर्तमान में सीरिया में है। अबू बकर अल शामी के सम्पर्क में आने के उपरान्त सबाउद्दीन ने मुजाहिदों पर हो रही कार्यवाही का बदला लेने, आईएसआईएस की तरह भारत में भी एक इस्लामिक संगठन बनाने तथा ईद बनाने के सम्बन्ध में जानकारी की।

## राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत द्वारा बलकेश्वर आगरा जनपद में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन







मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ आगरा। राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत के आगरा के पदाधिकारियों द्वारा आगरा जनपद स्थित बलकेश्वर मन्दिर निकट लव कुश विद्यालय प्रांगण में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया! जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा वैद्य जी रही! समारोह मेंअन्य जनपदों से भी प्रदेश के पदाधिकारियों का आगमन हुआ!

राष्ट्रीय महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय विवेक शर्मा जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा बैध जी के विद्यालय पर पहुंचते ही आगरा मंडल अध्यक्ष विवेक गर्ग, आगरा जनपद के जिला अध्यक्ष जीतेंद्र सिंह जी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा अग्रवाल जी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बबिता गोयल जी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा युवा अलका परिहार जी, व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय शाह जी ने आगरा मंडल व जिले के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक शर्मा जी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा वैद्य जी का स्वागत भव्य तरीके से किया! राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के साथ प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा जी, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष शर्मा जी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा दीक्षित जी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अखिलेश जी, प्रदेश मीडिया प्रभारी ऋषि दीक्षित जी, का भी फूल मालाओं द्वारा और जय श्रीराम के उद्घोष से स्वागत किया गया!

संगठन के पदाधिकारियों में इतना जोश और उत्साह देखने को मिला के जैसी राम के उद्घोष से विद्यालय प्रांगण के आसपास का वातावरण गूंज उठा! इसी क्रम में विद्यालय मैं अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जैसेः– सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य प्रतियोगिता कला प्रतियोगिता और मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया! इसमें प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणी में आने वाले बच्चों को राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया!

सम्मान समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित रहे– विवेक शर्मा जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) श्रीमती रेखा वेद जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा)सुषमा गुप्ता जी, शांति थापक जी, मनोज शर्मा जी (प्रदेश अध्यक्ष) आशीष शर्मा जी( प्रदेश उपाध्यक्ष) प्रतिभा दीक्षित जी (प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा) अखिलेश जी (प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा) अनीता शर्मा जी (प्रदेश महासचिव महिला मोर्चा) विवेक गर्ग जी (अध्यक्ष आगरा मंडल) पूजा अग्रवाल जी (आगरा मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा) जितेंद्र सिंह जी (जिला अध्यक्ष) अजय शाह जी (जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा ) बबीता गोयल जी (जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा) अलका परिहार जी ( जिला अध्यक्ष युवा महिला मोर्चा) आदि लोग मोजूद रहे।

## लब्बैक या हुसैन के नारों से गूंजी शहर की गलियां, जिक्रे शहीदे कर्बला में हर आंख हुई नम





- इमाम हुसैन की शहादतको याद कर जगह–जगह पानी शरबत की सवील'

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। नगर से लेकर देहात तक मोहर्रम का पर्व रंजो गम और शहादत के साथ मनाया गया ताजिएदारो ने नगर के पारंपरिक मार्गों से ताजिए के जुलूस निकालकर या हुसैन की सदाओं को बुलंद किया कर्बला में हर आंख हुई नम इमाम हुसैन की शहादत को याद कर जगह–जगह पानी शरबत की सवील लगाकर लोगों को लंगर खिलाया गया चप्पे–चप्पे पर रही पुलिस की नजर उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी तहसीलदार और कोतवाल इलाके में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे!

10 मोहर्रम तारीख तमाम अहले इस्लाम का अहम दिन है इस दिन तमाम अहले इस्लाम इमाम हुसैन की शहादत को याद करता है घरों में नियाज नजर का है एहतआम कर लोगों को लंगर का खाना खिलाया जाता है जगह–जगह तख्त ताजियों का जुलूस भी निकाला गया मुस्लिम बहुल इलाके मोहर्रम पर रोशनी से सराबोर रहे इमामबाड़े से मरसिया पढ़ते हुए जंजीरों का मातम किया गया लोगों ने जगह–जगह पानी व शरबत की सभी लगाकर भूखे प्यासे लोगों को लंगर का आयोजन किया नगर के मोहल्ला मिर्धान, ऊंचा ,भूरे खां गोटिया, फरकपुर, कसाबान के अलावा ग्रामीण इलाके में ताजिए निकाले गए रास्ते भर ताजियों के जुलूस का स्वागत किया गया जुलूस में शामिल लोग हुसैन हुसैन के नारे बुलंद करते हुए आगे बढ़ रहे थे ताजिएनगर के पारंपरिक मार्गो से रंजो गम के साथ देर रात कर्बला पहुंचे जहां दफन कर दिए गए ताजिया कमेटी के लोगों ने जुलूस की अगवानी की और प्रशासन का सहयोग किया! इस दौरान उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह तहसीलदार शेर बहादुर कोतवाल राजेश कुमार कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र यादव नवीन कुमार भारी फोर्स के साथ इलाके में मुस्तैद रहे मोहर्रम पर भी पुलिस प्रशासन ने अग्नि परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले के आला अधिकारियों से बधाई पाई है।

## भाजपाइयों ने जिला अध्यक्ष को सौंपा तिरंगा



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। सपाइयों ने विधायक कार्यालय पर बैठक कर जिलाध्यक्ष को तिरंगा भेंट किया है तिरंगा भेंट किया है क्योंकि आगामी स्वतंत्रता दिवस से पूर्व शासन और प्रशासन हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में जुटा हुआ है !

भाजपा विधायक प्रोफेसर डॉ श्याम बिहारी लाल का कार्यालय बिजली घर के सम्मुख स्थित है जहां भाजपाइयों ने शासन के मंसूबों को कामयाब बनाने के लिए सर्वप्रथम बैठक कर भाजपा केआंवला जिला अध्यक्ष वीर सिंह पाल को भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया है जो आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा को सफल बनाने के लिए कारगर सिद्ध होगा शासन से लेकर प्रशासन तक की यही इच्छा है जिसे शासन और प्रशासन अंतिम रूप देने में जुटा है।

इस दौरान जिला महामंत्री संतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ चौबे, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ओम वीर गुर्जर, ब्रह्मा शंकर गुप्ता, इमरान रजा अमिताभ सिंह नगर अध्यक्ष अतीश अग्रवाल ,पर्वत सिंह, ओमकार कठेरिया ,नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा प्रदीप यादव के अलावा तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फतेहगंजपूर्वी में वंदे मातरम जय श्री राम के नारों के साथ निकली तिरंगा यात्रा



अयोध्याटाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पूर्वी। हाथों में तिरंगा झंडा और जुबां पर वंदे मातरम के गुडगानों के साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई इसका नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा की मंडल टीम ने तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर में किया। जिसका शुभारंभ आंवला जिला अध्यक्ष भाजपा वीर सिंह पाल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राजू उपाध्याय एवं चेयरमैन फतेहगंज पूर्वी प्रदीप कुमार अग्रवाल ने किया।तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुधांशु अग्रवाल व महामंत्री ओपेन्द्र कठेरिया के सानिध्य में निकाली गई। जिसमें बरेली जिला भाजपा व युवा मोर्चा की पूरी टीम मौजूद रही। तिरंगा यात्रा नगर के स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर मेन मार्केट रामलीला ग्राउंड की तरफ होते हुए नगर के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए हाईवे पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में जिले से संतोष शर्मा,पंकज अग्रवाल, शिवेंद्र नाथ चौबे, स्वतंत्र शर्मा, प्रदीप कठेरिया, रूद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी, राणा अमिताभ सिंह, रामवीर, नितिन सिंह, अंकुर त्रिवेदी, पवन राज मिश्रा, महेश राठौर,हिमांशु मिश्रा, उधम सिंह ,कल्लू कश्यप,अभिषेक विराट, देव जायसवाल,अतुल अग्रवाल, संजीव राठौर,सचिन मिश्रा, विवेक मिश्रा, आदि रहे।

## भुता इलाके में भी गूंजी या हुसैन की सदाएं



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

भुता। क्षेत्र में आज मोहर्रम का त्यौहार बहुत ही शांतिपूर्वक परंपरागत ढंग के साथ मनाया गया है ईदगाह पर लगे मेले तथा ताजिया जुलूस भी निकाला गया एसडीएम सीओ फोर्स के साथ इलाके में मुस्तैद रहे। इस त्यौहार को लेकर विभिन्न ईदगाह से नबी का जुलूस निकला, जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबी शामिल थे। क्षेत्र में नगी रामपुर से ताजियों का जुलूस भवनपुर नियामतुल्लाह होते हुए फैजनगर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस जुलूस में काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इकट्ठे हुए। इस दौरान जुलूस में शामिल युवाओं ने लाठी–डंडों से करतब भी दिखाए। मोहर्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। शासन प्रशासन भी एकदम मुस्तैद दिखाई दिया।

दरअसल कोरोना को पिछले 2 साल से मोहर्रम जुलूस नहीं निकाला जा रहा था। और न ही कर्बला में कोई सार्वजनिक गतिविधियां हो रही थी। लेकिन इस बार सभी अखाड़ों में जुलूस को लेकर अच्छी तैयारी की गई है। पुलिस प्रशासन ने किसी को भी जुलूस पर नई परंपरा डालने की अनुमति नहीं दी है। जुलूस में या हुसैन, या, हुसैन, के नारे भी लगाए गए हैं। मुस्लिम समुदायों ने एक दूसरे को बिरयानी, एवं मिठाईयां बांटकर मोहर्रम का त्यौहार सौहार्द्र पूर्वक मनाया। ज्ञात रहे मुहर्रम इमाम हुसैन और उनके फॉलोअर्स की शहादत की याद में दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोग मुहर्रम को मनाते हैं। इस्लाम धर्म के नए साल की शुरुआत मोहर्रम महीने से होती है, यानी कि मोहर्रम का महीना इस्लामी साल का पहला महीना होता है। और इसे हिजरी भी कहा जाता है। क्षेत्र में मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मोहर्रम के जुलूस में या हुसैन, या हुसैन, के नारे ही गूंज रहे थे। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कार्यवाहक थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह उप निरीक्षकनरेंद्र सिंह सत्येंद्र सिंह फोर्स के साथ इलाके में भ्रमण करते रहे शाम ताजिया कर्बला में दफन कर दिए गए तब जाकर प्रशासन ने चौन की सांस ली।

## नहर की सफाई ना होने पर ग्रामीणों ने भेजा डीएम को पत्र

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

भुता। ब्लाक भुता क्षेत्र के गांव बुधौली के ग्रामीणो ने डीएम को भेजे गए पत्र में गांव के निकट बह रही नहर की वर्षो से सफाई न होने के कारण टेल तक पानी न पहुचने की शिकायत की है। पत्र में कहा गया है कि गांव के नजदीक बुधौली रजवहां नामक नहर जिसकी लंबाई 9750 है। गांव के निकट यह नहर वर्षो से झाडी झंगाडों से भरी पडी है। नहर में पानी मात्र एक छोटे से नाले की तरह बहता दिखाई देता है, जिससे पानी टेल तक नही पहुचने के कारण किसानों के खेतों की सिंचाई नही हो पा रही है। बारिश न होने की बजह से उनके खेत सूख रहे है, जबकि नहर विभाग उनसे पूरी आपासी वसूल करता है। कुछ समय पूर्व नहर के पास एक बोर्ड लगाकर उस पर नहर की पूरी सफाई का होना दर्शाया गया है। यह बोर्ड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अधिशांसी अभियंता शारदा नहर खंड शाहजहांपुर के द्वारा लगाया गया था। इस पर नहर की लंबाई, निस्सरण के अलावा कार्य का नाम बुधौली रजवहां के किलोमीटर 0 से 9750 किलोमीटर तक टेल सफाई कार्य जिसकी लागत 3.16 लाख वर्ष 2021–22 रवि 1429 फसली को दिखाया गया है। यह टेल सफाई कार्य सहायक अभियंता विजय दिवाकर जूनियर इंजीनियर प्रभास कुमार और ठेकेदार ओमप्रकाश के निर्देशन में होना दिखाया गया है। पत्र में ग्रामीणो ने ठेकेदार और इन अधिकारियो पर कुछ दूरी तक ही सफाई कराकर बाकी ऐसी ही छोड दी और पैसे का आपस में बंदरवाट कर भैया जाने का आरोप लगाया गया है । ग्रामीणो ने पत्र में इस मामले की जाचं कराकर शीघ्र सफाई कार्य करवाने और दोशी अधिकारियो और ठेकेदार पर कडी कार्रवाई करवाने की मांग की। इस संबंध में नहर विभाग के एसडीओ विजय दिवाकर से जानकारी ली तो उन्होंने बताया की आदि की जांच कराकर ऐसा हुआ है तो दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर कर शीघ्र सफाई व्यवस्था ठीक की जाएगी।

## ठेले वाले अतिक्रमण को दे रहे बढ़ावा ,राहगीर परेशान



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। मुख्य बाजार मैं जहां एक तरफ पालिका प्रशासन और तहसील प्रशासन संयुक्त रूप से कार्यवाही कर निकलने वाले राहगीरों को सरपट यात्रा कराने की फिराक में है वही वही ठेले वाले अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं जो नगर से लेकर देहात तक आने वाले राहगीरों को नासूर बने हुए हैं पालिका प्रशासन भी ध्यान नहीं देता। बता देना तत्कालीन उप जिलाधिकारी ने मुख्य बाजार को से अतिक्रमण सेचाक–चौबंदकरने के लिए पालिका प्रशासन की पहल पर सड़क किनारे पिलर लगवा दिए थे जिससे व्यापारी और ठेले वाले कायदे कानून के साथ पिलर के अंदर रहकर अपना व्यापार करें लेकिन दबंग ठेले वाले तहसील और पालिका प्रशासन के मुंह पर तमाचा मार कर पिलर से बाहर सड़क किनारे दिन रात खुलेआम आड़े तिरछे ठेली लगाकर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं के दौरान बाइक सवार हो और पैदल राहगीरों को निकलना दूभर हो रहा है विरोध करने पर लड़ने पर उतारू हो जाते हैं ।

ज्ञात हो उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नितिन गंगवार ने विगत महा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर रोड पर सफाया करा दिया था लेकिन कुछ दिन ठीक–ठाक रहा बाद में दबंग व्यापारी अपने ठिकाने पर वापस आ गए और अतिक्रमण के दानव ने पुनः पैर पसार लिए नगर वासियों ने पालिका प्रशासन से सड़क किनारे लगे पिलर के बाहर ठेलें बालों परकार्यवाही करने की मांग की है जिससे नगर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर लगाम लगाई जा सके।

## शहर की सड़को पर निकाली गई तिरंगा रैली, डीएम-एसपी रहे शामिल



गाजीपुर। आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत स्वतंत्रता सप्ताह एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के आयोजन को भव्य रूप से मनाये जाने हेतु तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ राजकीय बालिका इण्टर कालेज महुआबाग से किया गया। जिलाधिकारी एम पी सिंह एंव पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा रैली में लुर्दस कॉन्वेट बालिका इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज महुआबाग, शाह फैज पब्लिक स्कूल, आदर्श इण्टर कालेज महुआबाग, एम ए एच इण्टर कालेज, डी ए वी इण्टर कालेज, राजकीय सिटी इण्टर कालेज, एवं अन्य विद्यालय, एन सी सी, स्काउट गाईड, के छात्र–छात्राओ एंव नेहरू युवा केन्द्र के वालेन्टियर, ने प्रतिभाग करते हुए अपने–अपने हाथो मे तिरंगा झण्डा लेकर देश भक्ति के गगनभेदी नारो के साथ पूरे जोश में दिखे। तिरंगा रैली नगर के महुआबाग, विशेश्वरगंज होते हुए सकलेनाबाद, लंका के रास्ते ,सांसद त्रिमुहानी होते हुए कलेक्ट्रेट तिराहा से शास्त्री नगर होते हुए डीएम आवास , पीरनगर होते हुए विकास भवन चौराहा से नेहरू स्टेडियम, गोराबाजार, पहुची। नेहरू स्टेडियम गोराबाजार में जिलाधिकारी ने 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' झण्डा ऊचॉ रहे हमारा' नारो के साथ उपस्थित छात्र–छात्राओ एवं आम नागरिको में देश भक्ति भावना के प्रति जोश भरते हुए कहा कि इस नारे को हमेशा याद रखना है तथा आगामी 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन करे। उन्होने उपस्थित लोगो का आवाह्न करते हुए स्वाधीनता दिवस के दिन 'हर घर मे तिरंगा' फहराने की अपील करते हुए पास–पड़ोस, क्षेत्र, गॉव, नगर में भी लोगो को घर–घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने को कहा। 'तू मेरा करमा' तू मेरा धरमा' तू मेरा अभिमान है, 'ऐ वतन महबूब मेरे 'तुझ पे दिल कुरबान है,। हम जियेगें और मरेगें, ऐ वतन तेरे लिए, 'दिल दिया है' 'जां भी देगे 'ऐ वतन तेरे लिए, जैसे देश भक्ति गीत के वाक्य से छात्र–छात्राओ में देशभक्ति का जज्बा पैदा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज इसी भावना के साथ आप लोग अपने–अपने घरो में जाकर अपने परिवार के लोगो को भी स्वाधीनता दिवस की 75वी वर्ष गांठ के अवसर पर झण्डा रोहण करते हुए राष्ट्र के प्रति देश भक्ति की भावना को जागृत करेगें तथा अपने देश की आन, बान और शान को कायम रखते हुए इस तिरंगे को कभी भी झुकने नही देगे। पुलिस अधीक्षक ने भारत माता के जय के नारो के उद्घोष के साथ छात्र–छात्राओ का देश के प्रति राष्ट्र भक्ति को सलाम करते हुए कहा कि आज आपने पैदल ही इतनी बड़ी दूरी बिना थके, बिना रूके एवं बिना इस तिरंगे को झुकाये यहां तक पूरी की है , जो काबिले तारीफ है। इसी जज्बे के साथ आगामी 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' इसी उत्साह के साथ मनाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन से पूर्व नेहरू स्टेडियम गोराबाजार का पूरा प्रांगण राष्ट्रगान से गॅूज उठा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, एस पी सिटी गोपी नाथ सोनी, जिला विद्यालय निरीक्षण अशोक नाथ तिवारी, क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार, परियोजना निदेशक , जिला युवा अधिकारी कपिल देव, जिला क्रीडा अधिकारी जवाहर यादव, एवं जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केन्द्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चन्द प्रसाद ने किया।

## उतरांव गांव की पच्चपन फीट ऊंची ताजिया को देखने के लिए उमड़ी भीड़, कलाकारों ने दिखाया करके





गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर इलाके में गंगा जमुनी की तहजीब व पूर्वांचल में सबसे ऊंची ताजिया का निर्माण व जूलुस के लिए जाना जाने वाला गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना अंतर्गत उतरांव गांव की एक पूर्वांचल में अलग पहचान है इस गांव इतिहास यह भी रहा है कि सदियों से यहां हिन्दू मुस्लिम भाईचारे की भावना को कायम रखते हुए हिन्दू मुस्लिम मिलकर कोई भी त्यौहार बहुत ही खुशी खुशी मनाते हैं। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के उतरांव गांव में छः चौक से ताजिया का निर्माण किया गया था जिसमें सबसे ऊंची ताजिया निजामुद्दीन चौक की लगभग पच्चपन फीट ऊंची थी दूसरे नंबर की ताजिया कदम रसूल चौक की जो बावन फीट ऊंची बनायी गयी थी तीसरे नंबर की ताजिया जलील चौक जो पच्चास फीट ऊंची थी चौथे नंबर की ताजिया मोदी चौक तीस फीट, पांचवें नंबर की ताजिया कुदुस चौक पन्द्रह फीट ऊंची व छठवें नंबर की ताजिया नुरूद्दीन चौक जिसकी ऊंचाई लगभग दस फीट थी सभी चौक की ताजिया कुदुस चौक पर लाकर रखा गया और कलाकार अपना करतब दिखाए ताजिया मिलन के बाद कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया। सबसे ऊंची निजामुद्दीन चौक की ताजिया में कुछ दिक्कत आने के कारण कुदुस चौक पर नहीं पहुंच पाई। क्षेत्र के अधिकतर लोगों की भीड़ जुटी हुई थी जिसमें बच्चे, महिलाओं सहित बुजुर्ग व युवा वर्ग के लोग भी शामिल थे मौके पर करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव सहित मुहम्मदाबाद तहसीलदार व पुलिस भी मौके पर मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान से नवाजे गए 32 प्रतिभाशाली खिलाड़ी

शमशाबाद में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह और सामुहिक एकादशी उद्धयापन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। शमशाबाद। श्रीनाथ जी परिवार धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से गुरुकुल एजुकेशन हब में प्रतिभा सम्मान समारोह और सामूहिक एकादशी उद्धयापन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगरा और शमसाबाद के 32 खिलाड़ी और 200 सहयोगियो को उनके काम के लिए सम्मानित किया, जिन्होंने खेल के विभिन्न क्षेत्रों में अपने विशेष



योगदान से समाज में एक अलग मुकाम हासिल किया है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह, विशिष्ठ अतिथि के रूप में बेडलिफ्टर प्रदीप शर्मा और प्रमोद कुमार कटारा ने शिरकत की। संस्थापक कुंज बिहारी अग्रवाल ने बाँके बिहारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसे प्रतिभा सम्मान समारोह में मिले प्रोत्साहन की ही देन है जो भारत को अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक मिल रहे है। धन के अभाव में जो लोग एकादशी व्रत का उद्धयापन नही कर पाते है वो सामूहिक उद्धयापन में शामिल हो कर लाभान्वित हो रहे है। गरीबो का हाथ संस्था के सर पर रखा है ये निरंतर सेवा कर रहे है। संस्थापक कुंज बिहारी अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह का मकसद समाज में प्रशंसनीय कार्य कर रहे लोगो का मनोबल बढ़ाना ताकि भावी युवा पीढ़ी इनसे प्रेरित हो सके। कार्यक्रम संयोजक पवन अग्रवाल ने कहा कि हमारा मकसद युवाओं के सामने समाज के उन खास लोगों को लाना है, जिनसे प्रेरित होकर युवा भी अपने–अपने क्षेत्र में कुछ अलग कर सकें। धन्यवाद विनोद जादौन ने दिया। संचालन पवन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, डौकी इंस्पेक्टर बहादुर सिंह, रामप्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रामभजन कुशवाह, सुभाष शर्मा, दिनेश अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, संजय जैन, मेघ श्याम गौड़, राकेश राठौर, राजकुमार अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## देश की आन बान शान हमारा प्यारा तिरंगा जो हमें हैं जान से है प्यारा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश अनुसार उत्तर प्रदेश के प्रत्येक घर पर 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा 9 अगस्त वो दिन है जब 1942 में गांधीजी ने अंग्रेजो को भारत छोड़ो का आह्वान किया था,उसके बाद ही भारत को 15 अगस्त 1947 में आजादी के मिली थी। 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार जी ने आज आगरा अपने निवास से पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ झंडारोहण किया,और कहा इसके साथ ही 15 अगस्त तक हर पार्टी के कार्यकर्ता अपने आस–पड़ोस मोहल्ले हर घर घर तक देश का तिरंगा लहराए सभी बढ़–चढ़कर इसमें हिस्सा ले अपनी देश का नागरिक होने का फर्ज समझकर अपनी जिम्मेदारी निभाए।



एक सप्ताह का यह पर्व स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों को नमन तथा भारतीय संविधान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुरक्षा के संकल्प के लिए समर्पित होगा गांधी जी के आह्वान पर 9 अगस्त 1942 को समाजवादी नेताओं सर्व श्री जयप्रकाश नारायण, डॉ राम मनोहर लोहिया, अरुणा आसिफ अली, उषा मेहता, आदि ने स्वतंत्रता आंदोलन की गति दी थी। अगस्त क्रांति का सपना देश में भारतीय नागरिकों का राज स्थापित करना था। ताकि सभी को हक और सम्मान का जीवन हासिल हो सके इस सपने को साकार करने तथा संवैधानिक मूल्य एवं राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को बचाने की जिम्मेदारी आज फिर आम नागरिक को समाजवादियों पर आ गई है। यह रहे मौजूद निवर्तमान महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार, पुष्पेंद्र शर्मा, रईस मेव, बलविंदर यादव,केके यादव,ओम पंडित एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आगरा कैन्ट से दो व्यक्ति चोरी के मोबाईल फोन सहित किये गिरफ्तार

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। कैंट पुलिस अधीक्षक रेलवे,आगरा मो0 मुश्ताक द्वारा चलती ट्रेनों में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे दरवेश



कुमारआगरा के निकट पर्यवेक्षण में प्र0नि0 थाना जीआरपी आगरा कैण्ट के नेतृत्व में गठित टीम ने 8 अगस्त 2022 को रेलवे स्टेशन आगरा कैन्ट से शातिर किश्म के दो ब्यक्ति चोरी के मोबाईल फोन सहित गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्त का नाम व पता

1. भरत सिंह पुत्र भूपसिंह निवासी मौ0 सोहल्ला थाना सदर बाजार आगरा हाल निवासी छोटे लाल का किराये का मकान मौ0 सोहल्ला थाना सदर बाजार आगरा उम्र 27 वर्ष, 2. सलमान अली उर्फ शाहरूख पुत्र स्व0 शहजाद अली उर्फ शब्बीर निवासी कच्चा तालाब सराय ख्वाजा कमाल खां थाना शाहगंज आगरा हाल निवासी दोरेठा आजमपाडा थाना शाहगंज आगरा उम्र 25 वर्ष, बरामदगी, दो मोबाईल फोनकीमत करीब 20000/–रू0। पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग साथ मिलकर पूर्व से सुनियोजित योजना के अनुसार ट्रेनो तथा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियो के चार्जिग पर मोबाइल फोनों को यात्रियों से नजर मौका लगते ही चोरी कर लेते हैं। यदि इस तरह कोई मोबाइल हमारे हाथ नहीं लगता है तो हम लोग भीड के बीच में घुसकर यात्रियों के जेब फोन चोरी कर लेते हैं। चोरी किये गये मोबाईल फोनों को आते जाते लोंगो को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते है जिससे हम अपना व अपने परिवार का खर्च चलाते है । गिरफ्तार करने वाली टीम',1. उ0नि0 सत्यपाल सिंह, 2. उ0नि0 दिनेश चन्द्र, 3. हे0कां0 3184 आशीष कुमार तिवारी, 4.का0 702 विनय कुमार थाना जीआरपी आगरा कैण्ट,।

## संचारी, गैर संचारी रोगों के बचाव के लिए आशा एएनएम को किया गया प्रशिक्षित आयुष विभाग द्वारा लगाई गई कार्यशाला

संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष विभाग द्वारा संचारी, गैर संचारी रोगों से बचाव के लिए आशा तथा एएनएम को प्रशिक्षित किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में विशेषज्ञ मौजूद रहे। अधीक्षक डॉ वीके सोनी ने बताया उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूदा आशा एएनएम को जन स्वास्थ्य, एवं संचारी, गैर संचारी रोगों विशेषकर मधुमेह से बचाव, उपचार ,पुनर्वास, उपशमन में विधाओं की उपयोगिता हुए राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत कैस्केडिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ प्रमोद कुशवाहा, डॉ योगेश कुमार, संजय शर्मा ,बीसीपीएम यासीन खान आदि मौजूद रहे।



## मातमी जुलूस के बाद कर्बला में सुपुर्द ए खाक हुए ताजिए, लहराया तिरंगा

जैतपुर । मंगलवार को मोहर्रम की दसवीं पर बाह, जैतपुर में या हुसैन की सदाओं के साथ ताजियों को कर्बला में सुपुर्द –ए–खाक किया गया। अजादारों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उन्हें इंसानी हकों की हिफाजत करने वाला बताया। अपने–अपने घरों से ताजिया परम्परागत ढंग से उठाया और कर्बला तक मातमी जुलूस निकाला। मातमी जुलूस में मुस्लिम तिरंगा लेकर चल रहे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा।जुलूस में अख्तर हुसैन, जमीर हुसैन, पप्पू अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, पोपन्ना मंसूरी, मुद्दसिर



हुसैन, वासिफ हुसैन, रहीश अंसारी, निजामुद्दीन, दानिश हुसैन, इमामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## एटीएम से पैसे निकालने गया युवक लापता ,थाना डौकी में दी गुमशुदगी की तहरीर



संवाददाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। थाना डौकी क्षेत्र के गांव नगला विसे निवासी एक युवक 31 जुलाई को वाजिदपुर एटीएम से पैसे निकालने के लिए गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा तो परिवारी जनों को चिंता हुईऔर तमाम खोजबीन की तो लापता युवक का कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने थाना डौकी में लिखित तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगला विशे निवासी कुलदीप ट्रक चालक है।

जो ट्रक लेकर 29 जुलाई को अपने घर आया और 30 जुलाई को कावड़ लेने चला गया। 31 तारीख को शाम 4:00 बजे कुलदीप एटीएम से पैसे निकालने की कह कर बाजिद पुर चला गया। लेकिन वह शाम तक वापिस नहीं लौटा तो परिवारी जनों को चिंता सताने लगी और कई जगह रिश्तेदारों में खोजबीन की। पर लापता युवक का कोई पता नहीं चल सका। कुलदीप के भाई प्रदीप सिंह ने थाना डौकी में कुलदीप की लापता होने तहरीर दी है।

## लिंग थाप विधिवत कर पूजा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। के ग्राम नगला डीम में चल रही श्री शिव महापुराणकथा का आज अंतिम दिन था। कथा को विश्राम देते हुए कथा वाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने पार्थिव शिवलिंग की स्थापना का महत्व बताया तथा साथ ही महर्षि उपमन्यु एवं श्री कृष्ण का प्रसंग सुनाया। डॉ उपाध्याय ने बताया कि किस प्रकार बालक उपमन्यु अपने मामा के घर थोड़ा दूध पीकर दूध के लिए मचलने लगा। माता ने बीज पीसकर कृत्रिम दूध बनाकर पिलाया, पर वह बालक दूध का स्वाद जान गया था। जब बालक रोने लगा तो मां ने उसे भगवान शिव की उपासना करने का उपदेश दिया।

भगवान शिव के निमित्त कठोर उपासना कर बालक ने भगवान शिव तथा माता पार्वती को प्रसन्न कर लिया। भगवान शिव ने उसे दूध, दही, मधु,अन्न आदि का भरपूर भंडार दिया और वरदान दिया कि उसके वंश में कभी किसी को भोजन की कमी नहीं रहेगी। महर्षि उपमन्यु भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। जब भगवान श्री कृष्ण श्रेष्ठ संतान चाहते थे तब वे महर्षि उपमन्यु की शरण में गए। महर्षि उपमन्यु ने उन्हें शिव भक्ति की महिमा बताई और साथ ही पाशुपत व्रत का उपदेश किया। 16 महीने कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव और माता पार्वती ने श्री कृष्ण को दर्शन दिया और दोनों ने उन्हें आठ आठ वर प्रदान किए। भगवान शिव तथा मार्ग माता पार्वती के इन सुंदर वरदानों के कारण ही भगवान श्री कृष्ण सदैव हर युद्ध में विजयी रहे, सबके प्रिय रहे और उन्हें तेजस्वी पुत्र भी प्राप्त हुए। कथा की पूर्णता के बाद व्यास पीठ पर सुशोभित श्री शिव



महापुराण का व्यास रूप में पूजन किया गया।

कथा के उपरांत पंडित रवि उपाध्याय एवं राहुल शर्मा के द्वारा पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। सायंकाल को गांव में भंडारा आयोजित किया गया जो देर रात्रि तक चलता रहा। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन भी किया गया।

## अछनेरा में जलूस के बाद ताजिये हुए सपुर्द ए खाक



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता ईशू चेनानी अछनेरा। कस्वा अछनेरा में ताजियो का जलूस बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया सुरक्षा की दृष्टि से अछनेरा पुलिस की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर थी हाशिम कुरैशी ने बताया किअगस्त माह में चांद की तारीख के तहत सात तारीख से लेकर नो तारीख तक हुसैन की याद में मोहर्रम के पर्व पर पूरे देश में जगह जगह ताजिए रख उनकी इबादत की जाती है चांद की तारीख के अनुसार नो तारीख को कत्ल की रात होने के बाद मंगलवार को संपूर्ण देश में ताजिए को सुपुर्द ए खाक किया गया आपको बताते दें कि चांद की सात तारीख से लेकर मंगलवार को चांद की दस तारीख को ताजियों को अंतिम विदाई दी गई कत्ल की रात को संपूर्ण अछनेरा कस्वे में जगह जगह ताजिये रखें गए ताजियों पर यादें हुसैन की याद में जलसा और पूरी रात इबादत की गई वही अछनेरा कस्वे के मोहल्लाशेखान,गुलाबनगर,काजीपाडा,में छोटे से लेकर बड़े ताजिये बनाये गएसभी ताजियों को कस्वा अछनेरा में जगह–जगह ताजिया रखकर इबादत की गई और बीती रात यादें हुसैन की याद में संपूर्ण क्षेत्र में क्षेत्रवासियों ने जगह जगह ताजियों को देखकर अपने क्षेत्र में अमन और चौन की दुआ मांगी शाम होते ही अछनेरा कस्वे के सभी ताजियों को फरह रोड स्थित कर्बला पर अंतिम विदाई दी

गई ताजियों की अंतिम विदाई को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया जगह–जगह क्षेत्रीय लोगों द्वारा यादें हुसैन की याद में लंगर लुटा कर खिचड़ी बनाकर लोगों को यादें हुसैन की याद में शामिल किया वहीं इस बार मोहम्मद पैगंबर के मोहर्रम पर्व पर महिला पुरुष के साथ साथ छोटे–छोटे मासूम बच्चे भी अल्लाहू अकबर के नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे नगर पालिका सभासद आरिफ कुरैशी का कहना है कि इस बार प्रशासन की ओर से भी हम लोगों को भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ अछनेरा थाना प्रभारी अनुराग शर्मा सहित समस्त पुलिसकर्मी जगह–जगह ताजिया पर सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए हमारे पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न बनाने में लगे रहे। इस दौरान–शम्मीकुरैशी, हाशिमकुरैशी,आरिफ कुरैशी तारिककुरैशी,वकील अहमद, सलमानकुरैशी, इरशाद कुरैशी, शाहिदकुरैशी,जाकिर कुरैशी, शकीलकुरैशी,सिन्धी कुरैशी, अस्पाककुरैशी, मुन्नाकुरैशी,और अन्य लोग मौजूद रहे।

## गमहीन माहौल में सुपुर्द ए खाक हुए ताजिये

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। कस्बा पिनाहट में मोहर्रम त्यौहार को लेकर ढोल नगाड़ों के साथ मुस्लिम भाइयों द्वारा ताजिए निकाले गए। जहां ताजियों को कर्बला में हुसैन की याद में सुपुर्द ए खाक किए सुरक्षा दृष्टि से पुलिस तैनात रही।

आप बता दें मोहर्रम इस्लाम का पाक महीने में चांद को देखने के बाद शहादत ए कर्बला इमाम हुसैन की याद में मनकबत, नात और जलसों का आगाज होता है। मुबारक महीने में शहीदे आजम को कर्बला में शहीद किया गया था।

जिसे लेकर मुहर्रम त्योहार मनाया जाता है। मंगलवार को कस्बा पिनाहट में मुस्लिम भाइयों ने ताजिए निकाले। जहां ताजिए



के साथ कस्बा पिनाहट के मोहल्ला चांदनी चौक, खटीक टूला, सदर बाजार में भ्रमण करते हुए या हुसैन के नारों के साथ युवाओं ने एक करतब दिखाए। एक से एक दर्जनभर से अधिक सुंदर ताजियों को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग को चंबल नहर किनारे कब्रिस्तान कर्बला पहुंचे जहां हुसैन की याद में गमगीन माहौल में ताजियों को सुपुर्द–ए–खाक किया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही। कार्यक्रम के मौके पर मौलाना हसी उर रहमान, सम्मन खान, अजीज खान, बॉब्बी खान, अंजू खान, हनीफ खान, डब्बी खान, राजू खान, टुण्डा खान, खालिद खान, मुन्ना खान, जावेद खान, आदि लोग मौजूद रहे।

## मातमी माहौल में फतेहाबाद में ताजीये सुपुर्द-ए-खाक



संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। कस्बा फतेहाबाद में मंगलवार को मातमी माहौल में ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्ग में एक जुलूस निकाला गया जिसमें रंग–बिरंगे ताजिए निकाले गए साथ ही बड़ी संख्या में युवाओं की टोली अखाड़े बाजी करते हुए भी निकली। ताजिए के जुलूस से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी चक तथा प्रतिनिधि राजकुमार चक ने व्यवस्थाऐं देखी। कस्बे के मोहल्ला पठान से शुरू हुए जुलूस में बाह रोड, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड होते हुए मंडी समिति के पीछे कर्बला पहुंची जहां इनको सुपुर्द–ए–खाक किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से अनम खान, डिंपी खा, मुन्ना फारुखी, मिनहाज मुस्तफा, जावेद खां, चमन खां, दानिश खा, अकील खान, मंजूर मलिक, शौबी खां सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे। ताजियों के जुलूस का गांधी चौक पर फतेहाबाद डेवलपिंग ग्रुप के आलोक बछरवार,सदर बाजार में रवि शल्या तथा अंबेडकर चौक यादव मार्किट पर पूर्व चेयरमैन शैलेश यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## राधा कृष्ण के दरबार मे भव्य भजन संध्या भक्तो ने लिया आनंद

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। पंचवटी महिला सखियो ने भजन संध्या का आयोजन किया राधा कृष्ण मंदिर पंचवटी कॉलोनी ताज नगरी पर सजा भव्य फूल बंगला आकर्षक जगमग रोशनी । पंडित गिरीश उपाध्याय द्वारा पूजा अर्चना के साथ महिला सखियों ने भजन संध्या का लिया आनंद कान्हा की नगरी मथुरा के कलाकारों ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन परिक्रमा गीत गाकर बाबा के दर्शन कराये 1,छठा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज,,,2 तेरे धीरे धीरे चरन दबाऊ, सुंदर सुंदर झांकियों ने सब का मन मोहा भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण अदभुत महिला सखियो ने झूमते नाचते नृत्य कर दरबार मे अपनी उपस्थिति दी आरती पश्चात सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। सुमन चाहर,जुली गुप्ता,अनुराधा राजपूत, डॉ सुमन अग्रवाल, गीता आहूजा,सीमा सिंह,सुनीला जैन,सोनल बडोला,रिचा गुप्ता,मंजू शर्मा,सुनीता अरोड़ा,मंजू दत्ता,बिंदियाँ धाकरे,राजकुमारी लोहिया, संतोष गुप्ता,कुसुम गुप्ता,संजू चौहान,मिसेज व्यास,पूनम,रश्मी, स्वाती, रोजी,अंशु,निशा,शिखा आदि।



## आजादी के अमृत महोत्सव पर निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा यात्रा निकले जाने का गांव–गांव के लोगों में उत्साह है। गांवों में निकली यात्रा के दौरान हर घर तिरंगा लहराने के लिए सैकड़ों राष्ट्र ध्वज वितरित किये गए।भाजपा किसान मोर्चा के ब्रिजक्षेत्र अध्यक्ष प्रशांत पौनिया की अगुआई में किरावली के गांव मोरी से नगला श्योराम तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और भारत मां के नारे गूंजते रहे। यात्रा का अनेकों जगह स्वागत किया गया। तपेश जैन, जिला अध्यक्ष यशपाल राणा,सतेन्द्र त्यागी, जुगेंद्र पहलवान, राधेश्याम प्रधान ,घूरेलाल आर्य, राजवीरसिंह इंदौलिया,पवन इंदौलिया, दीवानसिह इंदौलिया,हरिपाल सिंह, प्रमेन्द्र,अवधेशचाहर ,पवनसिकरवार, सत्यपाल सिंह, युवराज किंग,नरेशचित्तौडियाआर के इंदोलिया, राजूचौधरीप्रधान, घनश्याम प्रधान,और अन्य नागरिक मौजूद रहे।



## 9 अगस्त से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा अभियान को गति देते : विनय

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के आव्हान पर 9 अगस्त से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा अभियान को गति देते हुए और प्रत्येक भारत वासियों से निवेदन करते हुए की तिरंगे की रक्षा करें और लोकतंत्र की रक्षा करें।



## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर निकली तिरंगा रैली



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में आगरा पुलिस द्वारा पुलिस लाइन आगरा से कलेक्ट्रेट, सदरभट्टी, मंटोला, हींग की मण्डी, मोती कटरा, एसएन मेडिकल कॉलेज से होते हुए पंचकुइया तक तिरंगा यात्रा निकाली गई और लोगों को प्रेरित किया गया।

## हर घर तिरंगा को लेकर युवाओ को किया जागरूक

पिनाहट। कस्बा पिनाहट के पुराना राजाखेड़ा रोड पर युवाओ ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत लोगो को जागरूक किया . जिसमें युवाओ द्वारा राहगीरों को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जानकारी दी। सैनिक मान सिंह तोमर और पूर्व सैनिक अवदेश तोमर ने राहगीरों को जागरूक करते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा अभियान में जुड़े और ज्यादा से ज्यादा अपने गांव और घर के लोगों को भी तिरंगा यात्रा में जुड़ने के लिए कहें। हमारी आन बान शान तिरंगा है। जिसके लिए शहीदों ने अपनी जान न्योछावर की देश का नाम ऊंचा हो जिसके लिए इस अभियान से जुड़कर हर घर पर तिरंगा फहरायें। इस मौके पर युवाओ ने अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर तिरंगा अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। इस दौरान सैनिक मान सिंह तोमर , पूर्व सैनिक अवदेश तोमर , डॉ नौबत सिकरवार , अजय तोमर , कुलदीप तोमर , गौरव तोमर , खूब सिंह परिहार , सोनू वर्मा , चंद्रमोहन तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।



## ग्वालियर से चोरी गई कार फतेहाबाद में चेकिंग के दौरान लावारिस अवस्था में खड़ी मिली

फतेहाबाद। ग्वालियर से गत 7 अगस्त को चोरी गई एक स्विफ्ट डिजायर कार फतेहाबाद में चेकिंग के दौरान लावारिस अवस्था में शमशाबाद रोड पर खड़ी मिली। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया वही कार के असली मालिक के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी बृजेश यादव पुत्र भरत सिंह यादव कि स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 75 एपी 6120, 7६ 8 अगस्त की रात को उनके घर से चोरी हो गई थी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ग्वालियर पुलिस को दी तथा गाड़ी की खोजबीन शुरू कर दी। इधर मंगलवार को कस्बा फतेहाबाद में फतेहाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। शमशाबाद रोड पर की जा रही चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट कार लावारिस अवस्था में सड़क किनारे खड़ी हुई थी। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। तथा ऐप के माध्यम से उसके मालिक का पता लगाया। बाद में बृजेश यादव मध्य प्रदेश पुलिस के साथ फतेहाबाद पहुंचे। जहां कार्रवाई के बाद उन्हें गाड़ी सुपुर्द कर दी गई।

## ग्वालियर से चोरी गई कार फतेहाबाद में चेकिंग के दौरान लावारिस अवस्था में खड़ी मिली

संवाददाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। ग्वालियर से गत 7 अगस्त को चोरी गई एक स्विफ्ट डिजायर कार फतेहाबाद में चेकिंग के दौरान लावारिस अवस्था में शमशाबाद रोड पर खड़ी मिली। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया वही कार के असली मालिक के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी बृजेश यादव पुत्र भरत सिंह यादव कि स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 75 एपी 6120,7/8 अगस्त की रात को उनके घर से चोरी हो गई थी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ग्वालियर पुलिस को दी तथा गाड़ी की खोजबीन शुरू कर दी। इधर मंगलवार को कस्बा फतेहाबाद में फतेहाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। शमशाबाद रोड पर की जा रही चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट कार लावारिस अवस्था में सड़क किनारे खड़ी हुई थी। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया ।तथा ऐप के माध्यम से उसके मालिक का पता लगाया। बाद में बृजेश यादव मध्य प्रदेश पुलिस के साथ फतेहाबाद पहुंचे। जहां कार्रवाई के बाद उन्हें गाड़ी सुपुर्द कर दी गई।



## आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए रक्सौल में आयोजित हुए कार्यक्रम

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल नगर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा० राजीव रंजन कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकगण,स्वास्थ्य कर्मीगण, जीएनएम व एएनएम द्वारा आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा सम्मान यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसमें अपने देश के तिरंगा के प्रति लोगों में सम्मान तथा हर घर तिरंगा के प्रति उत्प्रेरित किया गया. इसमें शामिल सभी महानुभावों को 13 अगस्त 22 से 15 अगस्त 22 तक घर घर पर तिरंगा फहराने के लिए अपील भी किया गया. इस तिरंगा यात्रा में डॉ राजेंद्र प्र० सिंह, डॉक्टर प्रिया साहा,अतिल कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार, जयप्रकाश कुमार, जीएनएम राजनंदनी सिंह ,फिरदोस अनवर, रूबी कुमारी,रूपम कुमारी,अंजू कुमारी, स्वास्थ्यकर्मी रूप किशोर सिंह, सौरभ कुमार, पंकज कुमार, नवल किशोर सिंह ,राजेश कुमार, कमल सिंह, देवेश मिश्रा ,मधु कुमार, राकेश चौधरी,विकास सिंह सहित एसएसबी के जवान विभाग लिए. कार्यक्रम के अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपील करते हुए कहां गया कि अपने अपने घरों पर 13 अगस्त 22 से 15 अगस्त 22 तक भारत की शान तिरंगा झंडा अवश्य रहा है हारा है तथा अपने आसपास के घरों पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करें।




## नेहरू युवा केंद्र ने मथुरा में हर घर तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।नेहरू युवा केंद्र मथुरा द्वारा सुश्री दिव्या शर्मा, जिला युवा अधिकारी मथुरा ने निर्देशन व श्री रामवीर शर्मा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के नेतृत्व में हर घर तिरंगा महोत्सव के दौरान जागरूकता कार्यक्रम में गांव गांव जाकर लोगों को 13 से 15 अगस्त 2022 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। तथा गांव गांव में युवा मंडल के सहयोग से स्कूली बच्चों के साथ रैली निकाल कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। जागरूकता के लिए केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वेदप्रकाश, अंजना शर्मा, अमित कुमार, सचिन कुमार, सपना, कृष्णगोपाल, कृष्णकांत फरह के साथ युवा मंडलों की गठित टीम क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रामवीर शर्मा लेखा एवं कार्यक्रम ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देश भर के सभी नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला कार्यालय को जनपद के हर गांव में जाकर युवाओं के मध्य जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मथुरा में भी नेहरू युवा केंद्र मथुरा की टीम जन सम्पर्क कर लोगों को हर घर तिरंगा महोत्सव के बारे में जानकारी दे रहे हैं।



## जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा ने स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

☒ केंद्र प्रदेश में जंगलराज के खिलाफ 9 अगस्त को स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हाथों में कांग्रेस के झंडे लिए हुए सैकड़ों कांग्रेसी जनों ने योगी मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए

मथुरा । मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में स्वतंत्र दिवस की 75वी वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व केंद्र–प्रदेश में जंगल राज के खिलाफ 9 अगस्त को स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हाथों में कांग्रेस के झंडे लिए हुए सैकड़ों कांग्रेसी जनों ने योगी मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बलदेव के बाजारों में पदयात्रा की जिसका स्थानीय व्यापारियों व जनता ने जगह–जगह फूल बरसाते हुए स्वागत किया । पदयात्रा बलदेव के बाजारों से होते हुए दाऊजी मंदिर तक की गई जिसके बाद घगैठा, गोठा , कॉलोनी पटलोनी आदि क्षेत्रों में 22 किलोमीटर पर यात्रा की गई । जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है देश का युवा बेरोजगारी को लेकर सड़कों पर है । किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों का जीवन यापन मुश्किल हो गया है। बीजेपी द्वारा पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं । भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना से विपक्षी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगा कर जेलों में डाला जा रहा है । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी व पूर्व अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी जी, राष्ट्रीय महासचिव माननीय श्रीमती प्रियंका गांधी जी के निर्देशन में पूरे देश में लगातार आंदोलन किए जा रहे हैं जिससे मोदी सरकार की नींव हिल गई है तथा जनता का ध्यान महंगाई और बेरोजगारी से हटाने के लिए सीबीआई व प्रवर्तन निदेशालय(म्क) का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा अधिवक्ताओं के चेंबर पर योगी सरकार द्वारा बुलडोजर चलाया जा रहा है। कानून व्यवस्था फेल हो गई है जबकि हमारे देश भारत के विचार हमेशा प्रेम , करुणा और अहिंसा के पक्षकार रहे हैं । इन्हीं सब समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस कि 75वी वर्षगांठ पर 9 अगस्त को पदयात्रा निकाली गई है जिसमें जनपद के सभी ब्लॉकों से जिला व ब्लॉक के पदाधिकार व वरिष्ठ कांग्रेसीजन ने भड चढ़कर भाग लिया। पदयात्रा में भाग लेने वाली प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के साथ, ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत, डॉक्टर दीपक आर्य, मुकीम कुरेशी, मोहम्मद यासीन कुरेशी , मोहम्मद सलमान, पंडित पूरन चंद शर्मा , पंडित लक्ष्मी नारायण , कृष्ण कुमार शर्मा गुड्डू, गिर्राज सारस्वत , कर्मवीर सिंह छोकर , नाहर सिंह , प्रेम सिंह, गुड्डू, राजेश, भूरा , प्रकाश , अजय , रघु, नेक सिंह, मुरारी लाल सोलंकी , दिनेश दिवाकर, सौवरन सिंह , संजीव कुमार वर्मा , प्रमोद शर्मा, ठाकुर विक्रम सिंह , ठाकुर राजपाल सिंह , युद्धवीर सिंह , सतीश वर्मा, विजय चौधरी, रामदेव सोलंकी, धर्मवीर सिंह सोलंकी , नितेंद्र सिंह सोलंकी, वासुदेव, भूरी सिंह ,रवि मीरा देवी, रोशन लाल आदि सैकड़ों कांग्रेसी जनों ने भाग लिया।



## 10 मोहर्रम यौमे आशूरा को गमगीन माहौल में सादगी के साथ किए ताजियों को सुपुर्द ए खाक







☒ सभी ताजियेदारों द्वारा बहुत शानदार रुप से अपने अपने ताजियों को सजाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। 10 मोहर्रम यौमे आशूरा के दिन शहर व सदर के सभी ताजिये अपने अपने इमाम बाड़ों व घरों से उठकर शहर में प्रदर्शन करते हुए कर्बला में सुपुर्द ए खाक किए जाएंगे। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस गाजी एवं सचिव अबरार खान वारसी ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन बहुत ही नेक और इंसाफ पसंद थे उनको धोखे से यजीद की फौज द्वारा कुंफा वालों ने ढेरों खत भेज कर बुलाया और कहा हम आपकी बैत करने को तैयार हैं आप आ जाएं उन्होंने विश्वास कर कर अपने परिवार बच्चों के साथ आ गए हजरत इमाम हुसैन के साथ सिर्फ 72 लोग थे। उनके आते ही सभी लोगों ने अपना रुख बदल लिया और बदबक्त बादशाह ने हजरत इमाम हुसैन को अपनी बैत करने का प्रेसर डाला लेकिन हजरत इमाम हुसैन ने यजीद शराबी, अय्याश, जानी की बैत करने से इंकार कर दिया इतने में फौजे यजीद का हमला शुरू हो जाता है और कर्बला में एक एक कर कर सभी हुसैनी काफिले वाले तमाम अहले बैत के नौजवान और हाशमी शेर शहादत का जाम पी लेते हैं धीरे–धीरे करके जब हजरत इमाम हुसैन के सभी अफराद शहीद हो गए।

उन्होंने कहा हजरत इमाम हुसैन ने हमें सच्चाई और हक बात पर चलने की प्रेरणा दी है। इसी लिए हजरत इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज ताजिया दारी, अलमदारी के जुलूस सादगी और सौहार्दपूर्ण माहौल में निकालते हैं। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस गाजी व अबरार खान वारसी ने बताया कि आज 10 मोहर्रम को सभी मौहल्लों के ताजिए अपने अपने इमाम बाड़ों से उठाएं गए। इसी क्रम में सौख रोड, डीग दरवाजा, ईदगाह, मटिया गेट, मण्डी रामदास, ठेक नारनौल, घीया मण्डी, आदि क्षेत्र के ताजिए भरतपुर गेट पर जमा हुए इसके पश्चात दरेसी, मनोहरपुरा का ताजिया भी अपने स्थान से उठकर भरतपुर गेट पर शाम 7 बजे तक आ गया फिर वहां से सभी ताजिये कोतवाली रोड होकर होली गेट पर पहुंचकर और सदर बाजार के सभी ताजिये होली गेट पर एकत्रित हुए और शहर के सभी ताजिये एक साथ शामिल होकर छत्ता बाजार, स्वामी घाट, चौक बाजार जामा मस्जिद के सामने से होते हुए वृन्दावन गेट, लाल दरवाजा होकर कर्बला पहुंचे एवं जयसिंह पुरा के ताजिए अपने स्थान से उठकर कर्बला पहुंचे सभी ताजियों को गमगीन माहौल में सादगी के साथ सुपुर्द ए खाक किए गए। इसी दौरान ताजियों के जुलूस के साथ मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद युनूस गाजी व सचिव अबरार खान वारसी एवं समस्त मोहर्रम पदाधिकारी और भारी पुलिस बल के साथ जुलूस की व्यवस्था बनाते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे। और अलग अलग स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए हजरत इमाम हुसैन की याद में शर्बत की प्याऊ शबील व लंगर प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। इस मौके पर भूरा शेख, डॉ शबनम कुरैशी, नायब सचिव शारिक अली एडवोकेट, राजू फारुकी, बबलू कुरैशी, यासीन शाह, जहीर अब्बास जैदी, शहजाद बेग, मौ० आरिफ कुरैशी, मोहम्मद चांद, गुड्डू खान, नौशाद खान, हाजी सूफी सईद कुरैशी, कायम भाई, जाहिद कुरैशी, नईम अब्बासी, आबिद कुरैशी, हाजी सलीम वारसी, आरिफ खान, मौ० कासिम, सादान वारसी, अजलान वारसी, मोहर्रम कमेटी मीडिया प्रभारी शाहिद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन आध्यात्मिक दृष्टि से मनाने का महत्व श्रावण पूर्णिमा में आने वाले रक्षाबंधन त्यौहार के दिन बहन अपने भाई की आरती उतार कर उसको प्रेम स्वरूप राखी बांधती है

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। भाई अपनी बहन को भेंट स्वरूप आशीर्वाद देता है। सहस्रों वर्षों से चले आ रहे इस रक्षाबंधन के त्यौहार के पीछे का इतिहास, शास्त्र, रक्षाबंधन मनाने की पद्धति और इस त्यौहार का महत्व सनातन संस्था के द्वारा संकलित इस लेख में उल्लेख किया गया है।

इतिहास – पाताल में रहने वाले बली राजा के हाथ में लक्ष्मी जी ने राखी बांध कर उनको अपना भाई बनाया और नारायण जी को मुक्त किया। वह दिन सावन पूर्णिमा का था। 12 साल इंद्र और दानवों के बीच युद्ध चला। हमारे 12 वर्ष उनके 12 दिन होते हैं। इंद्र थक गए थे और दैत्य शक्तिशाली हो रहे थे। इंद्र उस युद्ध से खुद के प्राण बचाकर भाग जाने की तैयारी में थे। इंद्र की इस व्यथा को सुनकर इंद्राणी गुरु के शरण में गई। गुरु बृहस्पति ने ध्यान लगाकर इंद्राणी को बताया कि यदि आप पतिव्रत बल का प्रयोग करके संकल्प लें कि मेरे पति सुरक्षित रहें और इंद्र के दाहिने कलाई पर एक धागा बांध दें, तो इंद्र युद्ध जीत जाएंगे। ष्इन्द्र विजयी हुए और इंद्राणी का संकल्प साकार हुआ। भविष्य पुराण में बताए अनुसार रक्षाबंधन मूलतः राजाओं के लिए था। राखी की एक नई रीति इतिहास काल से आरंभ हुई । भावनिक महत्व – राखी बहन भाई के हाथ में बांधती है। इसके पीछे भाई की उन्नति हो और भाई बहन का रक्षण करें, यह भूमिका रहती है। बहन द्वारा भाई को राखी बांधने से अधिक महत्वपूर्ण यह होता कि युवा, युवती से राखी बंधवा लेता उस कारण युवाओं का युवती के प्रति और स्त्रियों की ओर देखने का दृष्टिकोण बदलता ।

राखी बांधना – चावल, सोना और सफेद राई पोटली में एक साथ बांधने पर राखी बनती है, वह रेशमी धागे से बांधी जाती है।

येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः ।

तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल ।।

अर्थ रू महाबली और दानवीर ऐसे बलि राजा जिस रक्षासूत्र से बांधे गए उस रक्षा सूत्र से मैं आपको भी बांधती हूँ, हे राखी आप रक्षा करें।

चावल के कणों के समूह को राखी कहकर रेशमी धागे से बांधने की पद्धति क्यों है ? – श्चावल यह सर्वसमावेशक का प्रतीक है अर्थात वह अपने में सबको समा लेता है उसी प्रकार वह सभी तरंगों का उत्तम आदान–प्रदान करने वाला होता है। चावल को सफेद कपड़े में बांधकर रेशमी धागे से शिव रूपी जीव के सीधे हाथ में बांधने से एक प्रकार से सात्विक रेशमी बंधन सिद्ध करना होता है। रेशमी धागा सात्विक तरंगों का उत्तम वाहक है।

बहन भाई का आपस का लेन–देन हिसाब खत्म होने में सहायता होना – बहन और भाई का एक दूसरे से सामान्यतः 30ः लेन–देन का हिसाब रहता है। लेन–देन का हिसाब राखी पूर्णिमा जैसे त्यौहार के माध्यम से कम होता है, अर्थात स्थूल (व्यवहारिक ) रूप से तो एक दूसरे के बंधन में बंधते हैंय परंतु सूक्ष्म (आध्यात्मिक ) रूप से एक दूसरे का आपस का लेन–देन का हिसाब खत्म कर रहे होते हैं । प्रत्येक वर्ष बहन और भाई का इसी भाव से लेन–देन का हिसाब कम हो इस प्रतीक के रूप में राखी बांधी जाती है। बहन और भाई को आपस के लेन–देन का हिसाब कम करने की संधि होने के कारण दोनों को इसका लाभ लेना चाहिए । बहन ने भाई को राखी बांधते समय कैसा भाव रखना चाहिए ? श्रीकृष्ण की अंगुली से बहते हुए रक्त को रोकने के लिए द्रोपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाडकर उनकी अंगुली में बांधा । बहन, भाई को होने वाले कष्ट को कदापि सहन नहीं कर सकती । उस पर आए संकट को दूर करने के लिए वह कुछ भी कर सकती है, राखी पूर्णिमा के दिन प्रत्येक बहन ने भाई को राखी बांधते समय यही भाव रखना चाहिए।

रक्षाबंधन के दिन बहन द्वारा किसी भी प्रकार की अपेक्षा ना रखते हुए राखी बांधने का महत्व – रक्षाबंधन के दिन बहन ने भाई से वस्तु रूप में किसी भी चीज की अपेक्षा मन में रखने से उस दिन मिलने वालें आध्यात्मिक लाभ से वंचित रहती है। यह दिन आध्यात्मिक दृष्टि से लेन–देन का हिसाब कम करने के लिए होता है। अपेक्षा रखकर वस्तु प्राप्त करने से लेन–देन का हिसाब 3 गुना और बढ़ जाता है। भाई द्वारा सात्विक भेट देने का महत्व – असात्विक भेंट रज और तम प्रधान होती है, इसलिए भाई ने बहन को सात्विक भेंटवस्तु देनी चाहिए । सात्विक भेंटवस्तु में किसी भी प्रकार का धार्मिक ग्रंथ, माला या ऐसी कोई वस्तु जो बहन की साधना करने में सहायक हो। प्रार्थना करना – बहन ने भाई के कल्याण के लिए और भाई ने बहन के रक्षा के लिए प्रार्थना करने के साथ ही साथ दोनों ने राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए भी हमसे प्रयत्न होने दें इस प्रकार से ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए।

राखी के माध्यम से होने वाले देवताओं की विडंबना (अनादर) रोकना ! – आजकल राखी पर ओम, स्वस्तिक या देवताओं के चित्र होते हैं। राखी का प्रयोग करने के पश्चात वह इधर–उधर गिरी होने के कारण एक प्रकार से देवता और धर्म के प्रति उनका विडंबन (अनादर) ही होता है, इस कारण पाप लगता है, यह रोकने के लिए राखी को पानी में विसर्जित करें। संदर्भ रू सनातन का ग्रंथ 'त्यौहार मनाने की उचित पद्धतियां और अध्यात्मशास्त्र (कु. कृतिका खत्री, सनातन संस्था, दिल्ली)।




## मथुरा के गोवर्धन रोड श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सालय के बगल वाली गली से हुई लूट 28.6.2022 की रात्रि में उसका खुलासा हुआ

☒ थाना हाईवे पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल टीम की संयुक्त कार्यवाही से सफल अनावरण करते हुए

☒ 6 शातिर लुटेरो को मय लूट के माल के गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। थाना हाईवे जनपद श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद मथुरा श्री अभिषेक यादव'के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे, एसओजी प्रभारी व सर्विलांस सेल प्रभारी मथुरा के कुशल नेत्रत्व में उ0नि0 नीरज भाटी द्वारा मय पुलिस बल के मु0अ0सं0 703/2022 धारा 392 आईपीसी में प्रकाश में आये 06 अभियुक्तो को कुसुम वाटिका तिराहे पर खोखा के पास से समय करीब 10.15 बजे गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से उक्त घटना से सम्बन्धित माल बरामद हुआ, तथा एक अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भाग गया जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तारी/माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त को सुसंगत धारा 395/411/120ठ में तरमीम किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो को जेल भेजा गया । वादी मुकदमा श्री पवन अग्रवाल निवासी कृष्णा आर्चिड, मथुरा दिनांक 28/6/2022 की रात्रि में करीब 9.20 बजे अपने मेडिकल स्टोर कृष्णा नगर से घर को वापस जाते समय श्रीजी बाबा नेत्र चिकिस्तालय के बगल की गली में 3 लडके एक मोटर साइकिल पर खडे थे, जिन्होने वादी को रोकने के लिए सामने से मोटर साइकिल को मोडा तो वादी ने अपनी स्कूटी एक्टिवा को उनके पीछे से निकालने की कोशिश की तभी वादी की स्कूटी गिर गई, तभी पीछे से एक अन्य मोटर साइकिल आ गई जिस कारण वादी अपनी स्कूटी छोडकर गोवर्धन रोड की ओर भागा कि तभी वह अज्ञात लडके वादी की स्कूटी उठाकर सामने बाकलपुर की तरफ भाग गए, वादी की स्कूटी में एक बैग रखा था जिसमें वादी का मोबाइल टप्ट८, जिसमें मोबाइल की सिम पडी थी तथा उसमे वादी की दुकान के कुछ कागजात व चाबियां व एक छोटी डोलची रखी थी को छीनकर लेकर चले गये, जिसके सम्बन्ध में थाना हाईवे पर मु0अ0सं0 703/2022 धारा 392 आईपीसी पंजीकृत किया1– साहिल पुत्र अलाउद्दीन नि0 नवनीत नगर कुम्हार वाली गली थाना कोतवाली जिला मथुरा । 2– सोहिल पुत्र वाहिद निवासी मौ0 वाग काजियान विरयानी वाली गली भूतेश्वर ना कोतवाली जिला मथुरा ।

3–सागर पुत्र राजकुमार गोला नि0 नवनीत नगर कुम्हार वाली गली थाना कोतवाली जिला मथुरा।

4– आकाश पुत्र गिर्राज नि0 नवनीत नगर कुम्हार वाली गली थाना कोतवाली मथुरा ।5–करन सोनी पुत्र मुकेश सोनी नि0 129 राधिका विहार कालौनी फेस 03 थाना कोतवाली जिला मथुरा 6– आरिफ पुत्र मिस्लाउद्दीन फारुख नि0 जयसिंहपुरा ऊँची वाली गली थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा मु0अ0स0–703/2022 धारा 395/412/120बी भादवि थाना हाईवे मथुरा 1–स्कूटी एक्टिवा नं0 UP 85 AZ 0593 उक्त मुकदमें से सम्बन्धित लूटी गयी 2– एक मो0सा0 सीडी डीलक्स नं0 UP 85 W 1842 उक्त घटना में प्रयुक्त मो0सा0 3–एक मोबाइल फोन VIVOे1 जो लूटा हुआ मोबाइल है जिसका मदर बोर्ड अन्य टूटे हुए मोबाइल से बदला हुआ था तथा दूसरा मो0 टप्टेे1 जिसमें लूटे हुए मोबाइल का मदर बोर्ड जिसका IMEI 865010046816537 है पडा हैं ।

4– एक स्टील की छोटी डोल्ची व दवाइयों के 10 बिल उक्त मुकदमें से सम्बन्धित लूट का माल।



# संक्षिप्त समाचार

## भारत देश के प्रत्येक घर में लगाया जाए राष्ट्रीय ध्वज श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी जी महाराज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,वृंदावन ।मोर कुटी आश्रम वृंदावन पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत घर–घर तिरंगा लगाओ देश का गौरव बढ़ाओ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी जी महाराज जी ने कहा भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाना चाहिए जिससे हम अपने भारत देश को हिंदू राष्ट्र बना सकें



और आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान करना सिखा सकें इस अवसर पर खेलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान जी ने कहा कि एक नागरिक की पहचान राष्ट्रीय ध्वज से होती है हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा है जोकि हमारे भारत देश का गौरव का प्रतीक है इस मौके पर परम पूज्य पायलट बाबा, आरएसएस के स्वयंसेवक ठाकुर राजकुमार सिंह जी, लक्ष्य पहलवान, अंकित पहलवान, जय भगवान पहलवान, कान्हा पहलवान, व व समस्त संत गण उपस्थित रहे।

## मथुरा गोवर्धन मार्ग पर टेंपो चालक की लापरवाही से हुई दुर्घटना सवारियों के आई गंभीर चोट

मथुरा। आज सुबह करीब 6:00 बजे मथुरा गोवर्धन मार्ग पर दतिया गांव के समीप बिजली घर के सामने एक टेंपो नंबर UP85BT1546 सवारियों से ओवरलोड भरकर तेज गति से गोवर्धन से मथुरा की ओर आ रहा था तभी सामने से एक आवारा कुत्ता टेंपो के सामने आया जिसको देखकर टेंपो चालक ने तेज ब्रेक लगाई तेज ब्रेक लगाते ही टेंपो पलट गया टैंपू





के पलटने से सवारियों के गंभीर चोटें आई जिनमें मीरा देवी निवासी फिरोजाबाद केशकांति निवासी जैतपुर कमल सिंह निवासी हाथरस के गंभीर चोटे आई स्थानीय लोगों ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को बुलाया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 108 नंबर एंबुलेंस को बुलाकर सभी घायल सवारियों को जिला अस्पताल के लिए भेजा प्रशासन की तरफ से ऐसे वाहनों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इसी के चलते डग्गेमार वाहन सीमित सवारियों के स्थान पर असीमित सवारियां भरकर वहानों को तेज गति से चलाते हैं जिसका खामियाजा सवारियों को भुगतना पड़ता है।

## जल भराव से नरक बनी जैतपुर की बस्ती, रोक संक्रमण का खतरा

जैतपुर । जैतपुर के गढवार मोहल्ला जल भराव से नरक बन गया है। गली में तालाब की तरह भरे गंदे पानी पर पनपे मच्छरों से रोक संक्रमण का खतरा पैदा हो गया है। जल भराव वाले रास्ते पर बच्चों और बुर्जुगों के गिरकर घायल होने का डर सताता रहता है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि सुनील राजपूत के घर से लेकर लाल सिंह के घर तक 12 फुट गली लगभग 300 मीटर और 16 फुट गली 300 मीटर तक नहीं बनी है। सुनील राजपूत, नौरंगीलाल, विजय राम, सुरेंद्र भदोरिया, जालिम सिंह नरवरिया, प्रताप सिंह तोमर, दिनेश पूरवंशी, नारायणदास दुबे, सुनील सविता, लाला चौहान, रामू सविता, बलराम भदौरिया, लाल सिंह आदि ने शासन प्रशासन से नरक से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है।

## चित्राहाट में मकान के विवाद में जेठानी के परिवार ने देवरानी के घर पर बोला धावा, 9 गिरफ्तारों में 6 रिश्तेदार मैनपुरी के

जैतपुर । सोमवार देर शाम चित्राहाट के पई गांव में मकान को लेकर देवरानी नीरू और जेठानी रानी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढा कि रानी ने अपने मायके मैनपुरी से लोग बुला लिए। सुलह समझौता न होने पर जेठानी पक्ष ने नीरू के घर पर धावा बोल दिया। देवारानी की गाली गलौज, हाथापाई, मारपीट की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से नीरू के जेठ महेश, जेठानी रानी, भतीजे आकाश, मैनपुरी के रिश्तेदार अवधेश, प्रमोद, ललित, शिशुपाल, भाले, शिवकरन को गिरफ्तार कर लिया। इधर चित्राहाट के नगला सुरई गांव में राजेन्द्र और मानपाल पक्ष में खेत की मेड के विवाद में झगडा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने राजेन्द्र, रामचन्द्र, मानपाल को गिरफ्तार कर लिया। एसओ चित्राहाट महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

## डौकी ने पुलिस ने किया तिरंगा लेकर पैदल मार्च

संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव पर थाना प्रभारी डॉकी द्वारा क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ पैदल गस्त की गई। तथा क्षेत्र के लोगों को अमृत महोत्सव में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी डॉकी बहादुर सिंह के मुताबिक डौकी क्षेत्र में गश्त के दौरान तिरंगा लेकर पैदल मार्च किया गया। इस दौरान आगरा रोड, फतेहाबाद रोड, ग्रामीण अंचल में गश्त कर लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में बताया गया। तथा घर–घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराने की अपील की गई। इस दौरान लोगों ने पुलिस की पहल की सराहना की।



## एनडीए से नाता तोड़ते ही नीतीश कुमार पर हमलावर हुई बीजेपी, केन्द्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद ने राजद के तर्ज पर नीतीश कुमार को दिया यह नया सियासी नाम

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। पिछले तीन दिनो से बिहार मे सत्ता परिवर्तन की चर्चा पर आज विराम लग गया। सीएम नीतीश कुमार ने जहां अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं प्रदेश में अब सत्ता से बीजेपी आउट और राजद की इंट्री हो गई है। प्रदेश मे एकबार फिर नीतीश कुमार राजद के साथ मिलकर सरकार बनाएंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा हो गयी है।इधर नीतीश कुमार के बिहार एनडीए से नाता तोड़ने के बाद बीजेपी उनपर हमलावर हो गई हैं। पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने प्रेस–वार्ता कर नीतीश कुमार पर बीजेपी के पीठ में छूरा घोंपने और धोखा देने का आरोप लगाया।अब केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नित्यानंद राय ने भी नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला है।नित्यानंद राय ने राजद की तरह नीतीश कुमार को एक नया सियासी नाम भटकूराम दिया है। नित्यानंद राय ने नीतीश कुमार को भटकूराम, कुर्सी लोलुप, भ्रष्टाचारी से समझौता




करने वाला भटकू और जनता से धोखा देने वाल नाम दिया है। इस दौरान नित्यानंद राय ने नीतीश कुमार पर जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाया है।बता दें इससे पहले 2017 में राजद से गठबंधन तोड़ने के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने नीतीश कुमार को पलटू राम कहा था। उस नये नाम को राजद के नेताओं के द्वारा कई बार दोहराया जा चुका है।वहीं नित्यानंद राय नीतीश कुमार को चेतावनी देते हुए कहा है कि बिहार के विकास में बाधक बनने वाले नीतीश कुमार का ईंट से ईंट बजा देंगे।

## भारतीय युवा कांग्रेस की 62 वीं स्थापना दिवस पर लिया गया संकल्प

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल युवा कांग्रेस के विधान सभा अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी के द्वारा मंगलवार को भारतीय युवा कांग्रेस के 62 वीं स्थापना दिवस पर संकल्प लेते हुए झंडोत्तोलन किया गया।



बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव सह पश्चिमी चम्पारण प्रभारी प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने भारतीय युवा कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक युवा संगठन भारतीय युवा कांग्रेस है, जिसमें ष्नेता चुनों और नेता बनोंष जिस पद्धति के द्वारा गरीब, मजदूर, किसान का बेटा जनसेवक बनकर देश की सेवा कर सकता है, साथ ही प्रदेश महासचिव ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है, जिसमें युवा नेतृत्वकर्ता को पहचानने की क्षमता है जो युवा जिस क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करता है . भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीभी और युवा प्रभारी श्री कृष्णा अल्वारु जी के द्वारा खुला प्लेटफार्म दिया जाता हैं,जिससे युवाओं में नई जोश और ऊर्जा आती है.

प्रदेश महासचिव ने कहा कि आज जितने भी कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं सबका गहरा नाता भारतीय युवा कांग्रेस से रहा है, जहां अनुशासन, प्रतिज्ञा और कर्तव्यनिष्ठा की पाठ पढ़ाई जाती है, जो आगे चलकर सत्य और अहिंसा की बातें करते हैं और महात्मा गांधी के द्वारा बताए गए मार्गों पर प्रतिबद्धता के साथ चलते हैं। प्रदेश महासचिव ने कहा कि जब सारा देश कोरोना काल में सभी संगठन निष्क्रिय थे पूरे देश में एकमात्र युवा कांग्रेस संगठन लोगों को अनेकों सुविधाएं मुहैया करा रही थी। इस कार्यक्रम में ईश्वर चन्द्र प्रसाद, विजय कुमार, विकास कुमार, विशाल पांडे, राजेश पटेल, मनीष कुमार, सन्नी कुमार, संतोष कुमार, मनोज कुमार,अताऊद्दीन अंसारी, सहित अन्य युवा उपस्थित थे।

## सभापति प्रतिनिधि ने मोहर्रम पर्व को लेकर नगर परिषद क्षेत्र में देखी व्यवस्थानगरवासियों को शांति माहौल में मुहर्रम मनाने को की अपील



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा नगर परिषद क्षेत्र की सभापति प्रतिनिधि फिरोज आलम के द्वारा नगर परिषद क्षेत्रों में सुचारू रूप से मोहर्रम पर्व को लेकर व्यवस्था की देखभाल करते हुए नगरवासियों को शांति पूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील किया गया। उन्होने कहा कि इस्लामिक नव वर्ष आरंभ होते ही मुस्लिम समुदाय के विशाल पर्व मोहर्रम की शुरुआत भी हो जाती है जिसमे पहली तारीख से दस तारीख तक पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे जो कर्बला के मैदान में जंग लड़ते हुए शहीद हो गए थे ।जिनकी याद में अलग अलग तरीके से ताजिया,आलम, बुर्राख सहित अन्य जुलूस निकालने की परंपरा सदियों से चली आ रही है ।जो मोहर्रम की पांच तारीख से दस तारीख तक मनाई जाती है। इसी को देखते हुए शासन प्रशासन की ओर से भी लगातार शांति पूर्वक त्योहार सम्पन्न कराने व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां जोरों शोरों पर है। सभापति प्रतिनिधि ने कहा कि मेरे द्वारा नगर परिषद क्षेत्र मे मोहर्रम के जुलूस का रूट व इमामबाड़ों को देख उसके आसपास साफ सफाई की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने हेतु जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।वहीं विद्युत विभाग द्वारा जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले जर्जर तारों को दुरुस्त करने का कार्य भी किया गया। वहीं मेरे द्वारा जुलूस मार्ग में पड़ने वाले खंभो पर लाइट की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिए, नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों में नाले को सर सफाई और सड़क को दुरुस्त करने का कार्य लगातार किया जा रहा है ।जो कि वार्ड वासियों को किसी तरह से कोई भी परेशानी नहीं हो।

## बिहार के हित में नहीं है नीतीश कुमार का निर्णय जनता से मिले बहुमत के खिलाफ है यह फैसला

नागेंद्र कुमार राजा 'साकेत राज प्रखंड संवाददाता (बेलछी)दैनिक अयोध्या टाइम्स पिछले तीन दिनो से बिहार मे सत्ता परिवर्तन की चर्चा पर आज विराम लग गया। सीएम नीतीश कुमार ने जहां अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं प्रदेश में अब सत्ता से बीजेपी आउट और राजद की इंट्री हो गई है। प्रदेश मे एकबार फिर नीतीश कुमार राजद के साथ मिलकर सरकार बनाएंगे। नीतीश कुमार के इस फैसले पर समता पार्टी के प्रदेश महासचिव नागेंद्र कुमार राजा ने बड़ा बयान दिया है। नागेंद्र कुमार राजा ने कहा है! कि नीतीश कुमार का निर्णय बिहार के हित में नहीं है। उन्होंने जनता से मिले समर्थन के विपरीत जाकर आज निर्णय लिया है। उन्हें एनडीए में रहकर सरकार चलाने का समर्थन मिला था। लेकिन नीतीश अब राजद के साथ जा रहे हैं जो जनता से मिले बहुमत के खिलाफ फैसला है। समता पार्टी के प्रदेश महासचिव नागेंद्र कुमार राजा ने कहा कि राजद और जदयू के गठबंधन का फार्मूला फेल हो चुका है। वर्ष 2015 में जब नीतीश कुमार ने राजद के साथ मिलकर सरकार बनाई थी उसके बाद जिस तरह से बिहार में उथलपुथल की स्थिति रही। जिस तरह से राजद के साथ आने के बाद बिहार में फिर से कई प्रकार की अराजकता देखने को मिली उससे यह स्पष्ट हो चुका है कि बिहार में राजद और जदयू के गठबंधन का फार्मूला फेल साबित हुआ है। 2015 से जुलाई 2017 के बीच ही किसी तरह से वह सरकार बनी।



लेकिन अब एक बार फिर से नीतीश कुमार वही करने जा रहे हैं।

## जदयू छोड़ कैलाश गुप्ता ने थामा राजद दामन,बने बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, कहा दोनों पार्टी व नेता एक ही सिद्धान्त के हैं

अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रक्सौल अनुमंडल सचिव
मोतिहारी पूर्वी चंपारण। जनता दल यूनाइटेड हो या राष्ट्रीय जनता दल, दोनों एक ही सिद्धान्त को मानने वाली पार्टी है। नीतीश कुमार और लालू प्रसाद दोनों एक ही विचार धारा के व्यक्ति हैं। इन्ही के विचारों को आदर्श व सामाजिक समरसता को मानने वाले प्रखर उर्जावान व यशश्वी नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही बिहार व बिहार के युवाओं का भविष्य है।उक्त बातें राज्य में पुनः एक बार फिर हुई सत्ता परिवर्तन के बाद जनता दल यूनाइटेड शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार के पूर्व प्रदेश महासचिव तथा राष्ट्रीय जनता दल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ बिहार के नव मनोनित प्रदेश महासचिव कैलाश गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा है कि नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पार्टी के संगठनात्मक ढ़ाचा को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने बहुत ही मजबूत किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि नेतृत्व अच्छा हो तो किसी भी संगठन में कार्यकर्ता जी जान लगा देते हैं। राष्ट्रीय जनता दल के अच्छे नेतृत्व का प्रभाव ही है कि पार्टी में एक कमर्ठ तथा जूझारू राज्य के आला पुलिस अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता आईपीएस ने (सेवा निवृत्त पुलिस महानिदेशक) बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला और आज राज्य के हजारों बुद्धिजीवियों को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने में लगे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि नेता तेजस्वी यादव के द्वारा राज्य में युवाओं व हर तबके के लोंगो के लिए किए गए व किए जा रहे कार्यों में आस्था रखते हुए मैंने जनता दल यूनाइटेड को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामा है। पूर्व से ही गलती करने वालों का विरोद्ध करना तथा शिक्षकों, शिक्षाविदों व बुद्धिजिवीयों के हक की लड़ाई लड़ना मेरा मुख्य उद्देश्य रहा है। और आज भी पूर्व की भांति बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता आई.पी.एस. (सेवा नि. पुलिस महानिदेषक), प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह तथा नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में बुद्धिजिवीयों का एक समूह कायम कर पार्टी के संगठन को मजबूत करने तथा शिक्षकों, शिक्षाविदों व बुद्धिजिवीयों के हक की लड़ाई लड़ने का कार्य ही मेरा मुख्य उद्देश्य रहेगा। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के परामर्श के उपरान्त राष्ट्रीय जनता दल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता आई.पी.एस. ने (सेवा नि. पुलिस महानिदेशक) दिनांक 08.08.22 को अपने पत्रांक 37 से श्री गुप्ता को प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनित किया है। श्री गुप्ता के राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का प्रदेश



महासचिव बनने पर उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों में काफी हर्ष है। हर्ष व्यक्त करने वालों में एम के मिशन आवासीय विद्यालय भलुवहिंया रामगढ़वा के निदेशक ध्रुव नारायण कुशवाहा,राजद युवा रामगढ़वा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, प्रखंड अध्यक्ष मो.मूशा, मनोज यादव तथा जिला परिषद सदस्य पति मोहम्मद कमरूद्दीन सहित अन्य सैकड़ों लोग शामिल हैं।

## बिहार के राजनीतिक गलियारों पर सत्ता पर मंगल भारी



दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह। आप सभी इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि बिहार के सियासत में बड़ा बदलाव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में राज्यपाल फागू चौहान से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है. नीतीश कुमार ने दावा किया कि उनके पास 160 विधायकों का समर्थन है. इस्तीफे के बाद उन्होंने कहा कि सब लोगों की इच्छा थी कि बीजेपी से अलग हो जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि विधायकों और सांसदों की सहमति के बाद गठबंधन तोड़ने का फैसला लिया है। नीतीश कुमार ने मीडिया से कहा है कि उन्होंने एनडीए सरकार में मिले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्हें बीजेपी के साथ एक नहीं कई दिक्कतें थीं. उनके नेता बाद में सबकुछ विस्तार से बता देंगे. अब वह राबड़ी देवी के आवास पर तेजस्वी यादव के साथ नई सरकार बनाने को लेकर बैठक करेंगे.

वहीं दिन में हुई महागठबंधन की बैठक में आरजेडी के विधायक, एमएलसी और राज्यसभा सांसदों ने तेजस्वी यादव को फैसला लेने के लिए अधिकृत किया है. इस दौरान सभी नेताओं ने कहा है कि वे तेजस्वी के साथ हैं. उधर, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के विधायकों ने भी तेजस्वी यादव को समर्थन देने का ऐलान किया है। सीएम ने इससे पहले अपने आवास पर जेडीयू विधायकों की बैठक में बीजेपी पर जमकर हमला बोला था. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा था कि बीजेपी ने हमें खत्म करने की साजिश रची. बीजेपी ने हमेशा अपमानित किया है।

बिहार में राजनीति हलचल के बाद चर्चा है कि राज्य में जेडीयू से नीतीश कुमार ही सीएम बनेंगे जबकि आरजेडी का डिप्टी सीएम होगा और उसी के पास गृह मंत्रालय होगा. इसके अलावा स्पीकर कांग्रेस का होगा. इसके साथ ही कांग्रेस का भी एक डिप्टी सीएम बनाने के फॉर्मूले पर चर्चा चल रही है. नई सरकार में कांग्रेस खुद के लिए स्पीकर के साथ–साथ तीन से चार मंत्री पद मांग रही है।

## मोहर्रम पर सुपौल नगर में निकाला गया ताजिया जुलूस

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों में आज इस्लाम धर्म को मानने वाले लोगों ने मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकाला, सुपौल जिला के विभिन्न प्रखण्ड एवम पंचायतों में अलग–अलग मुहल्लों से यह जुलूस निकाला गया ! सुबह करीब 7रू00 बजे से ही सड़कों पर ताजिया जुलूस देखे जाने लगे । यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा ! मुहर्रम पर मस्जिद चौक से फातिहा कराने के लिए विभिन्न मुहल्ले से दर्जनों अखाड़ा जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर ताजिया, निशान, सिपर और थर्मोकॉल की बनी कई तरह की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। वहीं युवा ढोल–तासे बाजे एवं मोहर्रमी धुन पर पारंपरिक हथियार के साथ करतब दिखाते नजर आए। चौक–चौराहे पर अखाड़ा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

सुपौल प्रखंड में भी ताजिया जुलूस सौहार्द और प्रेम के साथ निकाला गया ! प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दिनभर मोहर्रम को लेकर चहल–पहल बनी रही, प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में जुलूस निकाला गया, मस्जिद चौक से निकाला गया । जुलूस थाना चौक होते हुए महावीर चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंचा । अखाड़ा वापस लौट गया, जुलूस का नेतृत्व मोहम्मद इदरीश कर रहे थे ! इदरीश ने बताया कि करीब एक महीने की मेहनत के बाद ताजिया तैयार किया गया, जिसमें मोहल्ले के कई लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया! इस जुलूस में स्थानीय राजद नेता लव यादव भी शामिल हुए! इस दौरान सेंट्रल मुहर्रम कमेटी और शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन का सहयोग करते दिखे। साथ ही अखाड़ा जुलूस में शामिल लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की। सुबह दस बजे से ही शहर के तमाम अखाड़ा जुलूस फातिहाखानी के लिए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर अपने इमामबाड़ा पहुंचते रहे। जबकि अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं की टोली पारंपरिक हथियारों से लैस होकर तलवारबाजी, लाठी, फरसा और





सिपल से करतब दिखा रहे थे। वहीं जुलूस में लहराया जा रहा राष्ट्रीय ध्वज देशप्रेम को दर्शा रहा था।

वही मोहर्रम को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख ्ता इंतजाम किए थे, जगह जगह पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे, विद्यापति नगर के अंचलाधिकारी भी दिन भर भ्रमण करते नजर आए ! समाचार प्रेषण तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है !

## अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति, बिहार

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। पटना के जमाल रोड स्थित किसान सभा कार्यालय में अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले बिहार के किसान संगठनों, ट्रेड युनियनों, छात्र और युवा संगठनों, और पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहुत "जय जवान जय किसान सम्मेलन" के क्रियान्वयन के एजेंडे पर बुलाई गई थी।

संयुक्त किसान मोर्चा ने 3 जुलाई को आयोजित अपनी राष्ट्रीय बैठक में 7 अगस्त से 14 अगस्त तक सेना–भर्ती की नई अग्निपथ योजना के खिलाफ देश भर में जय–जवान जय किसान सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया था। इस अभियान को पूर्व सैनिकों का मोर्चा "यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमैन" ने भी अपना सर्मथन और एकजुटता दिया है। केंद्र सरकार की सेना भर्ती की विनाशकारी अग्निपथ योजना के खिलाफ आज देश के किसान, पूर्व सैनिक और युवा एकजुट हैं। किसान नेताओं ने बताया कि बिहार अग्निपथ योजना के खिलाफ आन्दोलन का प्रमुख केंद्र रहा है, और बिहार के युवा बेरोजगारी से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

इस संदर्भ में बिहार के सभी जिलों के केंद्र सरकार की सेना भर्ती की विनाशकारी अग्निपथ योजना के खिलाफ "जय जवान जय किसान सम्मेलन" आयोजित किया जाएगा। राज धानी पटना में गांधी संग्रहालय में 12 अगस्त को 12 बजे अपराह्न से इस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में किसान संगठनों के साथ–साथ ट्रेड युनियन, छात्र और युवा संगठन, और पूर्व सैनिक भी हिस्सा लेंगे। किसान नेताओं ने कल संसद में पेश किए गए विद्युत (संशोधन) विधेयक के खिलाफ भी कड़ा विरोध जताया। यह विधेयक केंद्र सरकार द्वारा किसानों से किए गए लिखित आश्वासन के साथ एक बड़ा विश्वासघात है। विद्युत संशोधन विधेयक 2022 का उद्देश्य बिजली वितरण के क्षेत्र में निजी कंपनियों का प्रवेश सुगम करना है।

यह हमारे देश के किसानों और अन्य सभी वर्गों के लोगों के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी करके निजी कंपनियों को भारी मुनाफा देगा। बिहार के किसान नेताओं ने विद्युत संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और बिल की प्रतियां जलाने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्व सैनिक कैप्टन सर्वोदय शर्मा (सेवानिवृत्त), किसान सभा (जमाल रोड) के विनोद कुमार और सोना लाल प्रसाद, किसान महासभा के उमेश सिंह, किसान मजदूर खेत संगठन के नंद किशोर सिंह और सुभाष यादव, जय किसान आंदोलन के ऋषि आनंद, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के वी०वी० सिंह, किसान संघर्ष मंच के मनोज कुमार, सीटू के गणेश शंकर सिंह और दीपक भट्टाचार्य, भाकियू के हेमंत कुमार, एसएफआई के मुकुल राज, सहित अन्य नेता उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता कामरेड विनोद कुमार ने की।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया रक्सौल अनुमंडल में मोहर्रम का त्योहार व निकाला गया ताजिया का जुलूस



अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रक्सौल अनुमंडल सचिव
रक्सौल पूर्वी चंपारण। स्थानीय अनुमंडल क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा शांति एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में मोहर्रम का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर गाजे– बाजे के साथ ताजिया का जुलूस निकाला गया। इस बाबत रामगढ़वा के बेला गांव निवासी इनरवा मस्जिद के इमाम मोहम्मद सैदुल्ला ने बताया कि इस्लाम धर्म में मुहर्रम का महीना काफी अहम और महत्वपूर्ण माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक देश में मुहर्रम का महीना 31 जुलाई 2022 से शुरू हो जाता है और इसके 10वें दिन यानी 9 अगस्त को रोज–ए–आशुरा मनाया जाता है। दरअसल, इस दिन को इस्लामिक कल्चर में मातम का दिन भी कहा जाता है और इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिए निकालते हैं। मुहर्रम के महीने को गम का महीना कहा जाता है। हालांकि मुस्लिम समुदाय के शिया और सुन्नी समुदाय के लोग अलग–अलग तरीके से मुहर्रम मनाते हैं। मोहम्मद सैफुल्लाह ने कहा कि इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार पैगंबर मोहम्मद के पोते हजरत इमाम हुसैन को मुहर्रम के महीने के महीने में कर्बला की जंग में परिवार और दोस्तों के साथ शहीद कर दिया गया था। कर्बला की जंग हजरत इमाम हुसैन और बादशाह यजीद की सेना के बीच हुई थी। मान्यताओं के मुताबिक, मुहर्रम के महीने में 10वें दिन ही इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान कर दी थी। इसलिए मुहर्रम महीने के 10वें दिन मुहर्रम को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 1400 साल पहले कर्बला में जंग हुई थी। इस दिन शिया समुदाय के लोग मातम मनाते हैं। मजलिस पढ़ते हैं और काले रंग के कपड़े पहनकर शोक व्यक्त करते हैं। इस दिन शिया समुदाय के लोग भूखे–प्यासे रहकर शोक व्यक्त करते हैं। जबकि सुन्नी समुदाय के लोग रोजा–नमाज करके अपना दुरूख जाहिर करते हैं। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के 10वें दिन मुस्लिम सम्प्रदाय के लोग ताजिया निकालते हैं। इसे हजरत इमाम हुसैन के मकबरे का प्रतीक माना जाता है और इस जुलूस में लोग शोक व्यक्त करते हैं। इस जुलूस में लोग अपनी छाती पीटकर इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत राज हरदिया के भूतपूर्व सरपंच रुप नारायण प्रसाद चौरसिया का हुआ निधन शोक व्याप्त

अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रामगढ़वा पूर्वी चंपारण। उत्कृष्ट जीवन मूल्य,सेवा,समर्पण,दयालु स्वभाव,उदार हृदय, मृदुभाषी, हमेशा हमसबों के दिल में विराजमान कृपालु व्यक्तित्व के धनी महान विभूति रुप नारायण प्रसाद चौरसिया के निधन की खबर से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में शोक की लहर उमड़ पड़ी है। सभी शुभचिंतक, समाजसेवी एवं स्नेहीजनों ने अपने–अपने अश्रुपूरित नेत्रों से विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए शोक संवेदना व्यक्त किए हैं। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए जीवनपर्यंत संघर्षशील कर्मपथ पर अग्रसर रहते हुए गांव से शहर तक अपनी पहचान बनाते हुए स्व. चौरसिया 92 वर्ष की आयु में अपने पीछे भरा पुरा परिवार को छोड़कर गए हैं।इनके समाजसेवी कार्यों कि संक्षिप्त गाथा अपनी निजी





परिवारिक जमीन श्मशान घाट में सार्वजनिक रूप से दान कर कृतिमान स्थापित रहा है। वर्तमान में इनके बड़े पुत्र लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया विरासत को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत राज हरदिया के वर्तमान सरपंच का पद सुशोभित कर रहे हैं। वहीं सफल व्यवसायी के रूप में अपनी ख्याति अर्जित करते हुए द्वितीय सुपुत्र प्रभु प्रसाद चौरसिया ने उपलब्धि हासिल की है। तथा तृतीय सुपुत्र शम्भु प्रसाद चौरसिया ने भी अपनी समाजसेवी कार्यकलापों से आम जनमानस में अमिट पहचान बनाते हुए चौरसिया समाज एवं लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। पुष्प अर्पण सह दाहसंस्कार दिनांक 09/08/22 रोज–मंगवार समय–सुबह 11.30 बजे।

### पुलिस धृतराष्ट्र बनी

कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार। खजौली बाजार में थाना के मुख्य द्वार एवं इर्द गिर्द मुख्य सड़क पर सुबह से ही नित्य सजती है। सब्जी मंडी थाना के मुख्य द्वार से महज 150––200 फीट की दूरी पर संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का प्रतिमा स्थल है ।जहाँ प्रति दिन जूता चप्पल की दुकानें लगती है। इन मंडियों के लगने से दिन भर वाहनों के आवागमन में बाधा पहुँचती है। यहाँ एक मोड़ भी है। कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है। लेकिन नाक के सामने हो रही कठिनाई को स्थानीय पुलिस धृतराष्ट्र बनकर नही देख रही है ।

### तरियानी फतेहपुर सरवरपुर में मनाया गया धूम धाम से ताजिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स से कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू की रिपोर्ट तरियानी शिवहर। तरियानी प्रखंड अंतर्गत फतहपुर और सरवरपुर गांव में आज धूम धाम से मनाया गया ताजिया निकाली गई भव्य रैली इस का मुख्य होता है यह पर्व बहुत दिनो से दिनो गांव के मुस्लिम समुदाय के रहने वाले व्यक्ति मानते हैं जिसके लिए दोनों गांव में दस दिन पहले से तैयारी की जाती है आज दोनों गांव के मुख्य आयोजक अपने अपने ताजिया को निर्धारित समय सीमा से गांव में घुमाकर फिर उसके बाद



ठाकुर रामानन्दन राजेंद्र उच्च विद्यालय फतेहपुर में दोनों गांव के तजिया को मिलान करवाए गया इस पर्व को बहुत ही शांति से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि बेलहियां पंचायत के पूर्व मुखियां नीरज कुमार पप्पू और तरियानी थाना प्रभारी श्री शोभा कांत पासवान जी उपस्थित थे जिस से बहुत अच्छा से पर्व मनाया गया।

### डी जे के धुन पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया मुहर्रम

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर!




विद्यापतिनगर। मुहर्रम को लेकर मंगलवार को पूरे प्रखंड में 15 जगहों से ताजिया जुलूस निकाला गया। हरपुर बोचहा,बाजिदपुर, बामौरा, मड़वा, साहिट, मड़वा, मऊ बाजार, कांचा, सिमरी,गढ़सिसई, मनियारपुर आदि जगहों से लोगों ने ताजिया जुलूस निकाला। मुहर्रम में ताजिया जुलूस के दौरान देश भक्ती की तस्वीर भी देखने को मिली। प्रखंड के हरपुर बोचहा में ताजिया जुलूस तिरंगे के साथ निकाला गया। जुलूस में लोगों ने हसन और हुसैन की शहादत को याद करते हुए ढ़ोल नगाडों के बीच मातमी धुनों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम को मनाया। ताजिया को लेकर चल रहे अखाड़ा में युवकों ने बेहतरीन करतब दिखा कर लोगों को दांत तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया।। इस दौरान सीओ अजय कुमार, थानाध्यक्ष प्रसुनजय कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वही मौके पर मौजूद ऋषिकेश कुमार झा ने बताया कि समाज से जुड़ा सभी व्यक्तियों ने मोहर्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।साा ही पुलिस मित्र साहुल देब साह एवं बिनोद कुमार मालाकार जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान राकेश मिश्रा मऊ बजार संजय कुमार त्रिवेदी शेरपुर मे महेश कुमार राय मजिस्ट्रेट मे महजुद रहे।

### बगहा प्रखंड एक के छोटकीपट्टी व मेहुड़ा में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम पर्व मनाया गया

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। बगहा प्रखंड में मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बहुत धूमधाम से मनाया गया । बताते चलें कि पिछले कई दशकों से इस पर्व के प्रति लोगों कि रुझान काफी बड़ी है और हिंदू तथा मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग काफी प्रेम पूर्वक इस पर्व को मना रहे हैं । इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न गांव में पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । प्रखंड के बीचो –बीच स्थित छोटकीपट्टी और मेहुड़ा गांव में जो सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने एक भाव से डंके की चोट पर उछलते कूदते पर्व के प्रति उत्साह को दर्शाया । ज्ञातव्य हो कि शांति व्यवस्था कायम करने के लिए प्रशासन के तरफ से भी कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी जिसमें थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में चौकीदार परमा यादव, लालाबाबू यादव व शेषनाथ राम के द्वारा शांति व्यवस्था बनी रही । शांतिपूर्ण वातावरण में मेले का आयोजन किया गया था कहीं से भी कुछ अप्रिय या विवादास्पद घटना की खबर अभी तक नहीं मिली है जिससे प्रशासन के साथ–साथ जनप्रतिनिधि और आम पब्लिक में भी खुशी का माहौल रहा ।

### बराकर में पति ने पत्नी की पीटकर हत्या कर दी

बराकर। बराकर फांड़ी अंतर्गत अस्पताल रोड में मंगलवार की सुबह पति ने आपसी विवाद में अपनी पत्नी को सरेआम प्लाई के डंडे ओर छड़ से सर पर जोरदार चोट कर पीटकर हत्या कर दी। घटना की खबर मिलते ही बराकर पुलिस प्रभारी राज शेखर मुखर्जी, एसीपी सुकान्त मजूमदार ने मौके पर पहुच मंजू को खून से लथपथ अवस्था मे आसनसोल जिला अस्पताल भेजा। जहा बताया जाता है कि रास्ते मे उसने दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बराकर अस्पताल रोड निवाशी अशोक कुम्भकार ने अपनी पत्नी मंजू कुम्भकार को अपने घर के भीतर ही पीटपीट कर हत्या कर दी। वही वारदात स्थल से ही पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर फांड़ी लायी। अशोक की माता सरस्वती ने बताया कि मंजू बिगत कई वर्षों से अपने भाई के यहा नोहट्टी में रहती है। उसके तीन बच्चे है। जिसका भरण



पोषण खुद काम कर करती है। बीच बीच मे खर्चा पानी के लिए यहा आती है। जहा आज दोनों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुइ। जहा अशोक ने उसकी पीटपीट कर घर मे लहू लुहान कर हत्या कर दी। घटना को लेकर स्थानीय लोगो ने अशोक के प्रति काफी गुस्सा ओर क्रोध दिखाई दिया। पुलिस ने घटना स्थल से इस्तेमाल हुए डंडे ओर छड़ को जप्त कर अशोक के कमरे में ताला जड़ दिया।

## सड़क दुघर्टना में घायल वृद्ध का पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान, परिजनों ने एस एच 90 किया जाम

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के चौनपुर पोखरा गांव निवासी वृद्ध की मंगलवार को सड़क दुघर्टना में घायल हालत में इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई। मृतक स्व अशर्फी महतो का 60 वर्षीय पुत्र चंद्रिका महतो के रूप में हुई। मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम करा मंगलवार की शाम गाव में पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने एस एच 90 पर मृतक के शव को रख आवागमन ठप्प कर दिया। सड़क घंटों जाम रहने पर गाड़ियों की कतार लम्बी लग गई। वही घटना की सूचना मिलने पर घंटों बाद पहुंचे बीडीओ मो आसिफ और थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने मौके पर पहुंच स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह, आर्मी कैंटिन संचालक रंजन कुमार सिंह की मदद से पारिवारिक लाभ योजना देकर आवागमन चालू कराया। वही जल्द ही आपदा की राशि दिलवाने का भरोसा दिलाया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि एक तो यहां ओवरब्रिज बन रहा है जिससे सड़कें जर्जर हो चुकी है वही सुरक्षा के मानकों का पालन नही हो पा रहा है यहां प्रतिदिन सड़क दुघर्टना हो जा रही है पर कोई भी संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। मृतक वृद्ध बेहद गरीब परिवार का था बीते सप्ताह पहले बंगरा से बाजार कर घर वापस आने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक फिर वहां से सदर अस्पताल छपरा फिर वहां से पटना पीएमसीएच ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।





## हकाम अखाड़ा समिति की बैठक में महावीरी मेला धूमधाम से मनाने का निर्णय

दैनिक अयोध्या टाइम अनुमंडल ब्यूरो चीफ महाराजगंज विनय कुमार पांडे सीवान। पचरूखी प्रखंड के हकाम गांव में महावीरी अखाड़ा समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें श्री महावीरी अखाड़े को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कई समिति का गठन किया गया। कोरोना काल में दो वर्ष के बाद हो रहे इस कार्यक्रम में लोगों का उत्साह बहुत देखा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हकाम शिव मंदिर के पास विधिवत पूजा अर्चना के साथ महावीरी अखाड़ा जुलूस के लिए हनुमान जी की पूजा अर्चना की जाएगी और साथ ही हकाम, महावीरी अखाड़ा का पूजा संपन्न हो जाएगा। आपको बताते चले की कोरोना काल के वजह से पिछले 2 वर्षों के बाद महावीरी मेला का आयोजन किया जा रहा है. हमेशा से सुर्खियों में रहने वाला सिवान शहर का यह प्रमुख मेला माना जाता है.

महावीरी मेला आँखड़ा न. 5 के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह नें बताया कि यह मेले में पुलिस प्रशासन की पहली नजर बनी रहती है. किसी भी प्रकार के अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से निपटने के लिए हर चौक चौराहे पर मुस्तैद रहती है. जिला प्रशासन के सहयोग से इस मेला को सफल बनाने के लिए हम सभी ग्रामवासी कदम से कदम मिलाकर जिला प्रशासन का सहयोग करते हैं। इस बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष ललन दुबे, विश्राम सिंह, विश्राम प्रसाद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, हीरालाल सिंह, कैलाश सिंह, कंचन सिंह, हीतेस कुमार, डॉ सुरेश सिंह, मनोज साह, बलीलिंदर साह, सोनू कुमार एवं समस्त ग्राम वाशी मौजूद रहे।



## मोहर्रम पर आदापुर प्रखंड के विभिन्न गांव से निकाला गया ताजिया जुलूस

अयोध्या टाइम्स श्यामल प्रतीक
आदापुर पूर्वी चंपारण। मुहर्रम के शुभ अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कई गांवो से दर्जनों ताजिया का जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर ताजिया,निशान,सिपर और थर्मोकॉल की बनी कई तरह की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। वहीं युवा ढोल–तासे बाजे एवं मोहर्रमी धुन पर पारंपरिक हथियार के साथ करतब दिखाते नजर आए। चौक–चौराहों पर मुस्लिम समुदाय के युवाओं द्वारा अपने करतबों को दिखाया गया।इस अवसर पर तलवारबाजी तथा अखाड़ा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ताजिया जुलूस सौहार्दपूर्ण माहौल में प्रेम भाईचारे के साथ निकाला गया। प्रखंड के कई पंचायतों में दिनभर मोहर्रम को लेकर चहल–पहल देखने को मिला।इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार करीब एक महीने की मेहनत के बाद ताजिया तैयार किया गया। अलग–अलग गांवों से ताजिया जुलूस निकाल कर मोहर्रम का त्योहार मनाया गया। इस जुलूस में हिंदू ,मुस्लिम एकता की झलक दिखाई दे रही थी। मुसलमानों के साथ–साथ हिंदुओं ने भी इस जुलूस में अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान मुहर्रम कमेटी और शांति समिति के सदस्यों को प्रशासन द्वारा सहयोग करते देखा गया। साथ ही अखाड़ा जुलूस में शामिल लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की गई। दिन से ही तमाम अखाड़ा जुलूस फातिहाखानी के लिए विभिन्न मार्गों से होकर अपने इमामबाड़ा पहुंचते रहे। जबकि अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं की टोली ने पारंपरिक हथियारों से लैस होकर खूब तलवारबाजी, लाठी,फरसा और सिपल से अपने–अपने करतब दिखाए। वहीं जुलूस में लहराया जा रहा राष्ट्रीय ध्वज देश प्रेम को दर्शा रहा था। मोहर्रम को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख ्ता इंतजाम किए थे।जगह– जगह पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे।आदापुर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार के साथ प्रखंड के अंचलाधिकारी संजय कुमार झा भी दिन भर भ्रमण करते नजर आए। समाचार प्रेषण तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली।



## आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए रक्सौल में आयोजित हुए कार्यक्रम



(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल नगर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा० राजीव रंजन कुमार के नेतृत्व में चिकित्सक गण,स्वास्थ्य कर्मीगण, जीएनएम व एएनएम द्वारा आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा सम्मान यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसमें अपने देश के तिरंगा के प्रति लोगों में सम्मान तथा हर घर तिरंगा के प्रति उत्प्रेरित किया गया. इसमें शामिल सभी महानुभावों को 13 अगस्त 22 से 15 अगस्त 22 तक घर घर पर तिरंगा फहराने के लिए अपील भी किया गया. इस तिरंगा यात्रा में डॉ राजेंद्र प्र० सिंह, डॉक्टर प्रिया साहा,अतिल कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार, जयप्रकाश कुमार, जीएनएम राजनंदनी सिंह ,फिरदोस अनवर, रूबी कुमारी,रूपम कुमारी,अंजू कुमारी, स्वास्थ्यकर्मी रूप किशोर सिंह, सौरभ कुमार, पंकज कुमार, नवल किशोर सिंह ,राजेश कुमार, कमल सिंह, देवेश मिश्रा ,मधु कुमार, राकेश चौधरी,विकास सिंह सहित एसएसबी के जवान विभाग लिए. कार्यक्रम के अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपील करते हुए कहां गया कि अपने अपने घरों पर 13 अगस्त 22 से 15 अगस्त 22 तक भारत की शान तिरंगा झंडा अवश्य रहा है हारा है तथा अपने आसपास के घरों पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करें।


## कॉग्रेस पार्टी द्वारा आजादी गौरव यात्रा शुरुआत की गई

वी.के सिंह अयोघ्या टाइम्स ब्यूरो सीतामढ़ी। आजादी के 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर शहीदों के सवोच्य बलिदान को याद करने के लिए देश के तमाम लोकसभा क्षेत्र में 9 अगस्त से 14 तक 75 किलोमीटर आजादी गौरव यात्रा कि शुरुआत कि गई ।प्रथम दिन जिला कांग्रेस के तत्वाधान में रीगा के पूर्व विधायक अमीत कुमार टुन्ना के नेतृत्व मे शहर के कारगिल चौक से क्रांतिकारीयो के सम्मान मे नारे लगाते हुए हाथो मे तिरंगा लिए विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मैदान स्थित शहीद स्मारक पर समापन हुआ। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर आजादी गौरव यात्रा को रवाना किया ।आजादी गौरव यात्रा का प्रथम दिन का समापन शहीद स्थल परसभा को संबोधित करते हुये पूर्व विधायक श्री टुन्ना ने कहा कि आज हम सभी लोग 75 में आजादी महोत्सव मना रहे हैं यह हम सबों के लिए हर्ष का विषय है , हिंदुस्तान को फिरंगी से आजाद कराने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर हिंदुस्तान को आजाद करवाया आज हम सभी उनलोगो के कुर्बानी के वजह से आजाद हिंदुस्तान में आजादी के साथ अपना जिंदगी जी रहे हैं।

कार्यक्रम मे कांग्रेस सेवादल प्रदेश महासचिव डॉ राजीव काजू ने कहां की बाल लाल पाल सुभाष भगत पटेल गांधी नेहरू शहीत उन सभी क्रांतिकारियों वीर सपूतों को हम याद करते हैं जिसके कारण हिंदुस्तान आजाद हुआ और कांग्रेस के नेतृत्व में विकास की इमारत खड़ा किया ।अंग्रेजों से सांठगांठ रखने वाले आर एस एस जो 52 वर्षों तक तिरंगा का अपमान करते रहे आज हर घर तिरंगा फहराने की बात करते हैं महंगी गैस सिलेंडर से महिलाएं और महंगे पेट्रोल से आम नागरिक परेशान है मोदी सरकार ने अंग्रेजी शासन काल से भी बदतर स्थिति ला कर रख दिया है इनके कार्यकाल में दूध दही आटा सहित कफन पर भी जीएसटी लगा दिया गया है जो हिंदुस्तान को शर्मसार करता है। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधिवक्ता संजय कुमार वीररख कांग्रेस पिछड़ा सेल अध्यक्ष भगवान यादव किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह राठौर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शम्स शाहनवाज रौशन कुमार झा बिट्टू मनोज सिंह तारा कांत झा संपूर्णानंद झा सेवादल अध्यक्ष आलोक कुमार महिला कांग्रेस अध्यक्ष उषा शर्मा सुभाष यादव वीरेंद्र कुशवाहा खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष रणधीर चौधरी घनश्याम मिश्रा अर्जुन खीरहर राजू कुंवर सोहेल अंसारी अजय राय प्रखंड अध्यक्षचुन्नू सिंह एव संतोष पासवान मनोज यादव सेवादल संगठक अरुण महतो सेराज अहमद रोहन गुप्ता, नियाजुददीन संजय शर्मा,शंकर पासवान निशांत सिंह धीरज सिंह के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।




## आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला कार्यालय मे कि गई बैठक






(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, की बैठक जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने किया। जिसमे आजादी के अमृत महोत्सव 75 वर्ष पुरे होने पर हर घर तिरंगा फहराया जाना है इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया।13 अगस्त को युवा मोर्चा के नेतृत्व में पूरनहिया मंडल के बसंतपट्टी चौक से पिपराही, चमनपुर, शिवहर जिला मुख्यालय, कुशहर, सुमहुति बाजार, तरियानी चौक, होते हुए नरवारा शिवहर के बॉर्डर पर कार्यक्रम का समापन समारोह किया जाएगा। युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, बजरंगी कुमार सिंह, महामंत्री राजीव कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। 14 अगस्त को जिला कार्यालय में देश के बाटाबारा के विभीषिका से जुड़े हुए चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी शाम पांच बजे शिवहर विषहर स्थान से गांधी भवन महात्मा गांधी जी के प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित कर समापन किया जाएगी इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता विनय कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री राजीव सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार साह को दी गई है। भाजपा कार्यकर्ता 13अगस्त से 15 अगस्त घर घर जाकर तिरंगा बाटेंगे और झंडा लगाने का आग्रह करेगे इसे कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिला महामंत्री रवि शंकर सिंह, जिला मंत्री डा नूतन सिंह, आदित्य कुमार सिंह को दिया गया है। पूर्व विधायक प्रदेश कार्यसमीति सदस्य ठाकुर रत्नाकर राणा ने सभी पदाधिकारियों को कहा की आप लोग राजनीति के साथ राष्ट्रनीति को मजबूत करने के लिए कार्य करते हैं हम सभी सौभाग्यशाली है की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के समय आजादी के अमृत महोत्सव तिंरगा यात्रा निकालकर मना रहे हैं हमारे लिए सत्ता देश और जनता सेवा का माध्यम है कार्यक्रम के सफलता के लिए पूरी ताकत झोंकना हैं। मौके पर वरिष्ट नेता रामा शंकर सिंह जिला परिषद् सद्स्य रामकृष्ण कुमार, अति पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रामस्वार्थ साह सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार राजू, अशोक चंद्रवंशी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, रविन्द्र सिंह राजीव कुमार पाण्डेय मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार, विनय सिंह, मंडल महामंत्री गोपाल कुमार चौधरी, मनोज कुमार स्वर्णकार दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टीईटी शिक्षकों के नैसर्गिक और संवैधानिक अधिकारों को छीनने की हो रही साजिश : मनोज कुमार यादव

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। विगत दो दिनों से सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से खबर वायरल हो रही है कि बिहार प्रारंभिक शिक्षक नियोजन नियमावली–2022 के ड्राफ्ट पर शिक्षक संघों की प्रतिक्रियायें आनी शुरू हो गई है। टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने सम्बन्धित ड्राफ्ट पर जिला कार्यकारिणी सदस्यों की आपात बैठक विलियम्स हाईस्कूल सुपौल के प्रांगण में बैठक आहूत कर शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सेवा शर्त शिक्षकों के नैसर्गिक और संवैधानिक अधिकारों को छीनने वाला नियमावली है। वहीं संघ के जिला महासचिव पवन चौधरी के हवाले से जानकारी दी गई है कि अगर ड्राफ्ट को मानें तो इस ड्राफ्ट के 2 से 3 बिंदु ही शिक्षकों के हित में है बाकी बिंदुओं पर शिक्षकों के अधिकारों का हनन ही किया गया है। उन्होंने आगे विस्तृत रूप से बताया कि एक ओर ऑनलाइन केंद्रीयकृत आवेदन लेने की प्रक्रिया स्वागतयोग्य कदम है साथ ही 10 वर्ष, 20 वर्ष एवं 30 वर्ष की सेवा पर देय वित्तीय उन्नयन का फैसला भी स्वागतयोग्य कदम है तथा समान ग्रेड पर भी वेतन संरक्षण का लाभ देने का हम स्वागत करते है,परन्तु दूसरी ओर वर्तमान नियमवली के आलोक में स्नातक ग्रेड के शिक्षकों को पदोन्नति जैसे नैसर्गिक अधिकारों से वंचित रखना, स्थानांतरण जैसे सुविधाओं को गौण करना कहीं से भी शिक्षकों के हित में नही है।साथ ही पेंशन और ग्रेच्युटी जैसे अहम बिंदुओं पर भी कोई विचार नहीं किया गया है। हम सरकार से यह मांग करते है कि नई नियमावली 2022 पर पुनर्विचार करें तथा शिक्षकों को उनका संवैधानिक अधिकार प्रदान करें।अन्यथा की स्तिथि में टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल चुप नहीं बैठेंगे एवं संघर्ष के लिए बाध्य होंगे। आज के बैठक में सिजेन्द्र कुमार सुमन,मिहिर कुमार मिश्रा,संजीव कुमार शर्मा,जय प्रकाश सिन्हा,प्रमोद कुमार यादव, राजेश कुमार पप्पू,सत्यप्रकाश यादव,बजरंग पाठक,अजय कुमार झा,चंदन कुमार मंडल,दीपक दास,राजीव कुमार दास,बिरेंद्र कुमार,दीपक कुमार उडांव,गोल्डेन आदि शिक्षक संघीय पदाधिकारी उपस्थित हुए।



## जब-जब इस धरा धाम पर धर्म की हानि होती है और पाप अत्याचार बढ़ता है तब-तब पुरुषोत्तम का आविर्भाव होता है



☒ कलियुग में हम मानवों के कल्याण हेतु ठाकुर अनुकूल चंद्र जी आए हैंरु अशोक चौरसिया

अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रक्सौल अनुमंडल सचिव। वर्तमान युग पुरुष श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी का जन्म ब्रिटिश भारत के बंगाल के पावना जिला के हिमाईतपुर ग्राम में (वर्त्तमान बंगला देश) ईसवी सन 1888, 14 सितम्बर , दिन शुक्रवार , प्रातरू 7 बजकर 5 मिनट पर एक सदाचारी ब्राम्हण कुल में हुआ। उनकी माता का नाम मनमोहिनी देवी और पिता का नाम श्री शिवचन्द्र चक्रवर्ती था। श्री श्री ठाकुर 12 महीने माता मनमोहिनी देवी के गर्भ में रहने के बाद जन्म लिए थे। उक्त बातें प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सह प्रति ऋत्विक अशोक कुमार चौरसिया दादा ने मंगलवार को कही। साथ ही उन्होंने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी जन्म के समय रोये नहीं थे बल्कि मुस्कुराये थे। और किसी सन्यासी की भांति सिर मुंडा हुआ था। जो की आज के वैज्ञानिक युग के लिए एक चमत्कार से कम नहीं था। उनके पिता श्री शिवचंद्र चक्रवर्ती के घर में जन्म के समय सुबह दिव्य ज्योति निकल रही थी जिसे अड़ोसी –पडोसी और उस समय खेत में काम कर रहे लोगों ने जब उस दिव्य ज्योति को देखा तो समझे की बाबा जी के घर में आग लग गई है। जिसे बुझाने के लिए ये लोग हाथ में बाल्टी से भरी पानी लेकर घर की ओर दौड़े, और जब बाबा जी के घर में प्रवेश किया तो देखा की दिव्य ज्योति में लिपटा एक बालक मुस्कुरा रहा है।सभी ने आश्चर्य किया,देखा की दिव्य ज्योति धीरे–धीरे सिमट रही है। इस घटना को प्रसव गृह में उपस्थित सभी स्त्रियों ने भी देखा था। जो हमें सिर्फ भगवान श्री राम और श्री कृष्ण के समय की जन्म की घटना में ही सुनाने को मिलता है।जन्म के बाद प्रभु ने असंख्य लीलाएँ की। श्री चौरसिया ने कहा कि आज श्री श्री ठाकुर के विश्व के सभी देशों में लोग ठाकुर जी की दीक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को मंगल के पथ पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब देश में श्री श्री ठाकुर के अवतरित पुरुष के रूप में चर्चा चली तो बहुत से विचारक वैज्ञानिक,नेता ,चिकित्सक, भगवान के भक्त,साधु –सन्यासी आदि पावना पहुँचने लगे युग पुरुष के दर्शनार्थ। जिसमे से महात्मा गाँधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, श्यामाप्रसाद मुखर्जी , लाल बहादूर शास्त्री, देशबंधु चिरंजन दास, सुभाष चन्द्र बोस आदि व्यक्तियों ने समय समय पर श्री श्री ठाकुर के विचारो से रूबरू हुए और लाभ भी उठाया।जिनमें से लाल बहादूर शास्त्री, देशबंधु चिरंजन दास, और सुभाष चन्द्र बोस के माता– पिता ने श्री श्री ठाकुर का शिष्यत्व ग्रहण किया । उन्होंने कभी भी स्वयं को अवतार या भगवान या ठाकुर कहलवाना पसंद नहीं किया, अपितु उन्हें इन शब्दों से पीड़ा होती थी। लेकिन भक्त नर रूपी नारायण को आखिर पहचान ही जाते है। श्री श्री ठाकुर ने भारत ही नहीं अपितु विश्व को अपनी दिव्य–ज्योति और वाणियों से आलोकित किया। वे लोग परम सौभाग्यशाली हैं जिन्हें श्री श्री ठाकुर का सानिंध्य मिला है। परम पुरुष ने विश्व को वर्त्तमान युग में जीवन जीने का तरीका सिखाया ,धर्म की एक नयी परिभाषा दी, वे कहते है धर्म में सभी बचते बढ़ते, सम्प्रदाय को धर्म न कहते अर्थात धर्म एक है जिसमे सभी बचते है बढ़ते है और पोषित होते है।

## दिवंगत सुजीत कुमार कुशवाहा के शोक सभा का आयोजन

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल कुशवाहा सभा भवन समिति की एक आवश्यक बैठक कुशवाहा सभा भवन के अध्यक्ष श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में एवम सत्यनारायण स्वामी के संचालन में कुशवाहा सभा भवन में हुई । बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि औरंगाबाद जिला के अम्बा, दधपी के रहने वाले पूर्व जिला पार्षद श्री मती सुमन मेहता के पति के तेज तर्रार सम्मानित नेता श्री सुजीत कुमार मेहता की हत्या अपराधकर्मीयो द्वारा 5.8.22 को कर दिया गया। ऐसे महान नेता शोषितो, पीड़ितो,द्लितो के मसीहा को कुशवाहा सभा भवन समिति की ओर से मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शोक सभा में अनेक वक्ताओ ने सुजीत मेहता के व्यक्तित्व एवम कृतित्त्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। बैठक में सर्वसम्मत से बिहार सरकार से मांग किया गया की अपराधियो को कड़ी से कड़ी सजा देते हुए पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी एवम 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग किया गया।शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट कर सभा को समाप्त किया गया। शोक सभा के वक्ताओं में सचिव शिव कुमार ,राम अवतार मौर्य, रविन्द्र कुमार मेहता ,निर्भय कुमार,इंद्रदेव सिंह कुशवाहा पैक्स अध्यक्ष करूप,जगत प्रकाश मौर्य,चंद्रशेखर महतो पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद सासाराम,हरिहर प्रसाद सिंह,बाबू चन्द सिंह,रितेश मेहता ,कामेश्वर सिंह,रामनरेश महतो,सियाराम सिंह,रविंद्र प्रसाद सिंह, सत्यनारण स्वामी,रामचंद्र सिंह,राजेंद्र सिंह,जग रोपन सिंह,रामनारायण सिंह,सुदर्शन सिंह,कपिल देव सिंह,पारस सिंह,दीनानाथ सिंह,रामाश्रय सिंह,पूर्णवासी सिंह,सहित सैकड़ों लोग शामिल हुऐ।



# संक्षिप्त समाचार

## शांतिपूर्ण मनाया गया मुहर्रम

वी.के सिंह अयोघ्या टाइम्स ब्यूरो सीतामढी। नानपुर सीतामढी शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मोहर्रम वहीं एसडीओ नवीन कुमार, डीएसपी बिनोद कुमार, डीडीसी विनय कुमार, थानाध्यक्ष राकेश रंजन पुलिस बल से सघन गश्ती करते देखे गए। नानपुर ,मोहनी, गौरी, बाथ, भदियन, ददरी सहित अन्य जगहों पर मोहर्रम का पर्व मनाया गया। एसडीओ नवीन कुमार ने बताया कि सभी जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी और ड्रोन से इस निगरानी की गई। ताकि उपद्रव करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा सकें। इन्होंने कहा की क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप प्रमुख मो मोज्जमिल, पूर्व प्रमुख मो जाकिर हुसैन, मुखिया मृत्युंजय झा, सुजीत कुशवाहा, मो सउद, नजरे आलम, सरपंच आमोद पासवान, राजकुमार, दिनानाथ कुमार, जमशैद कुरैशी, बाबर अली, हयातुस उर्फ मुन्ना, मो जाकिर हुसैन, विनय यादव, विल्टू सहनी, कृष्णा पंडित, जरजीस अहमद लाडले, शहजाद अंसारी,मो नाजिम, वार्ड सदस्य पप्पू कुमार, अमित कुमार,मोहित कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



## आजादी के अमृत महोत्सव पर बीजेपी जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा लगाने को लेकर सभा का आयोजन किया गया

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा लगाने व तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर दिनाँक 09–08–2022 को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बगहा विधायक राम सिंह नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं मण्डल अध्यक्ष और मण्डल महामंत्रीयों का मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा लगाने एवं 10 अगस्त से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालने के संबंध में विशेष चर्चा किया गया।मीटिंग में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भूपनारायण यादव,पंकज झुनझुनवाला,आजाद शुक्ला,वीरेन्द्र तिवारी,चंद्रभूषण सिंह,जिला महामंत्री सुरेश गुप्ता,जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल,अजय राय,जिला प्रवक्ता दीपक राही, रौशन तिवारी,मण्डल अध्यक्ष विजय साहू, दिवाकर चौधरी,बृजेश प्रसाद,पारस महतो,अभिषेक राय,सुमित सिंह,दीपेंद्र,नगर महामंत्री अनिल यादव,शैलेश दुबे, विवेक यादव,भूपेन्द्र जायसवाल,गोविन्द जायसवाल,दीपू जायसवाल,अमित पांडेय,व विवेक जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।







## केसरिया प्रखंड के बेनीपुर गाँव में मिला रेटल सांप

प्रखंड संवाददाता शशिकान्त। पूर्वी चम्पारण,केसरिया प्रखंड अन्तर्गत बेनीपुर में एक अजीबो–गरीब साप की प्रजाति मिली है।लोगों इस साप को जैसा ही देखा लोग दहशत में आ गए। वही इस खबर को लेकर वन विभाग को ग्रामीणों के माध्यम से सूचना दिए गए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने इस विशाल साप को पकड़कर अपने साथ ले गई,वही इस साप को देखने के लिए ग्रामीणों भीड़ उमर पड़ी थी।इस मौक पर कई पत्रकार व जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



## प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने से भारतीय ध्वज के प्रति प्रेम,सम्मान व निष्ठा होती है उत्पन्न : खैरनार अभिजीत कैलाश स.कमाडेंट

☒ 47वी वाहिनी स.सी.ब के द्वारा ष्हर घर तिरंगाष कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा सचिव रक्सौल अनुमंडल रक्सौल पूर्वी चंपारण। प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने से जहां हमारे भारतीय ध्वज का सम्मान बढ़ेगा, वहीं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रत्येक भारतीय के हृदय में प्रेम, सद्भाव,सम्मान व निष्ठा उत्पन्न होगी। उक्त बातें 47वी वाहिनी स.सी.ब के सहायक कमांडेंट खौरनार अभिजीत कैलाश ने आजादी का अमृत महोत्सवष के तत्वाधान में दिनांक 09 अगस्त 022 की सुबह 10:30 बजे से 12 बजे तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उक्त बैठक में 20 अन्य जवानों के अलावा इनरवा गांव के रवि कुमार सहित 30 अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर समवाय प्रभारी खैरनार अभिजीत कैलाश द्वारा आजादी का अमृत महोत्सवष के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय ध्वज संहिता, 2002 की मुख्य विशेषताओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई एवं उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही भारतीय ध्वज संहिता के तहत सभी को अपने–अपने घरों में भारतीय ध्वज फहराने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।



## मोहर्रम पर चोरौत प्रखंड के विभिन्न गांव से निकाला गया ताजिया जुलूस

अमन कुमार , प्रखंड समबाददाता(प्रखंड चोरौत सीतामढ़ी)। मुहर्रम पर विभिन्न गाँव से दर्जनों अखाड़ा जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर ताजिया, निशान, सिपर और थर्मोकॉल की बनी कई तरह की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। वहीं युवा ढोल–तासे बाजे एवं मोहर्रमी धुन पर पारंपरिक हथियार के साथ करतब दिखाते नजर आए। वही महिला की टोली द्वारा मुहर्रम का गीत गाते दिखे चौक–चौराहे पर अखाड़ा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ताजिया जुलूस सौहार्द और प्रेम के साथ निकाला गया ! प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दिनभर मोहर्रम को लेकर चहल–पहल बनी रही, बताया कि करीब एक महीने की मेहनत के बाद ताजिया तैयार किया गया अलग–अलग गाँव से ताजिया जुलूस निकाल कर मोहर्रम का त्यौहार मनाया जहां इस जुलूस में हिंदू मुस्लिम एकता दिखाई दे रही थी ! मुसलमानों के साथ–साथ हिंदुओं ने भी इस जुलूस में अपनी सहभागिता निभाई !इस दौरान मुहर्रम कमेटी और शांति समिति के सदस्यों का प्रशासन को सहयोग करते दिखे। साथ ही अखाड़ा जुलूस में शामिल लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की। दिन से ही तमाम अखाड़ा जुलूस फातिहाखानी के लिए विभिन्न मार्गों से होकर अपने इमामबाड़ा पहुंचते रहे। जबकि अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं की टोली पारंपरिक हथियारों से लैस होकर तलवारबाजी, लाठी, फरसा और सिपल से करतब दिखा रहे थे। वही मोहर्रम को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, जगह जगह पुलिस बल के साथ चोरौत थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के साथ प्रखंड के अंचलाधिकारी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भी दिन भर भ्रमण करते नजर आए मुख्य रूप से चोरौत अम्बेडकर चौक पर काफी तादात में भीड़ देखने को मिला ,जहां पंचायत प्रतिनिधि प्रभाकर झा सरपंच , मुखिया प्रमोद हाथी पंचायत समिति संतोष पासवान प्रमुख प्रतिनिधि सुनील राउत, इत्यादि उपश्थित होकर सांति पूर्ण व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग किये समाचार प्रेषण तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है!



## मशरक में जमीनी विवाद को लेकर पंचायती के दौरान मारपीट पंचायत प्रतिनिधि फरार

☒ पुलिस के पास जा रहे पति पत्नी को जमकर पीटा, 6 घायल

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के जजौली गांव में मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर पंचायती के दौरान ही दोनो पक्ष आपस में भिड़े गए। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवम सरपंच प्रतिनिधि की उपस्थिति में चल रही पंचायती बैठक में दोनो पक्ष में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि मौके से फरार हो गए। मारपीट में जख्मी 6 लोगो में पृथ्वी महतो 35 वर्ष अपनी पत्नी लालझरी देवी को लेकर बाइक से मशरक इलाज कराने एवम पुलिस से जानमाल की गुहार लगाने जा रहे थे । तभी रास्ते में नहर के पास दोनो को रोक दूसरे पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगो ने बुरी तरह मारपीट कर जख्मी कर दिया।



खून से लथपथ पति पत्नी को ग्रामीण बसंत सिंह सहित अन्य ने मशरक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया। जहा अन्य घायलों के साथ इनकी भी चिकित्सा चल रही है । अन्य घायलों में स्वर्गीय सागर महतो का 40 वर्षीय पुत्र पृथ्वी महतो, अनारस महतो का 64 वर्षीय पुत्र गौतम महतो, गौतम महतो का 60 वर्षीय पत्नी पानपातो देवी तो दूसरे पक्ष की स्वर्गीय शंभू महतो की पत्नी राजकुमारी कुअर, अनिरुद्ध महतो की 30 वर्षीय पत्नी किरण देवी शामिल है ।जानकारी हो कि जमीन एवम रास्ते को लेकर गौतम महतो एवम शत्रुघ्न महतो के परिवार के बीच विवाद चल रहा है जिसे लेकर पूर्व में भी दोनो पक्ष में विवाद हो चुका है। आपसी समझौता को मुखिया प्रतिनिधि एवम सरपंच प्रतिनिधि ने दोनो पक्ष को बिठाकर मंगलवार को पंचायत रखा था तभी जमकर मारपीट हो गई। वही मारपीट के दौरान पंचायत प्रतिनिधि दुम दबाकर भाग निकलें। जख्मी गौतम महतो ने पुलिस को आवेदन देकर शत्रुघ्न महतो, नंदलाल महतो , देवलाल महतो , उर्मिला देवी , कांति देवी , सूरज महतो सहित अन्य द्वारा लाठी डंडे एवम रड से मारपीट कर जख्मी करने की बात कही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मुहर्रम को लेकर मढ़ौरा डीएसपी के नेतृत्व में मशरक थाना क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च





मशरक(सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम पर्व सम्पन्न कराने को लेकर प्रखंड और पुलिस प्रशासन द्वारा गश्त बढ़ा दी गई है।वही इस अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मंगलवार को मढ़ौरा डीएसपी इंद्रजीत बैठा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें पुलिस बल के जवानों के साथ ग्रामीण पुलिस भी शामिल हुई। डीएसपी इंद्रजीत बैठा ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। मोबाइल पर भड़काऊ मैसेज भेजने वाले के खिलाफ साइबर पुलिस एक्टिव है। डीजे संचालक सहित शांति व्यवस्था में बाधक बनने वाले लोगों के खिलाफ धारा 107 की कार्रवाई की गई है। वही फ्लैग मार्च थाना क्षेत्र के थाना परिसर से, महावीर चौंक, देवरिया, बहरौली, बंसोही, सोनौली, मदारपुर, चांद कुदरिया, हरपुरजान, डुमरसन होकर फिर थाना परिसर पहुंची। इस दौरान लोगों से शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। मौके पर थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा,दारोगा राजेश रंजन, प्रशिक्षु दारोगा आशुतोष कुमार, अंजली प्रकाश, जमादार बृजनंदन प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

## नेपाल के सीमावर्ती इलाके के 50 पीएचसी में मिलेगी कैंसर स्क्रेनिंग की सुविधा

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल,बीरगंज। नेपाल एफीएफ व एसएसबी के अधिकारियों ने मंगलवार को होमी भाभा कैंसर रिसर्च सेंटर एवं अस्पताल का भ्रमण किया साथ ही यहां मरीजों को मिलने वाली सेवा की ली जानकारी। होमी भाभा कैंसर अस्पताल पहुंचे नेपाल एपीएफ व एसएसबी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि नेपाल सीमावर्ती इलाके के पीएचसी में शीघ्र ही कैंसर पहचान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी . होमी भाभा कैंसर रिसर्च सेंटर एवं अस्पताल का भ्रमण करने आए रिसर्च सेंटर के नोडल पदाधिकारी डा.रविकांत सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में भारत नेपाल सीमावर्ती इलाके में पीएचसी स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग सेटर की स्थापना की जाएगी.50पीएचसी में एक साथ यह सुविधा देने के लक्ष्य का निर्धारण किया गया है. इसके लिए सरकार से प्रत्येक स्तर पर पहल की जा रही है. वहां से जैसे ही हरी झंडी मिलेगी, उसके बाद यह सेवा की शरूआत होगी. साथ ही डा. सिंह ने बताया कि कैंसर का जितना जल्दी पहचान हो जाए तो समय से इलाज व बचाव संभव हो सकता है. सीमावर्ती इलाके में स्क्रीनिंग सेंटर खोलने का यही मिशन है कि ज्यादा से ज्यादा नेपाल के लोगों को सेवा प्रदान की जाय. भारत–नेपाल के बीच सदियों से बेटी–रोटी का रिश्ता है. भारत के साथ नेपाल भी कैंसर मुक्त बने यही हम लोगों का संकल्प है. इन्होंने बताया कि यहां पर अभी एक दर्जन नेपाली नागरिकों का इलाज चल रहा है. इस मौके पर



नेपाल से आए अधिकारियों को नोडल पदाधिकारी सहायक अस्पताल अधीक्षक डा. तुलिका गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर एसएसबी के डीआईजी रंजीत कुमार, सुनील कुमार ध्यानी, संजय कुमार सारंगी, नेपाल एफीएफ के डीआईजी गणेश बहादुर डाढामगर, एसपी रमेश कुमार थापा, प्रकाश कुमार, सुभदी, दीपेंदा गिरी, प्रदीप खडगा, राजेन्द्र थापा, बहरा कन्हैया, ध्रुव बहादूर खडगा, तेजप्रसाद पोखरैल आदि मुख्य रूप से शामिल रहें।

## सुरबीर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मोहर्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

सिवान जिले महाराजगंज थाना क्षेत्र के सुरबीर गांव में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगो ने मोहर्रम मनाया। मुहर्रम को लेकर जुलूस व ताजिया निकाली गई, वही सुरबीर में ताजिया देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ मिला।



मोहर्रम की जुलुस के साथ ताजिया के लेकर लोग जिगरावा गएद्य आपको बता दें की मोहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है. ये महीना शिया और सुन्नी मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग हर साल कर्बला में शहीद हुए इमाम हसन हुसैन की याद में ताजिया जुलूस गाजे–बाजे के साथ हर साल मोहर्रम मानते है। वहीं मंगलवार को महाराजगंज में थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार के निर्देशानुसार मोहर्रम पर कड़ी नजर रखते हुए शांतिपूर्ण जुलूस व ताजिया निकाली गई। ताजिया के दौरान पुलिस बल भी तैनात रही. इस्लाम धर्म की मान्यताओं के अनुसार, करीब 1400 साल पहले अशुरा के दिन इमाम हुसैन का कर्बला की लड़ाई में सिर कलम कर दिया था और उनकी याद में इस दिन जुलूस और ताजिया निकालने की रिवायत कई वर्षों से चली आ रही है. आशूरा के दिन इस्लाम धर्म में शिया समुदाय के लोग ताजिया निकालते हैं और मातम मनाते हैं. इराक में हजरत इमाम हुसैन का मकबरा है, उसी मकबरे की तरह का ताजिया बनाया जाता है और जुलूस निकाला जाता है। मौके पर मौजूद सराफ खान, मेराज खान, हारून खान, एजाज खान,छोटे खान, औरंगजेब खान,नसीम खान कमरुलाह खान,सद्दाम खान मोस्तकिम खान,जावेद खान आदि लोग मौजूद रहे।

## जन चेतना समिति स्थापना दिवस समारोह सह कवि सम्मेलन आयोजित

वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। सीतामढ़ी जनचेतना समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित ध्वज,पर्यावरण, दहेज उन्मूलन जन चेतना समिति का 25 वा स्थापना दिवस 9 अगस्त 2022 डॉक्टर प्रतिमा आनंद के आवास एक्सचेंज रोड, सीतामढ़ी में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर विष्णु दयाल साह ने किया।दीप प्रज्वलन में डॉ रेणु चटर्जी, डॉ प्रतिमा आनंद, वेट्रांस इंडिया सीतामढ़ी कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार,नीरा गुप्ता, जन चेतना समिति अध्यक्ष आग्नेय कुमार,अखिल भारतीय साहित्य परिषद संरक्षक कवि उमाशंकर लोहिया ने भाग लिया। जानकी शक्ति महिला मंच की अध्यक्ष नीरा गुप्ता ने दहेज मुक्त शादी के लिए बच्चियों के शिक्षा पर बल दिया ।शिक्षित बच्ची स्वाबलंबी बनेगी और समाज से दहेज मुक्त हो जाएगा। शिक्षिका उषा शर्मा ने प्लास्टिक वस्तुओं के बहिष्कार के लिए अपील की। लोग बाजार सूती झोला लेकर जाए और अधिकतर प्लास्टिक के वस्तुओं का बहिष्कार करें। नारी शक्ति को जागृत करते हुए जानकी शक्ति महिला मंच के संरक्षक डॉक्टर प्रतिमा आनंद ने कहा देश के विकास में मातृशक्ति का भी बड़ा योगदान है ।इसलिए नारी शक्ति को शिक्षित अवश्य होना चाहिए। शिक्षित नारी शक्ति बच्चों के भविष्य का सही निर्माण कर सकती है।

द्वितीय सत्र में उमाशंकर लोहिया के अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन बच्चा प्रसाद विह्वल ने किया। बाल्मीकि कुमार ने गीत नया गाएंगे का गायन किया। आज क्या स्थापना दिवस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षक में प्लास्टिक की भूमिका विषय पर



सफल तीन प्रतिभागी को सम्मानित किया गया। बालिका उच्च विद्यालय छात्रा सुरुचि कुमारी प्रथम ,जागृति झा द्वितीय अंशु कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। वही आदर्श शिक्षक के रूप में विकास कुमार को, दहेज उन्मूलन की दिशा में कार्य करने के लिए नीरा गुप्ता को एवं महिला के समस्या के समाधान हेतु प्रयासरत पूनम शर्मा को सम्मानित किया गया। आज के बैठक में जन चेतना समिति के उपाध्यक्ष राहुल शांडिल्य ,सचिव नीरज दुबे ,सहसचिव रितुल झा, कोषाध्यक्ष अवनीश कुमार, कार्यसमिति सदस्य विजय कुमार, डॉ ब्रजेश शर्मा, जानकी शक्ति महिला मंच अध्यक्ष नीरा गुप्ता, पूनम शर्मा ,उषा शर्मा फ्रंटेज स्कूल की निर्देशिका अनुरंजना भारद्वाज, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ देवेश कुमार,डॉ रेनू चटर्जी,मुकेश यादव, सावित्री प्रसाद ,महेंद्र प्रसाद ,सुधांशु कुमार ,शशांक कुमार, बेबी नम्रता ,सुमित्रा देवी ,मनीषा कुमारी ,समेत सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे,।

## मेहसौल में मुहर्रम के अवसर पर शहीद ए कर्बला कांफ्रेंस आयोजित



☒ इस्लाम धर्म में ताजिया का कोई स्थान नही, इस अवसर पर शिरक एवं बिदअत से बचे – मौलाना अजमत

वी.के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। अमन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में मुहर्रम के अवसर पर मेहसौल स्थित ईदगाह में शहीद ए कर्बला कांफ्रेंस आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता हाजी नईम ने जबकि मंच संचालन मौलाना नेमतुल्लाह रहमानी ने की। मेहसौल में 2005 से मुहर्रम में ताजिया नही बनाया जाता और जुलूस भी नही निकाला जाता है, बल्कि शहीद ए कर्बला कांफ्रेंस आयोजित की जाती है। शहीद ए कर्बला कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए मौलाना अजमत ने कहा कि मुहर्रम के दसवीं तारीख आशुरा कहलाता है। इस दिन रोजा रखने की बहुत फजीलत है। मुहर्रम के अवसर पर होनेवाली शिरक और बीदअत से बचें। मुहर्रम के अवसर पर लोग चौकी बनाते है, फिर उसे नष्ट करते है। ऐसी जगहों पर जाने से बचे। अपना वक्त इबादत में गुजारे। उन्होंने ताजियादारी के खिलाफ पहल के लिए मेहसौल के नौजवानों की सराहना कि विशेष तौर से संस्था के सचिव अलाउद्दीन बिस्मिल की। वहीं मौलाना जबीहुल्लाह मोजाहिद ने अपने संबोधन में लोगों से कहा कि हजरत हुसैन हक के लिए लड़े। हक और सच्चाई के लिए वह झुके नहीं। उन्हें यजीद ने शहीद कर दिया। हक एवं इंसाफ के लिए उन्होंने शहादत कुबूल कर ली। उन्होंने मौजूद भीड़ को आगाह किया कि किसी पर अत्याचार नही करे। उनकी बद दुआ से बचे। सब्र करने वालों के साथ अल्लाह है।मौलाना तारीक अनवर ने कहा कि अल्लाह ने कुरान में फरमाया है, पैंगबर मुहम्मद साहब जिस कार्य का हुक्म दे वह करें, जिस कार्य से रूकने का हुक्म दें उस कार्य से रूक जाए। अगर ताजिया और इस अवसर पर जुलूस जायज होता तो उलेमा आगे आगे होते। इस अवसर पर उलेमा का नामो निशान नही रहता है। अमन वेलफेयर सोसाइटी के सचिव मो अलाउद्दीन बिस्मिल ने कहा कि 2005 से मुहर्रम के अवसर पर ताजियादारी को समाप्त कर शहीद ए कर्बला कांफ्रेंस आयोजित की जाती है, ताकि मुस्लिम समुदाय में जागरूकता आये और लोग मुहर्रम पर की जाने वाले गलत परम्परा को त्यागे। मुस्लिम सिटीजंस फार एम्पावरमेंट के अध्यक्ष मो कमर अख्तर, अल्पसंख्यक एकता मंच के जिला अध्यक्ष मो मुर्तुजा एवं जदयू नेता मो जुनैद ने कहा कि मुहर्रम के अवसर पर चली आ रही परम्परा और रीति रिवाज को त्यागना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेहसौल से सीख लेने की आवश्यकता है। कांफ्रेंस मौलाना अजमत के दुआ के साथ रात्रि तीन बजे सम्पन्न हुआ। मौलाना अजमत ने देश एवं समाज में अमन शांति की दुआ की एवं समाज में आपसी सद्भभाव एवं भाईचारा कायम रखने की अल्लाह से दुआ मांगी गई। कांफ्रेस में हसनैन अरबियन नसीम अरबियन, अरशी शान, आरजू मुख्तार, सेख आरिफ, मीना टेंट, मो सरफुद्दीन, सिकन्दर हयात खान, मो इरशाद सिफत हबीबी, मुन्ना तस्लीम, मो सलाउद्दीन, रहमतुल्लाह, अकबर, मो मोईनुद्दीन उर्फ मिन्टू समेत सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## मोहर्रम जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया गया,मेला मे मेला का आयोजन

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक में मुस्लिम भाइयों के द्वारा मोहर्रम ताजिया जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। मैदान ए कर्बला में शहीद हजरत इमाम हुसैन एवं उनके साथियों को मुस्लिम भाइयों के द्वारा याद किया गया एवं नमन किया गया। जुलूस के साथ अपने पारंपरिक झंडे के साथ साथ राष्ट्रध्वज को भी साथ लेकर चला जा रहा था, मोहर्रम इस्लामी साल का पहला महीना है जो चांद के हिसाब से चलता है जिसे हिजरी साल भी कहते हैं।अकबर अली ने बताया कि आज से तकरीबन 14 वर्ष पहले की बात है जब हजरत मोहम्मद के नवाजे, इमाम हुसैन एवं उनके 72 साथियों के साथ बहुत ही बेदर्दी से कर्बला ईरान के बयाबान में जालिम यजीदी फौज ने शहीद कर दिया था। यजीद देख जालिम बादशाह था, जिसका हुकुम सिर्फ अरब देशों पर ही नहीं बल्कि ईरान इराक यमन के कुछ हिस्सों पर भी थी। यजीद जालिम बादशाह मजहब के नाम पर पूरी बातें फैलाना चाहता था और अपनी अय्याशी और जुल्म व सितम को इस्लाम नाम देना चाहता था,जालिम बादशाह जानता था कि वह अपने इस इरादे में तब तक कामयाब नहीं हो सकता है जब तक हजरत इमाम कि नवाजे इमाम हुसैन से समर्थन ना मिल जाए, इमाम हुसैन ने जालिम बादशाह की बात को नहीं मानी और अपने 72 साथियों के साथ उस जालिम बादशाह की बगावत शुरू कर दी, इमाम हुसैन ने जालिम बादशाह की नाजायज मकसद को कामयाब नहीं होने दिया, उन्होंने कहा मिटाने जुल्मों सितम का गुरुर



निकलेगा और घटा को चीर कर सूरज जरूर निकलेगा, जहां रखती थी हजर हुसैन ने अपनी परेशानी उसी जमीन के जड़ों से एक नूर निकलेगाष्ड्स बगावत में हजरत हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कुर्बानी कबूल की लेकिन गुलामी नहीं, उनकी ही याद में मोहर्रम पर्व मनाया जाता है, एवं उनकी शहादत को याद किया जाता है, इस मोहर्रम जुलूस में अकबर अली ,पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन जी सहित काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के साथ साथ हिंदू समुदाय के लोग भी ताजिए के साथ चल रहे थे, यह मोहर्रम जुलूस मशरक तख्त होते हुए रामघाट इमाम साहब की दरगाह तक पहुंचा उसके बाद थाना रोड होते हुए ,स्टेशन रोड, होते हुए पूरा नगर का भ्रमण किया।

# बिहार में यह पलटी क्यों ?



डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

कल तक जो बातें हवा में तैर रही थीं वे आज हकीकत में बदल गई है। बिहार में एक बार फिर जदयू और भाजपा का गठबंधन टूट गया है। नीतीश और भाजपा की राहें अलग –अलग हो गई हैं। जिस राजद ने नीतीश कुमार को पलटू कुमार का नाम दिया था वे उसी के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण पहले नीतीश उनका साथ छोड़कर दोबारा भाजपा के साथ आये थे। तेजस्वी ने आज तक उन आरोपों का जवाब नहीं दिया इसके बावजूद नीतीश का उन्हें फिर गले लगाना हैरान करनेवाला है। जदयू के वरिष्ठ नेता और नीतीश के नजदीकी विजय कुमार चौधरी ने सोमवार की रात बयान जारी कर एनडीए छोड़ने की अटकलों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था की दोनों दलों में कोई समस्या नहीं है। शीर्ष नेताओं के बीच बराबर बात होती रहती है। गठबंधन बहुत अच्छे से चल रहा है। सांसदों की बैठक आरसीपी सिंह के मसले पर विचार करने के लिए बुलाई गई है। लेकिन हुआ इसके ठीक उलट। राजद के प्रदेश अध्यक्ष और लालू के भरोसेमंद जगदानंद सिंह ने भी अपने बयान में कहा था की नीतीश के साथ सरकार बनाने का कोई सवाल ही नहीं है। यानी दोनों दल खुल कर सच बोलने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे। हालांकि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह इस ओर संकेत कर चुके थे। राजनीति में टूटना और जुड़ना कोई नई बात नहीं है। ज्यादातर गठबंधन सत्ता पाने के लिए बनते हैं। लेकिन यहां तो नीतीश कुमार खुद मुख्यमंत्री थे। कम सीटें होने के बावजूद भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया था। यह बात वे खुद स्वीकार चुके हैं। फिर ऐसा क्या हुआ की उन्हें एनडीए से अलग होना पड़ा ? यह गहरा राज है। यह राज नीतीश कुमार ही खोल सकते हैं। उन्हें जनता, जिसे वे मालिक कहते हैं, को पूरी बात विस्तार से बताना चाहिए, अगर वे सचमुच जनता को मालिक मानते हैं तो। नीतीश स्वच्छ छवि वाले नेता हैं। उन्हें बिहार को जंगल राज की बदनामी से मुक्त करा कर विकास की राह पर ले जाने का श्रेय है। कानून के शासन को उन्होंने पुनः बिहार में स्थापित किया है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। वे बिहार की बेहतरी के लिए काम करने का दावा करते रहे हैं। पर बार –बार पलटी मारने से उनकी छवि सचमुच पल्टूराम की बन गई है। पलटू राम शब्द अब उनके साथ हमेशा के लिए चस्पा हो गया है। नये गठबंधन से बिहार का क्या फायदा होगा ? क्या भाजपा के साथ वे बिहार का भला नहीं कर पा रहे थे ? भाजपा ऐसा क्या नहीं कर रही थी जो वे राजद के सहयोग से कर लेंगे ? उन्हें ये सारी बातें स्पष्ट करनी चाहिए। मूल सवाल यह है कि यह गठबंधन बदल जनता के लिए है या कुर्सी के लिए ? क्या इसका जवाब मिलेगा?

## त्याग और बलिदान का पर्व मुहर्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न

वी.के सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी सोनबरसा। सीतामढी त्याग और बलिदान का पर्व मुहर्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। सुबह मुस्लिम समुदाय ने ताजिया मिलान किया गया। इस अवसर पर एक दूसरे गांव के खिलाड़ियों का आपस में मिलान हुआ। दोपहर में ताजिया के साथ खिलाड़ियों ने अपने रैन पर करतब दिखाए। विभिन्न स्थलों पर रैन में मेला लगा था। जिसमें महिलांए एवं बच्चे खरीददारी करते नजर आए।

प्रशासन शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए तत्पर रही। विभिन्न स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात थे। वहीं प्रभारी बीडीओ गिन्नी लाल प्रसाद, प्रभारी अंचलाधिकारी संदीप कुमार, सोनबरसा थाना प्रभारी सुबोध कुमार एवं कन्हौली थाना प्रभारी प्रवीण कुमार लगातार क्षेत्र भ्रमण करते रहे। इस दौरान फतहपुर के जुलूस में खेल के क्रम में एक युवक को चाकू लग जाने से अफरातफरी का माहौल बन गया। घायल युवक की पहचान फतहपुर निवासी इसराफिल खान के पुत्र अफरोज खान के रूप में हुई है। घायल को इलाज के लिए सोनबरसा पीएचसी में भर्ती कराया गया है। चाकू मारने वाले युवक मो आरिफ के पिता मो जबारूल खान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना की भनक लगते ही डीटीओ रविंद्र कुमार मौका पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया एवं प्रभारी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया। घटना के बाद फतहपुर गांव में थाना प्रभारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल ने मार्च किया। देर शाम तक पुलिस प्रशासन भ्रमण करती रही। मुहर्रम में आपसी सद्भभाव का दिखा असर– मुहर्रम में समाजिक सदभावना का असर देखने को मिला। जिला पार्षद संजय कुमार, पूर्व उप प्रमुख जय किशोर साह



ललित, पैक्स अध्यक्ष अजय पंजियार, संजय पूर्वे, राम प्रीत समेत अन्य जुलूस में शरीक रहे। वहीं दूसरी ओर प्रखंड क्षेत्र के हनुमाननगर में इस बार लोगों ने ताजिया नही बनाया और नही इस अवसर पर जुलूस निकाला। सरपंच पति ईशा खलीफा ने पूर्व से चली आ रही रीति, रिवाज एवं कुरीतियों को समाप्त किया। मुहर्रम के अवसर पर लोगों ने रोजा रख इबादत की। वहीं पड़ोसी देश नेपाल सोनबरसा के सटे त्रिभुवन नगर में भी लोगों ने सदियों से चली आ रही परम्परा को त्याग रोजा रख नमाज में वक्त गुजारी। लोगों की माने तो कहना ताजिया का इस्लाम धर्म से कोई लेना देना नही है। इस दिन इमाम हुसैन की शहादत हुई थी हम लोग इस अवसर पर ढोल ताशा बजा खेलते थे, जो कुरान एवं हदीस से जायज नही है।

# संक्षिप्त समाचार

## मशरक में पंखा चलाने गयी मां को लगा बिजली का करेंट, बचाने गये दो बच्चे अचेत

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के बंसोही गांव में मां के द्वारा पंखा चलाने के दौरान बिजली का करेंट लग गया वही मां को बचाने गये दो छोटे छोटे बच्चे भी करेंट लगने से अचेतावस्था में इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराए गए। सभी की पहचान बसोही गांव निवासी मुकेश साह की 35 वर्षीय पत्नी पुनिता देवी, 3 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी,7 वर्षीय पुत्र मुनचुन साह के रूप में हुई। घटना के बारे में महिला ने बताया कि वह घर में खाना बनाकर पंखा चालू करने गयी उसी दौरान पंखे से करेंट लग गया वही उसे बचाने गये दोनों बच्चे भी करेट से अचेत हो गए। सभी को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां मुनचुन की हालत गंभीर बनी हुई है।



## मशरक में अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार महिला समेत तीन जख्मी

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक के राजापट्टी गोलंबर के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार एवम पैदल जा रही महिला को ठोकर मार फरार हो गया। खून से लथपथ दो महिला समेत तीन जख्मी को आसपास के लोगो ने स्थानीय डॉक्टर से प्राथमिक उपचार करा निजी वाहन से सभी को सीएचसी मशरक पहुंचाया। जहा चिकित्सक ने गंभीर रूप से जख्मी दो को छपरा रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से जख्मी की पहचान साहेब राय 40 वर्ष पिता सभा राय , इंदु देवी 60 वर्ष पति दिनेश्वर राय बेलौर पानापुर जबकि बिंदु देवी 35 वर्ष पति विजय राय कर्ण कुदरिया मशरक के रूप में हुई है। परिजनो के अनुसार साहेब राय के साथ बाइक पर इंदु देवी राजापट्टी से अपने गांव बेलौर लौट रहे थे जबकि बिंदु देवी बाजार कर पैदल घर लौट रही थी तभी सामने से आ रही अनियंत्रित हाइवा ने गोलंबर के पास सभी को अपने चपेट में ले लिया । घटना के बाद हाइवा चालक तेजी से भाग निकला ।सड़क पर भीड़ नही थी जिस कारण बड़ा हादसा टल गया।



## बहरौली में पंचायत के सभी विद्यालयों के प्रधान के साथ मुखिया ने की बैठक शिक्षा पदाधिकारी रही मौजूद

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के बहरौली पंचायत के पंचायत भवन के सभागार में सोमवार को मुखिया अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गईं। बैठक में पंचायत के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधान मौजूद रहे। वही बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी भी मौजूद रहीं। आहूत बैठक में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया वहीं सभी विद्यालयों के बच्चों और उनके अभिभावकों के माध्यम से हर घर तिरंगा उत्सव हेतु लोगों को जागरूक करने का तथा विद्यालय का संचालन सही समय से करने के साथ शिक्षा को उत्कृष्ट बनाने जैसी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित विधालय प्रधान में रामा शंकर कुमार साहनी, स्वाति सिंह, कविता कुमारी, सुनीता कुमारी, रंजीत कुमार प्रसाद, दीनानाथ साह ,आदित्य पांडे ,प्रभात कुमार समेत कई मौजूद रहे।



## शिवहर माधोपुर छाता मे मातम का पर्व मुहर्रम मनाया गया और ताजिया निकाली गई


☒ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे विधि व्यवस्था को लेकर जगदीश राय समाजसेवी नेता साथ मे थे

दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह शिवहर,सीतामढ़ी। मुस्लिम समुदाय का मातमी पर्व मोहर्रम मनाया जा रहा है। दरअसल आप सभी को इस जानकारी से रूबरू करा दिया जाए कि मोहर्रम एक महीना है, इसी महीने से इस्लाम धर्म के नए साल की शुरुआत होती है। मोहर्रम की 10 तारीख को हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम मनाया जाता है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन के फॉलोअर्स खुद को तकलीफ देकर इमाम हुसैन की याद में मातम मनाते हैं। इसी कड़ी में शिवहर जिले में गम एवं मातम का पर्व मुहर्रम मनाया जा रहा है। अखाड़े के द्वारा करता भी दिखाया जा रहा है और ताजिया निकाली गई है। वही जिले के माधोपुर छाता मे मातम का पर्व मुहर्रम मनाया गया और ताजिया निकाली गई। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे विधि व्यवस्था को लेकर जगदीश राय समाजसेवी नेता साथ मे थे ,काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी हुई थी।



## मोहर्रम पर्व को लेकर जिले में निकाली गई जुलूस जदयू जिला अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ पप्पू पासवान शरबत से किया स्वागत

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल जिला में मुहर्रम पर्व को लेकर जुलूस निकाली गई वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार सदर डीएसपी कुमार इंद्रप्रकाश सदर थाना अध्यक्ष सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे वहीं मोहर्रम पर्व के जुलूस में हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल देते हुए जदयू दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पप्पू पासवान ने जुलूस में आए हुए लोगों के लिए पेयजल का व्यवस्था किया वही आज सुपौल हुसैन चौक से जुलूस निकालकर शहर भ्रमण करते हुए गांधी मैदान में मेला का आयोजन किया गया जहां खिलाड़ियों ने लाठी की करतब दिखाकर लोगों के दिलों को जीत लिया वही जुलूस में आए नगर परिषद वार्ड नंबर 26 के वार्ड आयुक्त विजय शंकर चौधरी उर्फ खोखा बाबू, एवं सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित थे।



## बाढ़ विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सतेन्द्र बहादुर के नेतृत्व में निकला गौरव यात्रा

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। राजधानी पटना के बाढ़ में आजादी के 75वें वर्षगाँठ पर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने के लिए आजादी की गौरव यात्रा 9 अगस्त को बाढ़ विधान सभा के कांग्रेस मैदान से शुरू होकर बखतियारपुर तक गई। इस गौरव यात्रा का नेतृत्व पटना जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष एवं बाढ़ विधान सभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सत्येंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में किया गया! इस अवसर पर रामानन्द शर्मा,सतीश सिंह, दिनेश यादव सीताराम सिंह, बृजनंदन शर्मा , भुवनेश्वर राय, सीताराम सिंह , रविरंजन सोलंकी , सुशांत सोलंकी, हेमंत शर्मा, पप्पू सिंह, कमलेश सिंह, दिलीप पासवान सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए !



## जन्मदिवस की शुभकामना

जन्मदिवस की मंगल कामना करते हैं तेरे पापा ।
प्रभु से प्रार्थना कर मांगते तेरा उज्जवल गाथा ।।
माता के तुम लाडले दीदी के तो प्यारे हो ।
अपने अग्रजों के संग संग भाभी के दुलारे हो ।।
तुम पर जिम्मेदारी घर और परिवार की क्योंकि तुम हो घर के बड़े चिराग।
चाचा चाची और अनुजों का रखना है तुमको ख्याल ।।
नभ में चांद सूरज सा चमको अपना प्रकाश फैलाओ तुम ।
जगत तिमिर को हरकर हीं ज्ञान प्रकाश फैलाओ तुम ।।
ध्रुव तारा बन नील गगन में अलग छटा से चमको तुम ।
अपने संकल्प पथ पर चलकर राही को राह दिखलाओ तुम ।।
राम जैसे अनुकरणीय छवि बनाकर रणधीर कहलाओ तुम ।
लक्ष्मण जैसे सहचर बनकर धर्म ज्ञान फैलाओ तुम ।।
धर्मराज सा धीर बनो अर्जुन जैसे साधक तुम ।
लक्ष्य चाहे जो भी हो वेध कर ही आओ तुम ।।
न्याय और सत्य के पथ पर चलकर एक अच्छा इंसान बनो ।
जरूरतमंद और वेवश का मदद कर अपना जीवन धन्य करो ।।
बाबा तेरे स्वर्ग में बैठे दे रहे हैं शुभ आशीष ।
पोता मेरा गुणी ज्ञानी हो यही दे रहे तुमको आशीष ।।
ईश्वर करे तुम कल्पतरु सा चारों दिशा में फैलो।
अपने आश्रितों को के लिए तुम कल्प वृक्ष सा बरसो।।
तुमसे आशा बहुतों की तुम अच्छा कर दिखलाओ ।
मेरी बस इतनी सी चाहत एक सच्चा इंसान बन जाओ सस

श्री कमलेश झा भागलपुर

## जन सुराज अभियान की पहली समिति का लोकतांत्रिक तरीके से गठन, देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न स्व. डा. राजेंद्र प्रसाद की जन्मस्थली जीरादेई में चुने गए समिति के सदस्य

जीरादेई, सिवान। 5 मई 2022 को प्रशांत किशोर द्वारा शुरू किए गए जन सुराज अभियान के लिए आज का दिन ऐतिहासिक था। आज 8 अगस्त 2022 को जन सुराज अभियान की पहली समिति का गठन हुआ। ये समिति सिवान के जीरादेई प्रखंड में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई। लोगों का यह भी मौका दिया गया कि अगर किसी नाम पर आपत्ति है तो वे उसे दर्ज करा सकते हैं। प्रखंड निवासियों के समक्ष खुले मंच से जन सुराज की सोच से सहमति रखने वाले सभी लोगों ने सर्वसम्मति से इस समिति के लिए लोगों का चयन किया। इस चयन प्रक्रिया का जीरादेई के प्रखंड निवासियों और बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया।

सामाजिक कार्यकर्ता मनोरंजन कुशवाहा और शराफत हुसैन ने जीरादेई मोड़ पर प्रशांत किशोर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और जीरादेई पधारने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समिति गठन कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय स्कूल की बच्चियों ने महात्मा गांधी का प्रिय भजन श्रघु पति राघव राजा रामश का गायन कर सभी लोगों का स्वागत किया। मंच पर मौजूद सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर प्रशांत किशोर ने लोगों को संबोधित करते हुए जन सुराज और इसकी सोच पर अपने विचार रखे।

प्रशांत किशोर ने कहा, जन सुराज का उद्देश्य है बिहार में एक नई राजनीतिक व्यवस्था बनाना। सत्ता परिवर्तन हमारा मकसद नहीं है। अगर पदयात्रा के बाद सब लोगों की सहमति से कोई दल बनता भी है तो वो बिहार के सभी सही लोगों का दल होगा, प्रशांत किशोर का दल नहीं होगा। सब मिलकर अगर तय करेंगे तो दल बनाया जाएगा। मैं अभी लोगों से बात करने, उनकी समस्याओं को समझने में अपना पूरा वक्त लगा रहा हूं। जो लोग विकास का दावा कर रहे हैं अगर उनको सच मान भी लिया जाए तो भी देश में सबसे ज्यादा अशिक्षित लोग, बेरोजगार लोग, गरीब लोग बिहार में रहते हैं।ष बिहार के विकास के लिए सही लोग, सही सोच और सामूहिक प्रयास पर बल देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि देश के अग्रणी राज्यों में अगर बिहार को खड़ा करना है तो बिहार के लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा।

- समिति के सदस्यों ने जन सुराज को लेकर तीन प्रस्ताव रखें, सर्वसम्मति से पारित हुए प्रस्ताव

इस कार्यक्रम का मंच संचालन स्थानीय निवासी श्री कृष्णा सिंह ने किया और सभी प्रस्ताव उपस्थित लोगों के बीच रखे जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय निवासी श्री राजेश्वर सिंह ने की। समिति के समक्ष तीन प्रमुख प्रस्ताव रखें। जिसमें पहला, जन सुराज अभियान के सदस्यों द्वारा यह शपथ ली गई कि जन सुराज अभियान का वे समर्थन करते हैं और इसके प्रचार–प्रसार व अन्य क्रिया कलापों में हमेशा अग्रसर रहकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। दूसरा, सभी सदस्य श्जन–सुराजश अभियान के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। तीसरा और अंतिम प्रस्ताव यह रहा कि समिति के सदस्य सर्वसम्मति से विकास के मुद्दे को लेकर हमेशा सजग और तत्पर रहेंगे।

- जन सुराज अभियान समिति सदस्यों ने जीरादेई से संबंधित तीन अन्य प्रमुख मुद्दों पर रखा प्रस्ताव

जन सुराज अभियान के समिति सदस्यों ने जीरादेई से संबंधित तीन प्रमुख मुद्दों पर प्रस्ताव रखा। जिसमें प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्मस्थली का विकास व रख–रखाव, प्रखंड कार्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन में शहीद हुए तीन शहीदों की मूर्ति को स्थापित कराने के लिए जिला प्रशासन से आग्रह और जीरादेई रेलवे स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस, गोरखपुर पटना इंटरसिटी एवं छपरा गोरखपुर इंटरसिटी के ठहराव की मांग प्रमुख है।

इसके बाद प्रशांत किशोर की मौजूदगी में जीरादेई में जन सुराज कार्यालय के स्थानीय कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया। समिति के सभी लोगों और स्थानीय निवासियों से जन सुराज की सोच के साथ आगे बढ़ने और 2 अक्तूबर से प्रस्तावित पद यात्रा में शामिल होने की बात दोहराई और इस अभियान की सफलता के लिए लोगों से सहयोग मांगा।

जन सुराज की नवगठित जीरादेई समिति में कुल 41 सदस्यों को सर्वसम्मति से शामिल किया गया। इसमें से कुछ प्रमुख नाम इस प्रकार हैं –

1. राजेश्वर सिंह : सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी
2. नरोत्तम मिश्राः सेवानिवृत्त प्रोफेसर और पूर्व सांसद उम्मीदवार
3. रामेश्वर सिंहः पूर्व पीएसी अध्यक्ष और श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष।
4. ललितेश्वर राय : प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता
5. प्रशांत कुमार : लोकपाल
6. रामेश्वर रायः व्यवसायी पूर्व मुखिया
7. नूरुल हुड्डाः (पीएसी अध्यक्ष)
8. डॉ. जमील : ग्रामीण चिकित्सक
9. देवेंद्र चौधरीः पूर्व मुखिया
10. कृष्ण कुमार सिंहः समाजसेवी सह सिवान तीतिर स्तूप विकास मिशन के संस्थापक
11. राहुल कीर्ति सिंहः पूर्व प्रवक्ता, बिहार कांग्रेस और स्वतंत्रता सेनानी के पोतें
12. मनोज कुमार मांझीः मुखिया और महत्त्वपूर्ण परिवार
13. हरिकान्त सिंहः शिक्षक और प्रमुख पीआरआई परिवार
14. अनिल सिंहः प्रखंड उप–प्रमुख
15. मनोरंजन कुमार सिंहः शिक्षक, अध्यक्ष– कबड्डी जिला महासंघ, सदस्य– माध्यमिक जिला शिक्षा संघ


सभी कोर्स उत्तर प्रदेश की यूनिवर्सिटी से उपलब्ध

Admission Open Courses Admission Open

| Sr.No. | Subjects / Streams / Programme | Mode | No Of semester | duration in years | Eligibility |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Master in Opration theatre Technology | Semester | 4 | 2 Year | Bachelor in Relivent |
| 2 | Master in Radio Imaging Technology | Semester | 4 | 2 Year | Bachelor in Relivent |
| 3 | Bachelor in Opration theatre Technology (Lateral) | Semester | 4 | 2 Year | Diploma In Relivent |
| 4 | Bachelor in Radio Imaging Technology (Lateral) | Semester | 4 | 2 Year | Diploma In Relivent |
| 5 | Bachelor in Opration theatre Technology | Semester | 6 | 3 Year | XII (Science ) |
| 6 | Bachelor in Radio Imaging Technology | Semester | 6 | 3 Year | XII (Science ) |
| 7 | Diploma in Dresser | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 8 | Advance Diploma in Agriculture | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 9 | Diploma In X-Ray Tecnician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 10 | Diploma In Dental Technician & Hygiene | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 11 | Diploma In Dialysis Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 12 | Diploma In ECG Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 13 | Diploma In Blood Transfusion Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 14 | Diploma In Medical Lab Technology (DMLT) | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 15 | Diploma In Operation Theater Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 16 | Diploma In Ophthalmic Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 17 | Diploma In Optometry | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 18 | Diploma In Radiology And Imaging Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 19 | Diploma In Cardiology Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 20 | Diploma In Health Care & Services | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 21 | Diploma In Medical Record Technology | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 22 | Diploma In Multipurpose Health Worker | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 23 | Diploma In Nutrition & Dietics | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 24 | Diploma In Emergency Medical Technician | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 25 | Diploma in Fire and Safety | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |
| 26 | Diploma in Industrial Safety Management | Semester | 4 | 2 Year | XII (Science ) |

श्री सांई एजूकेशन फाउण्डेशन
गीता नगर मेट्रो स्टेशन के सामने, कानपुर
मो.: 9918523251, 8318183984

MAHARISHI UNIVERSITY
Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001
D.Pharm B.C.A.
B.Pharm M.C.A.
Diploma M.B.A.
B.Tech B.Ed.
L.L.B. L.L.M
100% गारंटी : सभी सुविधाएं
- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।
कुछ सीट शेष जल्दी करें
श्री सांई एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251